

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 5 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –171 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



आखिर मणिपुर की सुध क्यों नहीं ले रही है मोदी सरकार : कांग्रेस पृष्ठ 2

■ कमजोर होती याददाश्त के खतरे
■ लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है चुनावी बांड पर निर्णय में देरी पृष्ठ 6

■ इमरान, कुरैशी की बंद कमरे में हुई सुनवाई
■ वेनिस ओवरपास से गिरी बस, 21 लोगों की मौत पृष्ठ 7

मुक्केबाजी में लवलीना को रजत, प्रवीण को कांस्य मिला पृष्ठ 8

# इस बार साढ़े 18 लाख से अधिक नए मतदाता करेंगे वोट

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर बुधवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने अंतिम मतदाता सूची जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में 18 लाख 68 हजार 636 मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 10120830 पुरुष 10239410 महिला मतदाता हैं। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चार अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख पहले से तय हो चुकी है। इससे पहले 28 सितंबर तक दावा आपत्तियों का निराकरण किया गया।

सूत्रों के मुताबिक आचार संहिता की घोषणा इसी हफ्ते कभी भी हो सकती है। संभवतः सात से 12 अक्टूबर के बीच आचार संहिता लागू हो सकती है। आचार संहिता के लागू होते ही प्रदेश में सरकारी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों में रोक लग जाएगी। साथ ही राजनीतिक पार्टियों के लिए सरकारी सुविधाओं और खर्चें का फंड भी रोक दिया जाएगा। 11 सितंबर को जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 2.03 करोड़ हो चुकी है। इसके बाद



विधानसभा चुनाव-2023

भी कई नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। बुधवार को निर्वाचन कार्यालय में अधिकारी अंतिम मतदाता सूची की जानकारी देंगे। अधिकारियों के मुताबिक चुनाव आयोग की सुविधा के मुताबिक छूटे हुए मतदाता नामांकन के चार दिन पहले तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकेंगे।

- **फाइनल वोटर लिस्ट जारी**
- **कुल मतदाता- 2.03 करोड़**
  **पुरुष मतदाता- 10120830**
  **महिला मतदाता- 10239410**
  **नए मतदाता- 1868636**

**चुनाव के लिए इन विभागों को मिली जिम्मेदारी**– निर्वाचन कार्यालय ने मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इस वर्ष प्रदेश में 24000 से अधिक बूथ है। प्रदेश में पारदर्शी चुनाव के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है। पारदर्शी चुनाव के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकार के विभागों को सामूहिक जिम्मेदारी सौंपी है। पुलिस, आयकर, आबकारी, वन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, डीआरआइ, परिवहन विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रिजर्व बैंक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सीजीएसटी, एसजीएसटी, डाक विभाग, उड्डयन विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, भारतीय रेलवे, ब्यूरो आफ सिविल एविएशन अथारिटी सहित अन्य विभागों को दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया है।'



## भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण, किशोर ने रजत जीता

हांगझोउ। भाला फेंक में स्टार नीरज चोपड़ा ने बुधवार को एशियाई खेलों में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया, जबकि किशोर जेना ने रजत पदक हासिल किया।

## सार संक्षेप

### वायु सेना को मिला 'तेजस ट्विन सीटर' एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना को अपना पहला 2 सीटर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस ट्विन सीटर' मिल गया है। बुधवार को यह विमान आधिकारिक तौर पर भारतीय वायु सेना को सौंपा गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल ने बुधवार को वायु सेना को पहला तेजस ट्विन सीटर ट्रेनर विमान सौंपा हैं। तेजस ट्विन सीटर ट्रेनर विमान एक हल्का विमान है। इसकी एक बड़ी खासियत यह भी है कि यह विमान किसी भी मौसम में उड़ान भर सकता है।

### 'शक्ति योजना' ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार की शक्ति योजना की सराहा है। उन्होंने कहा कि इसने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। यह गर्व की बात है कि हमारा शासन मॉडल यह सुनिश्चित कर रहा है कि राज्य की महिलाओं को उनका अधिकार मिले। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कर्नाटक में लक्ष्मी, वंदना, पूजा और उनके जैसी लाखों महिलाओं को कांग्रेस सरकार की शक्ति योजना द्वारा सशक्त बनाया गया है, जो मुफ्त बस यात्रा प्रदान कर रही है।

### ईडी ने अभिषेक बनर्जी को 9 अक्टूबर को किया तलब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्कूल नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को पूछताछ के लिए नया नोटिस जारी किया है। उन्हें साल्ट लेक स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है। इससे पहले जांच एजेंसी ने अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा नरूला बनर्जी को भी एक नोटिस जारी किया था और उन्हें अगले सप्ताह उसी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा था। अभिषेक बनर्जी को मंगलवार को ईडी के सामने पेश होना था। लेकिन नई दिल्ली में राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण वह उस समन पर नहीं जा पाए।

### कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में बुधवार को दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम जिले के कुज्जर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने कहा, मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा रहे हैं। घेराबंदी और तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

# सभी की भलाई के लिए काम कर रही भूपेश सरकार : खड़गे

**रायगढ़,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद श्री मल्लिकार्जुन खडगे ने आज रायगढ़ जिले के ग्राम कोड़ातराई में आयोजित श्भरोसे का सम्मेलनश् को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चारों तरफ विकास ही विकास दिखाई दे रहा है। यहां मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए सतत रूप से जनहितैषी कार्यक्रम चलाए जा रहे है। सम्मेलन में लोगों की जुटी अपार भीड़ और उनमें सरकार के प्रति विश्वास से साफ जाहिर हो रहा है कि यह सम्मेलन सिर्फ भरोसे का सम्मेलन ही नहीं, बल्कि यह भरोसे का अनुष्ठान सम्मेलन है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खडगे ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार जय छत्तीसगढ़ महतारी के नमन के साथ किया। उन्होंने कहा कि ऐसा सम्मेलन शायद देश के किसी कोने में, किसी भाग में नहीं हुआ। ये गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हर जगह भरोसे का सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जो सरकार के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खडगे ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़



- छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को मिली गति : मुख्यमंत्री
- 82 विकासखण्डों में जैतखाम की स्थापना के लिए भूमिपूजन

में गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, युवा तथा वंचित व कमजोर वर्ग सहित बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सबके हित में बखूबी काम हो रहा है। यहां राज्य सरकार ने आम लोगों की जरूरत को समझकर योजनाएं बनाई। इन योजनाओं से लाखों-करोड़ों हाथों को काम मिल रहा है। उन्हें सुगमता से रोजगार उपलब्ध हुए हैं और उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी छत्तीसगढ़ के विकास का काम कभी नहीं रोका। मैं आप सभी को बधाई देता हूँ। छत्तीसगढ़ में आज चारो तरफ विकास हो रहा है। हमारी सरकार लोगों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गोधन न्याय योजना से लघु उद्योगों को मजबूती मिली है। गांवों में रोजगार बढ़े हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डायरेक्ट बेनिफिट योजनाओं के माध्यम से पांच सालों में 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि आम लोगों की जेब में डाले गए हैं। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में विगत 5 सालों में 40 लाख से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जितना कहती है, उससे ज्यादा करती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले 27 जिले थे, आज 33 जिले हैं, तहसीलों की संख्या भी बढ़ी है। इससे प्रशासनिक काम-काज में सुविधा होने के साथ-साथ लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ तत्परता से पहुंचने लगा है। यहां लोगों की आमदनी बढ़ी है।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

शराब घोटाला मामला

# ईडी ने 'आप' सांसद संजय सिंह को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। शराब घोटाला मामले में पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार सुबह से ही संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही थी। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाले मामले में पहले से ही तिहाड़ जेल में बंद हैं। आम आदमी पार्टी ने इसको लेकर सरकार पर निशाना साधा है। संजय सिंह की गिरफ्तारी की जैसे ही खबर सामने आई उनके आवास पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जमा हो गए। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। संजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है।



- दस घंटे की पूछताछ के बाद की कार्रवाई
- कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर भी छापे मारे
- मनीष सिसोदिया पहले से ही जेल में बंद

**कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाने का आरोप**

ऐसा आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 के लिए लाई गई आबकारी नीति ने गुटबंदी को बढ़ावा दिया और कुछ डीलरों को फायदा पहुंचाया जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर रिश्वत दी थी। आप ने इस आरोप का खंडन किया है। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से इस मामले की जांच कराने की सिफारिश ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# उज्जवला योजना के लाभार्थियों की सब्सिडी बढ़ी

## अब रसोई गैस पर 300 रुपए प्रति सिलेंडर सब्सिडी मिलेगी

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव और छह महीने दूर लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने बुधवार को उज्ज्वला योजना के तहत दिए जाने वाले रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी मौजूदा 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए प्रति सिलेंडर कर दी।



यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया, जिसकी बुधवार को बैठक हुई थी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडियाकर्मियों को बताया कि उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए सब्सिडी मौजूदा 200 रुपए प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी गई है। 29 अगस्त को सरकार ने उज्ज्वला लाभार्थियों सहित सभी उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपए की कटौती की थी। उज्ज्वला लाभार्थियों को वर्तमान में प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के लिए 703 रुपए का भुगतान करना पड़ता है, जबकि बाजार मूल्य 903 रुपए है। बुधवार के फैसले के बाद अब एक लाभार्थी को 603 रुपए का भुगतान करना होगा। 300 रुपए की बढ़ी हुई सब्सिडी सीधे उज्ज्वला लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

# सिक्किम में बादल फटने से 43 लोग लापता

**गंगटोक,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिक्किम में बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने की वजह से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 43 लोग लापता हो गए। इनमें सेना के 23 जवान हैं। नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आने के बाद बह गया और यहां खड़ी 41 गाड़ियां डूब गईं। आसपास के 4 हजार लोगों को 5 राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। बाढ़ की वजह से राज्य को देश से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे भी बह गया। इसकी वजह से आवागमन की सुविधा बंद हो गई है। ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। नदी का जलस्तर अचानक 15 से 20 फिट तक बढ़ गया।



- लापता लोगों में 23 जवान भी है शामिल
- 5 की मौत, कैंप और 41 गाड़ियां भी डूबीं

इसके बाद नदी से लगे आसपास के इलाकों में पानी भर गया। कई घरों में भी नदी का पानी घुस आया। लोग घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में चले गए। सिक्किम में बादल फटने के बाद पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग में भी बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने बताया- तीस्ता बैराज से तीन शव बरामद किए गए हैं। उनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की स्थिति जानने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत की। उन्हें मदद देने का आश्वासन दिया।

हादसे के बाद सेना के लापता जवानों की तलाशी के लिए राहत व बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन भी अपने स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। हालांकि जानमाल के नुकसान को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# प्रबीर पुरकायस्थ सात दिन की पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को बुधवार को एक अदालत ने सात दिनों के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार को लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था और आज उन्हें अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने कल न्यूजक्लिक परिसरों और इससे जुड़े पत्रकारों के दिल्ली एनसीआर स्थित आवासों पर छापेमारी की थी। इस दौरान पुलिस की स्पेशल सेल ने 46 संदिग्धों से पूछताछ की थी। पुलिस ने कई संदिग्ध लोगों के मोबाइल फोन, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि जब्त कर लिये थे। पुलिस ने छापेमारी के बाद न्यूजक्लि का कार्यालय सील कर दिया था।

- न्यूजक्लिक ने चीनी फंडिंग के आरोपों का किया खंडन

न्यूजक्लिक पर चीन से आर्थिक मदद लेकर अपने पोर्टल के जरिए भारत विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप है। न्यूजक्लिक ने एक बयान जारी करके पुलिस के आरोपों का खंडन किया है। बयान में कहा गया है कि न्यूजक्लिक पोर्टल पर जारी खबरें कोई भी देख सकता है।

# नागपुर के मेयो अस्पताल में 24 घंटे में 25 लोगों की मौत

**नागपुर,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। नागपुर के सरकारी मेयो अस्पताल में विभिन्न कारणों से बुधवार सुबह तक 24 घंटे में कम से कम 25 मरीजों की जान चली गई, जिससे राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने आज सुबह एक एक्स पोस्ट में नई मौतों पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'डर यहीं खत्म नहीं होता है और स्वास्थ्य प्रणाली ध्वस्त हो गई है और सरकार सो रही है।

सुले ने कहा, ठाणे, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर (घटनाओं) के बाद अब नागपुर में भी 25 मरीजों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के पास नई दिल्ली जाने का समय है, लेकिन इन अस्पतालों का दौरा करने का समय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नेताओं के लिए महाराष्ट्र के लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है और राज्य में चिकित्सा आपूर्ति की कमी है। संयोग से, नागपुर राज्य की दूसरी राजधानी है और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अलावा अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं का गृह नगर है।

**नांदेड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हुई**–अधिकारियों के अनुसार, इस बीच, डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (नांदेड़) में मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई, जबकि घाटी अस्पताल (छत्रपति संभाजीनगर) में मरने वालों की संख्या 10 से बढ़कर 18 हो गई।

# एसवाईएल नहर निर्माण में देरी पर पंजाब सरकार को फटकार

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के निर्माण में देरी के लिए पंजाब सरकार को फटकार लगाई।

शीर्ष अदालत की पीठ में शामिल न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, सी.टी. रविकुमार और सुधांशु धूलिया ने एसवाईएल नहर के निर्माण को लेकर हरियाणा और पंजाब के बीच चल रहे विवाद के मामले की सुनवाई की। पंजाब सरकार के वकील ने विपक्षी दलों के दबाव और किसानों द्वारा कब्जाई गई जमीन का हवाला देते हुए अदालत को मुश ?किलों से अवगत कराया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में केंद्र को निर्देश दिया है कि वह विवाद पर मध्यस्थता प्रक्रिया पर गौर करे और पंजाब सरकार द्वारा किए गए निर्माण की सीमा को देखने के लिए सर्वेक्षण भी करवाए। अदालत ने मार्च में केंद्र को इस मामले में मुख्य मध्यस्थ के रूप में समाधान निकालने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया था। इससे पहले जुलाई 2020 को शीर्ष अदालत ने भी दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने को कहा था। यह संघर्ष 1966 में हरियाणा के पंजाब से अलग होने के बाद 1981 के जल-बंटवारे समझौते से जुड़ा हुआ है।

उपलब्धि

*रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार का ऐलान- मौंगी जी. बावेंडी, लुईस ई. ब्रूस व एलेक्सी आई. एकिमोव को पुरस्कार*

# क्वांटम डॉट्स की खोज करने वाले तीन वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

**नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) से मौंगी जी. बावेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय से लुईस ई. ब्रूस और नैनोक्रिस्टल टेक्नोलॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई. एकिमोव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मनित किया।**

*अकादमी ने एक बयान में कहा, रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार 2023 क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए दिया गया है। नैनोटेक्नोलॉजी के ये सबसे छोटे घटक अब टेलीविजन और एलईडी लैंप से अपनी रोशनी फैलाते हैं, और कई अन्य चीजों के अलावा ट्यूमर ऊतक को हटाते समय सर्जनों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं। 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना की पुरस्कार राशि विजेताओं के बीच समान रूप से साझा की जाएगी।*



*रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष जोहान एक्विस्ट ने कहा, 'क्वांटम डॉट्स में कई आकर्षक और असामान्य गुण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि उनके साइज के आधार पर उनके अलग-अलग रंग होते हैं।' क्वांटम डॉट्स अब क्यूएलईडी तकनीक पर आधारित कंप्यूटर मॉनिटर और टेलीविजन स्क्रीन को रोशन करते हैं। वे कुछ एलईडी लैंप की रोशनी में बारीकियां भी जोड़ते हैं, और बायोकेमिस्ट और डॉक्टर उनका उपयोग जैविक ऊतकों को मैप करने के लिए करते हैं।*

*भौतिक विज्ञानी लंबे समय से जानते थे कि सैद्धांतिक रूप से आकार-निर्भर क्वांटम प्रभाव नैनोकणों में उत्पन्न हो सकते हैं, लेकिन उस समय नैनो-आयामों में नक्काशी करना लगभग असंभव था। इसलिए, कुछ लोगों का मानना था कि इस ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग किया जाएगा।*

# देश

उवाच

संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता। सर्वे में एक धर्म विशेष की कुछ आबादी को हिंदुओं के अतिपिछड़ा वर्ग में दिखाने की भी शिकायतें मिली हैं।

-सुशील कुमार मोदी, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 23.0 |
| मुंबई | 32.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# आखिर मणिपुर की सुध क्यों नहीं ले रही है मोदी सरकार : कांग्रेस

## पिछले पांच माह में हिंसा से बदतर होते हालत पर जताई चिंता

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर में हिंसा के कारण हालत पांच महीने में बदतर हो गए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात पर चुप्पी साधे हैं और राज्य के लोगों को उनके हाल पर छोड़कर उनके साथ न्याय नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि पांच महीने पहले, तीन मई की शाम को, तथाकथित डबल इंजन सरकार की विभाजनकारी राजनीति के कारण मणिपुर में हिंसा भड़की थी। लगभग एक महीने के बाद, कर्नाटक चुनाव में अपनी जिम्मेदारियों को निभाकर और ऐसे अन्य जरूरी कार्यों से मुक्त होकर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य का दौरा करना उचित समझा लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। वास्तव में हालात और खराब हो गए। सामाजिक सद्भाव पूरी तरह से बिगड़ चुका है। हर दूसरे दिन हिंसक अपराधों की भयावह खबरें सामने आती हैं। हजारों हजार लोग अब भी राहत शिविरों में फंसे हुए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने मणिपुर को लेकर मोदी से सवाल किए और कहा कि आखिरी बार प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा कब किया था। आखिरी बार प्रधानमंत्री ने मणिपुर के भाजपा मुख्यमंत्री से कब बात की थी। आखिरी बार प्रधानमंत्री ने मणिपुर के भाजपा विधायकों से कब मुलाकात की थी। आखिरी बार कब



**अब भी राहत शिविरों में फंसे हुए हैं हजारों लोग : जयराम रमेश**

प्रधानमंत्री ने राज्य के अपने कैबिनेट सहयोगी के साथ मणिपुर पर चर्चा की थी। इससे पहले कोई भी प्रधानमंत्री इस तरह किसी राज्य और उसके सभी लोगों को पूरी तरह से उनके हाल पर नहीं छोड़ा है, जैसा कि अब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा को बड़ा जनादेश मिलने के लगभग 15 महीने बाद ही मणिपुर में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई। ये उसकी नीतियों और प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं पर सबसे बड़ा कलंक है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी की चुप्पी की वजह से वहां हिंसा और अशान्ति चल रही है। वह हिम्मत हार चुके है, अगर उनमें हिम्मत है तो जाकर वहां की समस्या को उन्हे सुलझाना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दौरा किया, बाद में 21 सांसदों के दल ने दौरा किया फिर प्रधानमंत्री वहां क्यों नही जाते। उनके पीछे तो सुरक्षा का बहुत बड़ा तंत्र साये की तरह रहता है। उन्होंने कहा कि आप डर रहे हो, इसलिए नही जा रहे हो। कांग्रेस को आउटसोर्सिंग के गत दिनों मोदी के लगाए आरोप का जिक्र करते हुए पलटवार करते हुए कहा कि सच्चाई तो यह हैं कि भाजपा की आउटसोर्सिंग अडानी और बड़े बड़े लोगो को कर दी गई है,वह भाजपा को चला रहे है।

### मणिपुर मामले में मोदी ने साध रखी है चुप्पी : कांग्रेस

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि सशस्त्र बलों और राज्य पुलिस के बीच झड़प आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि फिर भी प्रधानमंत्री इस मामले पर पूरी तरह से चुप हैं। राज्य में हालात बिगड़ने के काफी दिनों बाद उन्होंने सिर्फ दिखावे के लिए 10 अगस्त को लोकसभा में अपने 133 मिनट के भाषण में पांच मिनट से भी कम समय के लिए राज्य पर एक टिप्पणी करके औपचारिकता निभा दी। भारतीय जनता पार्टी के अधिकांश विधायक मुख्यमंत्री को पद से हटाना चाहते हैं, इसके बावजूद वह बेशर्मी से अपने पद पर बने हुए हैं।

## बिहार में कैलाशपति मिश्र की जयंती पर भव्य समारोह आज

**पटना,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती के मौके पर भाजपा की तरफ से भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पटना के बापू सभागार में पांच अक्टूबर को कैलाशपति मिश्र की जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिहार भाजपा के सभी बड़े नेताओं के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। जेपी नड्डा सुबह 11 बजे पटना एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां बिहार भाजपा के बड़े नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद नड्डा बापू सभागार के लिए रवाना हो जाएंगे। रास्ते में 11 जगहों पर भाजपा कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। मुख्य रूप से शेखपुरा मोड़, राजवंशी नगर मोड़, इनकम टैक्स चौराहा, पटना वूमेंस कॉलेज, डाकबंगला चौराहा पर कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गर्मजोशी के साथ स्वागत करेंगे।

बापू सभागार में कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने के बाद जेपी नड्डा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। बापू सभागार में कार्यक्रम खत्म करने के बाद जेपी नड्डा शाम 4 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे, जहां सबसे पहले महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। उसके बाद वे बीजेपी कार्यालय में ही आयोजित युवा मोर्चा के के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जेपी नड्डा पार्टी के विधायक और सांसदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी बीजेपी कार्यालय में करेंगे। सबसे अंत में बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक भाजपा कार्यालय में होगी। जिसमें जेपी नड्डा मौजूद रहेंगे। बैठक के बाद जेपी नड्डा देर रात दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# राजस्थान व मध्य प्रदेश में 17,600 करोड़ की परियोजनाएं शुरू करेंगे मोदी

## जोधपुर हवाई अड्डे पर रखेंगे नई टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को राजस्थान और मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे और करीब साढ़े 17 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन अथवा शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी सुबह करीब 11 बजे राजस्थान के जोधपुर में सड़क, रेल, विमानन, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों की लगभग 5000 करोड़ रुपए लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री जोधपुर हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक नई टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला भी रखेंगे। कुल 480 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली नई टर्मिनल बिल्डिंग लगभग 24,000 वर्गमीटर क्षेत्र में विकसित की जाएगी और व्यस्त समय के दौरान 2,500 यात्रियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित होगी। यहां साल भर में 35 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की जा सकेगी, जिससे कनेक्टिविटी में सुधार होगा और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री जोधपुर के कार्यक्रम के बाद लगभग साढ़े तीन बजे मध्य प्रदेश के जबलपुर पहुंचेंगे, जहां वह सड़क, रेल, गैस पाइप लाइन, आवास और स्वच्छ पेयजल जैसे क्षेत्रों में 12,600 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में 350 बिस्तरों वाला ट्रॉमा सेंटर और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक और पूरे राजस्थान में प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत सात क्रिटिकल केयर ब्लॉक विकसित किए जाएंगे।



### इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का करेंगे उद्घाटन

मध्य प्रदेश के इंदौर में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के उद्घाटन से प्रधानमंत्री के सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत लगभग 128 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस परियोजना से 1000 से अधिक परिवारों को लाभ होगा। इसमें सभी बुनियादी सुविधाओं के साथ, लेकिन काफी कम निर्माण समय में गुणवत्तापूर्ण घर बनाने के लिए नवीन तकनीक प्री-इंजीनियर्ड स्टील स्ट्रक्चरल सिस्टम के साथ प्रीफैब्रिकेटेड सैंडविच पैनल सिस्टम का उपयोग किया जाता है।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू जिले में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा जम्मू के नगरोटा इलाके में हुआ जब एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने कहा कि इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों ने दम तोड़ दिया।

### नीतीश ने राजीव नंदन के निधन पर जताया शोक

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूआ के पूर्व विधायक राजीव नंदन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कुमार ने बुधवार को अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. नंदन एक कुशल राजनेता और समाजसेवी थे। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने स्व. नंदन के छोटे भाई मनीष कुमार से दूरभाष पर बात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा को चिर शांति और उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### तमिलनाडु में पटाखा इकाई विस्फोट में चार की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मयिलादुथुराई जिले के तरंगमबाड़ी तालुक के थिलायाडी गांव में बुधवार को एक पटाखा निर्माण इकाई एवं गोदाम में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 15:30 बजे गोदाम एवं पटाखा बनाने वाली इकाई में आग लगने के बाद हुए विस्फोट में कई लोग घायल हो गए। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट से गोदाम क्षतिग्रस्त हो गया। यह तुरंत पता नहीं चल सका कि मलबे के नीचे कितने लोग फंसे हुए हैं।

## कांग्रेस ने जातिगत जनगणना के मामले में भाजपा पर बोला हमला

# भाजपा का ओबीसी विरोधी डीएनए हुआ बेनकाब

**इंदौर,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के मध्यप्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा जातिगत जनगणना का विरोध करना अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ अन्याय है और इससे भाजपा का ओबीसी विरोधी डीएनए बेनकाब हो गया है। सुरजेवाला ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि 'जितनी आबादी, उतना हक' वक्त की मांग है। पिछड़े वर्गों, दलितों, आदिवासियों और गरीबों को उनकी जनसंख्या के आधार पर अधिकार देना सामाजिक समरसता का सूत्र है, इसीलिए पार्टी नेता राहुल गांधी व कांग्रेस लगातार 'जातिगत जनगणना' की मांग उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा इसके विरोध में है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बात से डरी हुई है कि अगर इस वर्ग को अपनी असली संख्या मालूम चल गई, तो पार्टी उनका दमन नहीं कर पाएगी। उन्होंने आरोप



**गरीबों को उनकी जनसंख्या के आधार पर अधिकार देना सामाजिक समरसता का सूत्र : रणदीप सुरजेवाला**

लगाया कि भाजपा के डीएनए में ही ओबीसी के हक का विरोध है। भारत सरकार की नौकरियों में ओबीसी वर्ग के बड़ी संख्या में पद खाली हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह खुद पिछड़े वर्ग से आते है, लेकिन वे भी पिछड़े वर्ग को लेकर फैसले लेने से डरते है। भाजपा का लगता है कि पिछड़ा वर्ग को उनकी संख्या पता चल जाएगी तो वह अपना हक मांगेगा। भाजपा इससे घबराती है। सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लिखकर दिया है कि जातिगत जनगणना नहीं करना उनकी सरकार का नीतिगत फैसला है। कांग्रेस की सरकार आएगी तो पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देगी।

### शिवराज ने भी विरोधियों से बदला ले लिया

सुरजेवाला ने कहा कि कैलाश विजयवर्गीय, नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल ने मोदी दरबार में शिकायतें कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पत्ता कट करा दिया, लेकिन शिवराज सिंह चौहान ने भी उन नेताओं को विधानसभा के टिकट दिलवाकर मोदी दरबार से उनकी छुट्टी करा दी। अब उनके मंत्री पद भी जाएंगे। एक नंबर विधानसभा क्षेत्र से कैलाश विजयवर्गीय को उम्मीदवार बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने उन्हे खारिज कर दिया। दिल्ली ने भी उन्हें खारिज कर दिया और अब इंदौर की जनता भी उन्हें खारिज कर देगी।

## कश्मीर से अग्निवीरों का पहला जत्था भारतीय सेना में शामिल

**श्रीनगर,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की कश्मीर घाटी से अग्निवीरों का पहला जत्था बुधवार को भारतीय सेना में शामिल हो गया। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि अग्निवीरों के पहले बैच के लिए मंगलवार को जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट केंद्र श्रीनगर में पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। युवा अग्निवीरों की भर्ती सेना भर्ती कार्यालय श्रीनगर के माध्यम से की गई थी, जिन्होंने एक भव्य समारोह में पासिंग आउट परेड में भाग लिया। इस समारोह में अग्निवीरों के माता-पिता भी उपस्थित थे। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर लिखा, भारतीय सेना की जेएकेएलआई का हिस्सा बनने के लिए कश्मीर से अग्निवीरों के पहले बैच के लिए पासिंग आउट परेड मंगलवार को जेएकेएलआई श्रीनगर में आयोजित की गई है।



# तेजस्वी को मंत्रिमंडल में बनाए रखना रहस्यमय : विजय सिन्हा

**पटना,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने दिल्ली के कोर्ट से उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को जमानत मिलने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राजनीति में शुचिता की बात करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अबिलम्ब तेजस्वी यादव को बर्खास्त करना चाहिए।

विजय सिन्हा ने कहा कि अपराधिक मुकदमों में मात्र नाम आने पर मंत्रियों से इस्तीफा लेने की परिपाटी नीतीश कुमार ने कायम की थी लेकिन पहले चार्जशीटेड और अब जमानत पर रहने के बावजूद तेजस्वी यादव को मंत्रिमंडल में बनाए रखना रहस्यमय है। तेजस्वी यादव को हटाने पर इनको अपनी सरकार गिरने का अंदेशा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद करना ही लालू परिवार का एकमात्र लक्ष्य है जो लोकतंत्र के लिए अशुभ है। वही विजय सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार करने वाले को जेल पहुंचाने की गारंटी देश की जनता को दी है।



■ लालू परिवार पर लगाया भ्रष्टाचार व परिवारवाद का आरोप

### लालू परिवार के करीब सभी सदस्य आरोपी

एक हजार करोड़ के चारा घोटाला से लेकर जमीन के बदले नौकरी तक के घोटालों की लिस्ट लम्बी है जिसमें लालू परिवार के करीब सभी सदस्य आरोपी हैं। अब जांच एजेंसियों द्वारा कार्रवाई किए जाने पर ये विलाप कर रहे हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि 33 वर्षों में बड़े भाई छोटे भाई ने मिलकर बिहार को बदहाल कर दिया है। विकास के सभी पैमाने पर बिहार देश में नीचे से पहला या दूसरा है। राज्य में गरीबी दूर करने में इनकी कोई रुचि नहीं है। देश में अभी भी बिहार की चर्चा इनके द्वारा उत्पन्न नकारात्मक वातों के लिए की जाती है।

## स्क्रब टाइफस लगभग पूरे ओडिशा में फैला : मिश्रा

**भुवनेश्वर,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक निरंजन मिश्रा ने बुधवार को कहा कि कुछ जिलों को छोड़कर स्क्रब टाइफस लगभग पूरे राज्य में फैल गया है। मिश्रा ने यहां पत्रकारों को बताया कि यह बीमारी केवल ग्रामीण इलाकों तक ही सीमित नहीं है बल्कि शहरी इलाकों में भी फैल गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक ने कहा कि अब तक 22,077 परीक्षण किए गए हैं और 2820 लोग स्क्रब टाइफस पॉजिटिव पाए गए हैं। स्क्रब टाइफस, जिसे बुश टाइफस भी कहा जाता है, ।

# सरकारी स्कूलों में नाश्ता योजना की शुरुआत करेंगे केसीआर

**हैदराबाद,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव शुक्रवार को तेलंगाना के सभी सरकारी स्कूलों में मुख्यमंत्री नाश्ता योजना की शुरूआत करेंगे। बच्चों के इस कल्याणकारी योजना का मुख्यमंत्री केसीआर औपचारिक रूप से शुभारंभ करेंगे। केसीआर रंगारेड्डी जिले में बच्चों के लिए नाश्ता योजना का शुभारंभ करेंगे। अन्य जिलों में स्थानीय जन प्रतिनिधि इस योजना का शुभारंभ करेंगे। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने तेलंगाना के सभी जिला कलेक्टरों के साथ एक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को 6 अक्टूबर को सरकारी स्कूलों में नाश्ता योजना के सुचारू शुभारंभ के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यसचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, चल रही मध्याह्न भोजन योजना के साथ, सभी सरकारी स्कूलों में मुख्यमंत्री नाश्ता योजना शुरू की जाएगी। नाश्ता योजना शुरू करने के लिए जिला कलेक्टरों को तेलंगाना के सभी जिलों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल की पहचान करने का निर्देश दिया गया है। नाश्ता योजना के शुभारंभ के दौरान स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय: स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ('आईसीआईसीआई एचएफसी') से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और अतएव एतद्द्वारा उनको को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/ सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुकेश पटेल (कर्जदार), पूजा पटेल (सह-कर्जदार), एस ओ श्रीहरि नारायण पटेल, साई विहार कालोनी, निकट दुर्गा चौक, गोवर्धन नगर, गंगा नगर, भानपुरी, रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001/ एलएचआरपीआर00001374968 | एनए मौजा रावाभाटा वार्ड नंबर 14, छत्रपति शिवाजी वार्ड रावाभाटा पीएचएन 28 10 खसरा नंबर 517 2, पीएचएन 28/10/86 एवं वार्ड नंबर 15, आरएनएम धारसीवा बीरगांव बीरगांव रायपुर 517 2, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, चौहद्दी - उत्तर: खसरा नंबर 518, दक्षिण: अन्य भूमि, पूरब: खसरा नंबर 510, पश्चिम: रोड | 12-09-2023 रू. 23,78,441/- | 03-09-2023 |
| 2. | मुकेश पटेल (कर्जदार), पूजा पटेल (सह-कर्जदार), एस ओ श्रीहरि नारायण पटेल, साई विहार कालोनी, निकट दुर्गा चौक, गोवर्धन नगर, गंगा नगर, भानपुरी, रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001/ एलएचआरपीआर00001374970 | एनए मौजा रावाभाटा वार्ड नंबर 14, छत्रपति शिवाजी वार्ड रावाभाटा पीएचएन 28 10 खसरा नंबर 517 2, पीएचएन 28/10/86 एवं वार्ड नंबर 15, आरएनएम धारसीवा बीरगांव बीरगांव रायपुर 517 2, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, चौहद्दी - उत्तर: खसरा नंबर 518, दक्षिण:अन्य भूमि, पूरब: खसरा नंबर 510, पश्चिम: रोड | 12-09-2023 रू. 65,621.98/- | 03-09-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

तिथि: 05-10-2023
स्थान: रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



## Jai Hind College,Mahasamund (C.G.)

(Affiliated to Pt. Ravishankar Shukla University Raipur, C.G.)
College Code: 1455 Bhalesar Road, Ward no: 29, Mahasamund,
Pin:493445 Phone: 07723222123, 9424203000, email id: jaihindcollege.msmd@gmail.com

Applications are invited for the appointments under university statutes-28

| S.No. | Designation | No.of Post | Qualifications | Pay Scale |
|---|---|---|---|---|
| 1 | HOD(Education) | 01 | (a) Postgraduate degree in Art/Science/Social Science! Humanistic/ Commerce with minimum 55% marks. (b) M.Ed with minimum 55% marks. (c) Ph.D. in Education or in any pedagogic subject offered in The Institution. (d) Eight years of teaching experience in a secondary teaching Education leadership. Desirable: diploma/degree in Education Administration or Educational Leadership | As Per UGC /CG Govt. Norms 7th Pay Scale |
| 2 | Principal | 01 | **(A) Eligibility -** a) A Master's Degree with at least 55% (or an equivalent grade in a point scale wherever grading system is followed by a recognized University) b) A Ph.D. Degree in Concerned/allied/relevant discipline (S) in the institution concerned with evidence if published work and research guidance. c) Associate Professor/Professor with a total experience of 15 Year Teaching /research/administration in University, colleges and other institution of higher education. As Per UGC/CG Govt. Norms 7th Pay d) A Minimum of 10 Research Publications in peer- reviewed of UGC-Listed journals. e) A minimum of 110 Research Score as per appendix-II Scale Table 2(As Per UGC Regulation 2018) **(B) Tenure-** I. A college Principal Shall be appointed for a period of five years. Extendable for another term of five year on the basis of performance assessment by a committee appointed by the University constituted as per these regulations. II. After the completion of his/her term as Principal the incumbent shall join back his/her Parent organization with the designation as professor and in the grade of the Professor. | As Per UGC /CG Govt. Norms 7th Pay Scale |
| 3 | Ass.Prof. (Pedagogy subject) Mathematics Science Social Science English Hindi | 01 01 01 01 01 | (a) Postgraduate degree in Mathematics/Sciences/Social Science/Languages (English,Hindi) with minimum 55% marks. (b) M.Ed. with minimum 55% marks Note-Besides fulfilling above qualifications the candidate should have cleared the National Eligibility Test (NET) Conducted by University Grants Commision Provided Candidate,who are of have been awarded Ph.D. Degree in Education in accordance with the university grant Commision (Minimum Standard and Procedure for Award of Ph.D. Degree) Regulation 2009, Shall be exempted from the requirement of the clearing of NET, for appointment as Assistant Professor or, equivalent position in University of College or institution. | As Per UGC /CG Govt. Norms 7th Pay Scale |
| 04 | Perspective of Education | 01 | 1. Post Graduate degree in Any Social Science Subject with minimum 55% Marks 2. M.Ed. Degree from a recognised university with minimum 55% Marks OR Post Graduate (MA) Degree in Education with minimum 55% Marks. As Per UGC/CO Govt Norms 7th Pay Scale 3. B.Ed./B.El.Ed. Degree with minimum 55 % marks. Note-Beside fulfilling the above qualification the candidate shall have cleared the (NET) conducted by UGC Provide candidates, who are, or have been awarded Ph.D. degree in Education in accordance with the university Grant Commision (Minimum Standard and Procedure for Award of Ph D. degree) Regulation 2009, shall be exempted from the requirement of the clearing of NET for appointment as Assistant Professor of equivalent position in University of College or Institutions. | As Per UGC /CG Govt. Norms 7th Pay Scale |
| 05 | Asst. Prof. (Fine Arts) 1 | 01 | Post Graduation in Fine Arts (MFA) with Minimum 55 % Marks | --do-- |
| 06 | Asst. Prof. (Performing Art 1) (Music/Dacnce /Theater) | | Post Graduation in Music/ Dance/ Theatre Arts in Minimum 55% Marks | --do-- |
| 07 | Assistant Grade-III | 01 | 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण। 2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रमिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र। 3. कम्प्यूटर में हिंदी टाइपिंग का 5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी।) | --do-- |
| 08 | Librarian | 01 | a) A Master's Degree in Library Science information Science or Documentation Science or an equinvalent professional degree with at least 55% marks (or an equivalent grade in a point scale, wherever the grading system is followed) b) A consistently good academic record, with knowledge of computerization of a library c) NET/SLET/SET/Ph.D. Note:-Qualification as per UGC regulation 2018 and amendment time to time | --do-- |
| 09 | Lab Technician | 01 | Bachelor degree in relevant subject with 2 Division Marks | --do-- |

Qualification as per NCTE Regulation 2014 & amendment time to time and UGC Regulation 2018
(Salary as 7 Pay Scale: UGC/State Govt.Noms)
Note: Submit 3 Copies of Application with resume recent passport size Photo and all Certificates Withn 15 days Publications of this advertisement to the Jai Hind College Bhaleshar Road Ward no. 29 Mahasamund (C.G.) 493445 Email Id:jaihindcollege.msmd@gmail.com

DIRECTOR
JAI HIND COLLEGE
MAHASAMUND (C.G.)

## 'तुमसे ना हो पाएगा' के अभिनेता गौरव पांडे ने कहा, 'मैंने अपने किरदार से बहुत कुछ सीखा है'

**मुंबई,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' में अभिनय करने वाले अभिनेता गौरव पांडे ने कहा कि उनकी भूमिका की कई विशेषताएं हैं, जिन्हें वह वास्तविक जीवन में भी बरकरार रखना चाहते हैं। यह फिल्म दो सबसे अच्छे दोस्तों की पृष्ठभूमि पर आधारित है जो अपनी सफलता को परिभाषित करना चाहते हैं क्योंकि वे अपने समाज की हर आंटी के बारे में बात कर रहे हैं। 'तुमसे ना हो पाएगा' आज के युवाओं द्वारा सामना की जाने वाली आधुनिक चुनौतियों और उसके नियमों का पालन करने में उनकी दुविधा पर एक मजेदार हल्का-फुल्का चित्रण है। फिल्म में इश्वाक सिंह और गौरव पांडे के नेतृत्व में युवा दोस्तों का एक समूह समाज के 'लोग क्या कहेंगे' रवैये के साथ खड़ा है।

# यौन संक्रमण की रोकथाम के लिए एंटीबायोटिक जरूरी : यूएस सीडीसी

**'प्रस्तावित दिशानिर्देशों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को बैक्टीरियल एसटीआई संक्रमण को रोकने के लिए डॉक्सीसाइक्लिन पीईपी के उपयोग के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना है:-सीडीसी**

**न्यूयॉर्क,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने बैक्टीरियल यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) की रोकथाम के लिए एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक गोली की सिफारिश की है। सीडीसी के प्रस्ताव में डॉक्टरों से क्लैमाइडिया, गोनोरिया और सिफलिस संक्रमण जैसे एसटीआई संक्रमणों के प्रसार को रोकने में मदद करने के लिए डॉक्सीसाइक्लिन (डॉक्सीसाइक्लिन पीईपी) के साथ पोस्ट-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (एचआईवी की दवाइयां) निर्धारित करने पर विचार करने का आह्वान किया गया। प्रस्तावित दिशानिर्देश पुरुषों और ट्रांसजेंडर महिलाओं के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुषों पर लागू होते हैं। इन संक्रमणों के बढ़ते जोखिम वाली आबादी में एसटीआई की रोकथाम को संबोधित करने के लिए एक नए दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं। सीडीसी ने अपनी मसौदा सिफारिशों में कहा, 'प्रस्तावित दिशानिर्देशों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं




**'प्रस्तावित दिशानिर्देशों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को बैक्टीरियल एसटीआई संक्रमण को रोकने के लिए डॉक्सीसाइक्लिन पीईपी के उपयोग के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना**

को बैक्टीरियल एसटीआई संक्रमण को रोकने के लिए डॉक्सीसाइक्लिन पीईपी के उपयोग के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना है।'

सीडीसी के एचआईवी, वायरल हेपेटाइटिस, एसटीडी और टीबी रोकथाम के राष्ट्रीय केंद्र के प्रमुख जोनाथन मर्मिन ने कहा, 'एसटीआई महामारी को दूर करने के लिए हमारे लिए गेम-चेंजिंग इनोवेशन की आवश्यकता होगी। डॉक्सी-पीईपी दशक में एसटीआई के लिए हमारा पहला प्रमुख नया रोकथाम हस्तक्षेप है।' सीडीसी अब 16 नवंबर तक इच्छुक व्यक्तियों और संगठनों से प्रस्ताव पर सार्वजनिक टिप्पणी मांग रहा है। उन्होंने कहा, 'हमें लगता है कि यह अभी सही कदम है, भले ही विज्ञान अभी भी विकसित हो रहा है।' यह कदम तब उठाया गया है जब अमेरिका में निसेरिया गोनोरिया (गोनोरिया का प्रेरक एजेंट), क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस (क्लैमाइडिया का प्रेरक एजेंट), और ट्रेपोनेमा पैलिडम (सिफलिस का प्रेरक एजेंट) के कारण होने वाले एसटीआई के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। डॉक्सीसाइक्लिन, एक व्यापक स्पेक्ट्रम टेट्रासाइक्लिन एंटीबायोटिक, का उपयोग मलेरिया और लाइम रोग जैसे संक्रमणों को रोकने के लिए एक्सपोजर से पहले या बाद में प्रोफिलैक्सिस के रूप में किया जाता है। इस बीच, सीडीसी डॉक्सीसाइक्लिनपीईपी के वास्तविक दुनिया कार्यान्वयन को ट्रैक करने के लिए कई प्रयासों की योजना बना रही है, मर्मिन ने कहा, जिसमें दवा प्रतिरोध की निगरानी भी शामिल है। मर्मिन ने कहा, 'विज्ञान में अंतराल को देखते हुए दीर्घकालिक निगरानी, मूल्यांकन और अतिरिक्त अध्ययन हमारे लिए महत्वपूर्ण होंगे। संभावित जोखिमों के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न बने हुए हैं।'

# स्क्रब टाइफस लगभग पूरे ओडिशा में फैला

**भुवनेश्वर,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक निरंजन मिश्रा ने बुधवार को कहा कि कुछ जिलों को छोड़कर स्क्रब टाइफस लगभग पूरे राज्य में फैल गया है। श्री मिश्रा ने यहां पत्रकारों को बताया कि यह बीमारी केवल ग्रामीण इलाकों तक ही सीमित नहीं है बल्कि शहरी इलाकों में भी फैल गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक ने कहा कि अब तक 22,077 परीक्षण किए गए हैं और 2820 लोग स्क्रब टाइफस पॉजिटिव पाए गए हैं। स्क्रब टाइफस, जिसे बुश टाइफस भी कहा जाता है, एक बीमारी है जो ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। श्री मिश्रा ने कहा कि स्क्रब टाइफस संक्रमित चिगर्स (लार्वा माइट्स) के काटने से भी लोगों में फैलता है।

स्क्रब टाइफस के सबसे आम लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द और कभी-कभी दाने शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक केंद्रीय टीम ने स्थिति की समीक्षा करने के लिए बारगढ़, झारसुगुड़ा, संबलपुर, सुंदरगढ़, बोलांगीर और बुर्ला मेडिकल कॉलेज का दौरा किया है।



श्री मिश्रा ने कहा कि टीम ने स्क्रब टाइफस के खतरे को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की है। केंद्रीय टीम जल्द ही केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम ने मौखिक रूप से राज्य को परीक्षण बढ़ाने और बीमारी का शीघ्र पता लगाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनकी अनुशंसा मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करेगी। निदेशक ने कहा कि राज्य सरकार की एक टीम स्क्रब टाइफस के कारण हुई मौतों की

**अब तक 22,077 परीक्षण किए गए हैं और 2820 लोग स्क्रब टाइफस पॉजिटिव पाए गए**

कथित रिपोर्टों की जांच करने के लिए सुंदरगढ़ और बरगढ़ गई थी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मौत पर भ्रम की स्थिति है क्योंकि उनकी मौत निजी अस्पतालों में हुई है। निजी अस्पतालों में एलिसा टेस्ट की जगह रैपिड टेस्ट किए गए। मिश्रा ने कहा कि स्क्रब टाइफस का पता केवल एलिसा टेस्ट से ही लगाया जा सकता है। इस बीच, राज्य सरकार ने जिला स्वास्थ्य अधिकारियों से स्क्रब टाइफस के बढ़ने पर निगरानी बढ़ाने को कहा है।

# 'मुंबई डायरीज 2' पर कोंकणा सेन शर्मा ने कहा, 'यह घर वापसी जैसा एहसास'

**मुंबई,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'मुंबई डायरीज' सीरीज को लेकर अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा पूरी तरह से तैयार हैं। अभिनेत्री ने कहा है कि यह उनके लिए पहला सीक्वल होगा। आठ एपिसोड वाली सीरीज 6 अक्टूबर को प्राइम वीडियो पर आएगी। 'मुंबई डायरीज' सीरीज में कोंकणा डॉ. चित्रा दास की भूमिका निभाती नजर आएंगी। उनका किरदार अपने भीतर के राक्षसों से लड़ता है। वह चित्रा बॉम्बे जनरल हॉस्पिटल में सोशल सर्विसेज की निदेशक की भूमिका में हैं। शो में मोहित रैना मुख्य भूमिका में हैं, जो बॉम्बे जनरल अस्पताल में ट्रॉमा सर्जरी के प्रमुख डॉ. कौशिक ओबेरॉय की भूमिका निभाते हैं।

इस सीरीज के सीक्वल पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, कोंकणा ने कहा, 'यह पहली बार है कि मैं किसी शो के सीक्वल पर काम कर रही हूं जो वास्तव में बहुत प्यारा है। यह घर वापसी की अनुभूति है, विशेषकर तब जब आप केवल चरित्र का निर्माण कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'चूंकि हमारे पास वापस लौटने के लिए कुछ था, इसलिए



इसकी शूटिंग में भी बहुत मजा आया। न केवल शो और उसके किरदारों में बल्कि कहानी की गहराई तक जाना भी अपने आप में अद्भुत अनुभव था। उन्होंने आगे कहा, 'चूंकि हमारे पास वापस लौटने के लिए कुछ था, इसलिए इसे शूट करने में भी बहुत मजा आया। न केवल शो या किरदार के उस क्षेत्र में वापस आना, बल्कि आप इसमें गहराई तक जा रहे हैं, जो काफी अद्भुत अनुभव था।' कोंकणा के साथ, 'मुंबई डायरीज 2' में श्रेया धनवंतरी, नताशा भारद्वाज, सत्यजीत दुबे और मृण्मयी देशपांडे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित और एम्मे एंटरटेनमेंट के प्रोडक्शन के तहत मोनिशा आडवाणी और मधु भोजवानी द्वारा निर्मित, 'मुंबई डायरीज 2' एक मेडिकल ड्रामा है, जो बाढ़ प्रभावित लोगों से निपटने वाले बॉम्बे जनरल अस्पताल के कर्मचारियों के बारे में है। आठ एपिसोड वाली सीरीज का प्रीमियर 6 अक्टूबर को प्राइम वीडियो पर होगा। 'मुंबई डायरीज 26/11' का पहला सीजन 9 सितंबर 2021 को रिलीज हुआ।

**'यह पहली बार है कि मैं किसी शो के सीक्वल पर काम कर रही हूं जो वास्तव में बहुत प्यारा है। यह घर वापसी की अनुभूति है, विशेषकर तब जब आप केवल चरित्र का निर्माण कर रहे**

कोंकणा को इससे पहले 'कुट्टी' में देखा गया था। आसमान भारद्वाज द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, नसीरुद्दीन शाह, राधिका मदान, कोंकणा, कुमुद मिश्रा और शार्दुल भारद्वाज जैसे कलाकार हैं।

# अब एंड्रॉइड डिवाइस पर जीमेल में इमोजी रिएक्शन के साथ दें जवाब

**गूगल ने एंड्रॉइड डिवाइस पर इमोजी के साथ ईमेल पर रिएक्शन फीचर पेश किया**

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। गूगल ने एंड्रॉइड डिवाइस पर इमोजी के साथ ईमेल पर रिएक्शन फीचर पेश किया है। यह फीचर धीरे-धीरे एंड्रॉइड यूजर्स के साथ शुरू होगा और अगले कुछ महीनों में वेब और आईओएस यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। कंपनी ने एक अपडेट में कहा, 'अपने एंड्रॉइड डिवाइस पर, अपने आप को अभिव्यक्त करें और इमोजी के साथ ईमेल का तुरंत जवाब दें। जीमेल में, आप हर एक मैसेज पर इमोजी रिएक्शन ऑप्शन पा सकते हैं।' गूगल ने कहा, 'वह मैसेज खोलें, जिसका आप जवाब देना चाहते हैं। मैसेज के नीचे इमोजी रिएक्शन पर टैप करें। पिकर से, वह इमोजी चुनें जिसका आप इस्तेमाल करना चाहते हैं। ज्यादा इमोजी के लिए, 'सेलेक्ट मोर' पर टैप करें। आपके चुने




गए इमोजी ईमेल के नीचे दिखाई देंगे।' यह जानने के लिए कि ईमेल पर किसने रिएक्ट किया, उस इमोजी रिएक्शन को टच करके रखें, जिसे आप चेक करना चाहते हैं। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ईमेल में जोड़ा गया रिएक्शन रियूज करने के लिए, मौजूदा रिएक्शन चिप पर टैप करें।

जीमेल में आपके 'अनडू सेंट' सेटिंग्स के आधार पर, आपके पास इमोजी रिएक्शन जोड़ने के बाद हटाने के लिए 5 से 30 सेकंड तक का समय होता है। गूगल के अनुसार, इमोजी रिएक्शन को हटाने के लिए, अपने मैसेज के नीचे नोटिफिकेशन में 'अनडू' पर टैप करें। आप केवल अपने कंप्यूटर पर 'अनडू सेंट' पीरियड को बदल सकते हैं। हालांकि, इमोजी भेजने पर कुछ प्रतिबंध हैं। आप अपने स्कूल या वर्क अकाउंट के साथ इमोजी रिएक्शन का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। अगर मैसेज 20 से ज्यादा लोगों को भेजा गया है, ग्रुप ईमेल लिस्ट में यदि आपको बीसीसी किया गया है और कुछ अन्य मामलों में इमोजी रिएक्शन उपलब्ध नहीं होंगे।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगर आप पहले ही उस मैसेज पर 20 से ज्यादा रिएक्शन भेज चुके हैं तो आप किसी मैसेज पर रिएक्शन नहीं भेज पाएंगे।

# रजनीकांत के साथ थलाइवर 170 में काम करेंगे अमिताभ बच्चन


**मुंबई,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन , दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के साथ फिल्म थलाइवर 170 में काम करते नजर आयेंगे। हाल ही में रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवर 170 की घोषणा की गई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन का नाम भी जुड़ गया है। वाईएलसीए प्रोडेक्शन हाउस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर रजनीकांत की थलाइवर 170 को लेकर जानकारी दी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे। इसके साथ ही एक पोस्टर भी शेयर किया गया है, जिस पर अमिताभ बच्चन की तस्वीर और पीछे रजनीकांत की इस फिल्म का टाइटल भी लिखा हुआ नजर आ रहा है।



अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने अंतिम बार वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म हम में काम किया था।

# मेहरीन पीरजादा ने 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में 60 के दशक का अपनाया लुक

**मुंबई,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। मिलन लुथरिया की अपकमिंग थ्रिलर 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में एक्ट्रेस मेहरीन पीरजादा ने सीरीज में पोल्का डॉट ड्रेस और सिल्क लॉन्ग स्कर्ट से लेकर बाउंसी बॉब हेयर-डॉस तक क्लासिक 60 के दशक का लुक अपनाया है। शो में अपने लुक और स्टाइल के बारे में बात करते हुए मेहरीन ने कहा, 'मुझे 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में मेरा लुक बहुत पसंद आया। मैं बालों के कलर को ध्यान में रखते हुए ब्लैक बालों का विग पहन रही थी क्योंकि उस समय बालों के कलर को लेकर ज्यादा क्रेज नहीं था।' 'एफ3: फन एंड फ्रस्ट्रेशन' की एक्ट्रेस ने कहा, '50 और 60 के दशक के आउटफिट्स इतना कूल लुक देते थे। यह ऑड्रे और मर्लिन मुनरो से प्रेरित था



जो मेरे लिए बहुत दिलचस्प था क्योंकि मैंने उनका बहुत सारा काम देखा है।' मेहरीन ने आगे साझा किया, 'मेरे कई लुक टेस्ट हुए क्योंकि मिलन सर लिप कलर या जूतों के प्रकार से खुश नहीं थे। पहले उन्होंने सोचा था कि संजना ब्राइट लिप कलर जैसे ज्यादातर रेड कलर पहने, लेकिन फिर उन्हें एहसास हुआ कि संजना जैसे किरदार के लिए जो बेहद मासूम है, न्यूट्रल कलर और नेचुरल मेकअप बेहतर रहेगा। तो बेस सिंपल लेकिन ट्रेंडी और फैशनेबल था।' अर्नब रे की किताब 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' असेंशन' पर आधारित, सीरीज रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित और सुपर्ण वर्मा द्वारा सह-निर्देशित और सह-लिखित है।

# ऑनलाइन पिंडदान, धर्म से खिलवाड़: शंभूलाल

**प्रयागराज,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्रीविष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठल ने ऑनलाइन पिंडदान एवं तर्पण का विरोध करते हुए धर्म के साथ खिलवाड़ बताया है। प्रयागराज, उज्जैन, हरिद्वार समेत अनेक तीर्थ स्थानों पर पितरों की मुक्ति के लिए तीर्थ पुरोहित ऑनलाइन पिंडदान एवं तर्पण करने के लिए ऑननलाइन दक्षिणा ले रहे हैं। ऑनलाइन पिंडदान एवं तर्पण का किसी भी धर्मशास्त्र में उल्लेख नहीं है। धर्म से खिलवाड़ विनाशकारी होता है। पिंडदान के लिए कई स्थानों पर तीर्थ पुरोहितों ने नामांकन कराने के लिए वेबसाइट तैयार करायीं हैं।

इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीय अपने पितरों की मुक्ति के लिए तीर्थ पुरोहितों से पिंडदान और तर्पण कराने के लिए लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। तीर्थ पुरोहित देश-विदेश में बैठे लोगों का ऑनलाइन श्राद्ध और तर्पण करा रहे हैं। पुरोहित यजमान के पूर्वजों की मृत्यु की तिथि और गोत्र पूछकर पिंडदान करते हैं। समयाभाव के कारण विदेश में बैठे वंशज वाट्सएप काल पर देखकर आत्मसंतुष्टि महसूस करते हैं।

श्रीविष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठल ने बताया कि शास्त्रों में कहीं इसका



वर्णन नहीं है इसलिए ऑनलाइन पिंडदान का कोई महत्व नहीं है। आनॅलाइन पिंडदान का यदि महत्व होता तो विदेश से पिंडदानी गयाजी में अमेरिका, रूस, अफ्रीका एवं वियतनाम से पिंडदान करने इतना पैसा खर्च कर क्यों आते। ऑनलाइन पिंडदान केवल पैसा कमाने का सुगम तरीका है।

श्री विट्ठल ने बताया कि ऑनलाइन पिंडदान धर्म विरोधी है। उन्होंने पूर्वजों का पिंडदान करने वाले लोगों को आगाह किया कि ऑनलाइन पिंडदान करने से पितरों को कोई मुक्ति नहीं मिलगी। यह सब धर्म के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऑनलाइन क्या किसी व्यक्ति का दाह संस्कार किया जा सकता है। यदि नहीं, तो उसका ऑनलाइन पिंडदान भी नहीं किया जा सकता। यह क्रिया पुत्र या परिवार के व्यक्ति को स्वयं अपने हाथो से करना चाहिए।

समिति के अध्यक्ष का कहना है कि ऑनलाइन पिंडदान कराने से न/न पिंडदान करने वाले को कोई लाभ मिलेगा और नहीं पितरों की आत्मा तृप्त होगी। आनॅलाइन दर्शन का लाभ उठा सकते हैं लेकिन शास्त्र के अनुसार संतान को ही पिंडदान करने का अधिकार है। पिता का पुत्र अंश होता है। अंश को ही सशरीर पिंडदान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि श्रद्धा का नाम श्राद्ध है। जब श्रद्धा ही नहीं है केवल लोकाचार करने का औचित्य नहीं है। पिंडदान स्वयं की शांति के लिए नहीं होता बल्कि पितरों की मुक्ति के लिए किया जाता है।

कुंभ मेला-2019 के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ का संगम तट पर विधि विधान से पूजा पाठ कराने वाले तीर्थ पुरोहित दीपू मिश्र ने बताया कि ऑनलाइन में 'रांग लाइन' भी होती है। विदेशों में बैठे प्रवासी भारतीय द्वारा ऑनलाइन पिंडदान कराने पर खेद व्यक्त करते हुए इसे धर्म के साथ खिलवाड़ बताया है।

# चंबल सेंचुरी में बनेगी डॉल्फिन सफारी

**इटावा,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। कभी कुख्यात डाकुओं के आतंक के साए में रही चंबल घाटी में डॉल्फिन सफारी का निर्माण किया जाएगा। यह डॉल्फिन सफारी राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी के अधीन उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सहसों इलाके स्थित चंबल नदी में निर्मित की जाएगी।

राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी की उप वन संरक्षक (वन्यजीव) आरुषि मिश्रा ने आज यहां बताया कि राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन के संरक्षण के लिए डॉल्फिन अभयारण्य का एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इटावा स्थित राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी के सहसों क्षेत्र को डॉल्फिन सेंचुरी के लिए चुना गया है। इसमें इटावा के सहसों का 20 किलोमीटर का दायरा चिह्नित किया है। इस स्थान पर 50 से 80 के करीब डॉल्फिन हैं। सैलानी यहां बैठकर डॉल्फिन को देख सकेंगे। ताजा गणना में राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी के बाह और इटावा रेंज में 171 डॉल्फिन रिकॉर्ड की गई हैं जबकि साल 2012 के सर्वे में उनकी संख्या महज 78 थी।

श्री मिश्रा ने बताया कि साल 1979 में घोषित राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य 635 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला है। इसका विस्तार मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश तक है। इसमें साल 2008 से घड़ियालों की प्राकृतिक हैचिंग हो रही है। परिणाम स्वरूप उनकी संख्या भी 2,176 पर पहुंच गई है।

उप वन संरक्षक ने बताया कि डॉल्फिन सफारी के लिए केंद्र सरकार ने दो स्थानों को प्रमुखता दी है। वाराणसी और चंबल का प्रजेंटेशन केंद्र सरकार के सामने हो चुका है। चंबल की वास्तविक स्थिति देख सभी खुश थे। यह इको टूरिज्म और डॉल्फिन संरक्षण की दिशा में भी सरकार का बड़ा कदम है। राज्य सरकार डॉल्फिन अभयारण्य के रूप में घोषित कर पर्यटकों को आकर्षित करने की भूमिका बना रही है।

इस सिलसिले में राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी प्रोजेक्ट की उप वन संरक्षक (वन्यजीव) आरुषि मिश्रा ने एक प्रस्ताव शासन को भेजा है। प्रस्ताव में इस बात का जिक्र किया गया है कि डॉल्फिन अभयारण्य के लिए इटावा स्थित राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी के सहसों क्षेत्र का चयन किया है जहां बड़ी संख्या में डॉल्फिन पाई जाती हैं। अगर आगरा से ताजमहल देखने आने वाले पर्यटक और वन्यजीव



प्रेमी चंबल सेंचुरी आते है तो डॉल्फिन सफारी का भी आनंद ले सकेंगे। राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी के प्रस्ताव को अगर वाकई में स्वीकार कर लिया गया तो चंबल सेंचुरी के लिए डॉल्फिन पर्यटन के लिहाज से यह बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी।

इटावा के चंबल सेंचुरी के सहसों के 20 किलोमीटर दायरे में बड़ी संख्या में डॉल्फिन पाई जाती है, चंबल सेंचुरी के अफसर के अनुसार इस इलाके में डॉल्फिनों की संख्या में खासी तादात में इजाफा भी हो रहा है।

**राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी के सहसों क्षेत्र को डॉल्फिन सेंचुरी के लिए चुना गया है। इसमें इटावा के सहसों का 20 किलोमीटर का दायरा चिह्नित**

गौरतलब है कि गंगा नदी में पायी जाने वाली डॉल्फिन भारत की राष्ट्रीय जलीय जीव है। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 5 अक्टूबर 2009 को डॉल्फिन को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया था। इसके बाद से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत हर वर्ष 5 अक्टूबर को गंगा डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रदेश की नदियों में डॉल्फिन की 2012 में हुई गणना डॉल्फिन की संख्या 671 थी, जिसमें से 78 चंबल में थीं। इस समय राष्ट्रीय चंबल सेंचुअरी क्षेत्र के बाह रेंज में 24 और इटावा रेंज में 147 डॉल्फिन हैं।

पर्यावरणीय संस्था सोसायटी फॉर कंजरवेशन ऑफ़ नेचर के महासचिव डा.राजीव चौहान ने कहा कि सैकड़ों दुर्लभ जलचरो का संरक्षण कर रही चंबल नदी हालांकि तीन राज्यों राजस्थान,मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश मे प्रवाहित हो रही है लेकिन यूपी के हिस्से मे डॉल्फिनों की मौजूदगी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। उत्तर प्रदेश मे चंबल नदी का प्रवाह रेहा बरेंडा से शुरू होता है लेकिन इटावा जिले मे इसकी शुरूआत पुरामुरैंग गांव से होते हुए प्रवाह पंचनदा तक रहता है । पंचनदा से पूर्व चंबल नदी यमुना नदी में विलय हो जाती है जिसके बाद यमुना नदी कहलाती है। जिले मे गढायता, बरौली, खेडा अजब सिंह, ज्ञानपुरा, कसौआ, बरेछा, कुंदौल,पर्थरा महुआसूडा और चिकनी टॉवर पर डॉल्फिनों की मौजूदगी होती है जहां पर उनको देखने के लिए बडी तादाद मे स्थानीय और दूर दराज से पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है।

डा. चौहान ने बताया कि इटावा जिले मे डॉल्फिन के संरक्षण के लिए इटावा जिले के डिभौली, कसौआ, सहसो, पचनदा और इटावा मे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । डॉल्फिन की वास्तविक स्थिति का आकंलन करने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने वन विभाग और डब्लूडब्लूएफ के सहयोग से करने का काम शुरू करने की कवायद कर रखी है। चंबल नदी मे 2008 मे डॉल्फिन के मरने का मामला उस समय सामने आया था जब बडे पैमाने पर घड़ियालो की मौत हुई थी । उस समय दो डॉल्फिनों की मौत ने चंबल सेंचुरी अफसरो को सकते मे ला दिया था । उसके बाद डॉल्फिनों के मरने की खबरे आ जाती है कहा जाता है कि चंबल नदी मे अवैध शिकार इस जलचर की मौत का बडा कारण है लेकिन चंबल सेंचुरी के अफसर इन मौतो को स्वाभाविक बता करके शिकार से पल्ला झाड़ लेता रहा है।

रायपुर, गुरूवार 5 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नांदेड़ अस्पताल में मौतों का जिम्मेदार कौन?

एक ओर तो महाराष्ट्र के नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, दूसरी ओर इसे लेकर सियासत तेज़ हो गई है। जिले के विष्णुपुरी में स्थित डॉ. शंकरराव चव्हाण शासकीय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पिछले 48 घंटों में 31 मरीजों की मौत हो गई। इनमें लगभग डेढ़ दर्जन बच्चे थे। दवाओं की कमी से हुई इस हृदयविदारक घटना से जहां सारा देश हतप्रभ है, वहीं अब तक वहां की सरकार न तो राहत पहुंचाती दिख रही है और न ही वह एक्शन मोड में आई है। अस्पताल प्रशासन भी एक तरह से हाथ पर हाथ धरे बैठा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने मंगलवार एक कहा है कि सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है और सरकार को इसके लिए जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। इस मामले को लेकर चौतरफा आलोचना झेल रहे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ किया है कि कोई भी कदम उठाने से पहले वे घटना के बाबत पूरी जानकारी लेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने इसे सरकारी मशीनरी का पूरी तरह से नाकाम होना बताया है।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक श्यामराव वाकोड़े ने बताया कि अनेक ऐसे लोगों की मौतें हुई हैं जिन्हें सांपों ने काटा था या इसी तरह की तकलीफें थीं। अस्पताल को हाफकिन्स इंस्टिट्यूट से दवाएं खरीदनी थीं परन्तु अस्पताल के कई कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण वह नहीं हो सका। अस्पताल के डीन के साथ मरीजों के परिजनों द्वारा किये गये दुर्व्यवहार से वहां का स्टाफ भी बेहद नाराज़ है। फिलहाल अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती हैं जिन्हें देखने वाला कोई नहीं हैं। बताया गया है कि वहां 70 से ज्यादा ऐसे मरीज भर्ती हैं जिनकी हालत गम्भीर है परन्तु दवाएं न मिलने और चिकित्सकों व स्टाफ की कमी से उनका इलाज नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। औरंगाबाद जिले से स्वास्थ्य अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई है जो वहां स्थिति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

उल्लेखनीय है कि यह घटना ऐसे वक्त पर हो रही है जब केवल दो माह पहले ठाणे जिले के कलवा अस्पताल में हुई घटना को लोग भूले नहीं हैं, जिसमें एक ही रात में 18 लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में भी यह मामला उठा। इस बदइंतजामी को लेकर कई मंत्री नाराज दिखे। बैठक में अजित पवार की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रहा क्योंकि अपने काम के मामले में अजित पवार बहुत नियमित व अनुशासनप्रिय माने जाते हैं। वे मुंबई में ही थे लेकिन बैठक में शामिल न होना बतलाता है कि वे भी इस मामले को लेकर अपनी ही सरकार से नाराज़ हैं। बड़ी बात नहीं होगी अगर यह विवाद बढ़ जाये।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बीच स्वास्थ्य विभाग क कामकाज को लेकर तनातनी हो गई थी। शिवसेना से अलग हुए एकनाथ शिंदे गुट व भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर बनी सरकार में एनसीपी के अजित पवार भी अपने कुछ साथियों के साथ शामिल हो गये थे। उन्होंने तंज कसते हुए शिंदे से पूछा था कि कलवा अस्पताल के अब क्या हाल हैं? शिंदे इस पर झेंप गये थे। मामला बढ़ने के पहले ही दूसरे उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस ने बीच-बचाव किया था। नांदेड़ का यह अस्पताल मेडिकल एजुकेशन के अंतर्गत संचालित होता है। इसके विभागीय मंत्री हसन मुशरिफ हैं जो अजित पवार गुट के हैं। दूसरी ओर अस्पतालों को दवाइयां एवं आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग का है। इसके मंत्री तानाजी सावंत हैं जो एकनाथ शिंदे गुट के हैं। नांदेड़ अस्पताल की इन मौतों ने दो मंत्रियों को भी आमने-सामने ला खड़ा किया है।

इस तरह देखें तो नांदेड़ में हुए मौत के तांडव के पीछे एक ही सरकार के भीतर कार्यरत दो अलग-अलग धड़ों के मंत्री हैं और उनमें से कोई भी न तो इस बेहद गम्भीर चूक का दोष स्वीकारने के लिये तैयार है और न ही मिलकर वहां की स्थिति सुधारने का इच्छुक दिखलाई पड़ता है। भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे दोनों ही गुट (शिवसेना का शिंदे गुट व एनसीपी का अजित पवार गुट) नांदेड़ में लोगों के आंसू पोंछने की बजाय मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दे को लेकर व्यस्त हैं। इसे लेकर शिंदे और फडनवीस की जल्दी ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात होने जा रही है। मंत्रिमंडल के 14 पद रिक्त हैं जिनके लिये तीनों ही धड़ों के बीच जोर आजमाईश जारी है। इसलिये सम्भव है कि मौजूदा दौर की क्रूर व निर्मोही राजनीति के पास नांदेड़ जैसे मामले पर ध्यान देने का वक्त ही न हो।

नांदेड़ अस्पताल में जो हुआ और हो रहा है, वह बहुत ही दर्दनाक है जो बतलाता है कि जिस तरह की जोड़-तोड़ से यह सरकार बनी है उसके पास कुशल प्रशासकीय क्षमता का अभाव तो है ही और जिस प्रकार से अलग-अलग धड़ों के मंत्रियों के बीच खींचतान हो रही है उससे भुगतना तो जनता को ही पड़ेगा। कलवा अस्पताल वाले मामले से कोई सबक न लेकर नांदेड़ अस्पताल जैसे कांड का इंतज़ार करने वाली महाराष्ट्र सरकार से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि उसके लिये लोगों की जान से बढ़कर सरकार बनाना और महत्वपूर्ण पद अपने धड़ों के विधायकों को दिलवाना मात्र है। फिर भी आशा की जाये कि सरकार वहां की स्थिति को तुरंत सम्भाले और लोगों को अकारण मौतों का शिकार होने से बचाये।

# कमजोर होती याददाश्त के खतरे

पिछले 9-10 सालों में हिंदुस्तानियों की याददाश्त काफी कमजोर हो गई है। इसकी क्या वैज्ञानिक, राजनैतिक और सामाजिक वजहें हैं, इनके कारणों की पड़ताल गंभीरता से करना चाहिए। क्योंकि याददाश्त कमजोर होने का खामियाजा पूरे देश को उठाना पड़ रहा है। अभी विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अमेरिका में एक कार्यक्रम में मोदी सरकार में भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर सवाल उठाया गया था। जिसके जवाब में उन्होंने सवाल पूछने वाले से ही मांग कर दी कि मुझे भेदभाव दिखाओ। फिर जयशंकर ने अपने टालमटोल वाले जवाब में कहा कि निष्पक्ष और सुशासन या समाज के संतुलन की कसौटी क्या है? सुविधाओं, लाभों, पहुंच, और अधिकारों के मामले में आप भेदभाव करते हैं या नहीं, यही कसौटी होती है और दुनिया के हर समाज में, किसी न किसी आधार पर, कुछ न कुछ भेदभाव होता ही है।

हमारे विदेश मंत्री ज्ञानी व्यक्ति हैं, उनकी स्मरण शक्ति भी प्रखर ही होगी। लेकिन वो इस सितंबर को ही संसद के भीतर बसपा सांसद दानिश अली के लिए कहे गए अपशब्दों को कैसे भूल गए। क्या इसलिए कि संसद की मर्यादा तोड़ने और अपने विरोधी सांसद को अपशब्द कहने का काम भाजपा के सांसद ने किया। विदेश मंत्री यह भी भूल गए कि इस देश में किस तरह बाकायदा धर्मसंसदें आयोजित कर अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए समाज को उकसाया जाता रहा है। मणिपुर में हिंसा का तांडव पिछले पांच महीनों से जारी है, एस. जयशंकर इसे भी सुविधापूर्वक भूल गए। आखिर मणिपुर में अशांति पनपने की सबसे बड़ी वजह भेदभाव का डर ही तो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मणिपुर को भूले ही हुए हैं। वे देश के कई राज्यों में जा रहे हैं, खासकर चुनावी राज्यों में उनकी आमदरफ्त बढ़ गई है। लेकिन मणिपुर जाने का रास्ता उन्हें याद ही नहीं आ रहा। श्री मोदी से भी अमेरिका यात्रा के वक्त हुई प्रेस कांफ्रेंस में अल्पसंख्यकों से भेदभाव का सवाल वॉल स्ट्रीट जर्नल की पत्रकार सबरीना ने पूछा था। और तब भी इसी तरह का गोलमोल जवाब श्री मोदी ने दिया था। उन्होंने कहा था कि मुझे वास्तव में आश्चर्य होता है जब लोग ऐसा कहते हैं। भारत तो लोकतंत्र है ही। लोकतंत्र हमारी रगों में है। हम लोकतंत्र जीते हैं। हमारे पूर्वजों ने इस बात को शब्दों में ढाला है। ये हमारा संविधान है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों को ध्यान में रखकर बनाए गए संविधान पर ही चलती है। सवाल हुआ था धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव पर और सवाल को भुलाते हुए श्री मोदी संविधान और लोकतंत्र की दुहाई देने लगे। अब ऐसा किया ही था तो कुछ समय तो उस बात पर टिके रहते। जून में दिए गए इस जवाब के तीन ही महीने बाद संसद के भीतर उनकी पार्टी के एक सांसद ने दूसरी पार्टी के सांसद को अपशब्द कहे और तब प्रधानमंत्री को न संविधान याद आया, न लोकतंत्र। उन्होंने इस घटना पर आज तक कुछ नहीं कहा, जबकि पीड़ित सांसद दानिश अली ने उन्हें खत लिखकर कहा भी कि आपकी चुप्पी को दुनिया देख रही है। लेकिन सत्ता मद में शायद मोदीजी को दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा भी याद नहीं रही है।

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

> देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है।

श्री मोदी और उनके विदेश मंत्री श्री जयशंकर ने जिस तरह अमेरिका जाकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले भेदभाव की बात को नकार दिया है, यह उनकी कमजोर होती स्मरण शक्ति की निशानी है या फिर राजनैतिक मजबूरी, इस बारे में वही बेहतर बता सकते हैं। अभी श्री मोदी राजस्थान चुनाव प्रचार के लिए चित्तौड़गढ़ गए तो वहां उन्हें उदयपुर में नफरत का शिकार बने दर्जी कन्हैयालाल की याद आ गई। लेकिन उन्हें इसी राजस्थान में ऐसी ही बेरहमी से मारे गए मजदूर मो. अफराजुल की याद नहीं आई। उन्हें पिछले 9 सालों में इसी तरह की नफरत का शिकार बने और निर्दोष लोग याद नहीं आए। बात करनी ही थी, तो प्रधानमंत्री ऐसी हरेक हत्या पर अफसोस जताते, लेकिन उन्होंने यहां चुनावी हिसाब से घटना को याद किया। याददाश्त का कमजोर पड़ना बुरा है, लेकिन सुविधा के हिसाब के कुछ बातों का याद आना और कुछ का भूल जाना और भी बुरा है।

प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर से अगर भविष्य में फिर अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव पर सवाल किया जाए, तो उनके लिए एक प्रसंग गुजरात से उपस्थित हुआ है। जहां एक स्कूल में हिंदू छात्रों को नमाज पढ़ाने के आरोप पर दक्षिणपंथी लोगों ने प्रदर्शन किया और इसमें एक शिक्षक की पिटाई भी कर दी। अहमदाबाद के कैरोलेक्स फ्यूचर स्कूल में 29 सितंबर की ये घटना बताई जा रही है, जिस पर सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। स्कूल प्रशासन ने इस घटना पर माफी तो मांग ही ली है, साथ ही बताया है कि किसी भी छात्र को नमाज पढ़ने के लिए जबरदस्ती नहीं की गई थी। बल्कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न धर्मों की प्रथाओं से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम का एक वीडियो भी फेसबुक पर डाला गया था, जिस में बच्चे लब पे आती है दुआ, गाते हुए दिखते हैं। इकबाल की इस मशहूर प्रार्थना को करवाने पर बरेली के एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक को निलंबित कर दिया गया था। अब इसी प्रार्थना और नमाज पढ़ने पर गुजरात में दक्षिणपंथियों को तो कानून हाथ में लेने का मौका मिल गया। गौर से देखा जाए तो ऐसे कार्यक्रम में कुछ भी गैरकानूनी नहीं है, क्योंकि सर्वधर्म सद्भाव तो इस देश की नींव में रहा है और स्कूल इसे ही मजबूत कर रहा था। देश के कई सरकारी और निजी स्कूलों में गायत्री मंत्र बच्चों से पढ़वाया जाता है। कई जगहों पर बोर्ड परीक्षाओं के पहले हवन तक होते हैं। लेकिन तब कोई सवाल नहीं उठते, क्योंकि बहुसंख्यकों का धर्म होने के कारण हिंदुओं के तौर-तरीकों को सहज स्वीकार्य मान लिया गया है। जिन लोगों ने हिंदू छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति की, ऐसे ही लोगों को अस्पताल या मॉल या स्टेशन पर नमाज पढ़ते लोगों से भी आपत्ति होती है। मगर पूरी सड़क घेर कर दुर्गा या गणेश के पंडाल लगाए जाएं, दिन-रात कानफोड़ू संगीत बजाया जाए, रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट या बीच चौराहे पर घेरा बनाकर गरबा किया जाए, तब किसी को आपत्ति नहीं होती। गुजरात के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पनशेरिया ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूल में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर कुछ लोग राज्य का शांतिपूर्ण माहौल खराब करना चाहते हैं। मंत्री महोदय की राय में शांतिपूर्ण माहौल की परिभाषा क्या है और नमाज कैसे पढ़ी जाती है, इसे सिखाने पर माहौल कैसे खराब होता है, ये समझना कठिन नहीं है। शायद शिक्षा मंत्री की याददाश्त से बिलकिस बानो प्रकरण मिट चुका है। जहां बलात्कार और हत्या के दोषियों की रिहाई होती है और फिर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया जाता है। उन्हें संस्कारी बताया जाता है। ऐसे संस्कारी लोगों से माहौल खराब होता है या दूसरे धर्म के तौर-तरीकों को सीखने से, यह सवाल अगर याद रह जाए, तो भाजपा सरकार के मंत्रियों को इसका जवाब ढूंढने की कोशिश करना चाहिए।

देश में याददाश्त कमजोर करने में बड़ी भूमिका मुख्यधारा का मीडिया भी निभा रहा है। जो हर दिन सुबह-शाम नए-नए पैंतरों में लिपटी खबरों का धमाका करता है। एक खबर को लोग याद रखें या उस पर चर्चा करें, उससे पहले कोई नयी खबर आ जाती है। अगर खबर सत्ताविरोधी हुई, तब तो उसे भुलाने के लिए एलियंस या अवतारी पुरुषों को दिखाने से बी मीडिया परहेज नहीं करता। इस मीडिया की फिक्र यही है कि जनता को भूले से भी सरकार की कोई कमजोरी, कोई पुराना वादा, कोई गलती याद न रहे। केवल ये याद रहे कि असली आजादी 2014 के बाद मिली और देश का विकास 2047 तक हो जाएगा। भुलाने और भुलावे के इस खेल में अपनी याददाश्त कैसे दुरुस्त रखना है, ये जनता खुद तय करे।

# लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है चुनावी बांड पर निर्णय में देरी

■ नित्य चक्रवर्ती

एक बार फिर भारत सरकार ने 4 अक्टूबर से दस दिनों तक चलने वाले चुनावी बांड की 28वीं किश्त की बिक्री को मंजूरी दे दी है और हमेशा की तरह ऐसा ठीक चुनावों के पहले किया जा रहा है जब पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कुछ हफ्ते ही रह गये हैं। इस बार भी भाजपा को अपने चुनाव अभियान में एक और बड़ा इनाम मिलेगा क्योंकि लगभग 80 से 90 प्रतिशत धन सत्तारूढ़ पार्टी को जाता है। केंद्र शर्मनाक तरीके से मौजूदा चुनावी बांड नियमों को अन्य विपक्षी दलों की कीमत पर भाजपा के पक्ष में इस्तेमाल करने की इजाजत दे रहा है लेकिन फिर भी सुप्रीम कोर्ट अब भी उस याचिका पर सुनवाई में देरी कर रहा है जो लंबे समय से लंबित है।

मूल चुनावी बांड योजना 2017 को 2018 में कई याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी। लेकिन इस साल अप्रैल में ही, मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने संकेत दिया था कि वह सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ की स्थापना के बारे में फैसला करेंगे। याचिकाएं पर उसके बाद कोई सुनवाई नहीं हुई।

> चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।

चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले साल 7 नवंबर को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके।

नियमों के अनुसार, बांड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में 10 दिनों की अवधि के लिए खरीद के लिए उपलब्ध हैं। आम चुनाव के वर्षों में 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि की अनुमति है। अब नवीनतम संशोधन के माध्यम से, केंद्र ने पिछले साल हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनावों से पहले नवंबर 2022 में एक और किश्त की अनुमति दी।

जनवरी 2018 में चुनावी बांड की बिक्री शुरू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक, मध्यप्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये हैं और गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने के लिए विधायकों को खरीदा है। महाराष्ट्र में, यह दिन के उजाले की तरह स्पष्ट था कि जुलाई 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दलबदल को सुनिश्चित करने के लिए भारी धनराशि जुटाई गई थी।

इसके बाद वहां शिंदे-भाजपा की सरकार बनी। विपक्षी सरकारों को अस्थिर करने के इन सभी कदमों में, भाजपा ने कॉर्पोरेट दान, चुनावी बांड के पैसे के साथ-साथ विदेशी दान के माध्यम से जुटाये गये अपने विशाल उपलब्ध धन का उपयोग किया। कॉरपोरेट्स के चुनावी ट्रस्टों ने भी राजनीतिक दलों को धन दिया और वहां भी, भाजपा ने हाल के वर्षों में 80 प्रतिशत से अधिक धन जुटाया।

बॉन्ड या पोल ट्रस्ट से फंडिंग करना भाजपा के लिए एक रास्ता है क्योंकि जो कंपनियां दान देती हैं वे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को नाराज नहीं करना चाहती हैं और आईटी विभाग, सीबीआई या ईडी के माध्यम से कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करना चाहती हैं। यह तब स्पष्ट हुआ जब बजाज परिवार के वंशज राजीव बजाज पिछले साल राहुल गांधी के साथ बातचीत के बाद केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संभावित प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के प्रति आशंकित थे।

भारतीय कॉरपोरेट्स के बीच यह डर इतना जबरदस्त है कि औद्योगिक घरानों के युवा वंशज, जो दूरदर्शी हैं और भाजपा को पसंद नहीं करते हैं, चुप रहते हैं क्योंकि वे सिर्फ कुछ उदारवादियों के लिए अपनी कंपनियों के भविष्य को जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हैं।

कुल मिलाकर नतीजा यह है कि चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा दस गुना से भी ज्यादा पैसा खर्च करने की स्थिति में है। जरूरत पड़ने पर दल-बदल कराने के लिए इसके पास एक विशाल युद्ध संदूक है।

नरेंद्र मोदी शासन के पिछले नौ वर्षों में, भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में धन का असामान्य संकेंद्रण हुआ है। एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भारत की बीस सबसे अधिक लाभदायक कंपनियों ने 1990 में कुल कॉर्पोरेट मुनाफे का 14 प्रतिशत, 2010 में 30प्रतिशत और 2019 में 70प्रतिशत अर्जित किया।

इसका मतलब यह है कि नरेंद्र मोदी के शासन के पहले पांच वर्षों के दौरान कुछ कॉर्पोरेट घरानों में धन के संकेंद्रण में भारी उछाल आया। पिछले चार वर्षों में यह प्रक्रिया और तेज हुई है। यह सत्तारूढ़ दल भाजपा और बड़े उद्योगपतियों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग का परिणाम है, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्तमान शासन के दौरान लाभ हुआ है।

विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटकों को भारतीय धनी पूंजीपतियों और नरेंद्र मोदी शासन के बीच इस बदले की भावना पर ध्यान केंद्रित करना होगा और इस बात की जांच की मांग करनी होगी कि कैसे बड़े कॉरपोरेट अपनी दीर्घकालिक व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को वित्त पोषित कर रहे हैं।

उनके कानूनी विशेषज्ञों को सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका की शीघ्र सुनवाई पर जोर देना चाहिए ताकि विद्वान न्यायाधीश कम से कम अंतिम निपटान तक चुनावी बांड योजना पर रोक लगाने का आदेश दे सकें। चुनाव लड़ने वाले दलों के बीच समान अवसर स्थापित करके देश में लोकतंत्र को कायम रखने के लिए यह जरूरी है।

## पावन प्रसंग

# युवाओं को दी नई दिशा

आंखों में उम्मीद के,सपने. नई उड़ान भरता हुआ मन, कुछ कर दिखाने का दमखम और दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का साहस रखने वाला युवा कहा जाता है। युवा शब्द ही मन में उड़ान और उमंग पैदा करता है। उम्र का यही दौर वह दौर है, जब न केवल उस युवा का बल्कि उसके राष्ट्र का भविष्य तय किया जा सकता है। आज के भारत को युवा भारत कहा जाता है; क्योंकि हमारे देश में असंभव को संभव में बदलने वाले युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। आंकड़ों के अनुसार भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष आयु तक के युवकों की और 25 साल तक की उम्र के नौजवानों की संख्या 50 प्रतिशत से भी अधिक है। ऐसे में यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि युवाशक्ति वरदान है या चुनौती? महत्वपूर्ण इसलिए भी कि यदि युवाशक्ति का सही दिशा में उपयोग न किया जाए तो इनका जरा सा भी भटकाव राष्ट्र के भविष्य को अनिश्चित कर सकता है। आज का एक सत्य यह भी है कि युवा बहुत मनमानी करते हैं और किसी की सुनते नहीं। दिशाहीनता की इस स्थिति में युवाओं की ऊर्जा नकारात्मक दिशा में भटकाव होता जा रहा है। लक्ष्यहीनता के माहौल ने युवाओं को इतना दिग्भ्रमित करके रख दिया है कि उन्हें सूझ ही नहीं पड़ रहा कि करना क्या है, हो क्या रहा है और आखिर उनका होगा क्या?

आज से दो-तीन दशक पूर्व तक साधन-सुविधाओं से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों में 'सुखार्थिन: कुतो विद्या, विद्यार्थिन: कुतो सुखम्' के भावों के साथ जीवन निर्माण की परंपरा बनी हुई थी और ऐसे में जो पीढ़ियां हाल के वर्षों में नाम कमा पाई हैं, अब ऐसा संभव नहीं। धैर्य की कमी, आत्मकेंद्रिता, नशा, लालच, हिंसाआदि बातें जैसे उनके स्वभाव का अंग बनती जा रही हैं। नशे से युवाओं की असमय मृत्यु चिंताजनक बात हो गई है। जानकारी के अनुसार आजकल के बालकों को मित्र मंडली उन तमाम व्यसनों से घिरी थी, जिसे अब बुरा नहीं, आधुनिकता का पर्याय माना जाता है।

आजकल के किशोर स्कूली छात्र की उम्र में नशे के आदी हो जाते हैं। पिता अपने कार्य में व्यस्त रहते हैं, इसलिए पुत्र को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। परिणाम ऐसा भयंकर आता है कि वे अपने पुत्रों से वंचित हो जाते हैं। केवल एक बालक की बात नहीं, एक ताजा शोध के अनुसार अब युवा अधिक रुखे स्वभाव के भी हो गए हैं। वे किसी से घुलते-मिलते नहीं।

इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग के इस युग में रोजमर्रा की जिंदगी में आमने-सामने के लोगों से रिश्ते जोड़ने की अहमियत कम हो गई है। क्या यह सत्य नहीं कि आज की पीढ़ी जो कुछ सीख पाई है, उसमें हमारा दोष सर्वाधिक है। इन परिवेशीय हालातों में अंकुरित और पल्लवित नई पीढ़ी को न संस्कारों की खाद मिल पाई, न स्वस्थ विकास के लिए जरूरी वातावरण। मिला सिर्फ प्रदूषित माहौल और नकारात्मक भावभूमि। आज का युवा अधिकतर मामलों में नकारात्मक मानसिकता के साथ जीने लगा है।

उसे दूर-दूर तक कहीं कोई रोशनी की किरण नजर नहीं आ रही है। वर्तमान स्थिति के लिए हमारे स्वार्थ और समझौते जिम्मेदार हैं, जिनकी वजह से हमने सिद्धांतों को छोड़, आदर्शों से किनारा कर लिया और नैतिक मूल्य तक दांव पर लगा दिए। वह भी किसलिए? सिर्फ और सिर्फ अपनी वाहवाही कराने या अपने नाम से माल बनाने। हालात भयावह होते जा रहे हैं, हमें इसका अंदाजा नहीं लग पा रहा है, क्योंकि हमारी बुद्धि कुंद हो गई है। यदि आज वे नहीं चेत पाते तो कल अवश्य बहुत देर हो जाएगी। युवाओं को अपनी संस्कृति एवं मूल्यों के साथ जोड़ने की आवश्यकता है, ताकि वे स्वयं के प्रति सचेष्ट एवं जागरुक एवं विकासोन्मुखी हो सकें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# कृषि प्रधान देश में बेरोज़गार किसान

किसी देश के विकास में आने वाली समस्याओं में एक प्रमुख समस्या बेरोज़गारी है। भारत जैसे विशाल देश में आज भी कई छोटे- छोटे गांव ऐसे हैं जहां नौजवानों की एक बड़ी आबादी बेरोज़गार है। नौकरी के लिए या तो उनके पास कोई स्रोत नहीं है या फिर उन्हें शहरों के लिए पलायन करनी पड़ रही है। देश की बढ़ती जनसंख्या कारण रोज़गार की मांग में भी दिन-ब-दिन इज़ाफ़ा होता जा रहा है। लोगों को पर्याप्त रोज़गार नहीं मिलने का एक परिणाम यह भी है कि देश में गरीबी का आंकड़ा संतोषजनक रूप से कम नहीं हो रहा है। वर्तमान में, एक तरफ जहां भारत विश्व मानचित्र पर विकसित देश के रूप में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर इसी देश के छोटे छोटे गांवों में लोग आज भी खेती और पशुपालन पर ही निर्भर हैं। अब तो जलवायु परिवर्तन का प्रभाव खेती में भी दिखने लगा है। जहां पहले की अपेक्षा खेती में उत्पादन प्रभावित होने लगा है।

इसकी एक मिसाल राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर गांव भी है। पहले से ही गर्मी और सूखे की मार झेल रहे इस गांव के किसानों के खेत पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने के कारण सूख रहे हैं। जिसके कारण खेती का काम प्रभावित हो रहा है और पूरी मेहनत के बावजूद उन्हें उनकी फसल की लागत भी नहीं मिल पा रहा है। इसका सबसे अधिक प्रभाव आर्थिक रूप से छोटे स्तर के किसानों को हो रहा है जो खेती के साथ-साथ परिवार का पेट पालने के लिए दिहाड़ी मज़दूर के रूप में भी काम करने को मजबूर हैं। इस गांव में लगभग 130 घर हैं। जिनमें केवल 2-3 घर ही ऐसे हैं जिनके सदस्य सरकारी नौकरी में हैं। शेष सभी या तो खेती का काम करते हैं अथवा पशुपालन के माध्यम से आय अर्जित करते हैं। गांव वालों के अनुसार साल में केवल एक बार जुलाई से अक्टूबर माह के दौरान वह खेती से जुड़े काम करते हैं और अक्टूबर में फसल कटाई के बाद बेरोज़गारी की समस्या से जूझते हैं। लेकिन इसमें भी एक मुख्य समस्या यह है कि साल में एक बार हो रही खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर करती है। यदि समय पर बारिश न हुई तो फसल पूरी तरह से तबाह होने के कगार पर पहुंच जाती है। आर्थिक रूप से संपन्न कुछ किसान तो इस दौरान खेतों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन छोटे स्तर के किसान को आर्थिक नुकसान के अलावा कुछ नहीं मिलता है और न ही उनके पास रोज़गार के ऐसे दूसरे साधन होते हैं जिससे वह अपने आर्थिक नुकसान की भरपाई कर सकें। गांव के ही एक किसान प्रभुराम शर्मा कहते हैं कि यदि लूणकरणसर में कोई उद्योग स्थापित हो जाए तो छोटे स्तर के किसानों के लिए आय का दूसरा स्रोत खुल सकता है। कृषि से कम आमदनी और रोज़गार की कमी का प्रभाव गांव की महिलाओं और किशोरियों के जीवन पर भी पड़ रहा है। कई महिलाएं और किशोरियां घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सिलाई का काम करती हैं। गांव की गीता कहती है कि उसके पिता कृषि का काम करते हैं, लेकिन खेती से इतनी आमदनी नहीं हो पाती है कि साल भर घर का खर्च निकल सके। ऐसे में उसे अपनी पढ़ाई छोड़कर सिलाई का काम शुरू करना पड़ा। वह गांव की महिलाओं के कपड़े सिलकर महीने में दो हज़ार रूपए तक कमा लेती है और घर की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने में मदद करती है। वह कहती है कि गांव की आबादी छोटी होने के कारण उसे सिलाई में भी बहुत अधिक लाभ नहीं मिल पाता है। अलबत्ता शादी विवाह और तीज त्यौहार के मौसम में उसे कपड़े सिलकर आठ हज़ार रूपए तक की अच्छी आमदनी हो जाती है। घर के आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए गीता का भाई भी शहर में नौकरी करता है।

बहरहाल, राजस्थान के किसानों की समस्या का हल ज़रूरी है क्योंकि एक तरफ जहां इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी वहीं गांव भी सशक्त बनेगा। ऐसे में ज़रूरी है कि उनकी समस्याओं का स्थायी हल निकाला जाए। बारिश की कमी को पूरा करने के लिए अन्य विकल्पों पर ध्यान दिया जाए ताकि किसानों को कृषि छोड़कर मज़दूरी न करनी पड़े। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देगी।

**मनीषा / मोनिका, लूणकरणसर, राजस्थान**

# देश विदेश

## फिलीपींस में 6.2 तीव्रता का आया भूकंप

**मनीला।** उत्तरी फिलीपींस के कागायन प्रांत में बुधवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप सुबह 11.35 बजे आया। कैलायन शहर के एक द्वीप गांव दलुपिरी से लगभग 22 किमी उत्तर पूर्व में इसकी गहराई 10 किमी थी। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप के बाद झटके आएंगे लेकिन नुकसान नहीं होगा। प्रशांत सागर के रिंग ऑफ फायर में स्थित होने के कारण द्वीपसमूह फिलीपींस में अक्सर भूकंपीय गतिविधियां होती रहती हैं।

# इमरान, कुरैशी की बंद कमरे में हुई सुनवाई

■ वकील ने बंद कमरे में सुनवाई को 'असंवैधानिक' बताया ■ इमरान को तोशखाना मामले में मिली है तीन साल की जेल की सजा

**इस्लामाबाद,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के वकील बैरिस्टर सलमान सफदर ने बुधवार को सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी की बंद कमरे में सुनवाई को 'असंवैधानिक' करार दिया। समाचारपत्र 'डॉन' के मुताबिक श्री सफदर ने अदियाला जेल के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की, जहां विशेष अदालत ने सिफर मामले की सुनवाई की अध्यक्षता की। सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज़ से संबंधित है जो कथित तौर पर श्री खान के पास से गायब हो गया था। पीटीआई का आरोप है कि इसमें पार्टी अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। तोशखाना भ्रष्टाचार मामले



में एक अदालत द्वारा तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद, श्री खान को पांच अगस्त, 2023 को अटक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था। सजा के निलंबन के बाद यह सामने आया कि वह सिफर मामले में न्यायिक रिमांड पर थे। गत 26 सितंबर को, दोनों पीटीआई नेताओं की न्यायिक हिरासत 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई और इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के आदेश के अनुसार, पीटीआई प्रमुख को अटक जिला जेल से रावलपिंडी की अडियाला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। बाद में 30 सितंबर को एफआईए ने सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित विशेष अदालत में एक चालान (चार्जशीट) पेश किया, जिसमें श्री खान और श्री कुरेशी को सिफर मामले में मुख्य आरोपी घोषित किया गया। इस सप्ताह की शुरुआत में पुलिस ने अदियाला जेल के आसपास विशिष्ट कमांडों को तैनात करके और अतिरिक्त सुरक्षा पिकेट स्थापित करके सुरक्षा बढ़ा दी थी। एक दिन पहले कानून एवं न्याय मंत्रालय ने सिफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री और पूर्व विदेश मंत्री पर जेल में मुकदमा चलाने की अधिसूचना जारी की थी।

## वेनिस ओवरपास से गिरी बस, 21 लोगों की मौत

**रोम,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। इटली के नहरों वाले शहर वेनिस के पास एक बस के ओवरपास से ट्रेन की पटरियों के पास गिरने और फिर उसमें आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई।

हादसे में कई लोग घायल भी हुये हैं, हालांकि स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों में उनकी संख्या अलग-अलग बताई जा रही है। अनुमान है कि 12 से 40 लोग घायल हुए हैं जिनमें से कम से कम दो की हालत गंभीर है। इसके अतिरिक्त, कई अन्य के लापता होने की भी सूचना है। मंगलवार को आई रिपोर्ट में कहा गया है कि मरने वालों की संख्या अभी भी बढ़ सकती है। घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पतालों में चल रहा है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एक बस वेनिस के मेस्त्रे क्षेत्र में वेम्पा ओवरपास पर लगी बाड़ को तोड़ते हुए लगभग 10 मीटर नीचे रेल की पटरियों के पास एक खाली क्षेत्र में गिर गई। कथित तौर पर गिरते ही बस में आग लग गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने व्यक्तिगत और सरकार की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रही हैं।

रोम के क्विरिनले पैलेस ने कहा कि इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेल्ला ने वेनिस के मेयर लुइगी ब्रुगनारो को फोन करके इस त्रासदी पर दुःख व्यक्त किया है। ब्रुगनारो ने सोशल मीडिया पर कहा, आज शाम हमारे समुदाय में एक बड़ी त्रासदी हुई। उन्होंने कहा कि बस गिरने से मरने वाले अनेकों लोगों की याद में आधिकारिक शोक का आह्वान किया गया है। ब्रुगनारो ने इसे एक सर्वनाशकारी दृश्य कहा।

# पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में 10 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक ऑपरेशन चलाया, जिसमें 10 आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने जिले के पेजू इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद अभियान चलाया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया है कि मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे। साथ ही वो जबरन वसूली और निर्दोष नागरिकों की हत्या में भी शामिल थे। इसमें कहा गया है कि ऑपरेशन के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा भी मिला है।



## सुडोकू 6337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | | 8 | 1 | 5 |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | 4 | 6 | | | | | 2 |
| | 1 | 2 | | | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | | 3 |
| 8 | | | | | | 1 | 4 | |
| 2 | | | | | 4 | 5 | | 8 |
| | | | | | 3 | | | |
| 5 | 8 | 1 | | | | 3 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 5 अक्टूबर , 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 7

### राशिफल

मेष -आज अपनी बोली में मिठास बनाए रखें, इससे किसी से विवाद होने की आशंका दूर रहेगी। लेखकों और कलाकारों के लिए समय अनुकूल है। भाइयों के बीच में प्रेम बढ़ेगा।

वृषभ -महत्वपूर्ण कामों को आज समय पर पूरा कर पाएंगे। धन लाभ की संभावना है। आप आज शारीरिक और मानसिक रूप से उत्साही रहेंगे। ज़िद्दी स्वभाव के कारण किसी से बहस हो सकती है।

मिथुन -आज हर मामलों में संभलकर चलें। घर में परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें, अन्यथा वह अधूरा ही बना रहेगा। शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक चिंता का अनुभव होगा।

कर्क -आज व्यापार में लाभ के योग हैं। किसी पर्यटन स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। दोपहर के बाद आप थोड़े आलसी बने रहेंगे। काम में मन नहीं लगेगा। आंख के रोगों से कष्ट बढ़ सकता है।

सिंह -नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन अच्छा है। अधूरे काम पूरे होंगे। दोस्तों और परिजनों से उपहार मिल सकता है। व्यापार के क्षेत्र में नए संपर्क से भविष्य में लाभ होने की संभावना रहेगी।

कन्या -आप के व्यापार से अन्य व्यापारी भी धन लाभ ले पाएंगे। आज किसी लंबे प्रवास का योग है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलें। दूर के रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है। दोपहर बाद किसी काम में अधिकारी आपका साथ देंगे।

तुला -आज ज्यादा काम से आपका मन उदास रहेगा। थोड़ी आलस्य का अनुभव करेंगे। निर्धारित समय में आप अपना काम पूरा नहीं कर पाएंगे। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बाहर खाने-पीने से बचना आपके हित में है।

वृश्चिक -आज परिवार में सुख और आनंद का अनुभव करेंगे। परिजनों के साथ सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा। कोई यात्रा हो सकती है। दोपहर के बाद आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा।

धनु -आज का दिन शुभ फलदायी होगा। शरीर और मन से अस्वस्थ रहते हुए भी आप अपने अधूरे काम को पूरा करने के लिए प्रयास करेंगे। कोई निवेश प्लान कर सकते हैं। कार्यालय में सह कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा।

मकर -आज आप अपने व्यवहार से किसी का दिल जीत सकते हैं। आपका नेटवर्क बढ़ेगा। किसी अच्छे निवेश में धन लगा पाएंगे। आज का पूरा दिन आनंद के साथ गुजरेगा। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ -विद्यार्थी, कलाकार और खिलाड़ियों के लिए आज का दिन शुभ है। पिता तथा सरकार की ओर से लाभ होगा। आपका मनोबल भी आज दृढ़ रहेगा। काम की सफलता में कोई बाधा नहीं आएगी।

मीन -आज आप काल्पनिक दुनिया में ही दिन ज्यादा गुजारेंगे। इससे आपके काम को उचित दिशा मिल सकेगी। परिजनों और मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। दैनिक काम में भी आत्मविश्वास रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## तुर्की ने 37 पीकेके संदिग्धों को हिरासत में लिया

### अन्य दो अन्य को किया ढेर

**अंकारा,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की सुरक्षा बलों ने बुधवार को प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) से गैरकानूनी संबंधों के मद्देनजर कम से कम 37 लोगों को हिरासत में लिया और आतंकवाद विरोधी अभियानों के तहत अन्य दो संदिग्धों को ढेर कर दिया। एक कैबिनेट मंत्री ने यह जानकारी दी। तुर्की सरकार ने रविवार को राजधानी अंकारा में आत्मघाती हमले के बाद देश भर में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया है और उत्तरी इराक में पीकेके के ठिकानों पर दो हवाई हमले किए हैं। दो हमलावरों ने तुर्की के गृह मंत्रालय की इमारत के सामने बम हमले का प्रयास किया, जिसमें दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि हमलावरों में से एक की पहचान पीकेके के सदस्य के रूप में की गई है, जिसे तुर्की द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।


# अमेरिकी संसद के इतिहास में पहली बार स्पीकर को पद से हटाया गया

### मैक्कार्थी ने कहा, दोबारा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे



**वाशिंगटन,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर रिपब्लिकन पार्टी के केविन मैक्कार्थी को देश के इतिहास में पहली बार एक ऐतिहासिक विधायी वोट में पद से हटा दिया गया। मैक्कार्थी ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि वह दोबारा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे और उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह कांग्रेस से इस्तीफा देंगे या नहीं। मैक्कार्थी को हटाने के प्रयास का नेतृत्व साथी रिपब्लिकन मैट गेट्ज़ ने किया था, जो कट्टरपंथियों के एक समूह के सदस्य हैं और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ जुड़ाव के लिए अक्सर एमएजीए विंग कहा जाता है, जिनके अभियान का नारा मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) है। मैक्कार्थी की विदाई की कहानी का सूत्र उसके स?पीकर बनने की कहानी में ही रख दिया गया था। उन्हें जनवरी में अपनी ही पार्टी के भीतर एक लंबी लड़ाई में अध्यक्ष पद हासिल हुआ जो उनकी जीवन भर की महत्वाकांक्षा थी। उन्होंने 15वें दौर के मतदान में कट्टरपंथियों के साथ एक समझौते में जीत हासिल की, जिन्होंने यह रियायत ली थी कि कोई भी एक सदस्य उन्हें हटाने की पहल कर सकता है। गेट्ज़ ने स्पीकर के पद से उन्हें हटाने के लिए प्रस्ताव पेश करने के लिए उस शर्त का उपयोग किया। उन्हें हाटने के पक्ष में 216 और विरोध में 210 मत पड़े जिसमें आठ रिपब्लिकन ने डेमोक्रेट के साथ मतदान किया। मतदान की अध्यक्षता करने वाले रिपब्लिकन ने कहा, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष का पद रिक्त घोषित किया जाता है। उत्तरी कैरोलिना के प्रतिनिधि पैट्रिक मैकहेनरी ने रिपब्लिकन द्वारा नए अध्यक्ष का चुनाव होने तक अंतरिम अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला।

## वर्ग पहेली 6337



**बायें से दायें:-**

१. चतुराई, बुद्धिमानी
३. प्रिय व्यक्ति या प्रियवस्तु को मिलने या प्राप्त करने के लिए बेचैन होना
५. पुस्तक (उर्दू)
६. दुर्गा
७. शाम का समय
८. 'स्वीमिंग पुल'
१३. जिसकी मदद करने वाला कोई न हो
१५. अंधकार
१६. तूणिर
१७. इज्जत, सम्मान (उर्दू)
१८. सभी, संपूर्ण
२०. भारत के उत्तरी सीमा पर स्थित एक पर्वत श्रेणी
२२. शामिल
२३. किसी पुलिस थाने का प्रधान अधिकारी

**ऊपर से नीचे:-**

१. शुभ-अशुभ, अच्छा-बुरा, अपशब्द
२. पसंद किया हुआ, चुना हुआ
३. परिवर्तित (उर्दू)
४. हुकूमत, प्रशासन
५. मरीचि
९. कहानी, कहावत (उर्दू)
१०. अकारण, निरुद्देश्य (उर्दू)
११. अमृत, सूर्य की एक पत्नी, तलवार
१२. आवेदन-पत्र (उर्दू)
१४. सिक्के ढाले जाने की जगह
१७. परस्पर
१९. सीमा, प्रतिष्ठा
२०. कल्याण, भलाई
२१. जैसे

### वर्ग पहेली-6336



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सभी की भलाई के लिए ...**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भरोसे का सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरू घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कला एवं संस्कृति की नगरी रायगढ़ की पावनधरा से आज से 82 विकासखण्डों में जैतखाम की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि सत्य के रास्ते में चलने का संदेश बाबा गुरु घासीदास जी का है। सत्य के रास्ते को महात्मा गांधी जी ने भी बताया। सत्य का रास्ता हमारा रास्ता है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह सभी का उद्देश्य हिंदुस्तान की जनता को ताकतवर बनाने का रहा। इनके बताए मार्ग पर चलकर हमारी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में आम लोगों के जीवन में बेहतरी लाने का कार्य निरंतर हो रहा है। इससे छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई गति मिली है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारे सुदूर वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी भाइयों बहनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लघु वनोपज खरीद-बिक्री के लिए सुगम व्यवस्था की। इसके परिणाम स्वरूप आज देश का तीन चैथाई लघुवनोपजों का संग्रहण छत्तीसगढ़ में हो रहा है। जिसका लाभ 12.50 लाख संग्राहकों को मिल रहा है। इसके अलावा संग्राहकों की भलाई के लिए हमने शहीद महेंद्र कर्मा के नाम से बीमा योजना भी शुरू की है। इस तरह ये छत्तीसगढ़ मॉडल है, जिसमें सबसे किया वायदा हम निभाते हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी, भूमिहीन मजदूरों को 7 हजार रुपए प्रतिवर्ष आर्थिक अनुदान, अंग्रेजी माध्यम में निरूशुल्क शिक्षा देने का वायदा था, हमने दिया। आज छत्तीसगढ़ में किसान, नौजवान, मजदूर, महिलाएं, बच्चे सभी को मजबूत कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जनता का पैसा जनता तक सही ढंग से उपयोग कर उसे वापस लौटा रही है। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार संसाधनों का उपयोग जनहित में कर रही है।

**ईडी ने 'आप' सांसद संजय सिंह को ...**

करने के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया था। ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, दिल्ली के व्यवसायी दिनेश अरोड़ा, जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। पहले संजय सिंह की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी। एक बयान में अरोड़ा ने ईडी को बताया कि उनकी मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह से हुई थी। जिसके बाद वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के भी संपर्क में आए थे।

**सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल**

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू से पूछा कि इसमें राजनीतिक दल को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया है। राजू पीएमएलए मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। अदालत ने ईडी से गुरुवार को जवाब देने को कहा। यहां जिस राजनीतिक दल की बात हो रही है वह आम आदमी पार्टी (आप) है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.एन.वी. भट्टी की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी से संबंधित दो याचिकाओं में सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की। शीर्ष अदालत में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को उनके पक्ष में काफी दलीलें दीं।

**रणबीर कपूर को भी ईडी का समन, 6 को बुलाया**

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर को ईडी ने बुधवार को समन भेजा है। एजेंसी ने उन्हें 6 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप के 5 हजार करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में रणबीर का नाम आया है। केस के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर की शादी में वे शामिल हुए थे। आरोप है कि रणबीर समेत कई सेलेब्स को इसके लिए हवाला से पैसे दिए गए थे। रणबीर पर इस ऐप के प्रमोशन का भी आरोप है। ईडी का दावा है कि रणबीर को बड़ी रकम कैश में मिली।

## आज का इतिहास

1524-भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध वीरागंना रानियों में से एक रानी दुर्गावती का जन्म।
1864-कलकत्ता शहर में चक्रवात से लगभग 50,000 लोगों की मौत।
1890-समाज सुधारक तथा स्वतन्त्रता सेनानी किशोरी लाल मशरूवाला का जन्म।
1915-बुल्गारिया ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लिया।
1946-पहले कान फिल्म समारोह का समापन।
1948-तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्क़ाबात में भूकंप से 110,000 लोगों की मौत।
1954-भारतीय राष्टीय कांग्रेस के राजनेता तथा प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ गुरुदास कामत का जन्म।
1962-जेम्स बॉंड सीरीज की पहली फिल्म 'डॉ. नो' रिलीज हुई।
1981-हिन्दी जगत के प्रमुख साहित्यकार भगवतीचरण वर्मा का निधन।
1988-ब्राजील की संविधान सभा ने संविधान को मंजूरी दी।
1989-न्यायमूर्ति मीरा साहिब फ़ातिमा बीबी सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज बनी।
1995-आयरलैंड के कवि एवं साहित्यकार हीनी को वर्ष 1995 के साहित्य पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा।
1997-भारतीय टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस तथा महेश भूपति ने जिम कूरियर तथा एलेक्स ओ ब्रायन को पराजित कर %चाईना ओपन टेनिस टूर्नामेंट% का ख़िताब जीता।
1999-भारत ने व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर होने वाली विशेष बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया।
2000-यूगोस्लाविया के राष्टपति मिलोसेविच के ख़िलाफ़ विद्रोह।

**सूची** — *फोर्ब्स की सूची में दूसरे नंबर पर रहे बेजोस*

# अमेरिका के 400 सबसे अमीर लोगों में मस्क पहले स्थान पर

**सैन फ्रांसिस्को, 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। फोर्ब्स ने 2023 के अमेरिका के 400 सबसे अमीर लोगों की सूची जारी की, जिसमें इस बार भी टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क 251 अरब डॉलर की अनुमानित संपत्ति के साथ पहले स्थान पर हैं। उन्होंने अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन को पीछे छोड़ दिया है।**

**फोर्ब्स के अनुसार, मस्क की संपत्ति पिछले साल के बराबर ही है। दूसरे स्थान पर मौजूद बेजोस से 90 अरब डॉलर अधिक है, जिनकी अनुमानित संपत्ति 161 अरब डॉलर है।**

पिछले साल ट्विटर (अब एक्स) के लिए 44 बिलियन डॉलर का भुगतान करने के बावजूद, उन्होंने अपनी संपत्ति बरकरार रखी है। इसमें उनकी रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स के चलते पांच गुना वृद्धि हुई है, जिसकी कीमत अब चार साल बाद 150 अरब डॉलर है।

टॉप 20 में से 9 की संपत्ति 100 अरब डॉलर या उससे अधिक है, जो अब तक की सबसे ज्यादा संपत्ति है, और पिछले साल केवल 4 से अधिक है।

वहीं, ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन 158 अरब डॉलर की अनुमानित संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

फोर्ब्स ने कहा कि इस साल अमेरिका में कोई भी उनसे ज्यादा अमीर नहीं बन पाया है, जो अपनी सॉफ्टवेयर कंपनी के शेयरों को



■ मस्क 251 अरब डॉलर की अनुमानित संपत्ति के साथ शीर्ष पर

बढ़ाने वाले जेनेरिक एआई क्रेज के कारण 57 अरब डॉलर ज्यादा अमीर हैं।

गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज पांचवें स्थान पर हैं। इस साल उन्होंने अपनी मूल कंपनी अल्फाबेट के शेयरों में 26 प्रतिशत की उछाल के कारण 21 बिलियन डॉलर की संपत्ति प्राप्त की। उनकी संपत्ति अब 114 अरब डॉलर आंकी गई है।

माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, जो कभी दुनिया के सबसे अमीर आदमी हुआ करते थे, अब 111 अरब डॉलर की अनुमानित संपत्ति के साथ अमेरिका की सूची में छठे स्थान पर हैं, जबकि पेज के गूगल के सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन 110 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सातवें नंबर पर हैं। मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग और मस्क के बीच इस साल तनातनी देखने को मिली। जुकरबर्ग एआई में शुरुआती निवेश के चलते 106 बिलियन डॉलर के साथ मजबूती से खड़े रहे। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ स्टीव बाल्मर 101 बिलियन डॉलर के साथ नौवें स्थान पर हैं।

## दुनिया को जानें

### ब्राजील की ऐतिहासिक इमारत 'चाइना रेड' रोशनी में जगमगायी

**बीजिंग,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन लोक गणराज्य की स्थापना की 74वीं वर्षगांठ मनाने के लिए, ब्राजील के साओ पाउलो में ऐतिहासिक इमारतों ने स्थानीय समय के अनुसार 1 अक्टूबर की शाम को चाइना रेड की रोशनी जलायी। साओ पाउलो के केंद्र में पॉलिस्ता एवेन्यू पर साओ पाउलो स्टेट फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्री बिल्डिंग की बाहरी दीवार पर, लाल रोशनी की चमक के साथ एक विशाल पांच सितारा लाल झंडा यानी चीन का राष्ट्रीय झंडा पेश किया गया था। इस लाइट शो ने हाई-स्पीड ट्रेन यात्रा की दृष्टि से पांडा, ग्रेट वॉल, रॉकेट लॉन्च और शांगहाई ओरिएंटल पर्ल टॉवर जैसे विशिष्ट लोगो के साथ चीनी तत्वों को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। इसने चीन की विकास उपलब्धियों को प्रदर्शित किया और चीन और ब्राजील के बीच दोस्ती की कहानी बताई, जिसने कई ब्राजीलियाई लोगों को रुकने और देखने के लिए आकर्षित किया।



# खेल जगत

## भारत में ट्रॉफी जीतना 2019 के खिताब से भी बड़ी उपलब्धि होगी : इयोन मोर्गन

**अहमदाबाद,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व सफेद गेंद कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि घरेलू धरती पर 2019 का खिताब जीतने की तुलना में विश्व कप जीतना टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड जिसने मोर्गन के नेतृत्व में 2019 का खिताब जीता था।भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप 2023 की शुरुआत गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करने के लिए तैयार है। टीम के कप्तान जोस बटलर और मुख्य कोच मैथ्यू मॉट इस विश्व कप के लिए योजना बना रहे हैं, लेकिन अगर आप उनसे पूछें तो वे शायद कहेंगे कि यह अविश्वसनीय रूप से चुनौतीपूर्ण रहा है। टीम में काफी बदलाव आया है, जबकि जेसन रॉय को देर से बाहर करने और हैरी ब्रूक को शामिल करने से टीम पर सवालिया निशान लग गए थे। मोर्गन ने कहा, 2015 और 2019 के बीच, हमारा एकमात्र ध्यान घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप जीतने की कोशिश पर था।



# ज्योति और ओजस ने तीरंदाजी में कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक



**हांगझोउ** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के ज्योति वेन्नम और ओजस देवताले ने बुधवार को तीरंदाजी के कंपाउंड मिश्रित स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज ज्योति और ओजस की जोड़ी ने फाइनल में दक्षिण कोरिया के सो चायवान और जू जायेहून के हराकर स्वर्ण पदक जीता। मुकाबले में ज्योति वेन्नम और ओजस देवताले ने 159 का स्कोर किया। जबकि कोरियाई जोड़ी ने 158 का स्कोर किया। भारतीय जोड़ी के सामने कोरियाई जोड़ी टिक नहीं सकी और मुकाबला हार गई। इस पदक जीतने के साथ ही भारत ने एशियाई में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। इससे पहले भारतीय तीरंदाज ज्योति और ओजस ने सेमीफाइनल में कजाखस्तान की आदेल झेशेनबिनोवा और आंद्रे त्युत्युन की जोड़ी को को 159-154 से हराते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया था। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया की जोड़ी मोहम्मद जुवैदी बिन माजुकी और फातिन नूरफतेहाह मेट सालेह को मात दी थी।

### नीरज चोपड़ा ने जीता स्वर्ण, जेना की चांदी

एशियाई खेलों में बुधवार को जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण और किशोर कुमार जेना ने रजत पदक जीता। ओलंपिक स्पोर्ट्स पार्क मेन स्टेडियम में आयोजित इवेंट स्थल पर तकनीकी समस्याओं के कारण नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो रद्द कर दिया गया था। उसके बाद उन्होंने अपना पहला थ्रो दोबारा फेंका। नीरज चोपड़ा ने अपने चौथे प्रयास के साथ सीजन का सर्वश्रेष्ठ 88.88 मीटर थ्रो करते हुए एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी ने जकार्ता 2018 में स्वर्ण पदक जीता था और महाद्वीपीय प्रतियोगिता में यह भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी का दूसरा स्वर्ण पदक था। वहीं, किशोर कुमार जेना ने न केवल हांगझोऊ में अपना पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय पदक जीता, बल्कि उसी दिन वह एक बार नहीं बल्कि दो बार अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। जेना भाला फेंक स्टैंडिंग में कुछ समय के लिए नीरज से आगे थे। किशोर अपने तीसरे थ्रो के साथ (86.77 मीटर) इस साल की शुरुआत में बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (84.77 मीटर) थ्रो को पार कर लिया। वहीं, अपने चौथे थ्रो में उन्होंने और सुधार करते हुए 87.54 मीटर का थ्रो फेंका। इसके साथ ही उन्होंने एशियन गेम्स 2023 में रजत पदक जीता।

## मुक्केबाजी में लवलीना को रजत, प्रवीण को कांस्य मिला



भारत की लवलीना बोरगोहेन को बुधवार को महिलाओं की 75 किलोग्राम वर्ग में रजत और प्रवीण हुड्डा को 57 किलोग्राम वर्ग में मुक्केबाजी मुकाबले में कांस्य पदक मिला है। चीन में चल रहे एशियाई खेलों में आज फाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज लवलीना को चीन की ली कियान के खिलाफ 5-0 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीनी मुक्केबाज पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता रह चुकी हैं। भारतीय मुक्केबाज और चीनी बॉक्सर ने इस फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही रिंग में आक्रामक रुख इख़्तियार किया। लवलीना बोरगोहेन पहले राउंड में थोड़ी रक्षात्मक नज़र आई। हालांकि, उन्होंने कुछ अच्छे पंच लगाकर जजों का ध्यान अपनी ओर ज़रूर खींचा। वहीं, दूसरे और आखिरी राउंड में भारत की लवलीना ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइड हैंड से कई पंच जड़े, लेकिन चीनी मुक्केबाज थोड़ी ज्यादा आक्रामकर नज़र आई और उन्होंने सर्वसम्मत निर्णय से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। लवलीना बोरगोहेन ने इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में ली कियान का सामना किया था और उन्हें 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से हराया था। ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने अपनी इस वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया था। वहीं महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में मुकाबले में भारत की प्रवीण हुड्डा ने कांस्य पदक जीता है। आज यहां हुए सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय मुक्केबाजी में प्रवीण हुड्डा को चीनी ताइपे की लिन के खिलाफ हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा है।

# रोमांचक मुकाबले में बंगलादेश दो रन से जीता



**हांगझोउ** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को बंगलादेश बनाम मलेशिया के चौथे क्रिकेट क्वार्टर फाइनल में बंगलादेश ने गेंदबाजों के अंतिम ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रोमांचक मुकाबले में दो रन से जीत हासिल की है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 2.5 ओवर में तीन रन पर तीन विकेट गंवा दिये। उसके दोनों ओपनर परवेज़ हुसैन इमॉन और महमुदुल हसन जॉय अपना खाता भी नहीं को खोल सके। परवेज़ हुसैन इमॉन को विजय उन्नी ने पगबाध और महमुदुल हसन जॉय को पवनदीप सिंह ने रन आउट किया। उसके बाद ज़ाकिर हसन को पवनदीप सिंह ने अनवर रहमान के हाथों कैच आउट कराकर तीसरा विकेट ढहा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान सैफ हसन 52गेंदों में 50 रनों की नाबाद पारी, अफ़िफ़ हुसैन ध्रुबो के 14 गेंदों पर 23 रन की पारी का अंति पवनदीप सिंह ने जुबैदी जुल्फिकली के हाथों कैच कराकर किया। शहादत हुसैन ने 21 रन बनाए और उन्हें अनवर रहमान ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। जाकेर अली 14 रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश 20 ओवर में पांच विकेट पर 116 रन ही बना सकी। मलेशियाई गेंदबाज पवनदीप सिंह ने 12रन देकर दो विकेट लिये। विजय उन्नी और अनवर रहमान को एक-एक विकेट मिला। 117 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशियाई टीम की भी शुरुआत खराब रही और उसने ज़ुबैदी ज़ुल्फ़िकली एक रन के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में मुहम्मद आमिर शून्य के रूप मे दूसरा विकेट गिरा। तीसरे विकेट कप्तान अहमद फ़ैज़ शून्य में गिरा। उन्हें धुबो ने रकीबुल के हाथों कैच आउट कराया। वहीं मुहम्मद आमिर को भी ध्रुबो की गेंद पर रकीबुल ने लपका। ज़ुबैदी ज़ुल्फ़िकली को मोंडल ने हसन जॉय के हाथों कैच आउट कराया। विरनदीप सिंह ने संभलकर खेलते हुए 39 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली, उन्हें ध्रुबो ने हसन जॉय के हाथों कैच आउट कराया। विजय उन्नी 14रन को मोंडल ने जाकिर के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेज दिया। आइनुल हफ़ीज़ 14 को रिशाद हुसैन बोल्ड आउट किया। अनवर रहमान और स्याज़रुल इद्रुस एक-एक रन बनाकर नाबाद रहे। मलेशियाई की पूरी टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 114 रन ही बना सकी और उसे दो रनों की हार झेलनी पड़ी।

बंगलादेश की ओर से रिपोन मोंडल ने 14 रन देकर तीन विकेट और अफ़िफ़ हुसैन ध्रुबो ने 11 रन देकर तीन विकेट लिये। रिशाद हुसैन और रकीबुल हसन को एक-एक विकेट मिला।

# दबाव झेलने के लिये तैयार हूं : रोहित

**अहमदाबाद,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि यह कहना गलत होगा कि विश्व कप को लेकर टीम पर दवाब नहीं है मगर टीम का हर सदस्य इस दवाब से उबर कर अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखता है हालांकि टीम विश्व कप का परिणाम तय करने के बजाय एक समय पर एक मैच पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की रणनीति पर मेहनत करेगी। यह पहला मौका है जब भारत इकलौते दम पर विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। पिछले तीन मौकों 1987, 1996 और 2011 में सह-मेजबान रहे हैं। भारत की कोशिश होगी कि 1983 और 2011 का कारनामा अपनी सरजमीं पर दोहराये और विश्व कप अपनी झोली में डाले। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अच्छी तरह पता है कि उनकी टीम पर घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव है मगर उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम आगे बढ़ सकती है। बुधवार को आईसीसी कैप्टन्स कॉल पर



बोलते हुए रोहित ने कहा, मै विश्व कप में टीम का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे पता है कि आयोजन से पहले दबाव होगा, लेकिन मुद्दा इससे उबरने का है। टीम के सभी सदस्य उस दबाव से गुज़रने के आदी हैं, चाहे वे भारत में खेल रहे हों या बाहर। दबाव एक ऐसी चीज़ है जो किसी खिलाड़ी को नहीं छोड़ती है। जब तक आप खेल खेलते हैं, दबाव हमेशा रहेगा। इसलिए इसे एक तरफ रखें, काम पर ध्यान केंद्रित करें। यह कहना बहुत आसान है, लेकिन यह कठिन होगा मगर मुझे यकीन है कि हमने वास्तव में अच्छी तैयारी की है और जब तक आप वास्तव में अच्छी तैयारी करते हैं, इससे आपको किसी भी खेल में काफी आत्मविश्वास मिलता है।

1983 में कपिल देव के नेतृत्व में पहला विश्व कप जीतने के बाद 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड से हार गयी थी जबकि 1996 में श्रीलंका ने भारतीयो का सफर सेमीफाइनल में ही खत्म कर दिया था। भारत ने 2011 संस्करण में अपने सितारे जमाए और इतिहास में दूसरी बार विश्व कप जीता। क्रिकेट विश्व कप के पिछले तीन संस्करणों में मेजबान देशों भारत (2011), ऑस्ट्रेलिया (2015) और इंग्लैंड (2019) ने विश्व कप अपने नाम किया है। खिलाड़ियों की शानदार फार्म और घरेलू मैदान के चलते मौजूदा विश्व कप में भारत के जीतने की संभावना प्रबल हो गयी है मगर भारतीय कप्तान इस संयोग से इत्तिफाक नहीं रखते हैं।

# भारत ने कबड्डी में थाईलैंड को 63-26 से हराया

**हांगझोउ** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने बुधवार को एशियाई खेलों में ग्रुप ए के अपने दूसरे मुक़ाबले में थाईलैंड को 63-26 से हरा दिया है। जिआओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में आज कबड्डी मैट पर पवन सहरावत की अगुवाई वाली टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को चार बार ऑल आउट कर मुकाबला 63-26 से जीत लिया। थाईलैंड के खिलाड़ी पूरे मैच में अधिक प्रभावशाली नहीं रहे और सिर्फ एक सुपर टैकल करने में सफल रहे। इस 37 अंकों की जीत ने भारत को ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है। चीनी ताइपे की टीम ने भी अपने दोनों मैचों में जीत दर्ज की है लेकिन उनका प्वाइंट अंतर प्लस 37 का है जबकि भारत का प्वाइंट अंतर प्लस 74 है। पवन सहरावत की अगुवाई वाले भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व बनाए रखा और पहले हाफ में थाईलैंड को 3 बार ऑल-आउट करते हुए 28 अंकों की बड़ी बढ़त हासिल की। रेडर नवीन कुमार और अर्जुन देशवाल ने भारतीय कबड्डी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। भारतीय टीम ने मैच शुरू होने के बाद कुछ मिनट बीतते ही थाईलैंड को पहली बार ऑल-आउट करते हुए 12-2 की बढ़त हासिल कर



ली। इसके तुरंत बाद, थाईलैंड ने एक सुपर रेड करते हुए नवीन कुमार, सुनील और परवेश को मैट से बाहर कर दिया। हालांकि, जल्दी ही भारत ने अपने तीनों खिलाड़ियों को रिवाइव कर लिया। हालांकि, भारत की संतुलित टीम ने लगातार शानदार प्रदर्शन जारी रखा और थाईलैंड को मैच में दूसरी बार ऑल-आउट कर 27-9 की बढ़त बनाई। इसके बाद, भारत की ओर से कुछ बेहतरीन टैकल और अर्जुन देशवाल की एक शानदार रेड की बदौलत थाईलैंड की टीम एक बार फिर से ऑल-आउट हो गई। सलम इनामदार और आकाश शिंदे की मदद से भारत ने अपनी बढ़त को 28-9 से 37-9 तक पहुंचाकर पहला हाफ ख़त्म किया।

## सार संक्षेप

### सुनील कुमार ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

**हांगझोउ।** सुनील कुमार ने बुधवार को ग्रीको-रोमन 87 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर एशियन गेम्स 2023 कुश्ती में भारत के लिए पहला पदक जीता। हांगझोउ के लिनन स्पोर्ट्स कल्चर एंड एग्जीबिशन सेंटर में भारतीय पहलवान ने किर्गिस्तान के अताबेक अज़ीसबेकोव को 2-1 से हराया। सुनील पहले राउंड के बाद पिछड़ रहे थे और चोटिल लग रहे थे मगर उन्होंने सिर पर पट्टी बांधकर मैट पर वापसी की और अंतिम दौर में स्कोर के अंतर को कम करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। सुनील कुमार के द्वारा जीता गया यह कांस्य पदक, 13 साल पहले चीन के गुआंगझोऊ में रविंदर सिंह और सुनील कुमार राणा के कांस्य पदक जीतने के बाद ग्रीको-रोमन कुश्ती में भारत का पहला पदक था। सुनील कुमार ने, भारत के 27 साल के इंतज़ार को ख़त्म करते हुए 2020 एशियाई चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।


### एशियन गेम्स में डोपिंग के दो मामले मिले

**हांगझोउ।** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने मौजूदा एशियाई खेलों में दो डोपिंग मामले मिलने की पुष्टि की है। ओसीए ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब के लंबी दूरी के धावक मोहम्मद यूसुफ अल-असीरी को उनके 26 सितंबर के परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन (डीईपीओ) के लिए सकारात्मक परिणाम आने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। पहला मामला पिछले गुरुवार को सामने आया था जब अफगानिस्तान के मुक्केबाज मोहम्मद खैबर नूरिस्तानी प्रतिबंधित पदार्थों नॉरएंड्रोस्टेरोन और क्लोस्टेबोल मेटाबोलाइट 4-क्लोरो-3ए-हाइड्रॉक्सी-एंड्रोस्ट-4-एन-17-वन के लिए परीक्षण में पाजिटिव पाये गये थे। ओसीए के अनुसार, दोनों एथलीटों को बी नमूने के विश्लेषण का अनुरोध करने का अधिकार है।

### अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम धर्मशाला पहुंची

**धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में सात अक्तूबर को होने वाले विश्व कप के मैच के लिए अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम धर्मशाला पहुंच गई है।

# पीवी सिंधु, एचएस प्रणॉय एकल क्वार्टरफाइनल में



**हांगझोउ** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन दिग्गज पीवी सिंधु ने बुधवार को महिला एकल राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशियाई शटलर पुट्री कुसुमा वर्दानी को और एचएस प्रणॉय ने पुरुष एकल राउंड ऑफ 16 का अपना मुकाबला कजाकिस्तान के दिमित्री पनारिन को 21-12, 21-13 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये है। वहीं मिश्रित युगल राउंड ऑफ 16 में भारत के साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज भारतीय बैडमिंटन शटलर पीवी सिंधु ने एशियन गेम्स 2023 में महिला एकल राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशियाई शटलर पुट्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 55 मिनट में 21-16, 21-16 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 2018 एशियाई खेल की रजत पदक विजेता पीवी सिंधु की नज़र स्वर्ण पदक हासिल करने पर होंगी। एचएस प्रणॉय ने भी पुरुष एकल राउंड ऑफ 16 का अपना मुकाबला कजाकिस्तान के दिमित्री पनारिन को 21-12, 21-13 से हराकर जीता। 31 वर्षीय भारतीय शटलर का महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2018 में क्वार्टरफाइनल में जगह बनाना था। विश्व नंबर 7 एचएस प्रणॉय कल क्वार्टरफाइनल में मुकाबला करेंगे। वहीं एक अन्य मुकाबले में दुनिया की 9वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई ने साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी को 21-18, 21-8 से हराया। इस स्पर्धा में मिली हार के बाद साई प्रतीक का अभियान समाप्त हो गया।

# द. कोरिया पर रोमांचक जीत के साथ भारत की पुरुष हॉकी टीम फाइनल में

नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय और अभिषेक की बराबर आगे गेंद संभाल गोल तलाशने की भारत की पुरुष हॉकी टीम की रणनीति चार बार चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ हंगजू (चीन) में एशियाई खेलों के अहम सेमीफाइनल में बुधवार को काम आई। वहीं दक्षिण कोरिया के स्ट्राइकर मंजी जुंग की हैट्रिक बेकार गई। हार्दिक सिंह , मनदीप सिंह और ललित उपाध्याय के पहले क्वॉर्टर तथा अभिषेक के खेल खत्म होने से छह मिनट पहले दागे एक-एक मैदानी तथा ड्रैग फ्लिकर अमित रोहिदास के पहले पेनल्टी कार्नर पर बढ़िया ड्रैग फ्लिक से दागे एक गोल की बदौलत दुनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय



पुरुष टीम ने चार बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया को बेहद रोमांचक सेमीफाइनल में 5-3 से हराकर 13 वीं बार एशियाई खेलों के फाइनल में स्थान बना कर स्वर्ण जीत और सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने की आस बरकरार रखी। दक्षिण कोरिया ने 3-5 से पिछड़ने के बाद बराबरी पाने के मकसद से अपने गोलरक्षक को हटा सभी 11 खिलाडियों को हमले पर लगा दिया लेकिन खासतौर पर भारत की रक्षापंक्ति में अमित रोहिदास , सुमित, जर्मनप्रीत सिंह के साथ कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपने किले की अनुभवी गोलरक्षक पीआर श्रीजेश के साथ मजबूत चौकसी कर उसकी हसरत पर पानी फेर दिया। भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकांत शर्मा और विवेक सागर प्रसाद को बराबर जवाबी हमलों को बेताब दक्षिण कोरिया के खिलाफ गेंद पर कब्जा बरकरार रखने के लिए जरूरत से ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह और ललित उपाध्याय के एक एक बेहतरीन मैदानी गोल से भारत को 3-0 की बढ़त लेने के बाद इसे और बढ़ाने की बजाय दूसरे और तीसरे क्वॉर्टर में इसे बरकरार रखने की गलती का दक्षिण कोरिया के स्ट्राइकर मंजी जुंग ने लाभ उठाया और पहले और दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर इनडायरेक्ट तथा एक बेहतरीन मैदानी गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर अपनी टीम की इस सेमीफाइनल में दो बार वापसी कराई।

# भारत को बिग फेंग व चिंग के खिलाफ किले की मजबूत चौकसी होगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिी,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारत की महिला हॉकी ने चार मैचों में तीन एक ड्रॉ के साथ अजेय रह पूल ए में शीर्ष पर शानदार अंदाज में हंगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में स्थान बनाया है। भारत और दक्षिण कोरिया ने अपने चार चार मैचों से समान रूप से दस -दस अंक हासिल किए लेकिन भारत अपने बेहतर गोल अंतर के कारण पूल ए में शीर्ष पर रहा। भारत की महिला हॉकी टीम के सामने बृहस्पतिवार को अब पूल बी में बस मौजूदा चैंपियन जापान के एकमात्र मैच हारने वाली मेजबान चीन की टीम की होगी। भारत और चीन की महिला हॉकी टीमें अब तक 22 बार भिड़ी हैं और इनमें भारतीय टीम 11 बार जीती है और जबकि चीन की टीम नौ बार जीती है और दो मैच ड्रॉ रहे हैं। पिछला उपविजेता भारत एशियाई खेलों में 2002 से 2006 तक लगातार तीन बार खिताब जीतने वाली चीन की महिला टीम के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रख कर लगातार दूसरी बार फाइनल मे स्थान बनाने के मकसद से उतरेगा। भारत को लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचना है तो उसे चीन की ड्रैग फ्लिकर उसके लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाली गू बिग फेंग (8 गोल), चिंग जोंग (7 गोल) के साथ स्ट्राइकर जिया की जांग(5 गोल) तथा मि यू लियांग (पांच गोल) के खिलाफ अपने किले की मजबूत चौकसी करनी होगी। पिछली उपविजेता भारतीय महिला हॉकी को लगातार दूसरी बार फाइनल में स्थान बनाने के लिए चीन से पार पाना है तो उसकी अग्रिम पंक्ति में सबसे कम उम्र की स्ट्राइकर संगीता कुमारी, अनुभवी वंदना कटारिया, ललरेमसियामी दीपिका और लिंकवूमैन यानी आक्रमण और रक्षण के बीच की सबसे अहम कड़ी नवनीत कौर को शुरू से मेजबान चीन के खिलाफ आक्रामक हॉकी खेलनी होगी।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAJESH KRISHNANI S/O GOPALDAS KRISHNANI resident of H.NO. 156 WARD NO. 19 GANJPARA MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name RAJESH KRISHNANI S/O GOPALDAS KRISHNANI so in future I should be recognized by my new name that is RAJESH KUMAR KRISHNANI S/O GOPALDAS KRISHNANI in all Government and other documents.

**RAJESH KUMAR KRISHNANI**
H.NO. 156 WARD NO. 19 GANJPARA MAHASAMUND (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PREETI YADU D/O JAGESHWAR YADU resident of 479 WARD NO 12 ARANG GULLU RAIPUR 493441 (C.G.) have changed my old name PREETI YADU D/O JAGESHWAR YADU so in future I should be recognized by my new name that is PUSHPA YADAV W/O PUSHKAR YADAV in all Government and other documents.

**PUSHPA YADAV**
479 WARD NO 12 ARANG GULLU RAIPUR 493441 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AMAR KUMAR PRITHWANI S/O GANESH RAM PRITHWANI resident of GANGA VIHAR OPP. GANGA POT AMLIDIH RAIPUR (C.G.) have changed my old name AMAR KUMAR PRITHWANI S/O GANESH RAM PRITHWANI so in future I should be recognized by my new name that is AMAR PRITHWANI S/O GANESH RAM PRITHWANI in all Government and other documents.

**AMAR PRITHWANI**
GANGA VIHAR OPP. GANGA POT AMLIDIH RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAVI KUMAR MIRGHANI S/O SURESH MIRGHANI resident of H.N. C-2 SECTOR-4 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name RAVI KUMAR MIRGHANI S/O SURESH MIRGHANI so in future I should be recognized by my new name that is RAVI MIRGHANI S/O SURESH MIRGHANI in all Government and other documents.

**RAVI MIRGHANI**
H.N. C-2 SECTOR-4 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.)


सुडोकू 6337 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 |
| 7 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम बुधवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी, निर्यात पांच गुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड देश में हल्दी और हल्दी उत्पादों के विकास और वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगा।

श्री ठाकुर ने कहा कि इससे हल्दी उत्पादक तेलंगाना और अन्य राज्यों में किसानों को फायदा होगा तथा हल्दी का निर्यात एक अरब डालर ( 8500 करोड़ रुपये) तक जा सकता है जो अभी 1600 करोड़ रुपये के बराबर है। उन्होंने कहा कि इस समय हल्दी उत्पादक राज्यों में कुल 3.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती होती है।

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खास कर तेलंगाना के हल्दी किसानों की चिर लंबित मांग पूरी की है। उन्होंने कहा, 'हमारे किसानों ने तय किया था कि जब तक हल्दी बोर्ड नहीं बनेगा वे पांव में चप्पल नहीं डालेंगे। अब हमारी पार्टी (भाजपा) ने तेलंगाना के हल्दी किसानों को जगह जगह चप्पल भेंट करने का कार्यक्रम आयोजित किया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी इसी सप्ताह हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के



अनुसार राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड इससे संबंधित मामलों में नेतृत्व प्रदान करेगा, प्रयासों को मजबूत बनाएगा तथा हल्दी क्षेत्र के विकास और वृद्धि में मसाला बोर्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ अधिक समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा। सरकार का कहना है कि हल्दी के स्वास्थ्य और कल्याण लाभों पर विश्व भर में महत्वपूर्ण संभावनाएं और रुचि है, जिसका लाभ बोर्ड जागरूकता और खपत बढ़ाने, निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने, नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने तथा मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए हमारे पारंपरिक ज्ञान के विकास का काम करेगा। यह विशेष रूप से मूल्य संवर्धन से अधिक लाभ पाने के लिए हल्दी उत्पादकों की क्षमता निर्माण और कौशल विकास पर फोकस करेगा। बोर्ड गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों और ऐसे मानकों के पालन को भी प्रोत्साहित करेगा। बोर्ड मानवता के लिए हल्दी की पूरी क्षमता की सुरक्षा और उपयोगी दोहन के लिए भी कदम उठाएगा।

बोर्ड की गतिविधियां हल्दी उत्पादकों के क्षेत्र पर केंद्रित और समर्पित फोकस तथा खेतों के निकट बड़े मूल्यवर्धन के माध्यम से हल्दी उत्पादकों की बेहतर भलाई और समृद्धि में योगदान देंगी, जिससे उत्पादकों को उनकी उपज के लिए बेहतर कीमत मिलेगी। अनुसंधान, बाजार विकास, बढ़ती खपत और मूल्य संवर्धन में बोर्ड की गतिविधियां यह भी सुनिश्चित करेंगी कि हमारे उत्पादक और प्रोसेसर उच्च गुणवत्ता वाले हल्दी और हल्दी उत्पादों के निर्यातकों के रूप में वैश्विक बाजारों में अपनी प्रमुख स्थिति बनाए रखना जारी रखेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार हल्दी बोर्ड में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष, आयुष मंत्रालय, केंद्र सरकार के फार्मास्यूटिकल्स, कृषि और किसान कल्याण, वाणिज्य और उद्योग विभाग, तीन राज्यों के वरिष्ठ राज्य सरकार के प्रतिनिधि (रोटेशन के आधार पर), अनुसंधान में शामिल राष्ट्रीय/राज्य संस्थानों, चुनिंदा हल्दी किसानों और निर्यातकों के प्रतिनिधि होंगे, बोर्ड के सचिव की नियुक्ति वाणिज्य विभाग द्वारा की जाएगी।

## 60 करोड़ डॉलर का भारत-जापान फंड लांच

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना फंड (एनआईआईएफ) ने 60 करोड़ डॉलर का भारत-जापान फंड (आईजेएफ) लांच करने के लिए जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ साझीदारी की है जिसमें जेबीआईसी और भारत सरकार एंकर निवेशकों के रूप में रहेंगे।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह संयुक्त पहल ऐसे साझा प्राथमिकता वाले क्षेत्र अर्थात जलवायु और पर्यावरण में दोनों देशों के बीच सहयोग के एक प्रमुख आयाम का संकेत देती है। भारत-जापान फंड भारत में जापान के निवेश को बढ़ाने के अतिरिक्त पर्यावरणगत स्थिरता और निम्न कार्बन उत्सर्जन कार्यनीतियों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

यह घोषणा एनआईआईएफ के पहले द्विपक्षीय फंड को चिन्हित करती है जिसमें भारत सरकार लक्षित कोष में 49 प्रतिशत का योगदान देगी और शेष 51 प्रतिशत का योगदान जेबीआईसी द्वारा दिया जाएगा। इस फंड का प्रबंधन एनआईआईएफ



लिमिटेड (एनआईआईएफएल) द्वारा किया जाएगा और जेबीआईसी आईजी (जेबीआईसी की एक सहायक कंपनी) एनआईआईएफएल को भारत में जापान के निवेश के बढ़ाने में सहायता करेगी।

भारत-जापान फंड पर्यावरणगत स्थिरता और निम्न कार्बन उत्सर्जन कार्यनीतियों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगा और इसका लक्ष्य भारत में जापान के निवेश में और वृद्धि करने के लिए 'पसंद का भागीदार% बनने की भूमिका का निर्वाह करना है।

भारत-जापान फंड का गठन जापान सरकार और भारत सरकार के बीच कार्यनीतिक एवं आर्थिक साझीदारी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है।

## विकास को अब टियर दो और तीन शहरों से मिल रही गति : सीतारमण



**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि कार्पोरेट गवर्नेंस लाने में कंपनी सचिवों की महत्ती भूमिका का उल्लेख करते हुये कहा कि अब देश के विकास को टियर दो और टियर तीन शहरों से गति मिल रही है।


श्रीमती सीतारमण ने यहां भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि पिछले तीन वर्षों में भारत में 230 अबर डॉलर का निवेश आया है। इसके मद्देजनर कंपनी सचिवों की कार्पोरेट गवर्नेंस लाने के क्षेत्र में बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि ऐसे गैर जरूरी 39 हजार कानून और नियम समाप्त किये गये हैं जो अनुपयोगी हो चुके हैं। इसके माध्यम से कारोबारी सुगमता पर बल दिया गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि दुनिया में वैश्विक क्षमता केन्द्रों में भारत की भागीदारी अभी 45 प्रतिशत है और इन वैश्विक केन्द्रों में सात हजार स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन वैश्विक क्षमता निर्माण केन्द्रों की स्थापना में आईसीएसआई की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## मेटावर्स-संचालित रियलिटी लैब्स में कर्मचारियों की छंटनी करेगा मेटा : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेटा कथित तौर पर अपने मेटावर्स-संचालित रियलिटी लैब्स डिवीजन से अज्ञात संख्या में कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रहा है। सूत्रों के हवाले से रॉयटर्स के अनुसार, मेटा के आंतरिक चर्चा मंच वर्कप्लेस पर एक पोस्ट के माध्यम से कर्मचारियों को बुधवार (अमेरिकी समय) को छंटनी के बारे में सूचित किया गया है।

फेसबुक एजाइल सिलिकॉन टीम (एफएएसटी) नामक सिलिकॉन इकाई में नौकरी में कटौती, मार्क जुकरबर्ग के महत्वाकांक्षी संवर्धित और आभासी वास्तविकता (एआर/वीआर) सपने में बाधा डाल सकती है। सिलिकॉन इकाई में करीब 600 कर्मचारी हैं। मेटा, मेटावर्स में बड़े पैमाने पर बैंकिंग पर भरोसा कर रहा है और आने वाले वर्षों में 10 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहा है। हालांकि, कंपनी को कथित तौर पर अपने एआर/वीआर हेडसेट्स के लिए चिप्स बनाने में संघर्ष करना पड़ा है जो थर्ड पार्टी




प्रोवाइडर्स द्वारा उत्पादित सिलिकॉन के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। मेटा (पूर्व में फेसबुक) को 2022 के लिए रियलिटी लैब्स के परिचालन घाटे में 13.7 बिलियन डॉलर का भारी नुकसान हुआ, जिससे उसके एआर-वीआर और मेटावर्स सपने को एक बड़ा झटका लगा।

रियलिटी लैब्स सेगमेंट में, चौथी तिमाही का राजस्व 727 मिलियन डॉलर था, जो क्वेस्ट 2 की कम बिक्री के कारण 17 प्रतिशत कम था। जुकरबर्ग के मेटावर्स प्रोजेक्ट की घोषणा के एक साल बाद, आंतरिक दस्तावेजों से पता चला था कि कंपनी गड़बड़ टेक्नोलॉजी, अरोचक यूजर्स और सफल होने के लिए क्या करना होगा इसके बारे में स्पष्टता की कमी से जूझ रही थी।

पिछले साल अक्टूबर में मेटा में एक प्रमुख लॉन्ग-टर्म निवेशक ने कहा था कि सोशल नेटवर्क को अपना मोजो बैक पाने के लिए मेटावर्स पर बहुत अधिक खर्च करना बंद करना होगा। मेटावर्स पर, अल्टीमीटर कैपिटल के अध्यक्ष और सीईओ ब्रैड गेर्स्टनर ने कहा कि लोग भ्रमित हैं कि मेटावर्स का मतलब क्या है। सोशल नेटवर्क ने पिछले साल से विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 21,000 नौकरियों में कटौती की है। पिछले महीने के अंत में मेटा ने क्वेस्ट 3 नामक एक नया मिश्रित वास्तविकता (एमआर) हेडसेट लॉन्च किया, जिसमें क्वेस्ट 2 की तुलना में सीन रिज़ॉल्यूशन में 30 प्रतिशत की वृद्धि और क्वेस्ट 2 की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक तेज़ ऑडियो रेंज थी।


# ब्याज दर में जल्द कमी नहीं होने के संकेत से शेयर बाजार लुढ़का

**मुंबई** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर धातु, पावर, रियल्टी, ऑटो और बैंकिंग समेत 17 समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 286.06 अंक का गोता लगाकर 65226.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.65 अंक लुढ़ककर 19436.10 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.52 प्रतिशत टूटकर 31,877.06 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत गिरकर 37,428.66 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3795 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2387 में बिकवाली जबकि 1295 में लिवाली हुई वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियां गिरावट जबकि 11 तेजी पर रही वहीं दो के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 17 समूह लाल निशान पर रहे। इस दौरान कमोडिटीज 1.00, सीडी 1.01, ऊर्जा 0.73, वित्तीय सेवाएं 0.91, हेल्थकेयर 1.47, इंडस्ट्रियल्स 1.22, दूरसंचार 1.45, यूटिलिटीज 1.42, ऑटो 1.09, बैंकिंग 1.33, कैपिटल गुड्स 1.33, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.64, धातु 1.98, तेल एवं गैस 0.87, पावर 1.53, रियल्टी 1.83 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.02 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13, जर्मनी का डैक्स 0.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत चढ़ गया




जबकि जापान का निक्केई 2.28 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 181 अंक की गिरावट लेकर 65,330.65 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 64,878.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,332.52 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा लेकिन बिकवाली हावी रहने से अंत में यह पिछले दिवस के 65,512.10 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत टूटकर 65,226.04 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 82 अंक उतरकर 19,446.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,333.60 अंक के निचले जबकि 19,457.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,528.75 अंक की तुलना में 0.47 प्रतिशत गिरकर 19,436.10 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स गिरावट पर रही 22 कंपनियों में एक्सिस बैंक ने सबसे अधिक 4.38 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही एसबीआई 2.82, एनटीपीसी 2.55, इंडसइंड बैंक 2.38, अल्ट्रासिमको 2.22, टाटा स्टील 2.11, बजाज फिनसर्व 2.03, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.93, मारुति 1.90, सन फार्मा 1.77, एलटी 1.52, टाटा मोटर्स 1.10, टेक महिंद्रा 0.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.91, आईटीसी 0.85, आईसीआईसीआई बैंक 0.69, रिलायंस 0.17, पावरग्रिड 0.15 और विप्रो के शेयर भी 0.14 प्रतिशत टूटे।

वहीं, नेस्ले इंडिया 2.91, एचडीएफसी बैंक 1.52, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.51, इंफोसिस 0.81, टीसीएस 0.61, एचसीएल टेक 0.25, भारती एयरटेल 0.08 और एशियन पेंट ने 0.04 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## आरबीआई रख सकता है रेपो रेट बरकरार, निकट भविष्य में कटौती बेहतर : उद्योग

**चेन्नई,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) रेपो रेट को मौजूदा स्तर पर बनाए रख सकती है, हालांकि निकट भविष्य में दर में कटौती बेहतर होगी। ये बात रियल स्टेट और फाइनेंशियल सेक्टर से संबंधित अधिकारियों ने कही है। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक 4-6 अक्टूबर को होगी, फैसले की घोषणा आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 6 अक्टूबर को करेंगे।

रमानी शास्त्री ने कहा, हाल के दिनों में व्यवसायों में उच्च निवेश के साथ अर्थव्यवस्था मजबूत दिख रही है। संपत्ति की कीमतों में सुधार और यील्ड में वृद्धि ने आवासीय संपत्तियों में निवेश को फिर से आकर्षक बना दिया है। शास्त्री ने कहा कि घर के मालिक होने के दीर्घकालिक लाभों से इस क्षेत्र में सतत विकास हुआ है। शास्त्री ने टिप्पणी की, इसलिए, हम 2023 तक मौजूदा नीति दरों को जारी रखने की उम्मीद करते हैं और निस्संदेह, निकट भविष्य में ब्याज दरों में और कटौती को प्राथमिकता दी जाएगी। आरयूलोन्स



डिस्ट्रीब्यूशन के संस्थापक और सीईओ कौशिक मेहता ने कहा, आगामी मौद्रिक नीति की बैठक ऐसे समय में हो रही है जब निवेशक सतर्क हैं लेकिन उम्मीदें कायम हैं। हमें उम्मीद है कि आरबीआई दर स्थिरता बनाए रखेगा, उधारकर्ताओं के लिए संभावनाएं प्रदान करेगा, विशेष रूप से होम लोन पर विचार करने वालों के लिए। मेहता ने कहा, यदि दर स्थिर बनी रहती है और अर्थव्यवस्था अपनी सकारात्मक गति बनाए रखती है, तो हम विशेष रूप से साल के अंत में, त्योहारी सीजन के कारण होम लोन में वृद्धि देख सकते हैं। केयर रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति को लेकर सतर्क रहते हुए विशेष रूप से त्योहारी सीजन के दौरान आर्थिक विकास को समर्थन देने को प्राथमिकता दे सकता है।

## सार संक्षेप

### एयर इंडिया 23 अक्टूबर से कोलकाता-बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बुधवार को घोषणा की कि वह आगामी त्योहारी सीजन के दौरान 23 अक्टूबर से कोलकाता और बैंकॉक के बीच एक नई नॉन-स्टॉप सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, एआई322 कोलकाता से रात 10 बजे उड़ान भरेगा, जबकि एआई321 बैंकॉक से दोपहर 3.05 बजे वापसी उड़ान भरेगा। एयरबस परिवार के विमान से संचालित होने वाली यह उड़ान इकोनॉमी और बिजनेस क्लास की दो-श्रेणी की होगी और छह दिन चलेगी, सोमवार से शनिवार तक। प्रवक्ता ने कहा, इस नई सुविधा से दोनों शहरों में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, बैंकॉक के यात्रियों को एयर इंडिया के नेटवर्क पर थाईलैंड, लाओस और कंबोडिया के 10 लोकप्रिय गंतव्यों तक कनेक्टिंग फ्लाइट लेने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। प्रवक्ता के अनुसार, एयर इंडिया वर्तमान में दिल्ली और मुंबई से दैनिक नॉन-स्टॉप सेवाओं के साथ प्रति सप्ताह बैंकॉक के लिए कुल 14 उड़ानें संचालित करती है।

### रुपया चार पैसे कमजोर

**मुंबई।** आयातकों एवं बैंकरों कि लिवली के साथ ही शेयर बाजार में लगातार जारी गिरावट के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया चार पैसे कमजोर होकर 83.25 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.21 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया दो पैसे फिसलकर 83.23 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान हुई लिवाली के दबाव में 83.27 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.19 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले दिवस के 83.21 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में चार पैसे कमजोर होकर 83.25 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

### नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म 'खुल के' लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्वदेशी नेटवर्किंग ऐप 'खुल के' को लॉंच करने की आज घोषणा की गयी जिसका उद्देश्य भारतीयों को खुलकर अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। 'खुल के' के संस्थापक एवं सीईओ पीयूष कुलश्रेष्ठ ने यह घोषणा करते हुये कहा कि ऐप भारतीयों को एक-दूसरे से जुड़ने, घुलने-मिलने और सामूहिक लोकतंत्र में भागीदारी करने के तरीके में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है। यह ऐप ऑडियो-विजुअल कंटेट तक पहुंच प्रदान करने के साथ सामुदायिक निर्माण की गतिविधियों में शामिल है। इस ऐप से समान विचार रखने वाले और उन्हें शेयर करने वाले लोगों से बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग के दौरान ही इस ऐप ने महीने दर महीने 10 से 15 प्रतिशत की दर से विकास किया है। इससे व्यापक नज़रिए के साथ सार्थक बातचीत को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐप देश के सामने ज्वलंत मुद्दों पर भारत के पद्म पुरस्कार विजेताओं के साथ शुरू की गई बातचीत और सभी की सार्थक भागीदारी से संपूर्ण इकोसिस्टम बनाने के मुद्दे पर अपनी रोशनी बिखेरने के लिए तैयार है।

# दाल-दलहन में गिरावट

**नई दिल्ली,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मांग उतरने से दाल-दलहन के भाव गिर गए।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा एक रिंगिट फिसलकर 3641 रिंगिट प्रति टन पर सपाट रहा। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की बढ़त के साथ 57.27 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये, मसूर दाल 250 रुपये, मूंग दाल 150 रुपये, उड़द दाल 300 रुपये और अरहर दाल 400 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## अमेजन ने कीमतें बढ़ाने के लिए सीक्रेट एल्गोरिदम का किया इस्तेमाल

**सैन फ्रांसिस्को,** 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने कथित तौर पर यह पता लगाने के लिए सीक्रेट एल्गोरिदम तैनात किया है कि वह अपने प्लेटफॉर्म पर कीमतें कितनी बढ़ा सकती है, जिससे कथित तौर पर कंपनी को अपना मुनाफा बढ़ाने में मदद मिले।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने ई-कॉमर्स प्रमुख के खिलाफ संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) के एकाधिकार मुकदमे के संशोधित हिस्सों का हवाला देते हुए मंगलवार देर रात रिपोर्ट दी कि अमेजन ने प्रतिस्पर्धी तरीके से कीमतें बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट नेस्सी एल्गोरिदम का इस्तेमाल किया।

रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि अगर प्रतिस्पर्धी खुदरा विक्रेता कम कीमत बनाए रखते हैं, तो एल्गोरिदम स्वचालित रूप से अमेजन को उनकी सामान्य कीमत पर वापस ला देगा। कथित तौर पर प्रोजेक्ट नेस्सी ने अमेजन को अलग-अलग शॉपिंग




कैटेगिरी में अपनी कीमतें आर्टिफिशियल रूप से बढ़ाकर अपना मुनाफा बढ़ाने में मदद की। कंपनी ने कथित तौर पर 2019 में सीक्रेट एल्गोरिदम का उपयोग बंद कर दिया। एफटीसी के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, हम एक बार फिर अमेजन से कटौती को हटाने के लिए तेजी से आगे बढ़ने और अमेरिकी जनता को उनके अवैध एकाधिकारवादी व्यवहार का पूरा दायरा देखने की अनुमति देने का अनुरोध करते हैं। लीना खान के नेतृत्व वाले संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) और अमेरिका में 17 राज्य अटॉर्नी जनरल ने पिछले महीने अमेजन पर मुकदमा दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया कि ऑनलाइन खुदरा और प्रौद्योगिकी कंपनी एक एकाधिकारवादी है जो अवैध रूप से अपनी शक्ति को बनाए रखने के लिएइंटरलॉकिंग एंटी-कंपीटिटिव और अनुचित रणनीतियों का उपयोग करती है।

एफटीसी और उनके राज्य भागीदारों ने कहा कि अमेजन की कार्रवाइयां उन्हें प्रतिद्वंद्वियों और विक्रेताओं को कीमतें कम करने से रोकने, खरीदारों के लिए गुणवत्ता को कम करने, विक्रेताओं से अधिक शुल्क लेने, नवाचार को दबाने और प्रतिद्वंद्वियों को अमेजन के खिलाफ उचित प्रतिस्पर्धा करने से रोकने की अनुमति देती हैं। एफटीसी अध्यक्ष खान ने कहा, हमारी शिकायत बताती है कि कैसे अमेजन ने अपने एकाधिकार को गैरकानूनी रूप से बनाए रखने के लिए दंडात्मक और जबरदस्त रणनीति का इस्तेमाल किया है। शिकायत में आरोप लगाए गए हैं, जिसमें बताया गया है कि कैसे अमेजन अब खुद को समृद्ध करने के लिए अपनी एकाधिकार शक्ति का शोषण कर रहा है, कीमतें बढ़ा रहा है और लाखों अमेरिकी परिवारों के लिए सर्विस को खराब कर रहा है, जो इसके प्लेटफॉर्म पर खरीदारी करते हैं और सैकड़ों-हजारों व्यवसाय जो उन तक पहुंचने के लिए अमेजन पर निर्भर हैं।

# भूपेश ने मांगे बोनस के अटके 3700 करोड़



■ बोनस पर लगे प्रतिबंध को भी हटाने लिखा पीएम को पत्र

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर किसानों के बोनस पर लगे प्रतिबंध को हटाने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि किसानों के बोनस की राशि उनका न्यायोचित हक है। वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 के दो सालों की बोनस राशि के 3700 करोड़ रुपए किसानों को मिलने थे जो केंद्र सरकार द्वारा बोनस पर प्रतिबंध के चलते अटका हुआ है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि किसानों से वर्ष 2013 में वायदा किया गया था कि उनका एक-एक दाना खरीदा जाएगा, 2100 रुपए प्रति चिंटल की दर से धान खरीदा जाएगा और 300 रुपए प्रति चिंटल बोनस दिया जाएगा। वर्ष 2014 में केंद्र सरकार द्वारा कृषि उपजों पर बोनस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसके चलते किसानों को वर्ष 2014-15 तथा वर्ष 2015-16 का बोनस नहीं मिल पाया। ये राशि 3700 करोड़ रुपए की है जो अब तक किसानों को अप्राप्त है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2013-14 में पूर्ववर्ती सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य जो कि 1350 रुपए प्रति चिंटल था, पर धान की खरीदी की। मई 2014 में केन्द्र में सरकार बनते ही केन्द्र सरकार द्वारा कृषि उपजों पर दिये जाने वाले बोनस पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया था, जिसके कारण पूर्ववर्ती सरकार में राज्य के किसानों को वर्ष 2014-15 तथा वर्ष 2015-16 का बोनस नहीं दिया।

किसानों के रोष के भय से केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 के लिये राज्य के किसानों को दिये जाने वाले बोनस के प्रतिबन्ध को हटा लिया गया। फलस्वरूप पूर्ववर्ती सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 में खरीदे गये धान पर 300 रूपए प्रति चिंटल की दर से किसानों को बोनस दिया गया।

मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2018 में उनकी सरकार के गठन के बाद केन्द्र सरकार द्वारा जून 2019 में धान खरीदी पर बोनस दिये जाने पर पुनः प्रतिबन्ध लगा गया, जो अभी भी जारी है। जिसके कारण देश के किसी भी किसान को कृषि उपज पर बोनस नहीं मिल पा रहा है।

मुख्यमंत्री ने किसानों के हितों की दृष्टि से प्रधानमंत्री से अनुरोध करते हुए लिखा है कि किसानों को दिये जाने वाले बोनस पर केन्द्र सरकार द्वारा लगाये गये प्रतिबन्ध को वापस लेने का कष्ट करें ताकि किसानों को उनके न्यायोचित हक की बकाया राशि प्राप्त हो सके।

# सोनाखान परियोजना के लिए निकाली गई आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया 4 माह में भी नही हुई पूरी

■ विभागीय उदासीनता से पात्र आदेश जारी नही हुआ
■ कभी भी लग सकती है चुनाव आचार संहिता

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकासखंड के सोनाखान परियोजना में विगत 30 मई को निकाली गई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती हेतु विज्ञापन आज चार माह हो गया लेकिन भर्ती प्रक्रिया पूर्ण नही हो सका है। आपको बता दे कि विभागीय उदासीनता की वजह से मेरिट सूची और दावा आपत्ति की समय सीमा भी खत्म हो चुका है, लेकिन पात्र अभ्यर्थी को अभी तक नियुक्ति आदेश नही दिया गया है। इधर विभाग के अधिकारी सरकार की बहुमुखी योजना का पालन समय सीमा में नही कर पा रहें है।

उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी कुपोषण से माताओं और बच्चो को बचाने के लिए स्थापित किया गया है, लेकिन समय सीमा में भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण न कर पाना विभागीय अधिकारियों लापरवाही नजर आ रही है। इधर सूत्रों के अलावा नाम न छापने की शर्त पर एक अभ्यर्थी ने बताया कि उसका नाम प्रथम स्थान में है लेकिन विभाग के सुपरवाइजर द्वारा बार बार मिलने के लिए संदेश दिया भेजवाया जा रहा है। साथ ही वही मेरिट सूची में प्रथम स्थान में जिनका नाम है उन्हें कुछ जनपद सदस्य लोग उगाही हेतु घर घर जाकर लेनदेन की बात कर रहे है। ज्ञात हो कि पिछले समय अवरई ग्राम में गलत तरीके से हुए कार्यकर्ता भर्ती का निराकरण अभी तक नही हुआ है। इधर दलालों द्वारा फिर से वसूली के लिए हितग्राहियों से संपर्क किया जा रहा। विभाग के भर्ती नियम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती प्राप्तांको के मेरिट के आधार पर होना है जिसकी प्रक्रिया अगस्त में ही पूरी कर ली गई है परंतु समझ से परे है की नियुक्ति आदेश निकालने में इतना विलंब विभाग को क्यों हो रहा है। इधर बहुजन सशक्तिकरण के प्रदेश अध्यक्ष मोती लाल बंजारे ने कहा कि सरकार की जन कल्याण के कार्यों के प्रति अधिकारियों का रवैया ठीक नही है चार माह में अति अनिवार्य सेवको की भर्ती नही कर पाना विभाग की लापरवाही उजागर होती है। साथ ही जनता के द्वारा चुने गए नेताओं द्वारा भर्ती पर लाखों का सौदा होने की जानकारी भी सामने आई है, ऐसे लोगों को जनता को समझकर ऐसे नेताओं को वोट न देकर अपना अधिकार दिखाना चाहिए। इस पर कलेक्टर महोदय को अवगत कराया जायेगा और संगठन के तरफसे जिलाधीश महोदय को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

भर्ती में दलाल सक्रिय-विगत वर्षों में हुई भर्ती पर गौर करें तो सूत्रों का दावा है कि महिला बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती में बड़े पैमानों में लेनदेन कर भर्ती की गई है। जिसमें नेताओं का एक खेमा पूरे भर्ती में गिरोह बनाकर खेल खेला है, इधर अब फिर से ये छुटभैये नेताओं की फौज जनपद की आड़ में पुनः सेटिंग में लगे हुये है, विभाग के सूत्रों ने कहा कि इन नेताओं के सेटिंग के कारण ही भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई है, इधर सूत्रों ने दावा किया कि जनपद के नेताओं ने सेटिंग्स होने तक भर्ती पर अड़ंगा लगा रखा है, फिलहाल अब पूरे भर्ती प्रक्रिया पर मीडिया की नजर आ चुकी है, और भर्ती प्रक्रिया तक निष्पक्ष रूप से गैर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफमुहिम जारी रहेगी जिससे ये दलाल वास्तविक हकदार अभ्यर्थियों को उनके हक से वंचित न कर पाएं।

**इनका कहना है**-जनपद पंचायत से अनुमोदन के बाद ही भर्ती का आदेश होगा। मैं दिखवा लेता हूँ-

**अंशुल वर्मा, एसडीएम, गिरौदपुरी।**

अभी तक जनपद पंचायत से अनुमोदन नही हो पाया है, आपत्ति आ जाने के कारण इसलिए अब जिला कार्यक्रम अधिकारी से अनुमोदन के पश्चात भर्ती की जायेगी-

**हिमांशु वर्मा, सीईओ, जनपद पंचायत कसडोल।**

जब इस सम्बंध में परियोजना अधिकारी आदित्य शर्मा से बात करना चाहा गया तो कई बार कॉल किये जाने के बावजूद कॉल रिसीव नही किया।

# पलारी पुलिस टीम ने नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का किया गया भांडाफोड़

**पलारी,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। पिछले काफी दिनों से विश्वस्त सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हो रही थी कि पलारी सुहेला क्षेत्र में नकली शराब बनाने का गोरख धंधा बड़े पैमाने पर फल रहा है। कुछ शातिर लोग थोड़े से पैसे कमाने के लालच में नकली शराब बनाने का काम कर रहे हैं, जो कि लोगों की जान के साथ एक प्रकार का खिलवाड़ है। जिले की साइबर सेल एवं थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा काफी दिनों से इस अवैधानिक कार्य में लिप्त लोगों के ऊपर विशेष निगाह रखी जा रही थी। कि इसी बीच सूचना मिली कि थाना सुहेला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिरमी के एक बंद पड़े ढाबा में शराब बनाने का गोरख धंधा कुछ लोगों द्वारा मिलकर चलाया जा रहा है, जिसमें समय-समय पर नकली शराब बनाने के लिए केमिकल, सीसी, ढक्कन आदि लगातार सप्लाई भी किया जा रहा है। उक्त बात की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में थाना पलारी पुलिस की टीम द्वारा नकली शराब बनाने वाले लोगों की धरपकड़ हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया

दिनांक 03.10.2023 सूचना मिला कि अभी रात्रि में कुछ लोग सफेद रंग की स्कूटी वाहन से भारी मात्रा मे शराब ग्राम मोहरा के तरफ से ग्राम देवसुंद्रा लाने वाले है। कि मुखबीर सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर, सउनि राजेश सेन, प्र0आर0 63, 77 आरक्षक 706, 645 के ग्राम देवसुन्द्रा खपरी रोड पुल पर पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। उसी दौरान मोहरा के तरफ से आ रही होण्डा एक्टिवा स्कूटी क्र. ष्टत्र10 ङ्ख9781 को रोका गया। स्कूटी के फुटरेस्ट वाले हिस्से मे एक प्लास्टिका का भरा हुआ बोरा रखा था। स्कूटी चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम शीशीर वैष्णव पिता टिकमदास वैष्णव उम्र 28 वर्ष ग्राम कुथरौद थाना सुहेला का रहने वाला बताया। कि उक्त के कब्जे मे रखे बोरा को चेक करने पर उसके अंदर देशी मसाला शराब रखा हुआ था। कि शीशीर वैष्णव से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया जिसने अपने कथन मे बोरा के अंदर 100 पौवा नकली देशी मसाला शराब होना बताया, जिसे गुलाब अंसारी, शंकर धीवर, विकास महतो के साथ मिलकर ग्राम हिरमी मे गुलाब अंसारी के बंद पडे साहिल बिरायनी सेंटर नाम के ढाबा के अंदर




■ आरोपियों से 400 पाव नकली देशी मसाला शराब किया गया जप्त

देशी स्पीरिट मे पानी एवं डाई मिलाकर शराब बनाकर देशी मसाला शराब के खाली शीशीयो मे भरकर उपर से फर्जी ढक्कन लेबल एवं स्टीकर लगाकर निर्माण करना एवं उसे सप्लाई करने के लिये लाना बताया। सांथ ही गुलाब अंसारी, विकास महतो एवं शंकर धीवर को और ज्यादा नकली माल के साथ उसके ढाबा मे होना बताया।

मौके पर नकली देशी शराब गिनती करने पर 100 पौवा नकली देशी मसाला शराब होना पाया गया। आरोपी शीशीर वैष्णव के कब्जे से 01.एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरा के अदर 100 पौवा नकली देशी मसाला शराब मात्रा 18 ब0लि0 किमती लगभग ?11,000 02. एक रेडमी मोबाईल फोन किमती ?8000 03. एक सफेद रंग की होण्डा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक ष्टत्र10 ङ्ख9781 किमती लगभग ?25,000 को जप्त किया गया। आरोपी शीशीर वैष्णव का कृत्य धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट का अपराध घटित करने का साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा मे लिया गया।

तत्पश्चात आरोपी के मेमोरडंम मे बताये अनुसार एवं उसके निशादेही पर स्टाफ ग्राम हिरमी साहिल बिरयानी सेंटर पहुँचकर रेड किया गया। पुलिस को आता देख अंधेरा का फायदा उठाकर गुलाब अंसारी एवं शंकर धीवर फरार हो गये। मौके पर एक व्यक्ति को पकडा गया जिससे पूछताछ पर अपना नाम विकास कुमार महतो पिता रामविलास महतो उम्र 28 वर्ष साकिन जयपुर, थाना नवा जयपुर, पलामु झारखण्ड हाल मुकाम साहिल बिरयानी सेटर हिरमी थाना सुहेला बताया। ढाबा के अंदर सुक्ष्म परीक्षण करने पर देशी मसाला शराब की खाली शीशीया, नये ढक्कन, नकली लेबल, स्टीकर, होलोग्राम स्टीकर, अल्कोहल मीटर, कलर डाई आदि सामान रखा मिला।

1. 03 नग प्लास्टिक बोरा के अंदर भरे नकली देशी मसाला शराब प्रत्येक बोरा मे 100 नग कुल 300 पौवा देशी मसाला शराब मात्रा 54 ब0लि0 किमती लगभग ?33,000, 02. 40 लीटर वाली नीले रंग की प्लास्टिक जरिकेन जिसमे क्रमश- 04 ब0लि0, 02 ब0लि0, 1.5 ब0लि0, 2.5 ब0लि0 जुमला 07 ब0लि0 शराब बनाने मे प्रयुक्त स्पीरिट भरा है, 03. एक 05 लीटर वाली पारदर्शी प्लास्टिक डिब्बा मे भरा हुआ नकली शराब बनाने मे प्रयुक्त गाढे कत्था रंग का कलर/डाई 04. देशी मसाला शराब की नकली पीले रंग की लेबल 14 पत्ता, जिसमे 840 नग लेबल है 05. देशी मसाला शराब की नारंगी रंग की लेबल 2870 नग, नकली होलाग्राम स्टीकर 138 पत्ता जिसमे 5796 स्टीकर है 06. देशी मसाला शराब शीशी का पीले रंग का ढक्कन 530 नग, 07. पेपर ग्लू 02 नग 8. अल्कोहल मीटर 02 नग 09. कैची 01 नग 10 अपराध मे प्रयुक्त एक काले रंग की स्कूटी क्रमांक ष्टत्र07 रुख0787 किमती लगभग ?12,000 11. चार नग प्लास्टिक बोरा के अंदर रखे कुल 400 नग देशी मसाला शराब की खाली पौवा शीशी 12. एक सैमसंग गलैक्सी मोबाईल फोन किमती लगभग ?10,000 को जप्त किया गया। आरोपी विकास कुमार महतो का कृत्य धारा 34 (2), 36 आबकारी एक्ट का अपराध घटित करने का साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार किया।

# मुख्य सचिव ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ली अधिकारियों की बैठक

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आगामी विधानसभा चुनाव संबंध में अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये है। आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान केन्द्रीय सशक्त पुलिस बल तैनात किये जायेगें इनके लिए सभी बुनियादी आवश्यकताओं जैसे आवास, परिवहन, राशन, पेयजल जलपूर्ति, स्वास्थ्य दवाई, इलाज, मोबाईल, टायलेट, बांस बल्ली सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये है। मुख्य सचिव ने चुनाव कार्य हेतु होम गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड और कोटवारों की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। बैठक में डी.जी.पी अशोक जुनेजा भी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि विधानसभा चुनाव हेतु सी.ए.पी.एफ की करीब 150 कम्पनियों का शीघ्र ही छत्तीसगढ़ आगमन होगा। विधानसभा चुनाव हेतु अधिकारियों ने होम गार्ड की उपलब्धता के बारे में बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के करीब 6996 होम गार्ड बल उपलब्ध है। इनमें से करीब 3115 होम गार्ड की डयूटी विधानसभा चुनाव में लगायी जायेंगी।



वीडियो कॉन्फ्रेंस में आयोजित इस बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी पिल्ले, सचिव शिक्षा डॉ. एस. भारती दासन, गृह विभाग के सचिव अरूण देव गौतम, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव एन.एन.एक्का, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा सहित परिवहन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, नगरीय प्रशासन तथा ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।।

# खेलते-खेलते गई डेढ़ साल के मासूम बच्चे की जान

## पानी से भरे बाल्टी मे डूबने से मौत

**गुण्डरदेही,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। रनचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम बोदल मे एक डेढ़ साल का मासुम बच्चा खेलते-खेलते बाल्टी की पानी मे डूबने से मौत हो गई घटना बुधवार दोपहर एक बजे की बताई जा रही है बताया गया कि मृतक बच्चा गगन साहू पिता कमलेश साहू डेढ़ वर्ष खेलते-खेलते घर की बाड़ी मे चला गया जहां वो पानी से भरे बाल्टी मे डूबने से मौत हो गई घटना के समय उनकी दादी जो बच्चे की देखभाल करता था वो घर अंदर खाना खा रहा था वही मृतक बच्चे की मां खेत गया हुआ था पिता रायपुर मे रहकर मजदूरी का काम करता है घटना के बाद बच्चे को उनके दादा व ग्रामीणो ने तत्काल गुण्डरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डांक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया इधर रनचिरई पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया ।



# ध्वनि प्रदूषण की हो प्रभावी रोकथामः मुख्य सचिव

## ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा जनहित में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम संबंध में पारित आदेश के पालन में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में वाहनों में तेज आवाज में बजाने वाले डीजेस और एम्पलीफायरर्स पर त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य सचिव ने कहा है कि ध्वनि प्रदूषण अधिनियम का उलंघ्घन करने वालों पर सक्त कार्यवाही की जायें। मुख्य सचिव ने राज्य के सभी कमिश्नरों, आई.जी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को जनहित में ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव ने ध्वनि प्रदूषण के प्रभावी रोकथाम के लिए सभी जिलों में लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश अधिकारियों को दिये । बैठक में डी.जी.पी अशोक जुनेजा मौजूद थे।

NECC

| 05.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.03 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |
| डिलीवरी | 518 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# सेवानिवृत्त फौजी की पूर्व सरपंच ने साथियों के साथ की पिटाई

■ राड और डंडे से किया हमला
■ आक्रोशित आदिवासी समाज ने कोमाखान थाने का किया घेराव
■ आरोपी पूर्व सरपंच के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई

**बागबाहरा,** 4 अक्टूबर (देशबंधु)। ओडिशा सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत टेमरी में एक आदिवासी रिटायर्ड फौजी के साथ जाति सूचक गाली- गलौच कर मारपीट कर घायल करने की घटना घटित हुई है। जिससे इस क्षेत्र के आदिवासियों में जमकर आक्रोश व्याप्त है। जिससे आक्रोशित होकर आदिवासी समाज ने आज बुधवार को कोमाखान थाने का घेराव कर दोषी आरोपियों के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही करने की मांग पुलिस प्रशासन से की गई है। उचित कार्यवाही नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन कर कोमाखान थाने का घेराव किया जाएगा। ग्राम पंचायत टेमरी के पूर्व सरपंच अपनी गांव में दबंगई दिखाते हुए खुलेआम एकतरफा राज कानून चला रहे हैं। वे अपनी धन दौलत के ताकत पर सबको खरीद कर अपने हाथों में कठपुतली बनाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य के चलते उन्होंने एक आदिवासी रिटायर्ड फौजी के ऊपर जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाया है। जिससे उसके काले कृत्य सिद्ध हो गया है। उक्त अमीर आदमी को देखकर प्रशासनिक अमला भी उसके प्रति मेहरबान हो जाते हैं। जो कानूनी तौर पर उचित नहीं है। उक्त पूर्व सरपंच की दादागिरी एवं दबंगई पहले से ही चले आ रहे है। कोमाखान पुलिस ने प्राणघातक हमले के घटने में शहजादे आरोपियों को बचाने के लिए मामूली धारा लगाकर उसके साथ हाथ मिला लिया है। ताकि हम दोनों की दोस्ती-यारी हमेशा चलता रहें। जो अब धीरे-धीरे गंभीर रूप लेने लगे है। अब सिविलियन एरिया में देश के रक्षक सैनिक भी नेताओं के दादागिरी के चलते सुरक्षित नहीं है। ऐसी ही एक दुखद घटना कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम टेमरी में घटित हुई है। जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि और पूर्व सरपंच के द्वारा सीआरपीएफ से सेवानिवृत हुए सैनिक के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया गया। साथ ही जाति सूचक गाली गलौज भी की गई। इस दौरान उक्त सेवानिवृत सैनिक को गंभीर चोटे आई है। जिसके चलते आदिवासी समाज आक्रोशित हो गया है। उड़ीसा और छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रतिनिधिमंडल द्वारा कल कोमाखान थाना पहुंचकर इस मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई करने की मांग पुलिस प्रशासन से की गई है।

इस मामले की प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज महासमुंद के जिला अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने बताया कि जल, जंगल और जमीन में सबसे पहला हक आदिवासी समाज का है। और जब खुद के नाम पर पंजीकृत राजस्व भूमि पर कृषि कार्य के दौरान जाति सूचक गाली गलौज करते हुए सर के फूटने तक रॉड और डंडे से आदिवासी समाज के भूतपूर्व सैनिक के साथ इस प्रकार का कृत्य एक जनप्रतिनिधि के द्वारा किया जाना सरासर हम जनजातीय लोगों के साथ घोर अन्याय है। इसीलिए हम इसकी शिकायत दर्ज कराने कोमाखान थाना पहुंचे हैं।



आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष श्री ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि उड़ीसा दर्रीनयापारा निवासी आदिवासी फौजी गेनकू राम मांझी को ग्राम पंचायत टेमरी के पूर्व सरपंच राधेश्याम साहू एवं उनके साथियों ने आदिवासी जाति सूचक गाली-गलौच करते हुए डंडे और राड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिसके चलते गेनकू राम मांझी के सिर चेहरे पर गंभीर चोटें आई है। और आपातकालीन चिकित्सा के दौरान सिर पर चार टांके भी लगे हुए हैं। वही मारपीट के दौरान उसके चेहरे पर भी चोट आई है। आंख के नीचे का भाग फट गया है। जिसमें एक टांका लगा हुआ है। वहीं फौजी गेनकू राम मांझी के पीठ को भी पूर्व सरपंच राधेश्याम साहू एवं उनके साथियों ने बारी-बारी से डंडे राड से मारे जाने के चलते पीठ में भी लंबे -लंबे चिन्ह स्पष्ट दिखाई दे रहे है। जिस पर खून जम गया है। और वह काला पड़ गया है। तथा गेनकू राम मांझी के हाथ को भी राधेश्याम साहू ने अपने दांतों से काट दिया है। इस तरह से आदिवासी गेनकू राम मांझी बहुत दर्द से पीड़ित है। और उसे बार-बार चक्कर आ रहे हैं। श्री ठाकुर ने आगे बताया कि फौजी गेनकू राम मांझी ने टेमरी ग्राम में अपनी पत्नी श्रीमती प्रसन्नलता मांझी के नाम पर जमीन खरीदी की थी। जो कि उसकी पत्नी के नाम पर पंजीकृत है। जिस पर वह आज से 2 दिन पहले ट्रेक्टर से जुताई करवा रहा था । तभी उपसरपंच राधेश्याम साहू सहित मनोहर साहू ,लवेन्द्र साहू, दिनेश साहू,पूरन साहू,लंबोदर साहू आदि एक साथ रॉड और डंडे से गेनकू राम मांझी के ऊपर हमला करते हुए शारीरिक चोटें पहुंचाई है । वही हमले के दौरान जाति सूचक गाली गलौज भी बहुत बुरी तरह से किया गया है। जिसके चलते सैनिक गेनकू राम मांझी को मानसिक प्रताड़ना का दर्द भी झेलना पड़ रहा है। इस तरह से आदिवासी गेनकू राम मांझी को प्रताड़ित करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर आदिवासी समाज ने थाना कोमाखान पहुंचे। जिस पर पुलिस प्रशासन ने प्रारंभिक कार्यवाही करते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। तथा पीड़ित आदिवासी गेनकू राम मांझी को आवश्यक चिकित्सा उपचार हेतु अस्पताल भेजकर डाक्टरी मुलाहिजा करवाया गया है। सभी आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण भी करवाया जा चुका है। मनोहर ठाकुर ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि चिकित्सकीय परीक्षण के आधार पर तथा अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जावे ।ताकि दबंगई करने वाले उक्त जनप्रतिनिधि और उसके साथियों के कृत्यों पर अंकुश लगाया जा सके। गेनकू राम मांझी के साथ शिकायत दर्ज करने के लिए छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा प्रांत के आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी व सदस्य गण कोमाखान थाना पहुंचे थे। जिसमें प्रमुख रुप से सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष मनोहर ठाकुर,जिला पंचायत सभापति बसंता ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ सर्कल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य डुमरौतीन ठाकुर,बागबाहरा सरपंच संघ अध्यक्ष एडिशन ठाकुर, सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक सचिव लोकेश दीवान,राजू ठाकुर, हेमसिंग ठाकुर, चंद्रकांत ठाकुर,राजेश ठाकुर,नोहर ठाकुर,नूतन ठाकुर,मुकेश ठाकुर, दीपक ठाकुर,मान बाई ठाकुर,योगराज ठाकुर, ध्रुव गोंड़ समाज के सर्कल अध्यक्ष भीखम ठाकुर,उड़ीसा से जिला परिषद सदस्य एवं आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप मांझी, पीड़ित आदिवासी फौजी गेनकु राम मांझी,आदिवासी संघ के सेक्रेटरी भक्तो ध्रुवा, गोवर्धन मांझी,नर्मदा मांझी नरेश मांझी,हीरा मांझी,सहित आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक सुन्दर महिला क्रिकेट का मैच देख रही थी और चेहरे पर भारत का झंडा और नक्शा बनवा रखी थी! तभी एक बजुर्ग उसके पास गया और चेहरे को चुम कर बोला- कितना सुन्दर है मेरा भारत देश!

## संपादकीय

### मिठाइयों की शुद्धता पर अभी से ध्यान ज़रूरी

अनेक धार्मिक पर्व नज़दीक आ रहे हैं। थोड़े दिनों के बाद विभिन्न तरह के मिष्ठान्न बनाने की तैयारियां घरों और दूकानों में प्रारम्भ हो जायेंगी। छत्तीसगढ़ में भी ये सारे त्यौहार एवं पर्व काफी धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन सभी तरह के त्यौहारों में घरों में मीठा तो बनता ही है, ज्यादातर लोग दुकानों से मिठाइयां खरीदते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि उनकी शुद्धता पर अभी से ध्यान दिया जाये। राज्य सरकार के खाद्य और औषधि विभाग ने तो अभी से निगरानी प्रारम्भ कर दी है, स्वयं ग्राहकों को चाहिये कि वे सावधान रहें। ऐसी मिठाइयां बिलकुल न खरीदें जिनमें अशुद्धता का ज़रा भी अंदेशा हो। यह सेहत के लिये बहुत हानिकारक है।

फिलहाल चल रहे पितृ पक्ष की समाप्ति के तुरन्त बाद यानी 15 अक्टूबर के पश्चात एक तरह से मिष्ठान्नों का मौसम आ जायेगा। श्राद्ध के पकवान तो घरों में ही बनते हैं, जिनमें मीठे पदार्थ भी शामिल होते हैं। बाद के सभी त्यौहारों में लोग बाहरी मिठाइयां खरीदते हैं। इनमें नवरात्रि, विजयादशमी और मुख्य रूप से दीपावली के त्यौहार हैं। लोगों को अपने मित्रों व परिजनों को देने के लिये बड़ी मात्रा में मिष्ठान्न लेने होते हैं जो घरों में बनने सम्भव नहीं होते। इसलिये वे बाजारों का रुख करते हैं। चूंकि इसकी बिक्री इतनी होती है कि उनका निर्माण पहले से करना पड़ता है। खासकर, खोवे का संग्रहण कर रखना होता है वरना इसकी उपलब्धता नहीं रहती। खोवा या जिसे मावा भी कहते हैं, उसकी गुणवत्ता अक्सर खराब पाई जाती है। दूध भी काफी लगता है इसलिये उसमें मिलावट होती है। ऐसे ही, घी व पनीर की भी शिकायतें मिलती हैं। छ.ग. के खाद्य व औषधि विभाग ने मिलावटी व गुणवत्ताहीन सामग्रियां बनने से रोकने के लिये अभी से सख्ती बरतने के निर्देश अपने अधिकारियों को जारी कर दिये हैं। विभागीय अधिकारी खोवा, दूध, घी, पनीर जैसी वस्तुओं पर अभी से नज़र रखेंगे जो कि मिठाइयां बनाने के लिये कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त होते हैं। इसके लिये दूकानों, उनके स्टोर्स, वेयर हाउसों पर नज़र रखी जायेगी और उनकी जांच होगी। खुले में या सड़कों पर पंडाल लगाकर मिष्ठान्न बेचने वालों पर विशेष रूप से नज़र रखी जायेगी।

विभागीय कार्रवाई जो भी हो, स्वयं लोगों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। लोगों को चाहिये कि केवल प्रतिष्ठित दूकानों से ही मिठाइयां या अन्य वस्तुएं खरीदें। लम्बे समय तक खुले में रखे या डिब्बाबंद पकवान भी देख-परख कर लेने चाहिये। चखकर देखने की सुविधा हो तो वह भी करना चाहिये। अगर मिठाई किसी और को उपहार में देने के लिये है तो बिलकुल ताजी होनी चाहिये क्योंकि वह देने वाले को पास भी कुछ समय तक तो रखी ही रहती है।

# मंत्री कवासी लखमा ने बेली ब्रिज का किया उद्घाटन

## सीसी रोड, पुल निर्माण के भूमिपूजन व देवगुड़ी के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए आबकारी मंत्री कवासी लखमा





**सुकमा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। आबकारी मंत्री कवासी लखमा जिले के प्रवास पर है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम सीसी रोड, पुल निर्माण के भूमिपूजन व देवगुड़ी के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मंत्री ने नवनिर्मित देवगुड़ी का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आदिवासियों का विकास को लेकर विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रहा है। साथ ही धान बेचने वालों को एक एकड़ में 20 चिंटल की खरीदी जायेगी। आज स्कूल आश्रम खोलने का काम किया जा रहा है, हॉस्टल के लोगो को को पहले 800 रुपये दिया जाता था उसे राज्य सरकार बढ़ाकर 1500 कर दी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पहले छ हजार रुपये से बढ़ाकर दस हजार कर दी है। सुकमा जिले में ही इस बार तेंदुपत्ता से 50 करोड़ का फायदा लोगो को मिला। आज टोरा, ईमली, महुआ की खरीदी की जा रही है। महुआ की राशि बढ़ाकर 30 रुपये महुआ कर दिया गया, जिससे गरीब आदिवासियों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। आज मातागुड़ी मंदिर छिंदगढ़ में भव्य रूप से बनाया गया है। आज सभी जगहों पर देवगुड़ी के निर्माण के लिए 05 लाख की आर्थिक सहायता सरकार के द्वारा की जा रही है।

**औचक निरीक्षण के लिए नयानार स्कूल पहुँचे**

**औचक निरीक्षण के लिए नयानार स्कूल पहुँचे:** कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा बच्चों से मिलने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नयानार पहुँचे। जहां उन्होंने बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी लिए साथ ही उन बच्चों से सवाल जवाब करते भी दिखे। बच्चों के द्वारा पढ़ लिख कर डॉक्टर, पुलिस व शिक्षक बनने की बात कही। मंत्री ने बच्चों को खूब पढ़ाई लिखाई व मेहनत करने बात करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किये।

**बेली ब्रिज का फीता काटकर उद्घाटन:** मंत्री कवासी लखमा ने बेली ब्रिज का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया की पहले पेंदलनार से सुरभिरास आने में 40 किलोमीटर के रास्ते का सफर करना पड़ता था। लोगो को आने जाने में समय अधिक लगता था साथ ही परेशानियों का सामना करना पड़ता रहा, किन्तु आज गोरली नदी में पुल के निर्माण से मात्र 03 किलोमीटर में ही पेंदलनार से सुरभिरास पहुँचा जा सकता है। आप सभी को देख कर मुझे खुशी हो रही है। संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण पहले इस गांव में लोग आने से लोग डरते थे किंतु आज हमारी सरकार बनने के बाद इस क्षेत्र में शांति हो रही है। आज सरकार की जनकल्याणकारी योजनों का लाभ गांव गांव तक पहुंच रहा है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेसवार्ता कर निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की दी जानकारी

**जगदलपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने बुधवार को प्रेसवार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली की सीडी प्रदान किए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल सहित बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर तथा निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी और मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों इंडियन नेशनल कांग्रेस के सुभाष गुलाटी, भारतीय जनता पार्टी के आशुतोष आचार्य एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) पार्टी के नवनीत चांद मौजूद थे।



**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपा निर्वाचक नामावली की सीडी**

आगामी विधानसभा के लिए बस्तर जिला अंतर्गत आने वाले तीन पूर्ण विधानसभा क्षेत्र और एक आंशिक विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर अंतर्गत कुल 781 मतदान केंद्र है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर दयाराम विजय के ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन में कुल मतदाताओं की संख्या 576019 था जो बढ़कर अंतिम प्रकाशन में कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 1995 हो गया है, लगभग 25000 मतदाताओं के बढ़ोतरी हुई है। मतदाता सूची में तृतीय लिंग के 34 मतदाता के साथ दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 2893 युवा मतदाताओं की संख्या 24275, वरिष्ठ नागरिक 80 वर्ष से ऊपर आयु के 3578 और सेवा कमी को की संख्या 240 है।

# बस्तर भूषण के अंग्रेजी अनुवाद का विमोचन



**जगदलपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडित केदार नाथ ठाकुर की लिखी किताब बस्तर भूषण का अंग्रेजी अनुवाद अब वनिता बेदकेकर ने किया है। इस अनुवाद का विमोचन बुधवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव व अन्य ने किया। पं. केदारनाथ ठाकुर ने यह किताब 1908 में लिखी थी। किताब के कई संस्करण का प्रकाशन किया जा चुका है। वनिता ने बताया कि तीन साल की मेहनत के बाद उसका अंग्रेजी अनुवाद उन्होंने पूरा कर लिया। इस मौके पर केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक से आए डीन डा. एसआर पाढ़ी, डॉ. किरण नूरेटि, पूनम वासम, डीसी गावडे, संजय डोंगरे, तिलोत्मा बघेल, पिंकी तिवारी, एन यशस्विनी, अक्षरा समेत अन्य मौजूद थे। यह अनुवाद अमेजन- फ्लिपकार्ट में उपलब्ध है ।

# बीजेपी के 15 साल के शासन में बस्तर की हालत बदत्तर हुई : लखमा

**जगदलपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा आगामी विधानसभा के मद्देनजर अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर नुक्कड़ सभायें ले रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद किसानों का विकास हुआ है। 15 साल के बीजेपी शासन में किसान की हालत बद से बदत्तर हो गया था। कई किसान कर्ज के कारण आत्महत्या कर लेते थे। किन्तु आज हमारी सरकार किसानों को 2500 रुपये धान खरीदी का वादा किया था। उससे आगे बढ़ते हुए आज 2640 रुपये में धान खरीदी, प्रति एकड़ 20 च्िंटल धान खरीदा जाएगा। इस प्रकार से किसानों का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कांग्रेसी आई कार्यकर्ताओं से कहा कि आज आप सभी को कंधे से कंधा, हाथ से हाथ मिलाकर गांव गांव तक कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम करना है। बीजेपी शासन में स्कूल, हॉस्टल को बंद करने का काम किया गया। मड़कामीपारा के आश्रम को सुकमा में स्थांनातरित कर दिया गया, किन्तु आज हमारी सरकार में पुन: सुकमा से मड़कामीपारा में आश्रम खोलने का काम किया जायेगा। बोड़को का पुल निर्माण प्रस्तावित है जिसे जल्द ही पूरा किया जायेगा। आने वाले समय में मड़कामीपारा से मोतोड़ी तक सड़क व पुल का निर्माण किया जायेगा। बड़ेसेट्टी से मुलेकर व पलोड़ आने वालों रास्तों में पुल पुलिया के निर्माण करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरगामी सोच के कारण ही गरीब आदिवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे गोबर खरीदी, गौ मूत्र खरीदी, तेंदुपत्ता खरीदी, महुआ खरीदी, धान खरीदी, रीपा के माध्यम से महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से, भूमिहीन किसानों, पुजारी गायता, हाटपरिया आदि को सालाना सात हजार की सहायता राशि उनके जेब मे पैसा डालने का काम कर रही है। लखमा ने कहा कि पहले बीजेपी शासन में गांव के लोगों को पुलिस वाले परेशान करते थे, उन्हें बिना वजह या फिर फंसा कर जेल में बंद कर देते थे। महिलाएं पुलिस थाना का घेराव करती थी जिससे उन्हें बहुत से समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही नक्सलियों के द्वारा भी इन्हें प्रताड़ित किया जाता रहा। आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सरकार बनने के बाद बेकसूर आदिवासियों को छोड़ने का काम किया जा रहा है। आज बस्तर बदल रहा है। हमारी सरकार का ध्येय वाक्य है गढ़बो छत्तीसगढ़ बदलबो बस्तर।



**2640 में 20 क्विंटल प्रति एकड़ का आई धान सरकार खरीदेगी**

### मंत्री लखमा ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण



प्रदेश उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने मंगलवार को सुकमा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल जाना और बेहतर उपचार के लिए डाक्टरों को निर्देश दिए।

# केन्द्रीय रेलमंत्री और इस्पात मंत्री लोकार्पण में क्यों शामिल नहीं हुए बताएं भाजपा नेता : सुशील मौर्य



**जगदलपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 3 अक्टूबर को संभाग मुख्यालय में जिन निर्माण कार्यों का उद्घाटन किए, वे सभी कार्य यूपीए शासनकाल के ही हैं, चाहे वह नगरनार स्टील प्लांट हो या फिर रेललाइन हो। यह बातें बुधवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने 9 साल में बस्तर को क्या दिया, यह भाजपा नेताओं को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के बस्तर प्रवास पर कांग्रेस, सर्व आदिवासी समाज, पिछड़ा वर्ग ने जिस उद्देश्य से बंद का आव्हान किया था और पीएम को आईना दिखाने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री ने नगरनार स्टील प्लांट विनिवेशीकरण को लेकर स्पष्ट नहीं किया। उन्होंने सिर्फ अपने भाषण में कांग्रेस को नहीं देने की बात कही, जो कि प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता कह रहे हैं कि स्टील प्लांट के उद्घाटन में सीएम और डिप्टी सीएम शामिल नहीं हुए। भाजपा नेताओं को यह बताना चाहिए कि केन्द्रीय रेलमंत्री और केन्द्रीय इस्पात मंत्री इस कार्यक्रम में क्यों शामिल नहीं हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 मई 2015 को दंतेवाड़ा की सभा में जगदलपुर-रावघाट रेललाइन और डिलमिली में अल्ट्रा मेगा स्टील प्लांट की घोषणा की थी, लेकिन दोनों ही कार्य नहीं हो पाए हैं। वहीं 2018 में केन्द्रीय राज्य रेलमंत्री ने जगदलपुर-रावघाट रेललाइन का भूमिपूजन भी किया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। इस दौरान संसदीय सचिव रेखचंद जैन, अध्यक्ष कविता साहू, सरला तिवारी आदि मौजूद थे।

**कांग्रेस को समर्थन देकर शहरवासियों ने किया साबित : सफीरा**

महापौर सफीरा साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बस्तरवासियों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रधानमंत्री की सभा ऐतिहासिक, बस्तर की जनता ने जाहिर किया कांग्रेस से मोहभंग : केदार कश्यप



- **कांग्रेस के बस्तर बंद में सड़क पर निकली जनता, आमसभा में उमड़े अपार जनसमूह ने प्रधानमंत्री मोदी का किया समर्थन**
- **कांग्रेस किसी की भी हितैषी नहीं , पांच वर्ष में तेदूपत्ता संग्राहकों को 649 करोड़ 85 लाख रुपये के बोनस का नुकसान, तेंदूपत्ता तोड़ाई का भी 306 करोड़ का भुगतान लंबित : महेश गागड़ा**

**जगदलपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 3 अक्टूबर को लालबाग मैदान में हुई आमसभा ऐतिहासिक रही।कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा को बाधित करने अनेक हथकण्डे अपनाये, लेकिन बस्तर की जनता ने कांग्रेस को तमाचा मारा है और अपार जनसमूह के रूप में आमसभा में पहुँच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना विश्वास व्यक्त कर जोरदार समर्थन दिया है। समस्त बस्तर वासियों का भाजपा अभिनंदन करते हुये धन्यवाद व आभार ज्ञापित करती है। श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर बंद कराने वाली कांग्रेस की सरकार का कोई भी मंत्री प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर भी नहीं पहुँचा। यह संवैधानिक व्यवस्था को तार-तार करने कांग्रेस की राजनीतिक सोच है। कांग्रेस सरकार की अब चला चली की बेला है, जनता ने कांग्रेस को विदा करने का मन बना लिया है। भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप व पूर्व मंत्री महेश गागड़ा पत्रवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

श्री कश्यप ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि देने के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बस्तर में 27 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया है। नगरनार में भारत के सबसे आधुनिक स्टील प्लांट में से एक का लोकार्पण हुआ है। बस्तर को अग्रणी बनाने की सोच रखने वाले प्रधानमंत्री मोदी जी को बस्तर की समग्र जनता की ओर से धन्यवाद व आभार ज्ञापित करते हैं। केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की सभा को प्रभावित करने बस्तर बंद कराया, जिसे सड़कों पर निकल कर सीधे आमसभा में पहुंची जनता ने नकार दिया। कांग्रेस अपनी पराजय देख कर हताश हो चुकी है। भाजपा आसन्न विधानसभा चुनाव में जनता के आशीर्वाद से सरकार बना रही है। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि झूठा प्रचार करने वाली घोटालेबाज कांग्रेस सरकार किसी की भी हितैषी नहीं है। बस्तर व बस्तर वासियों से फरेब करने का खेल कांग्रेस >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों की बैठक लेकर दिए आवश्यक जानकारी

**सुकमा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियां चल रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप राजनैतिक दलों की बैठक लेकर आवश्यक जानकारी दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों को मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन जारी होने की जानकारी दी। उन्होने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण



चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों द्वारा अपने निर्वाचन प्रचार हेतु किए जाने वाले व्यय की गणना, विभिन्न सामाग्रियों, सेवाओं आदि के लिए दर निर्धारण के बारे में भी बताया गया। इनमें मुख्य रूप से खाद्य सामाग्री, पंडाल, मंच-निर्माण, स्वागत द्वार, माइक व्यवस्था एवं ध्वनि विस्तार, होर्डिंस, फ्लैग्स, बैनर, वाहनों की दैनिक भाड़ा, होटल रेस्ट हाऊस का प्रतिदिन का खर्च, हैलिपैड किराया आदि शामिल है। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# भाजपा ने माना बस्तर की जनता का आभार

**जगदलपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लालबाग मैदान में हुई आमसभा को सफलतम व ऐतिहासिक बनाने के लिये भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर की समस्त जनता का आभार माना है और धन्यवाद ज्ञापित किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने कहा कि कांग्रेस के विरोध व बस्तर बंद के बाद भी बस्तर की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना समर्थन व आशीर्वाद देने आमसभा में पहुंची और प्रधानमंत्री के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। भाजपा सदैव बस्तर व बस्तर वासियों के विकास के लिये कार्य करती आयी है और सतत कार्यरत रहेगी। सभी सम्मानीय बस्तर वासियों के अपार समर्थन, सहयोग के लिये भाजपा व उनके सभी कार्यकर्ता आभार प्रगट करते हैं।

# आकांक्षी विकासखंड तोकापाल में हेल्थ मेला सम्पन्न

**जगदलपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के आकांक्षी विकासखंड तोकापाल में संकल्प सप्ताह के तहत हेल्थ मेला का आयोजन किया गया, जिसके तहत 3 से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह का आयोजन किया जाना है। इसी तारतम्य में बीते 3 अक्टूबर को कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य मेले में आए सभी मरीजों का जांच कर उनको दवाई वितरण किया गया एवं विकासखंड के सभी पीएचसी, एसएचसी और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में व सीएचसी में उक्त शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी मरीज एवं उनके परिजनों को टीबी संबंधित बीमारी के संबंध में जानकारी दिया गया, साथ ही मच्छरदानी का उपयोग, कुष्ठ संबंधी बीमारी एवं हाइपरटेंशन, डायबिटीज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर ऋषभ शाह विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अलका वेद, विकासखंड प्रशिक्षण अधिकारी जिली मांडवी, आरबीएसके के समस्त स्टाफ एवं मितानिनों का सक्रिय सहयोग रहा है।

**सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य शिविरों के जरिये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर किया गया उपचार**



# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आगामी विस निर्वाचन के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**बीजापुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत नामांकन, डाकमत पत्र, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचक नामावली, निर्वाचन व्यय एवं अन्य प्रशासनिक विषयों पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा 3 अक्टूबर को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न नोडल अधिकारियों के साथ बैठक लेकर निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 4 अक्टूबर को फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा करते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी और इसके लिए कार्यक्रम की अधिसूचना भी जारी की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में सभी रिटर्निंग ऑफिसर को अधिसूचना संबंधी जारी निर्देशों का पालन करने और निर्धारित प्रपत्र में अधिसूचना जारी करने की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों नियुक्ति, प्रशिक्षण, सामग्री वितरण, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, वाहन परमिशन, ईव्हीएम कमिशनिंग, वीडियो ग्राफी, सुरक्षा व्यवस्था, बेरिकेटिंग सहित अन्य तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण गवेल, सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा नोडल अधिकारी जुड़े रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए अधिसूचना प्रकाशन से लेकर मतदान की समस्त तैयारियों की प्रक्रियाओं एवं अन्य कार्यवाईयों के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई। इस दौरान प्रजेंटेशन के माध्यम से अधिसूचना संबंधी प्रक्रिया, प्रारूप, आवश्यक सामग्री, स्कैनर, सीसीटीवी, नामिनेशन पंजी, चेक लिस्ट, नोटिस बोर्ड सहित अन्य सामग्री के संबंध में विस्तार से बताया गया। नामिनेशन फार्म प्राप्त करते समय प्रस्तावक संख्या, समय, नामिनेशन फार्म के सेट व उसकी संख्या, नामांकन फार्म प्राप्त करने की तारिख एवं समय के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान नामिनेशन फार्म के प्रारंभिक चेक लिस्ट के तहत अमानत जमा राशि, थंब स्प्रेशन, एफिडेविड, पार्टी द्वारा प्रदाय फार्म ए व बी, पृथक से बैंक एकाउंट, फोटोग्राफ्स, हस्ताक्षर, जाति, उम्र, अदेय प्रमाण पत्र, प्रत्याशी के प्रस्तुत डाक्यूमेंट के डिस्पले के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी के पात्रता एवं अपात्रता के प्रावधानों, नामांकन पत्रों की संवीक्षा, प्रस्तावक, प्रक्रिया, नामवापसी, प्रतीक आबंटन, निर्वाचन नामावली एवं डाकपत पत्र, प्रारूप, प्रकाशन, डाक मतपत्र में पारदर्शिता, मुद्रण आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा ईएसएमएस मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से एफएसटी व एसएसटी टीमों द्वारा जप्त (नगद, मदिरा सहित अन्यद्ध की गई कार्रवाई का विवरण अपलोड करने तथा वेबसाईट पर उसकी उचित विशलेषण एवं प्रतिवेदन की जानकारी प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही मतदान, नामिनेशन के संबंध में विभिन्न प्रकार के मार्गदर्शन से संबंधित निर्वाचन सामग्री, मतदान दलों के बुकलेट प्रदाय के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विशेष रूप से आदर्श आचार संहिता के पालन पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान इससे सबंधित सभी प्रावधानों के पालन के लिए सभी रिटर्निंग ऑफिसर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




**वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ली अधिकारियों की बैठक**

# गुदमा में मॉडल ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस का आयोजन



**बीजापुर**, 4 अक्टूबर। ग्राम पंचायत गुदमा में आदर्श ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं जागरूकता प्रदान की गई। जिसमें गर्भवती माताओं का प्रसव पूर्व जांच, पंजीकरण, शिशु टीकाकरण एवं उनका लाभ, किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा, एनसीजि स्क्रीनिंग 102 एवं 108 सेवा, टीबी मुक्त पंचायत एवं अंगदान की शपथ ली गई। इस दौरान सरपंच शशिकला सुरती, बीएमओ डॉ. विकास गवेल, डॉ. पीतराम शणय, यूनिसेफ (एचडब्ल्यूसी सलाहकार), गांधी फेलो गोपीनाथ पात्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**ग्राम सभा में टीबीमुक्त पंचायत पर हुई चर्चा**

ग्राम पंचायत गुदमा में 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत गुदमा में टीबी मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प के माध्यम से टीबी मुक्त अभियान का शुभारंभ किया गया एवं हस्ताक्षर के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लिया गया।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित




**कोण्डागांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं पदेन संरक्षक दीपक सोनी, राज्य आयुक्त (स्काउट) एवं सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला आयुक्त (गाइड) एवं डीईओ मधुलिका तिवारी, सचिव चमनलाल सोरी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) भीषभ देव साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्यामलाल कोर्राम के नेतृत्व में कोण्डागांव जिले के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से संबद्ध विभिन्न संस्थाओं में 02 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधान मंत्री पं.लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर स्वच्छता ही सेवा एवं स्वास्थ्य जन जागरूकता रैली निकाल कर नुक्कड़-नाटक का प्रदर्शन भी किया। जिसमें शा.उ.मा.वि.सिंगनपुर, शा.उ.मा.वि.मड़ानार, सेजेस दहिकोंगा, शा.उ.मा.वि.गिरोला, सेजेस लंजोड़ा, शास.उ.मा.वि.किबइबलेंगा कोकोड़ी, शा.उ.मा.वि. मालगांव, शास.उ.मा.वि.भंडारसिवनी, शा.उ.मा.वि. अरंडी, शास.उ.मा.वि. आलोर, आदर्श विद्यालय फरसगांव, सेजेस खालेमुरवेंड, शा.क.उ.मा.वि.केशकाल, प्रा.शाला मुरारीपारा, शा.प्रा.शाला बाजारपारा कोण्डागांव में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

# मसोरा में छात्रों ने बनाया बापू के चश्मे का स्वरूप

**कोण्डागांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला व तहसील कोण्डागांव के ग्राम मसोरा में संचालित हायर सेकंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक दादूलाल पटेल, जिला संगठक शशिभूषण कनोजे के मार्गदर्शन एवं संस्था प्रमुख शिवलाल शर्मा, प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद पांडेय और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गोविंदराज नायडू के नेतृत्व में एनएसएस के स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन गांधी जी के चस्मे का स्वरुप बनाकर किया गया है। यह कार्यक्रम 16 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक चला है और स्वच्छता अभियान के महत्वपूर्ण दिनों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित किया गया और इसका उद्देश्य था लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रतीकात्मक संकेत देना है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान बाजारों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां स्वच्छता को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया और निपटान करने के लिए विभिन्न कूड़ा-कचरा निस्तारण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जनता को स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए कई जागरूकता रैलियां भी निकाली गई। स्वच्छता पखवाड़ा की सम्पन्नता और लोगों की सक्रियता ने स्वच्छता अभियान को एक नई ऊँचाई प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्वच्छता जागरूकता स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्कूल के शिक्षक श्रीमती सुज्या मल्लिक, ललिता राजपूत, हेमलता देवांगन, शीला शार्दुल, शिरीन अहमद मोनिका चिराम, प्रियंका भगत, रश्मि शर्मा, दंतेश्वरी राव, राजेश सिंह, लोकेश कुंवर, अमोल श्रीवास्तव, त्रिलोकी ठाकुर और हेमलता कोर्राम, भागवत पांडेय, कॉलेज और अन्य सदस्य की उपस्थिति रही। छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वच्छ वातावरण और स्वच्छ भूमि को संरक्षित रखने के स्वच्छता की शपथ ली गई।



**स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन**

# कर्तव्य पर लापरवाही बरतने वाले मेस सर्वेन्ट को कलेक्टर ने किया निलंबित

**बीजापुर,** 4 अक्टूबर। कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिला अस्पताल में पदस्थ मेस सर्वेन्ट को कर्तव्य पर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर अजय रामटेके ने बताया कि 2 अक्टूबर 2023 को स्व. सरस्वती चंडाक का जिला चिकित्सालय बीजापुर के आपातकालीन विभाग में ईलाज के दौरान आकस्मिक मृत्यु पश्चात उनके परिजनों के द्वारा मरचुरी फ्रिजर में रखने की सहमति देने के पश्चात् मृतको के परिजनों के समक्ष मरचुरी फ्रिजर चालू स्थिति में शव को रखा गया तत्पश्चात् 03 अक्टूबर 2023 को परिजनों के द्वारा शव लेने पर शव को चूहा द्वारा कुतरना पाया गया। जिसके संबंध में अस्पताल प्रबंधन द्वारा संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी किया गया, जिसमें प्रथम दृष्टया से आपातकालीन विभाग में ड्यूटीरत कर्मचारी कुडियम सोमलू, मेस सर्वेंट जिला चिकित्सालय बीजापुर को कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बीजापुर के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# औषधालय सेवक के पद सूची में लिपिकीय त्रुटि संबंधी जानकारी

**बीजापुर**, 4 अक्टूबर। आयुर्वेद विभाग अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी औषालय सेवक, मसाजर, वार्ड ब्यॉय, रसोईया, किचन सर्वेंट, चौकीदार के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सीधी भर्ती के माध्यम से के किये जाने हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जारी विज्ञापन कंडिका क्रमांक-03 चयन प्रक्रिया (1) (2) में अनुभव के लिए 20 अंक के कुल प्राप्तांक के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जावेगा का उल्लेख किया है। औषधालय सेवक, के पद हेतु दावा आपत्ति सूची के सरल क्रमांक 277 में टेमन लाल साहू पिता स्व. रामचरण साहू को 16 वर्ष का अनुभव अधिकतम 20 वर्ष निर्धारित है, जो लिपिकीय त्रुटिवश 32 वर्ष लिखा गया है, जिसे 20 वर्ष पढ़ा जावे।

## रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**बीजापुर**, 4 अक्टूबर। जिला बीजापुर रीपा केन्द्र मिंगाचल अर्न्तगत टेरा कोटा संबंधि मशिनरी स्थापना एवं प्रशिक्षण कार्य संचालन तथा मार्केटिंग उपलब्ध कराने हेतु संस्था के चयन के लिए रूचि की अभिव्यक्ति निर्धारित प्रपत्रों में 10 नवम्बर 2023 समय सायं 4 बजे तक आमंत्रित की गई है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल अथवा जिले की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

## बस्तरिया बटालियन के जवान का हुआ अपहरण, परिजनों ने छोड़ने किया अपील

**बीजापुर,** 4 अक्टूबर। बस्तरिया बटालियन के जवान का नक्सल संगठन द्वारा अपहरण की खबर. एरमनार गांव का निवासी है अपहृत आरक्षक शंकर कुडियम. बीजापुर पुलिस लाइन में पदस्थ था जवान. 27 और 28 सितंबर से अनुपस्थित था जवान. 29 सितंबर को भैरमगढ़ थानाक्षेत्र के उसपरी गांव से अपहरण कर ले जाने की मिल रही खबर. परिजनों और सर्व आदिवासी समाज ने जवान के सकुशल रिहाई के लिए नक्सल संगठन से करी अपील।

# आगामी विस चुनाव को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हुई विशेष बैठक



**जगदलपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में बुधवार को विशेष बैठक आहूत की गई। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के बीच विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के कुल 25 सीटों पर वामपंथी दलों द्वारा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है जिसमें से 20 सीटों पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अपने प्रत्याशी खड़े करेगी और 5 सीटों पर सीपीआई(एम), सीपीआई (एल) के प्रत्याशियों के लिए छोड़ेगी। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण पंडा ने बताया कि पहली सूची में 7 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जा रही है जिसमें कोटा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव मनीष कुंजाम प्रत्याशी होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के जगदलपुर प्रवास के दौरान आमसभा में दिए गए भाषण को चुनावी जुमला बताते हुए कहा कि बस्तर विकास को लेकर उन्होंने कोई घोषणा नहीं किया ना ही प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा और ना ही बस्तर के वनों पर संस्करण को लेकर कोई उद्योग स्थापित कर बस्तर वीडियो को रोजगार देने के संबंध में कोई घोषणा की, केवल अपने विपक्षियों की आलोचना कर चुनाव में उन्हें चुनने की बात कहकर ही चले गए। पत्रकार वार्ता के दौरान उपस्थित मनीष कुंजाम ने कहा कि पिछले चुनाव से हमारा यह नारा है कि वोट दो नोट दो क्योंकि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी से बगैर पैसे के संघर्ष करना संभव नहीं है। उन्होंने पहली सूची में शामिल विधानसभा प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करते हुए बताया कि नारायणपुर से फूल सिंह कचलाम, कोंडागांव से जयप्रकाश नेताम, चित्रकोट से रामूराम मौर्य, बीजापुर से पी लक्ष्मी नारायण, दंतेवाड़ा से भीमसेन मांडवी और केशकाल से दिनेश मरकाम को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है।

## रांधना में केजरीवाल की गारंटी कार्ड पदयात्रा संपन्न

**कोण्डागांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी कोंडागांव इकाई द्वारा माकड़ी ब्लॉक के ग्राम रांधना में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष शंकरलाल नेताम के मुख्य आतिथ्य में 4 अक्टूबर 2023 को गारंटी कार्ड पदयात्रा का आयोजन बाजार स्थल में किया गया, जहां शंकरलाल नेताम का भव्य स्वागत पटाखों के साथ एवं फुल माला से किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष पवन मरकाम के नेतृत्व में आए ग्रामीणों को शंकरलाल नेताम ने दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से अवगत कराते हुए लोगों से कहा कि यदि छत्तीसगढ़ में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनाओगे तो यहां भी दिल्ली और पंजाब की तरह बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था, गांव-गांव में मोहल्ला क्लिनिक, अच्छे अस्पताल बनाए जाएंगे, सभी घरों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को 1000 रुपए महीना स्त्री सम्मान राशि दिया जाएगा, बेरोजगार युवाओं को 3000 रुपए महीना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा, अनियमित व संविदा कर्मियों को नियमित किया जायेगा व दस लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने का वादा किया।

# स्व. मनोज सिंह मंडावी का सपना को साकार कर रहे विधायक सावित्री मंडावी

**चारामा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांकेर जिले के ग्राम पंचायत टहकापार में आदिवासी ध्रुव गोड समाज के लिए टीना सेट की भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिरकत किए, भानु प्रतापपुर विधायक, सावित्री मनोज मंडावी, गौ सेवा आयोग सदस्य छत्तीसग नरेंद्र यादव जिला पंचायत सदस्य मिथलेश शोरी, राजेंद्र ध्रुव अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोड समाज माखन सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत टहकापार, कुंजलाल जैन जिला संयुक्त महामंत्री, उषा वटी अध्यक्ष कृषि उपज मंडी, रुखुराम मंडावी संरक्षक, उत्तरा नेताम महिला अध्यक्ष, सभी अतिथियों की पारंपरिक रीति रिवाज के साथ गाजे बाजे धुन पर, फुल मलाओ के साथ स्वागत की गई, महानदी महादेव घाट पहुंचते ही भोलेनाथ शंकर भगवान की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आदिवासी ध्रुव गोड समाज के पदाधिकारी सहित भूमि पूजन की गई, सभी अतिथियों का समाज जनों के द्वारा स्वागत वंदन किया गया, ध्रुव गोड समाज अग्रसर विकास की ओर बढ़ता हुआ। राजेंद्र ध्रुव अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोड समाज ने कहा, की महानदी महादेव घाट के पावन धरा पर बसा ग्राम टहकापार यह पवित्र स्थल कांकेर जिला ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में महादेव घाट टहकापार के नाम से जाना जाता है, महाशिवरात्रि के पवन पर्व पर हर वर्ष भव्य मेला के साथ साथ समाज का भव्य कार्यक्रम होता है, पूरे क्षेत्र के लोगो का आना होता है, क्षेत्र के विकास के साथ ही महानदी पर सेतु निर्माण होना बहुत आवश्यक है, पूल की निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को सुविधा का लाभ मिलेगा। सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि आप सभी की सहयोग से भानु प्रतापपुर विधान सभा क्षेत्र में विकास हो रहा है, ध्रुव गोड समाज समाजिक समरसता का मिसाल है, शिक्षा से ही सभ्य समाज का निर्माण होता है, कम समय में ही भानुप्रतापपुर विधान सभा क्षेत्र में करोड़ो रुपए की विकास कार्यो का निर्माण हुआ है, क्षेत्र की विकास व समाज की विकास से ही छत्तीसगढ़ का विकास होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में सामाजिक बंधु व पदाधिकारी, नव युवक युवतियां, महिला पुरुष सभी उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### केन्द्रीय रेलमंत्री और केन्द्रीय ...

को काफी कुछ उम्मीदें थी, लेकिन कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जिस मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने बंद का आव्हान किया था, वह सफल रहा। शहरवासियों ने बंद का समर्थन कर यह साबित कर दिया कि वे कांग्रेस के साथ हैं और रहेंगे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा ...

खेल रही है। तेंदुपत्ता संग्राहकों को 2019 से 2023 तक टोटल 649 करोड़ 85 लाख रुपये का बोनस का नुकसान हुआ है। ऐसे ही तेंदुपत्ता तोड़ाई का 500 करोड़ रुपये में से 306 करोड़ का भुगतान अभी तक लंबित पड़ा है। यह बड़े-बड़े पोस्टर लगाकर झूठी वाहवाही लेने वाली कांग्रेस की काली सच्चाई है। श्री गागड़ा ने कहा कि आरक्षण के मामले में भी कांग्रेस सरकार बाधा बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी पदोन्नति में भी कांग्रेस सरकार का हील हवाला कायम है। कांग्रेस ने पांच साल के कुशासन में प्रदेश के युवा, महिला, किसान, श्रमिक सभी वर्गों को छला है, धोखे में रखा है। पत्रवार्ता में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, किरण देव, डा. सुभाऊ कश्यप, शरद अवस्थी, संतोष बाफना, भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, लच्छू राम कश्यप, शिवनारायण पाण्डेय, कमलचंद भंजदेव, योगेन्द्र पाण्डेय, वेदप्रकाश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, आलोक अवस्थी, संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा आदि उपस्थित थे।

# पालकों की भांति व्यवहार से बच्चों की दुविधाओं को समझने में होगी आसानी

**कलेक्टर ने की बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए संचालित 'मंथन' कार्यक्रम की समीक्षा**


**कोण्डागांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के अनुसंगी संस्था मानस फाउंडेशन द्वारा संचालित 'मंथन' कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि संस्थानों में अध्ययनरत बच्चों के साथ पालकों की भांति व्यवहार रखने पर उनकी दुविधाओं को समझने और उनको दूर करने में आसानी होगी। मनोविज्ञान व्यवहार का अध्ययन है। बच्चों को उचित मार्गदर्शन देकर और उनसे सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार के माध्यम से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आसानी से लाया जा सकता है।



जिले में इस कार्यक्रम के संचालन से मिल रहे सकारात्मक परिणामों से प्रसन्नता व्यक्त किया और अधिक से अधिक आश्रम-छात्रावास सहित शैक्षणिक संस्थान और आंगन बाड़ी केन्द्रों में इस कार्यक्रम के तहत बच्चों का परामर्श करने और उन्हें लाभ पहुंचाने की बात कही। जो बच्चे अपने माता-पिता से दूर रहकर आश्रम-छात्रावासों में पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें पालक की भांति व्यवहार करने वाले शिक्षक मिलने पर निश्चित तौर आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे अपने माता-पिता के साथ लगाव रखते हैं, क्योंकि उनके माता-पिता उनके व्यवहार और समस्याओं को समझते हैं। ऐसा ही कार्य शिक्षकों को भी बच्चों के प्रति करना होगा, जिससे बच्चे शिक्षकों को अपनी समस्याओं को सहजता के साथ बता सकें। बच्चों की चिंता को कम करना हमारा उद्देश्य है तथा बच्चों को उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करने के साथ ही उन्हें उत्साहित भी करना है।

इस दौरान आश्रम-छात्रावास के अधीक्षकों ने बताया कि पहले जहां सिर्फ बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य की चिंता की जाती थी, वहीं अब मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे बच्चे पढ़ाई-लिखाई के साथ ही खेल-कूद के प्रति भी रुचि ले रहे हैं। बच्चे जो बातें, साझा करने में झिझकते थे, वे अब आसानी से साझा करने लगे हैं। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के देखभाल की जो विधि बताई गई, उससे अब उनसे भावनात्मक रुप से जुड़ने में भी आसानी हो रही है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं आदिवासी विकास शाखा प्रभारी कावेरी नेताम, मानस फाउंडेशन की मनोरोग विशेषज्ञ उन्नति अरोरा सहित आश्रम छात्रावासों के अधीक्षक उपस्थित रहे।

# 354 लाख के ऑनलाइन टेंडर में हुआ अनियमितता ठेकेदारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद कोंडागांव में सीएमओ भूपेंद्र वाडेकर के पदस्थापना के बाद से ही उन पर निर्माण कार्यों में अनियमितता किए जाने की लगातार शिकायतें आ रही है। जहां न.पा.अध्यक्ष कक्ष में सौन्दर्यीकरण कार्य को नियमों को ताक में रखकर करवाने का आरोप लगा है। तो वहीं अब ठेकेदार सीएमओ पर शासकीय दिशानिर्देशों की अवहेलना करते 354 लाख रुपए के सौंदर्यीकरण के कार्य जिसका एनआईटी नम्बर 1913 /पीडब्ल्यूडी/एनपीपी/2023-24 कोंडागांव, 05-09-2023 कार्य डेवलपमेंट एंड ब्यूटीफिकेशन वर्क ऑफ कोपाबेड़ा जलाशय वार्ड क्रमांक 15 के सौंदर्यीकरण कार्य नगर पालिका परिषद कोंडागांव के ऑनलाइन निविदा में विभाग के कंप्यूटर आईपी एड्रेस से नहीं लगाकर किसी अन्य निजी संस्था के कंप्यूटर आईपी एड्रेस से ऑनलाइन निविदा करने का मामला उजागर हुए होने की शिकायत करते हुए, सीएमओ पर एक अन्य फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाकर ठेकेदारों ने कलेक्टर कोंडागांव को ज्ञापन सौपा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि कोण्डागांव जिला कलेक्टर, ठेकेदारों के द्वारा सौंपे गए षिकायत ज्ञापन को कितनी गम्भीरता से संज्ञान में लेकर सीएमओ द्वारा किए गए अनियमितता की जांच कराते हैं और मामला सही पाए जाने पर क्या और कब तक कार्यवाही करा पाते हैं ?

# स्वीप अभियान : दिव्यांग मतदाताओं ने ली मतदान की शपथ

**दंतेवाड़ा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में आज जिला स्तरीय दिव्यांग शिविर कार्यक्रम आयोजन हाईस्कूल मैदान के पास इंडोर स्टेडियम में किया गया। इसमें दिव्यांगजनों के लिए शासन-प्रशासन के प्रयासों से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसके तहत दूरस्थ अंदरुनी क्षेत्रों में पहुंच दिव्यांगों को सुविधा उपलब्ध कराने निरंतर शिविर जारी है। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दूरस्थ ग्रामों से बड़ी संख्या में दिव्यांग लोग शिविर का लाभ लेने पहुंचे। इस शिविर स्थल में एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



इसके साथ ही शिविर में लगभग 144 दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीयन किया गया। स्थल में ही 110 दिव्यांगओं को प्रमाण-पत्र जारी दिया गया। इसमें अस्थि बाधित 70, श्रवण बाधित 32, दृष्टिबाधित 28 तथा मानसिक मंदता दिव्यांग की संख्या 14 रही। सहायक उपकरण वितरण में व्हील चेयर 8, बैसाखी 3, श्रवण यंत्र 5 तथा छड़ी 20 प्रदान किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाया जा रहा है। दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने से भविष्य में इसका लाभ दिव्यांगजनों को मिल सकेगा। ज्ञात हो कि शिविर में सुविधा देने के लिए दिव्यांगता वार पृथक-पृथक पंजीयन काउंटर की व्यवस्था की गयी है, जिसके बाद मरीज संबंधित चिकित्सक के पास पहुँच अपना उपचार करा रहे हैं।

- जिला स्तरीय शिविर में सरकारी योजनाओं की मिली जानकारी
- दिव्यांगजनों का बनाया प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड

शिविर में नेत्र रोग, नाक कान गला रोग, अस्थि रोग मनोरोग विशेषज्ञों के द्वारा दिव्यांग जनों की जांच की गई।

दिव्यांगजनों का जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। दिव्यांगजनों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण भी किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे दिव्यांग पेंशन, दिव्यांग छात्रवृत्ति, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना, जैसे योजनाओं के बारे में जानकारी देकर लाभ लेने प्रोत्साहित किया गया। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण के अतिरिक्त यूडीआईडी पंजीयन, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु आवेदन भी दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार एवं स्वीप नोडल अधिकारी कुमार बिश्वरंजन के निर्देशानुसार इंडोर स्टेडियम दंतेवाड़ा में आयोजित दिव्यांग शिविर में स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। जिन दिव्यांग मतदाताओं का नाम नहीं जुड़ा है उनका मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्हें मतदान केंद्रों में दी जाने वाली सुविधाएं जैसे रेम्प, पेयजल, बिजली एवं शौचालय की व्यवस्था उपलब्ध होने की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही मतदाताओं को मतदान के प्रति शपथ भी दिलायी गयी।

# भानुप्रतापपुर विस में अब 2 लाख 2 हजार 826 मतदाता हुए

## मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन सभी 266 मतदान केंद्रों में

**भानुप्रतापपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा.प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार आज भानुप्रतापपुर विधानसभा के सभी 266 मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी रा एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 80 भानुप्रतापपुर प्रतीक जैन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के तहत 2 अगस्त से 11 सितंबर तक सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण चलाया गया इस दौरान कुल 11091 नये मतदाताओं के नाम फार्म 6 के माध्यम से जोडे गये। इसके आलावा 10643 मतदाताओं के नाम फार्म 7 के माध्यम से नियमानुसार विलोपित किया गया। वर्तमान में विधानसभा के 18 से 19 आयु वर्ग के 9010 पंजीकृत मतदाता है वर्तमान पुनरीक्षण के दौरान इस आयु वर्ग में 3473 मतदाताओं के नाम जोडे गये। विधानसभा भानुप्रतापपुर में वर्तमान में 18से 22 आयु वर्ग के फर्स्ट टाईम वोटर्स की संख्या 6578 है। जो कि विधानसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान करेंगे। वरिष्ठ नागरिक मतदाता (80 से अधिक आयुवर्ग) 1480 पंजीकृत है। वर्तमान पुनरीक्षण के दौरान इस आयु वर्ग में 3 मतदाताओं के संख्या में वृद्धि हुई है। विधानसभा 80 भानुप्रतापपुर के सर्विस वोटरों की संख्या में 550 है। जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा दिनांक 4.10.2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर जिला स्तर पर बैठक आयोजित की जाकर एक फोटोयुक्त हार्ड प्रति एवं एक फोटो रहित साफट कापी (बिना फोटो की) सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रदाय की जावेगी।अंतिम प्रकाशन की फोटारहित मतदाता सूची आयोग की वेबसाईड पर आज 4 अक्टूबर को होस्ट कर दी गयी है। आम जनता मतदान केंद्रवार मतदाता सूची डाउनलोड कर इसका अवलोकन कर सकते है। भानुप्रतापपुर में सतत अदयतनीकरण एवं संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 (द्वितीय चरण) में अब तक कुल 29200 मतदाता फोटो पहचान पत्र (एपिक कार्ड) की प्रिंटिंग एवं वितरण का कार्य डाक विभाग के माध्यम से कराया जा चुका है। जिसमें फार्म 6 के माध्यम से नये जुड़े नामों एवं फार्म 8 के संषोधन आवेदनों दोनो प्रकार के आवेदन शामिल हैं। मतदाता सूची में आपका नाम एवं मोबाईल नंबर दर्ज होने पर आयोग द्वारा संचालित वोटर सर्विस पोर्टल में जाकर अपना एपिक डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी का मोबाईल नंबर दर्ज नहीं है तो वह फार्म 8 में संशोधन के माध्यम से मोबाईल नंबर दर्ज कराकर उसके तत्काल बाद एपिक डाउनलोड कर सकते हैं।निर्वाचक नामावली में फार्म 6 के माध्यम से नये नाम जोडने की कार्यवाही एवं फार्म 8 के माध्यम से शिफ्टिंग वाले आवेदन नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि के 10 दिवस पूर्व तक प्राप्त किये जावेंगे तथा ऐसे सभी आवेदन की प्रोसेसिंग इन 10 दिवसों में की जाकर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि को मतदाता सूची फ्रीज हो जावेगी।निर्वाचन की घोषणा होने के उपरांत प्राप्त फार्म 7 के माध्यम से नाम विलोपन एवं फार्म 8 के माध्यम से शिफ्टिंग केटेगरी के आवेदनों को छोड़कर अन्य तीन श्रेणियों के आवेदनों (संशोधन,पीडब्लयूडी मार्किंग एवं रिप्लेसमेंट एपिक )की प्रोसेसिंग पूर्णत: बंद हो जावेगी एवं निराकरण निर्वाचन सम्पन्न होने के उपरांत अतिशीघ्र किया जावेगा।



# मलेरिया व डेंगू से बचाव हेतु जागरुकता रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी




**कोण्डागांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए जागरुकता रथ को कलेक्टोरेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती भावना महालवार तथा गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल वेक्टर जनित स्थानिक रोगों का उन्मूलन (ईएमबीईडी) परियोजना के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कन्या महाविद्यालय परिसर की मांग को लेकर विजय सलाम के नेतृत्व में एनएसयूआई ने घेरा अनुविभागीय कार्यालय



**नारायणपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत 3 वर्षो से छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर आज एनएसयूआई के अध्यक्ष विजय सलाम के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव किया गया।

ज्ञात हो कि पीछे 3 साल पूर्व, मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के द्वारा कन्या महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की जिले को सौगात दी थी जिसके पश्चात जिले में महाविद्यालय खोला गया और भवन निर्माण के लिए पैसा जारी कर दिया गया उसके बाद भवन निर्माण कार्य पूरा हो गया पर अनुविभागीय अधिकारी उससे कॉलेज को नहीं सौंप रही जिसके चलते पुराने आत्मनंद महाविघालय में दो पाली में कक्षा संचालित करना पड़ रहा है जिससे सुबह आने वाले बच्चो जो की 15 25 किलोमीटर की दूरी से आना जाना करते है जिसके चलते बच्चो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बहुत समय से इसकी मांग कलेक्टर से मिल कर रहे थे उसके बाद भी कोई रास्ता नहीं निकला तो आज जिला मुख्यालय के अनुविभागीय कार्यालय का घेराव सभी छात्र-छात्राओं के साथ 2 घंटे तक अनुविभागीय कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विजय सलाम ने बताया की भुपेश बघेल जी ने हमारे बहनों के सम्मान में कन्या महाविद्यालय परिसर खोल कर उनका मान बड़ाया है और एक और जिला प्रशासन और अनुविभागीय अधिकारी सोए हुए है जिसके चलते बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# गांधी जयंती पर ग्रामीणों को बांटा आयुष्मान कार्ड

## टीबी व कुष्ठ मुक्त बनाने का संकल्प



**दंतेवाड़ा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक के निर्देशानुसार जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र कुपेर में आयुष्मान भव कैंपेन का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान सभा का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया। इसके अंतर्गत गांव कुपेर सहित अन्य गांवों में भी आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। टीबी एवं कुष्ठ मुक्त बनाने का संकल्प एवं एनीमिया के प्रति जागरूक, सिकल सेल के प्रति जागरूकता एवं समाज में अंग दान हेतु जागरूकता के साथ संकल्प दिलाया गया। इस आयुष्मान मेले में सभी ग्राम स्तर पर ग्रामीणों ने बड़े पैमाने पर हिस्सा लेकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया गया।

## सार-संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को मिली 8 लाख की आर्थिक सहायता की स्वीकृति

**कोण्डागांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा प्राकृतिक आपदा के कारण मृत्यु होने पर चार प्रकरणों में पीड़ितों के वारिसों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जानी है। जिसमें केशकाल तहसील के ग्राम बहीगांव निवासी सम्बलदाई की आंधी तुफान में पेड़ का डंगाल गिरने पर ईलाज के दौरान मृत्यु होने पर उनके पति फागूराम, फरसगांव तहसील के ग्राम जुगानीकलार निवासी सुखदेव की तालाब में डुबकर मृत्यु होने पर उनकी पत्नी हिरोबाई को आर्थिक सहायता हेतु प्रदान करने हेतु स्वीकृति दी गयी है।

# कलेक्टर विनीत के नवाचार को राष्ट्रीय सम्मान

**दंतेवाड़ा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की अभिनव पहल निदान शिविर को प्रतिष्ठित नेक्सस ऑफ गुड पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



कलेक्टर विनीत नंदनवार के नेतृत्व में, दंतेवाड़ा में अगस्त 2022 से प्रोएक्टिव गवर्नेंस के लिए निदान शिविर का संचालन शुरू हुआ। इसका उद्देश्य गांवों में राजस्व विवाद समाधान और स्कूल के छात्रों को उनकी जाति प्रमाणपत्र प्रदान करना था। इस पहल के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत तक 50 गांव राजस्व-विवाद मुक्त श्रेणी में आए और 22 हजार से अधिक छात्रों को जाति प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। इसके तहत 30 सितंबर को दिल्ली के एफ.आई.सी.सी.आई ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट प्रशासन की ओर से भुवन जोशी (पब्लिक पालिसी इन एक्शन फेलो) द्वारा पुरस्कार प्राप्त किया गया। इस क्रम में आज जिला कलेक्ट्रेट में भुवन जोशी द्वारा पुरस्कार कलेक्टर विनीत नंदनवार को सौंपा गया।

- निदान शिविर को नेक्सस ऑफ गुड पुरस्कार
- शासन-प्रशासन के प्रति ग्रामीणो में जागा विश्वास

उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में प्रशासन और आम आदमी के बीच की दूरी कम हुई है। ग्रामीणों की समस्या सुलझाने प्रशासन गांवों तक पहुंचा, मौके पर ही समस्या का निराकरण हुआ। इसकी वजह से ग्रामीणों के मन में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास का भाव जागृत हुआ। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड ये ऐसी चीजें हैं, जिसके अभाव में ग्रामीण विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते थे। कलेक्टर श्री नंदनवार ने दंतेवाड़ा में अपनी पदस्थापना के बाद इसी दिशा में कार्य करना प्रारंभ किया। जाति प्रमाण पत्र के लिए शिविर लगाए। प्रशासनिक अमले के साथ विभिन्न गांवों में निदान शिविर के जरिये दस्तक दी तथा ग्रामीणों के साथ संवाद कायम कर सरकार के प्रति विश्वास जगाया, इसी नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह जिले के लिए गौरव का क्षण है।

# विधायक संतराम की अगुवाई में हजारों कांग्रेसियों ने निकाली भरोसे की यात्रा

## धनोरा में नुक्कड़ सभा, भाजपा पर जमकर बरसे विधायक संतराम

**कोण्डागांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में आगामी कुछ माह बाद होने वाला विधान सभा चुनाव जैसे-जसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे सभी राजनैतिक दल कोण्डागांव जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों में सक्रिय होकर चुनावी आचार संहिता लगने के पुर्व ही जोर-षोर से चुनाव के दौरान अपनी स्थिति को मजबुत करने हेतु गांव-गांव का दौरा करते नजर आने लगे हैं। ऐसे ही जिले के विधान सभा क्षेत्र केशकाल में विगत दो कार्यकाल से विधायक चुने गए संतराम नेताम भी अपने विधान सभा क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर केशकाल विधान सभा अंतर्गत सूदूरवर्ती ग्राम इरागांव में विधायक संतराम ने भरोसे की यात्रा निकाली। लगभग 1200 मोटर सायकल के साथ निकली यह भरोसे की यात्रा धनोरा पहुंची। जहां नुक्कड़ सभा को संबोधित करने के बाद इस यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान इरागांव व धनोरा में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस में प्रवेश भी किया है।



इस दौरान विधायक संतराम नेताम ने जनता से कहा कि छग की जनता ने 15 वर्षों तक भाजपा को सत्ता में बैठने का मौका दिया, लेकिन 15 वर्षों में भाजपा की सरकार ने केवल झूठ बोलकर जनता को ठगने का काम किया। लेकिन 2018 में जब हमारी सरकार सत्ता में आई है, हमने कर्ज माफी, धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि, बिजली बिल हॉफ, पुल, पुलिया, सड़क, धान खरीदी केंद्र, स्कूल, कालेज, आईटीआई का निर्माण करवाया है। कांग्रेस शासन के इस पांच वर्ष में हमने धनोरा जैसे क्षेत्र में नवीन शास.महाविद्यालय, आईटीआई, 100 बिस्तर का अस्पताल, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल, जिला सहकारी बैंक का निर्माण करवाया। वही इरागांव, बड़ेखौली, चुरेगांव, बारदा, बोकराबेड़ा, पावड़ा नदी में नवीन पुलिया के निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे गांव-गांव को शहरों से जोड़ने में आसानी होगी। भारतीय जनता पार्टी इतनी बड़ी पार्टी है, लेकिन केशकाल विधान सभा के लिए उनके पास कोई स्थानीय प्रत्याशी नहीं है, सुनने में आया है कि भाजपा, अंतागढ़ के व्यक्ति को केशकाल विधान सभा से उतारने वाली है। जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पांच साल तक जिन कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर काम किया उन्हें नजरअंदाज करके बाहरी व्यक्ति को महत्व दिया जा रहा है। मेरी संवेदनाएं भाजपाइयों के साथ हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# आकांक्षी विखं माकड़ी में 1285 की हुई स्वास्थ्य जांच


## बीपी, शुगर, कैंसर व अन्य विकारों की हुई जांच



**कोण्डागांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के विकास खंड माकड़ी में आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के तहत मंगलवार को 'संकल्प सप्ताह' मनाया गया। जिसमें माकड़ी विकास खंड में 01 सीएचसी, 04 पीएसी एवं 30 सब हेल्थ सेंटरों में संकल्प सप्ताह अंतर्गत हेल्थ मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में 1285 हितग्राहियों का स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें 147 गर्भवती महिलाएं भी शामिल थी, जिनकी जांच की गई। इसके साथ ही 432 बीपी, 385 शुगर, 451 के मुख संबंधी विकारों, 103 का ब्रेस्ट कैंसर के संबंध में जांच, 32 की सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिग की गयी। 288 की एचबी जांच एवं 61 हितग्राहियों की टीबी से संबंधित स्क्रीनिंग की गयी।

# जागरूक बनें, लोकतंत्र के प्रति दिखाएं आस्था : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 की महत्वपूर्ण प्रक्रिया मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज कर दिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देश पर दंतेवाड़ा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार ने पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। श्री नंदनवार ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के चलते मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता आयी है, इसीलिए मतदाता सूची में 14 हजार नये मतदाता जुड़े हैं। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। दंतेवाड़ा विधानसभा में 1 लाख 92 हजार 323 मतदाता आज की स्थिति में हैं। विधानसभा निर्वाचन 2018 के दौरान मतदाताओं की संख्या 1 लाख 87 हजार 407 थी। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त 2023 को हुआ था। इस समय मतदाताओं की संख्या 1 लाख 78 हजार 38 थी। जिले में युवा मतदाता 6 हजार 852, वरिष्ठ मतदाता 1 हजार 85, दिव्यांग मतदाता 1 हजार 497 तथा सेवा कर्मिको की संख्या 366 है। मतदाताओं को अपने मत का महत्व समझते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए। जिले में कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा यह निकला कि मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नये नाम जोड़े गए। सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए जागरूकता जरूरी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम अभी जारी रहेगा, जो नामांकन दाखिले के 10 दिन पहले तक संपन्न होगा। दंतेवाड़ा विधानसभा में कुल 273 मतदान केन्द्र हैं, इनमें 155 अति संवेदनशील, 67 संवेदनशील तथा 51 सामान्य मतदान केन्द्र की श्रेणी में हैं। 2018 के विधानसभा के चुनाव में 60.62 प्रतिशत मतदान हुआ था। श्री नंदनवार ने बताया कि इस बार निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं को घर में मत देने की सुविधा दी है, जो चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हों उनको ही यह सुविधा मिल सकेगी। मतदाता पर्ची बीएलओ के माध्यम से घर-घर दी जाएगी। इसके साथ ही स्टीकर के रूप में घरो में मतदाता पर्ची चस्पा कर दी जाएगी ताकि मतदान के लिए घर के मतदाता मतदान केन्द्र तक अनिवार्य रूप से जा सके। इस पर्ची में मतदाता का नाम, मतदान केन्द्र का नाम व अन्य जानकारी रहेगी। यह स्टीकर घर में लगी रहेगी तो मतदान करने की याद लोगों को रहेगी।



- दंतेवाड़ा विधानसभा में बढ़े 14 हजार मतदाता
- मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

जिले में 2 पिंक बूथ तथा 10 आदर्श बूथ भी बनाए जा रहे हैं। जिले में कुल 6 तहसील, दंतेवाड़ा, गीदम, बड़ेबचेली, कुआकोण्डा, कटेकल्याण और बारसूर शामिल हैं, जबकि 4 उप तहसील बड़े तुमनार, फरसपाल, बड़े गुडरा, पालनार हैं। इस प्रकार तीन अनुभाग दंतेवाड़ा, बड़े बचेली, गीदम हैं। इसी प्रकार मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन पश्चात कुल मतदाता 1 लाख 92 हजार 323 (पुरूष-90 हजार 84), (महिला-1 लाख 2 हजार 237) एवं तृतीय लिंग की मतदाता की संख्या 2 रही।

कलेक्टर श्री नंदनवार ने यह भी जानकारी दी कि विधानसभा निर्वाचन-2018 की तुलना में जिले में युवा मतदाता, दिव्यांग मतदाता एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाता की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके लिए जिले में व्यापक तौर पर स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान, डोर टू डोर सर्वे, शाला एवं पंचायतों में रैली, रंगोली प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता चलायी गयी। पत्रवार्ता में संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र ठाकुर, एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा

## विधायक श्रीमती देवती कर्मा सहित कई शामिल



**दंतेवाड़ा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सर्व धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती देवती कर्मा उपस्थित रहीं। इसके साथ ही सर्वधर्म सभा में एसएल सोरी डीएमसी, धीरेन्द्र प्रताप नगर पालिका उपाध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा सोरी अधिक्षिका कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, श्रीमती सुनिता गोस्वामी संकुल प्राचार्य, त्रिनाथ सिंह ठाकुर एसएमसी अध्यक्ष, श्रीमती फुलेश सोरी संकुल समन्वयक आंवराभाटा, स्काउट गाइड के सदस्य श्रीमती शैनी रविन्द्रन, राजू सुन्नम, श्रीमती गायत्री पटेल, श्रीमती दल बाई नेताम, श्रीमती किरण एक्का, शाला परिसर आंवराभाटा के समस्त स्टाफ, कन्या परिसर दन्तेवाड़ा के विद्यार्थी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विद्यार्थी, हाई स्कूल आंवराभाटा के समस्त विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

उल्टा पुल्टा

दोस्त- यार तुमने स्कूल आना क्यों छोड़ दिया?
पप्पू- मेरे पापा कह रहे थे कि एक ही जगह बार-बार जाने से इज्ज़त कम हो जाती है।

संपादकीय

## मिठाइयों की शुद्धता पर अभी से ध्यान ज़रूरी

*अनेक धार्मिक पर्व नज़दीक आ रहे हैं। थोड़े दिनों के बाद विभिन्न तरह के मिष्ठान्न बनाने की तैयारियां घरों और दूकानों में प्रारम्भ हो जायेंगी। छत्तीसगढ़ में भी ये सारे त्यौहार एवं पर्व काफी धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन सभी तरह के त्यौहारों में घरों में मीठा तो बनता ही है, ज्यादातर लोग दुकानों से मिठाइयां खरीदते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि उनकी शुद्धता पर अभी से ध्यान दिया जाये। राज्य सरकार के खाद्य और औषधि विभाग ने तो अभी से निगरानी प्रारम्भ कर दी है, स्वयं ग्राहकों को चाहिये कि वे सावधान रहें। ऐसी मिठाइयां बिलकुल न खरीदें जिनमें अशुद्धता का ज़रा भी अंदेशा हो। यह सेहत के लिये बहुत हानिकारक है।*

*फिलहाल चल रहे पितृ पक्ष की समाप्ति के तुरन्त बाद यानी 15 अक्टूबर के पश्चात एक तरह से मिष्ठान्नों का मौसम आ जायेगा। श्राद्ध के पकवान तो घरों में ही बनते हैं, जिनमें मीठे पदार्थ भी शामिल होते हैं। बाद के सभी त्यौहारों में लोग बाहरी मिठाइयां खरीदते हैं। इनमें नवरात्रि, विजयादशमी और मुख्य रूप से दीपावली के त्यौहार हैं। लोगों को अपने मित्रों व परिजनों को देने के लिये बड़ी मात्रा में मिष्ठान्न लेने होते हैं जो घरों में बनने सम्भव नहीं होते। इसलिये वे बाजारों का रुख करते हैं। चूंकि इसकी बिक्री इतनी होती है कि उनका निर्माण पहले से करना पड़ता है। खासकर, खोवे का संग्रहण कर रखना होता है वरना इसकी उपलब्धता नहीं रहती। खोवा या जिसे मावा भी कहते हैं, उसकी गुणवत्ता अक्सर खराब पाई जाती है। दूध भी काफी लगता है इसलिये उसमें मिलावट होती है। ऐसे ही, घी व पनीर की भी शिकायतें मिलती हैं। छ.ग. के खाद्य व औषधि विभाग ने मिलावटी व गुणवत्ताहीन सामग्रियां बनने से रोकने के लिये अभी से सख्ती बरतने के निर्देश अपने अधिकारियों को जारी कर दिये हैं। विभागीय अधिकारी खोवा, दूध, घी, पनीर जैसी वस्तुओं पर अभी से नज़र रखेंगे जो कि मिठाइयां बनाने के लिये कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त होते हैं। इसके लिये दूकानों, उनके स्टोर्स, वेयर हाउसों पर नज़र रखी जायेगी और उनकी जांच होगी। खुले में या सड़कों पर पंडाल लगाकर मिष्ठान्न बेचने वालों पर विशेष रूप से नज़र रखी जायेगी।*

*विभागीय कार्रवाई जो भी हो, स्वयं लोगों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। लोगों को चाहिये कि केवल प्रतिष्ठित दूकानों से ही मिठाइयां या अन्य वस्तुएं खरीदें। लम्बे समय तक खुले में रखे या डिब्बाबंद पकवान भी देख-परख कर लेने चाहिये। चखकर देखने की सुविधा हो तो वह भी करना चाहिये। अगर मिठाई किसी और को उपहार में देने के लिये है तो बिलकुल ताजी होनी चाहिये क्योंकि वह देने वाले को पास भी कुछ समय तक तो रखी ही रहती है।*

# प्रधानमंत्री के आने पर भाजपा-कांग्रेस के बीच सियासत तेज

### आरोप-प्रत्यारोप कर वोटरों को साधने में जुटे नेता

**रायपुर, 4 अक्टूबर ( देशबन्धु )। विधानसभा चुनाव की सरगर्मी चुनाव करीब आने के साथ-साथ जहां बढ़ गई है। वहीं इसी बीच दोनों पार्टी भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का लगातार आना इसे और बढ़ा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन ख़ड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी के साथ ही भाजपा के पीएम नरेन्द्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह भी लगातार छत्तीसगढ़ आ चुके है। प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद अब सियासत और गरमा गई है। दोनों ही दल के नेता एक-दूसरे पर आरोप लगा कर प्रदेश की जनता को अपने पाले में करने जुटे हुए हैं।**

## झूठ बोलकर मोदी प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिरा रहे : बैज




प्रधानमंत्री मोदी सत्ता की भूख में झूठ बोलकर प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिरा रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि बस्तर में प्रधानमंत्री ने फिर झूठ बोला कि धान केंद्र सरकार खरीदती है जबकि धान खरीदी भूपेश सरकार अपने दम पर करती है। प्रधानमंत्री ने झूठ बोला कि वनोपज केंद्र सरकार खरीदती है जबकि हकीकत यह है कि वनोपज राज्य सरकार खरीदती है और देश का 70 प्रतिशत वनोपज अकेले भूपेश सरकार खरीदती है। प्रधानमंत्री नगरनार संयंत्र नहीं बेचने के संबंध में कुछ नहीं बोले उल्टा विनिवेशीकरण का फायदा गिनाकर गये। इसका मतलब है मोदी सरकार बस्तर के लोगों के भावनाओं के खिलाफ नगरनार संयंत्र को बेचेगी। मोदी ने 15 साल के भ्रष्टाचार, कुशासन और बस्तर के शोषण के लिये बस्तर की जनता से माफी नहीं मांगा। बस्तर के आदिवासियों का भाजपा राज में जो कत्लेआम हुआ था उस पर भी प्रधानमंत्री चुप रहे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि मोदी ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में भेदभाव कर रहे थे। जब वोट लेने की बारी आती है तब मोदी जी स्वयं ओबीसी बन जाते हैं और जब अधिकार देने की बारी आती है तो हिंदू-मुस्लिम की बात करके वैमनस्यता फैलाते हैं। सांप्रदायिकता का ज़हर घोलने का कुत्सित प्रयास संवैधानिक पद पर बैठे देश के प्रधानमंत्री ने किया। यह मानसिकता कितनी खतरनाक है, जिसमें केवल चुनावी लाभ के लिए एक प्रधानमंत्री ही झूठ बोल देता है, तो नीचे वाले संघी भाजपाइयों से कोई उम्मीद नहीं। प्रधानमंत्री पद की गरिमा को तार-तार कर दिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने सर्व समाज के लिये आरक्षण का प्रावधान कर विधानसभा से पारित करवा कर राजभवन भेजा है जिसमें आदिवासी समाज के लिये 32 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिये 13 प्रतिशत, सामान्य गरीब वर्ग के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। मोदी ने यह नहीं बताया कि उन्होंने आरक्षण बिल को राजभवन में क्यों रोकवा कर रखा है?

## बस्तर की जनता ने मोदी की सभा में लाखों की संख्या में आकर कांग्रेस की हवा निकाली : साव




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद अरुण साव ने कहा है कि प्रदेश में परिवर्तन यात्रा को मिले रेस्पॉन्स से भूपेश सरकार पूरी तरह घबरा गई है। बौखलाहट में वह अब तमाम लोकतंत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रख कर असभ्यता और आशालीनता पर उतर आई है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ, जब प्रधानमंत्री के आगमन पर राज्य की किसी सरकार ने बंद आयोजित किया हो और प्रधानमंत्री की सभा में जाने से जबरन रोकने की ऐसी साजिश रची हो। श्री साव ने कहा कि यहां तक कि कांग्रेस की सरकार ऐसी हिम्मत उस पंजाब में भी नहीं कर पाई जहां श्री मोदी जी सुरक्षा से समझौता हुआ था वास्तव में ऐसा कोई राजनीतिक दल कर भी नहीं सकता। खुद कांग्रेस भी अगर महज़ एक राजनीतिक दल होती, तो ऐसी असभ्यता करने के बारे में सोचती भी नहीं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने आज एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने बस्तर की ऐतिहासिक सभा में कहा कि आज कांग्रेस कोई राजनीतिक दल बची ही नहीं है। कथित गांधी परिवार ने कांग्रेस को एनजीओ, कुछ राष्ट्रविरोधी तत्वों को आउटसोर्स कर दिया है। अब कांग्रेस ऐसा गिरोह बन गया है जिसके संचालन का कार्य देशद्रोही और बाहरी तत्वों द्वारा किया जा रहा है। इसी कारण कांग्रेस हर तरह की अराजकता फैला कर देश में अलगाववाद, जातीय व साम्प्रदायिक विभाजन आदि करा कर भी किसी तरह सत्ता कब्जाना चाहती है। देश को इस ख़तरनाक संगठन से अब सावधान रहना होगा। भाजपा की दो परिवर्तन यात्राओं की चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा कि भूपेश सरकार की कुनीतियों, उसके घोटाले, प्रदेश को लूट लेने की उसकी करतूत और शासन के निकम्मेपन के खिलाफ भाजपा ने प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाली थी।

यह परिवर्तन यात्रा उत्तर में जशपुर और दक्षिण में दंतेवाड़ा से एक साथ शुरू हुई। जशपुर से जहां नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के नेतृत्व में यह यात्रा चली, वहीं दंतेवाड़ा से मैंने इस यात्रा का नेतृत्व किया। दोनों यात्रा का समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर में किया। समापन समारोह बिलासपुर में ऐसा हुआ, जैसा इससे पहले कभी बिलासपुर ने देखा नहीं था।

# रेलवे ने रद्द की फिर 35 ट्रेनें

### राजनांदगांव-कलमना के बीच तीसरी रेलवे लाइन के कार्य के चलते व्यवधान

**रायपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के राजनांदगाँव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी लाइन को आमगांव रेलवे स्टेशन से जोडने का कार्य के लिए इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा। इस इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग कार्य में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य दिनांक 07 से 10 अक्टूबर, 2023 तक एवं नॉन इंटरलोंकिंग का कार्य दिनांक 11 से 14 अक्टूबर, 2023 तक किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द एवं कुछ को गंतव्य से पहले समाप्त एवं रवाना किया जाएगा।

जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है उनमें 11 से 13 अक्टूबर, 2023 तक दुर्ग से छूटने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से छूटने वाली 08743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

12 से 14 अक्टूबर, 2023 तक गोंदिया से छूटने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी से छूटने वाली 08744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

10 से 13 अक्टूबर, 2023 तक इतवारी से छूटने वाली 08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल, रामटेक से छूटने वाली 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, ायपुर से छूटने वाली 08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, रायपुर से छूटने वाली 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08723 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।



11 से 14 अक्टूबर तक इतवारी से छूटने वाली 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल, रामटेक से छूटने वाली 08751 रामटेक- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी से छूटने वाली 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से छूटने वाली 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से छूटने वाली 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल, बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से छूटने वाली 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

8 से 13 अक्टूबर तक गेवरा रोड से छूटने वाली 18239 गेवरा रोड-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) शिवनाथ एक्सप्रेस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर से छूटने वाली 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

9 से 14 अक्टूबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 12856 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

9 अक्टूबर को भूनेश्वर से छूटने वाली 12880 भूनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस, 11 अक्टूबर को को कुर्ला से छूटने वाली 12879 कुर्ला-भूनेश्वर एक्सप्रेस, 11 व 13 अक्टूबर को सिकंदराबाद से छूटने वाली 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस, 12 व 14 अक्टूबर को रायपुर से छूटने वाली 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, 12 अक्टूबर को बिलासपुर से छूटने वाली 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, 13 अक्टूबर को पुणे से छूटने वाली 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस, पोरबंदर से छूटने वाली 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस, 11 अक्टूबर को पूरी से छूटने वाली 20813 पूरीङ्कजोधपुर एक्सप्रेस, 14 अक्टूबर को जोधपुर से छूटने वाली 20814 जोधपुर-पूरी एक्सप्रेस, 15 अक्टूबर को सांतरागाछी से छूटने वाली 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

वहीं 7 से 13 अक्टूबर तक बरौनी से छूटने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस दुर्ग एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 8 से 14 अक्टूबर तक गोंदिया से छूटने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस गोंदिया एवं दुर्ग के बीच रद्द रहेगी।'

# कांग्रेस की सूची 10 के बाद : दीपक बैज

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोशल मीडिया पर भाजपा की वायरल सूची को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने तंज कसा है। उन्होंने कहा, भाजपा आंतरिक लड़ाई से उभर नहीं पाई। आरएसएस भाजपा को रिमोट कंट्रोल की तरह इस्तेमाल करती है। शाह ने बहुत सारे प्रत्याशियों को चेंज करने का निर्णय लिया। भाजपा की पहली सूची को लेकर जबरदस्त विरोध है। जो सूची वायरल हुई उसे लेकर छत्तीसगढ़ और दिल्ली के बड़े नेता परेशान हैं।

कांग्रेस की सूची को लेकर बीजेपी के आरोप पर दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस में कहीं पर भी ऐसी स्थिति नहीं है। 10 अक्टूबर के बाद कांग्रेस की सूची आएगी। जिन स्थानों पर सिंगल नाम तय, उस पर मुहर लगेगी। भाजपा के दूरबीन लेकर प्रदर्शन करने पर बैज ने कहा, चुनाव के लिए भाजपा तरह-तरह के एजेंडे अपना रही। हम उन्हें बस्तर लेकर जाएंगे और वहां विकास दिखाएंगे। बस्तर के अंदरूनी इलाके में स्कूल खुले। सुकमा में बिजली पहुंची। भाजपा ने 15 साल के कार्यकाल में इतना विकास नहीं किया।

- **आंतरिक लड़ाई से उबर नहीं पाई भाजपा**

नगरनार को लेकर पीएम मोदी के संबोधन पर दीपक बैज ने कहा, मोदी बस्तर में आकर झूठ बोलकर चले गए। निजीकरण होगा ये तय, लोकसभा में पीएम ने निजीकरण की बात कही है। पीएम ने चुनावी जुमलों के लिए झूठ बोला। वनोपज संग्रहण पर केन्द्र ने ध्यान नहीं दिया। पीएम का छत्तीसगढ़ आना, झूठ बोलकर जाना, यहां की जनता को अपमानित करना है।'

# सामान्य निधि के कार्यादेश हो चुके सभी नवीन विकास कार्य 6 तक प्रारंभ करवायें : आयुक्त

**रायपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, उपायुक्त श्रीमती कृष्णा देवी खटीक, डॉ. आरके डोंगरे, ए.के. हालदार, रमेश जायसवाल, एन.आर. चंद्राकर, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, हेमंत शर्मा, बी.एल. चंद्राकर, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त ने छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के संदर्भ में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होते हुए उसका नियमानुसार कडाई के साथ रायपुर नगर निगम क्षेत्र में व्यवहारिक परिपालन सुनिष्चित करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने यूनिपोल, सामुदायिक भवनों एवं अन्य विषयों पर आदर्श आचार संहिता का पालन करने के निर्देष दिये। आयुक्त ने जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को नगर निगम सामान्य निधि मद के स्वीकृत एवं कार्यादिशहो चुके सभी नये एवं लंबित विकास कार्यो को 6 अक्टूबर की सुबह तक चयनित स्थलों में प्रारंभ करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये। कार्यादेश एवं स्वीकृति के बाद भी ठेकेदारो द्वारा कार्य नियत समय तक प्रारंभ न किये जाने पर संबंधित ऐसे ठेकेदारो को नियमानुसार कालीसूची में डालने की कडी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देष दिये गये है। आयुक्त ने कहा कि सामान्य निधि से विकास कार्यो को कार्यादेश के बाद स्थलों पर प्रारंभ नहीं किये जाने से संबंधित प्रकरणों में जोनों में पदस्थ संबंधित अभियंतागण जवाबदेह रहेंगे एवं जवाबदेही तय कर उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त ने सांसद निधि एवं विधायक निधि के विकास कार्यो हेतु नियमानुसार तकनीकि स्वीकृति तत्काल भेजा जाना सुनिष्चित करने के निर्देश जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को दिये। आयुक्त ने मुख्यमंत्री घोषणा से संबंधित विकास कार्यो के संबंध में प्रगति की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये।

- **काम शुरु नहीं करने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्टेड**
- **आदर्श आचार संहिता का कडाई से पूर्ण परिपालन करवाया जाये**

## रेलवे स्टेशन के पास 3 महीने तक बंद रहेगा एक्सप्रेस वे

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर रेलवे स्टेशन के गुढ़ियारी छोर पर बने रेलवे अंडर ब्रिज ( ब्रिज नं. 380 ) के एक्सप्रेस वे की तरफ पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिसमें वर्तमान एक्सप्रेस वे को तोड़कर अंडर ब्रिज के लेवल से सड़क सतह को ढलान के साथ नीचा किया जाना है. जिसकी अनुमति 31 अगस्त को अतिरिक्त प्रबंधक संचालक छत्तीसगढ़ रोड़ एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, रायपुर द्वारा प्रदान की गयी है. रायपुर रेल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क को फाफाड़ीह की तरफ बने ओवरब्रिज के ढलान के बाद बंद किया जाएगा. यह कार्य 30 सितंबर से 18 दिसंबर तक किया जाएगा. अत: रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंच वाली लेन को 30 सितंबर से 18 नवंबर तक एवं रायपुर रेलवे स्टेशन से जाने बोली लेन को 30 सितंबर से 28 दिसंबर तक तक बंद किया जा रहा है।




## इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में स्वयं सेवक हेम प्रकाश वर्मा को राज्य स्तरीय सम्मान



**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक एवं पी.एच.डी. छात्र हेम प्रकाश वर्मा को विगत दिनों कृषक सभागार, इंदिरा गांधी कृषि विश्विद्यालय में आयोजित 55वां राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस और राज्य स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में हेम प्रकाश वर्मा को सत्र 2022-23 में राष्ट्रीय सेवा योजना में उल्लेखनीय कार्य हेतु राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयं सेवक सम्मान एवं 10 हजार रूपये नगद राशि से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सम्मानित स्वयं सेवक ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल से सौजन्य भेट करके इस उपलब्धि के बारे में अवगत कराया। कुलपति डॉ. चंदेल ने उन्हें एवं उनसे जुड़े पूरी टीम को बधाई तथा शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. जी.के. दास, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रायपुर, अधिष्ठाता खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर, डॉपी. के. सांगोडे कार्यक्रम समन्वयक, डॉ संजय कुमार भरिया कार्यक्रम अधिकारी (बालक ईकाई) राष्ट्रीय सेवा योजना इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर उपस्थित थे।'

## सीजीपीएससी के चेयरमैन बनाए गए डॉ. प्रवीण वर्मा



**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के सदस्य डॉ। प्रवीण वर्मा को सीजीपीएससी के नए चेयरमैन बनाए गए हैं। वे कल शाम को अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। बेमेतरा निवासी प्रवीण वर्मा पूर्व विधायक स्व। डॉ। चेतन वर्मा के पुत्र हैं।

- **आज संभालेंगे पदभार**

सीजीपीएससी के चेयरमैन टामन सोनवानी का कार्यकाल खत्म हो चुका है। वहीं अब डॉ। प्रवीण वर्मा को छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं।'

**मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती की जयंती पर किया नमन**

रायपुर, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रानी दुर्गावती की जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि गोंडवाना साम्राज्य की रानी दुर्गावती भारतीय नारी की दृढ़ इच्छाशक्ति और शौर्य की प्रतीक हैं। उन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद धैर्य और कुशलता के साथ अपने साम्राज्य को सम्हाला और उसे सम्पन्न बनाया।



# अवैध कब्जेदारों के खिलाफ बीरगांव निगम सख्त

## अभियान पूर्वक हटाए गए कब्जे




**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। आयुक्त नगर पालिक निगम बीरगांव के ब्रिजेश क्षत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य मार्ग व्यास तालाब से सिघानियां चौक उरला, भनपुरी चौक से बिलासपुर मुख्य मार्ग एवं सर्विस मार्ग तथा सरोरा उरला सुभाष चौक-बेन्द्री -पठारीढीह रोह मुख्य एवं सर्विस मार्गो में व्यावसायियों/व्यापारियों के द्वारा नाली एवं दुकान के बाहर टेन्ट, सामग्री एवं अन्य माध्यमों से सडक बाधा उत्पन्न करने की शिकायते लगातार प्राप्त हो रही है। इसी तारतम्य में नगर पालिक निगम, पुलिस एवं यातायात विभाग के द्वारा निर्देशानुसार सयुक्त कार्यवाही 4 अक्टुबर से प्रारंभ किया गया है इस दौरान उक्त अमलों के द्वारा व्यास तालाब उरला मुख्य मार्ग के दोनों ओर व्यावसायियों एवं फुटकर विक्रेताओं के दुकान अतिक्रमण सडक बाधा परितेष के तहत कार्यवाही की गई है जो प्रतिदिन जारी रहेगा।

उक्त दुकानदारों व्यावसायियों एवं अन्य विक्रेताओं को सतत चेतावनी देने के बावजूद भी लगातार आदेश निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है, कार्यवाही के दौरान व्यावसायियों के सामाग्री जप्त करने, जुर्माना सहित दो दुकानदारों का दुकान सील करने की कार्यवाही की गई। छत्तीसगढ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं सडक बाधा उत्पन्न करने वाले पर विहित धाराओं के तहत जिला दण्डाधिकारी द्वारा सख्त कार्यवाही करने निदेर्शित किया गया है।

इसी निर्देश के परिपालन में आज की कार्यवाही में संजय टीवी सेन्टर, देवागन प्रोपराईटर एवं टेड्रर्स के दुकान सील करने एवं अन्य विक्रेताओं, व्यवसायियों पर 4500 जुर्माना वसूली सहित सडक बाधा उत्पन्न करने वाले सामाग्रियों की जप्त किया गया है एवं प्रकरण तैयार किया गया। इस सबंध में आयुक्त द्वारा अमलों को सख्त हिदायत दी गई है कि कोई भी व्यक्ति, दुकानदार, व्यवसायी द्वारा नियम का उल्लंघन करने पाये जाने पर एवं सडक बाधा उत्पन्न करने वाले व्यापारियों के अतिक्रमण, यातायात को बाधित करने वाले आटो चालक, पर नियमानुसार जप्ती जुर्माना सहित आवश्यक हो तो दुकान सील करने लायसेंस , वेन्डर कार्ड, पालीथीन का उपयोग एवं अन्य धाराओं का उल्लंघन पाये जाने पर प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही प्रतिदिन किया जावे, इसके लिये निकाय के अतिक्रमण अमला स्वत: जिम्मेदार रहेंगें।

उक्त कार्यवाही निकाय द्वारा प्रतिदिन किया जावेगा। समस्त नागरिकों से अपील है कि दुकान के सामने वाहन, पार्किंग की उचित व्यवस्था एवं सामग्री बाहर न रखें अन्यथा किसी भी प्रकार की क्षति के लिए दुकानदार स्वत: जिम्मेदार रहेंगे।

# जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की हुई बैठक में केन्द्रीय योजनाओं की हुई समीक्षा



**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद सुनील सोनी के अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। रायपुर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा, उपस्थित थे।

बैठक में सांसद सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस बैठक का उद्देश्य जनता को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देना है इसलिए बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि अपनी क्षेत्र की समस्याओं के बारे में निशंकोच अधिकारियों के सामने अपनी बात रखें, जिससे वास्तविक जानकारी सामने आए और समस्या का समाधान हो। जिले के सभी अधिकारियों को योजनाओं के तहत मंजूर किए गए कामों की सतत मॉनिटरिंग-समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों की सहुलियत के लिए स्वीकृत किए गए विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए लगातार समीक्षा की जानी चाहिए। श्री सोनी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभाग सड़कों की मरम्मत करें। जलजीवन मिशन की तहत दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर और गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। राजधानी में दशहरा, दीपावली तथा अन्य त्योहार आने वाले हैं। सड़कों एवं प्रमुख बाजारों में भीड़-भाड की स्थिति निर्मित होगी, उससे पहले नगर निगम शहर की सड़कों का सुधार करें और साफ सफाई में विशेष ध्यान दें। सांसद आदर्श ग्राम में मूलभूत सुविधाओं का मुहैया कराएं। सांसद श्री सोनी ने मनरेगा की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों में गति लाने का निर्देश दिए। साथ ही उपलब्धियों की जानकारी ली।

# मदरसा बोर्ड की परीक्षा के आवेदन 31 तक होंगे जमा

**रायपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा-2024 तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 2024 के परीक्षा आवेदन-फार्म अब 31 अक्टूबर 2024 तक जमा होंगे।

छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि सामान्य शुल्क के साथ फार्म जमा करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर दी गई है। समस्त अग्रेषण केन्द्रों में सामान्य शुल्क के साथ अब परीक्षा फार्म 31 अक्टूबर तक जमा किये जा सकेंगे। रायपुर जिले के लिए उर्दू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शास्त्री बाजार रायपुर तथा नूरानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजातालाब रायपुर को अग्रेषण केन्द्र बनाया गया है। विलंब शुल्क 250 रूपए के साथ 08 नवम्बर 2023 तथा विलंब शुल्क 500 रूपए के साथ 16 नवम्बर 2023 तक अग्रेषण केन्द्रों में परीक्षा फार्म जमा किये जा सकते हैं। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने बताया है कि परीक्षा फार्म वितरण एवं जमा करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में अग्रेषण केन्द्र बनाये गए हैं। अग्रेषण केन्द्रों के नाम इस प्रकार है - उर्दू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शास्त्री बाजार रायपुर, नूरानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजातालाब रायपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तकियापारा दुर्ग, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फरीद नगर भिलाई, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा , शासकीय कन्या हाईस्कूल मांझापारा कांकेर, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महावीरगंज, शासकीय आ. रा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर, शासकीय आ. बा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा, डॉ. शो. दे. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर बिलासपुर, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केदारपुर अम्बिकापुर, शासकीय हाईस्कूल चांदमारी रायगढ़ तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ से परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक छात्र-छात्राऐं परीक्षा फार्म जमा कर सकते हैं।

# किसानों-महिलाओं ने सीखा मशरूम उत्पादन व प्रसंस्करण

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के पौध रोग विभाग द्वारा अखिल भारतीय समन्वित मशरूम अनुसंधान परियोजना अंतर्गत पांच दिवसीय मशरूम एवं स्पान उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्रों के विषय वस्तु विशेषज्ञ तथा मशरूम उत्पादन करने वाले प्रगतिशील कृषक एवं महिलाएं शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को मशरूम बीज (स्पान) बनाने की तकनीक के विभिन्न चरणों का जीवंत प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य में व्यावसायिक रूप से उगाये जाने वाले मशरूमों जैसे-आयस्टर, पैरा तथा दूधिया मशरूमों की उत्पादन तकनीक का जीवंत प्रदर्शन किया गया तथा मशरूम के प्रसंस्कृत उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने 'स्वयं से करके देखो' पद्धति के माध्यम से मशरूम बीज, मशरूम उत्पादन, मशरूम प्रसंस्करण को पूरी तन्मयता से सीखा। इस अवसर पर मशरूम वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम तेंदुआ, नवा रायपुर में सफल महिला मशरूम उद्यमी श्रीमती नम्रता यदु द्वारा व्यायसायिक रूप से संचालित मशरूम उत्पादन केन्द्र का भ्रमण भी कराया गया। इस अवसर पर उन्होने प्रशिक्षण के दौरान बताये गये सभी पहलुओं का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवायें, डॉ. अजय वर्मा, पौध रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ए.एस. कोटस्थाने, सह-संचालक अनुसंधान डॉ. धनंजय शर्मा उपस्थित थे। सभी सम्मानीय अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से मशरूम बीज (स्पान) की उपलब्धता को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इसके लिये तकनीकी मार्गदर्शन मशरूम अनुसंधान प्रयोगशाला, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के पौध रोग विभाग द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के अन्त में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन डॉ. एच.के. सिंह, मशरूम वैज्ञानिक तथा पौध रोग विभाग के अन्य वैज्ञानिकों द्वारा किया गया।



**कृषि महाविद्यालय रायपुर में पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण**

## सार-संक्षेप

### गुरु घासीदास अकादमी भवन में कंप्यूटर प्रशिक्षण व लाइब्रेरी कक्ष का उद्घाटन आज

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 5 अक्टूबर (गुरुवार) को प्रात: 10 बजे कंप्यूटर प्रशिक्षण व लाइब्रेरी कक्ष का उद्घाटन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया होगें।अध्यक्षता महापौर एजाज ढेबर करेंगे। अकादमी की संरक्षक श्रीमती शकुन डहरिया, अध्यक्ष के.पी. खण्डे, महासचिव डॉ.जे. आर. सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने लोकार्पण कार्यक्रम में सतनामी समाज के सभी प्रमुख पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओं एवं महिला मंडल के सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की है।

### रोजगार कार्यालय में 6 को जॉब फेयर

**रायपुर,** 4 अक्टूबर। स्थानीय बेरोजगार शिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 06 अक्टूबर को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में जॉब फेयर आयोजित होगा। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस जॉब फेयर में न्यूनतम आठवीं-दसवीं पास युवाओं को लगभग 235 पदों पर भर्ती का अवसर मिलेगा। रोजगार प्राप्त युवाओं को 8 हजार रूपये से लेकर 45 हजार रूपये तक मासिक वेतन मिल सकेगा। इस जॉब फेयर में जैनिक्स नौकरी एंड कंन्सल्टेंसी रायपुर, मौर्या ढ़ाबा चरौदा, एलआईसी ऑफिस आरंग, अलर्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। जॉब फेयर के माध्यम से आठवीं से लेकर ग्रेजुएट एवं कम्प्यूटर उत्तीर्ण अनुभवी और फ्रेशर सभी युवा रोजगार पा सकते हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर में बुधवार को हिन्दी माह के अवसर पर राजभाषा संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। संघ की राजभाषा हिन्दी के प्रति अपने प्रेम की प्रतिबद्धता को दिखाते हुए कार्यालय के सभी सदस्य सभागार में एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत राजभाषा अधिकारी राहुल कुमार प्रसाद द्वारा एक लघु भाषण द्वारा हुई.इस विशेष मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा हिन्दी दिवस पर भेजे गए हमारे बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विडियों संदेश प्रसारित की गई एवं गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री,भारत के संदेशों का पाठ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति गिरजाशंकर गौतम, सहायक प्रधायापक, हिन्दी विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय प्रमुख अमित बैनर्जी द्वारा स्वागत किया गया . इस संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित बैनर्जी ने बैंक के स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया राजभाषा के क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा की विशेष योगदान की चर्चा करते हुए बैंक के सहायक महाप्रबन्धक अमित बैनर्जी ने हिन्दी भाषा में बैंकिंग कार्य करने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों की सराहना की तथा इसे और बढ़ाने पर जोर दिया . उन्होंने यह भी सूचित किया की बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर क्षेत्र को बड़ौदा को नराकास रायपुर को वर्ष 2021-22 में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ हैं .इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने आधुनिक परिवेश में हिन्दी का महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए हिन्दी के विकास से स्टाफ सदस्यों को अवगत कराया और बताया कि किस प्रकार वर्तमान में हिन्दी का क्षेत्रफलक का विस्तार करने में सहायता प्रदान की और किस प्रकार से हमें अपनी भाषाई संस्कृति को बचाने की जरुरत हैं .इस अवसर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक, अमित बैनर्जी एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख, दीपक कुमार मिश्रा ने हिन्दी दिवस के अवसर आयोजित हिन्दी से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया. उक्त कार्यक्रम का समापन उप क्षेत्रीय प्रमुख, दीपक कुमार मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।



# कांग्रेसी पहले अपने गिरेबां में झांके : भाजपा

## झूठ की बुनियाद पर खड़ी है कांग्रेस : अजय चंद्राकर

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता पहले अपने गिरेबाँ में झाँकें। सच यह है कि पूरी कांग्रेस पार्टी झूठ की बुनियाद पर खड़ी है। श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेसी झूठ और भ्रम फैलाने में माहिर हैं।



भाजपा मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस हर बार झूठ बोल कर सत्ता में आती है और जनता के साथ धोखाधड़ी करती है। करप्शन और कमीशन का खुला खेल खेलती है। दूसरी ओर भाजपा जो कहती है वह पूरा करके दिखाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब संसद या खुले मंच पर सवाल करते हैं तो कांग्रेसी निरुत्तर होकर जवाब नहीं दे पाते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा धान और वनोपज खरीदी को लेकर झूठ बोलने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि पहले भूपेश सरकार बताए कि क्या केंद्र सरकार धान खरीदी के लिये पैसे नहीं देती? श्री चंद्राकर ने कहा कि 2018 के चुनावी घोषणा-पत्र में कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ के किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने की बात कही गई थी। आखिर दो साल का बोनस किसानों को क्यों नहीं दिया? 10 लाख बेरोजगारों को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी, वह भी झूठ निकली। भूपेश सरकार बताये कि कितने बेरोजगारों को रोजगार दिया गया? चुनाव करीब आते आते बेरोजगारी भत्ता देने की शुरूवात की। वह भी जटिल शर्तों व मापदंडों के साथ जिसके कारण कई बेरोजगारों को इसका लाभ नहीं मिल पाया।

## निधन

### मनप्रीत कौर अरोरा

**रायपुर,** 4 अक्टूबर। पंडरी, गोविंद नगर निवासी सरदारनी मनप्रीत कौर अरोरा का आकस्मिक निधन 4 अक्टूबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम ले जाई जाएगी। वे गुरविंदर सिंह अरोरा की पत्नी व हरदीप सिंह अरोरा की माता थी।



### योगेश वर्मा

**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर। ग्राम पंचायत सकलोर निवासी योगेश वर्मा का गत दिनो आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# राजधानी में 48 वें नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ



## छग हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा व छग योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा हुए शामिल

**रायपुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा रायपुर के शंकर नगर स्थित बालाजी उद्यान में 48 वें नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा तथा छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा रहे। योगाभ्यास केन्द्र का संचालन योग प्रशिक्षक प्रदीप साहू द्वारा प्रतिदिन सुबह 06 से 07.30 बजे तक किया जाएगा। गौरतलब है कि बीते 30 सितंबर को अग्रसेन चौक रायपुर में 47 वें नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस प्रकार योग आयोग द्वारा राजधानी रायपुर में लगातार नि:शुल्क योगाभ्यास केन्द्र खोले जा रहे हैं, जिनका लाभ आमजनता को मिल रहा है। श्री ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा प्रदेश में आमजनों के स्वास्थ को सुदृढ़ बनाने के लिए निरन्तर नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का प्रारंभ किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पूरे विश्व पहचाना जा सके इसके लिए हम सदैव तत्पर हैं। श्री कुलदीप जुनेजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग राज्य के आमजनों को शारीरिक और मानसिक रूप स्वस्थ रखने का महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में वार्ड के पार्षद अमितेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में योग साधकगण उपस्थित रहे।

# शराब को लेकर भूपेश सरकार लगातार झूठ बोलकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह चुरा रही : चंदेल

**रायपुर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने शराब को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर लगातार झूठ बोलकर अपनी जिम्मेदारी से मुँह चुराने का आरोप लगाया है। श्री चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल द्वारा भाजपा की पूर्ववर्ती राज्य सरकार पर शराब बेचने की ट्रेनिंग देने का आरोप लगाया जाना उस कहावत को चरितार्थ कर रहा है कि सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद! अपनी वादाखिलाफी और शराब घोटाले के काले कारनामों को ढँकने के लिए लाख झूठ बोलकर, स्तरहीन बयान देकर भी मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ को शराब के दलदल में धकेलने के पाप से बरी नहीं हो पाएंगे।



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि प्रदेश साक्षी है कि पूर्ण शराबबंदी का वादा करने के बावजूद प्रदेशभर में गाँव-गाँव, गली-गली और घर-घर शराब पहुँचाने का कलंकित अध्याय मुख्यमंत्री बघेल के शासनकाल में लिखा जा रहा है, शराब की प्रीमियम दुकानें चल रही हैं, नकली होलोग्राम बनाए जा रहे हैं और गंगाजल की कसम खाकर माँ गंगा तक को अपमानित करने का कृत्य कांग्रेस के शासनकाल में हुआ। यहाँ तक कि कोरोना काल तक में तमाम वर्जनाओं और मर्यादाओं को ताक पर रखकर भूपेश सरकार ने शराब बेचने की ऐसी लोलुपता दिखाई कि पूरे देश में छत्तीसगढ़ शर्मसार हो गया। षड्यंत्र की इन्तेहा देखिए कि खुद सरकार से जुड़े लोग कच्ची और देशी शराब बिकवाते थे, और जब इसे पी कर बड़ी संख्या में मौतें हुई तो इसे ही बहाना बनाकर भूपेश सरकार ने शराब की होम डिलीवरी भी शुरू कर दी थी। ऐसा अन्याय करने वाली भूपेश बघेल सरकार इस देश की पहली ऐसी राज्य सरकार है। श्री चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल तो शराब बिक्री के इतने बड़े सौदागर निकले कि अन्य राज्यों को भी शराब बेचने की ट्रेनिंग देते जरका भी शर्म अनुभव नहीं कर रहे थे। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने सीएम पद को कलेक्शन मास्टर (सीएम) बना दिया है। वे सोनिया खानदान के राजस्व कलेक्टर बन गए हैं। यह दारू वाली सरकार है। जैसे तेलगी ने नकली नोटों का कारोबार किया था, वैसे ही भूपेश ने नकली होलोग्राम का कारोबार किया है। टैक्स वसूलने वाली सरकार खुद टैक्स चोरी कर रही है। छत्तीसगढ़ शर्मसार है। कांग्रेस की सरकार ने जनता से शराबबंदी का वादा कर जनादेश लिया था। आज उस शराब में सबसे बड़ा घोटाला भूपेश सरकार का सामने आया है। श्री चंदेल ने कहा कि वास्तव में अरबों की नाजायज रकम की हवस में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की एक पूरी पीढ़ी बर्बाद कर दी है। यह भोपाल के गैस कांड से भी बड़ा नरसंहार है। यह भरोसे का खून है। हजारों मौत प्रदेश में शराब के कारण हुई है। सड़क दुर्घटनाओं में सैकड़ों मृत्यु हुई है जिसका कारण शराब है। नशे में अबोध बेटियों तक की हत्या, पत्नी का खून आदि इस शराब के कारण हुआ है। शासन द्वारा अवैध रूप से बेचे जा रहे कच्ची शराब से पूरी पीढ़ी बीमार हो गयी है। भूपेश बघेल वास्तव में मुगल और अंग्रेज जैसा लुटेरा साबित हुए हैं। इस शराब से शासकीय खजाने को तो अरबों का चूना लगा ही, प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य और उसकी जान का भी सौदा किया गया। मुख्यमंत्री बघेल तो केजरीवाल से बड़े शराब घोटालेबाज साबित हुए हैं।

उल्टा पुल्टा

दोस्त- यार तुमने स्कूल आना क्यों छोड़ दिया?
पप्पू- मेरे पापा कह रहे थे कि एक ही जगह बार-बार जाने से इज्ज़त कम हो जाती है।

## संपादकीय

## मिठाइयों की शुद्धता पर अभी से ध्यान ज़रूरी

*अनेक धार्मिक पर्व नज़दीक आ रहे हैं। थोड़े दिनों के बाद विभिन्न तरह के मिष्ठान्न बनाने की तैयारियां घरों और दूकानों में प्रारम्भ हो जायेंगी। छत्तीसगढ़ में भी ये सारे त्यौहार एवं पर्व काफी धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन सभी तरह के त्यौहारों में घरों में मीठा तो बनता ही है, ज्यादातर लोग दुकानों से मिठाइयां खरीदते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि उनकी शुद्धता पर अभी से ध्यान दिया जाये। राज्य सरकार के खाद्य और औषधि विभाग ने तो अभी से निगरानी प्रारम्भ कर दी है, स्वयं ग्राहकों को चाहिये कि वे सावधान रहें। ऐसी मिठाइयां बिलकुल न खरीदें जिनमें अशुद्धता का ज़रा भी अंदेशा हो। यह सेहत के लिये बहुत हानिकारक है।*

*फिलहाल चल रहे पितृ पक्ष की समाप्ति के तुरन्त बाद यानी 15 अक्टूबर के पश्चात एक तरह से मिष्ठान्नों का मौसम आ जायेगा। श्राद्ध के पकवान तो घरों में ही बनते हैं, जिनमें मीठे पदार्थ भी शामिल होते हैं। बाद के सभी त्यौहारों में लोग बाहरी मिठाइयां खरीदते हैं। इनमें नवरात्रि, विजयादशमी और मुख्य रूप से दीपावली के त्यौहार हैं। लोगों को अपने मित्रों व परिजनों को देने के लिये बड़ी मात्रा में मिष्ठान्न लेने होते हैं जो घरों में बनने सम्भव नहीं होते। इसलिये वे बाजारों का रुख करते हैं। चूंकि इसकी बिक्री इतनी होती है कि उनका निर्माण पहले से करना पड़ता है। खासकर, खोवे का संग्रहण कर रखना होता है वरना इसकी उपलब्धता नहीं रहती। खोवा या जिसे मावा भी कहते हैं, उसकी गुणवत्ता अक्सर खराब पाई जाती है। दूध भी काफी लगता है इसलिये उसमें मिलावट होती है। ऐसे ही, घी व पनीर की भी शिकायतें मिलती हैं। छ.ग. के खाद्य व औषधि विभाग ने मिलावटी व गुणवत्ताहीन सामग्रियां बनने से रोकने के लिये अभी से सख्ती बरतने के निर्देश अपने अधिकारियों को जारी कर दिये हैं। विभागीय अधिकारी खोवा, दूध, घी, पनीर जैसी वस्तुओं पर अभी से नज़र रखेंगे जो कि मिठाइयां बनाने के लिये कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त होते हैं। इसके लिये दूकानों, उनके स्टोर्स, वेयर हाउसों पर नज़र रखी जायेगी और उनकी जांच होगी। खुले में या सड़कों पर पंडाल लगाकर मिष्ठान्न बेचने वालों पर विशेष रूप से नज़र रखी जायेगी।*

*विभागीय कार्रवाई जो भी हो, स्वयं लोगों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। लोगों को चाहिये कि केवल प्रतिष्ठित दूकानों से ही मिठाइयां या अन्य वस्तुएं खरीदें। लम्बे समय तक खुले में रखे या डिब्बाबंद पकवान भी देख-परख कर लेने चाहिये। चखकर देखने की सुविधा हो तो वह भी करना चाहिये। अगर मिठाई किसी और को उपहार में देने के लिये है तो बिलकुल ताजी होनी चाहिये क्योंकि वह देने वाले को पास भी कुछ समय तक तो रखी ही रहती है।*

# जिले में बढ़े 39 हजार 364 मतदाता

## निर्वाचन अधिकारी ने किया आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की घोषणा की गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने बताया कि 02 अगस्त 2023 से 11 सितंबर 2023 तक मतदाता केंद्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया गया है। 11 सितंबर 2023 तक की स्थिति में जिले में कुल मतदाता 13 लाख 91 हजार 986 से बढ़कर 14 लाख 31 हजार 350 मतदाता हो गए हैं। इस तरह से कुल 39 हजार 364 नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हुआ हैं। इनमें 17 हजार 173 पुरूष मतदाता एवं 22 हजार 189 महिला मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं।

विधानसभा क्र. 62 पाटन में कुल 4080 नये मतदाता जुड़े हैं, इनमें 1831 पुरूष एवं 2249 महिला मतदाता का नाम शामिल हुए है। इसी प्रकार वि.स.क्र. 63 दुर्ग ग्रामीण में 5 हजार 91 नए मतदाता का नाम जोड़े गए हैं, इनमें 2 हजार 104 पुरूष एवं 2 हजार 988 महिला मतदाता का नाम शामिल है। वि.स. क्र 64 दुर्ग शहर में कुल 7 हजार 969 नए मतदाता का नाम जोड़े गए हैं, जिसमें 3 हजार 493 पुरूष एवं 4 हजार 476 महिला मतदाता शामिल है। वि.स.क्र. 65 भिलाई नगर में 4 हजार 514 नये मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, इसमें 1 हजार 839 पुरूष एवं 2 हजार 673 महिला मतदाता का नाम जोड़ा गया है। वि.स. क्र 66 वैशाली नगर में कुल 7 हजार 294 मतदाताओं के नाम जोड़े गये है, जिसमें 3 हजार 164 पुरूष एवं 4 हजार 124 महिला मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। वि.स.क्र. 67 अहिवारा में कुल 7 हजार 185 नये मतदाता जोड़े गए है, जिसमें 3 हजार 157 पुरूष एवं 4 हजार 30 महिला मतदाता का नाम शामिल है। वि.स.क्र. 68 साजा आंशिक में कुल 2 हजार 527 मतदाताओं के नाम जोड़े गये है, जिसमें 1 हजार 244 पुरूष एवं 1 हजार 284 महिला मतदाता का नाम जोड़ा गया है। वि.स. क्र. 69 बेमेतरा आंशिक में भी 704 मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है, जिनमें 341 पुरूष एवं 363 महिलाएं शामिल है।



**विधानसभावार मतदाता की जानकारी**

| विधानसभा | पुरूष | महिला | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| वैशाली नगर | 125410 | 125050 | 11 | 250471 |
| अहिवारा | 120942 | 123301 | 12 | 24425 |
| दुर्ग शहर | 111426 | 115797 | 21 | 227244 |
| दुर्ग ग्रामीण | 109526 | 110447 | 5 | 219978 |
| पाटन | 107574 | 109086 | 1 | 216661 |
| भिलाई नगर | 84500 | 83842 | 3 | 168345 |
| साजा (आंशिक) | 43510 | 42653 | 2 | 86165 |
| बेमेतरा (आंशिक) | 9179 | 9052 | 0 | 18231 |
| योग | 712067 | 719228 | 55 | 1431350 |

ज्ञात हो कि वर्तमान विधानसभा पाटन में मतदान केंद्रों की संख्या 246 है। इसी प्रकार वि.स.दुर्ग ;ग्रामीण में 227, वि.स.दुर्ग ;शहरी में 215, भिलाई नगर में 167, वैशाली नगर में 242, अहिवारा में 259, साजा ;आंशिक में 101 एवं बेमेतरा ;आंशिक में 22 मतदान केंद्र है। इस प्रकार कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1479 है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले में 3362 बीयू, 2032 सीयू, 2216 वीवीपीएटी उपलब्ध है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन एवं स्थानांतरण के लिये ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं तथा मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते है अथवा किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टोल फ्री नं.1950 में संपर्क कर सकते है।

**वर्तमान में विधानसभावार मतदान केन्द्रों की संख्या निम्नानुसार है :**

विधानसभा पाटन 246, दुर्ग ग्रामीण 227, दुर्ग शहर 215, भिलाई नगर 167, वैशाली नगर 242, अहिवारा 259, साजा (आंशिक) 101, बेमेतरा (आंशिक) 22 - योग 1479 ।

# महापौर भिलाई की कार से दो वाहनों को लगी ठोकर

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे भिलाई महापौर नीरज पाल की कार से राजेन्द्र पार्क चौक पर दो दुपहिया वाहनों को डेश लग जाने से तीन लोग घायल हो गये। इनमें एक एक्टीवा चालक वर्षा संतोष कुंजाम, सहायक जेल अधीक्षक दुर्ग, उनकी सुपुत्री कोया कुंजाम तथा एक वाहन चालक वेदाशु पटेल सिविल लाईन दुर्ग निवासी है। श्रीमती कुंजाम की रिपोर्ट पर पुलिस ने महापौर की कार के ड्रायवर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। घायलों का घर पर ही इलाज जारी है। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। पद्मनाभपुर पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया कि महापौर कार में बैठे थे, वाहन ड्रायवर चला रहा था।

- **सहायक जेल अधीक्षक, उनकी पुत्री सहित एक अन्य घायल**
- **कार चालक के खिलाफ मामला**

पद्मनाभपुर पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि सहायक जेल अधीक्षक वर्षा संतोष कुंजाम गत संध्या एक्टीवा क्रमांस सीजी 08 एमएक्स 01 अपनी पुत्री कु. कोया कुंजाम को बैठाकर स्टेशन रोड की दूकानों से शॉपिंग कर राजेन्द्र पार्क में खड़ी थी। इसी बीच ईनावा क्रीस्टा क्रमांस सीजी 07 बीडब्ल्यू 5554 के चालक ने श्रीमती कुंजाम की एक्टीवा को डेश मार दिया। जिससे उनकी गाड़ी सड़क पर गिर पड़ी। इस दुर्घटना में उक्त दोनों मां बेटी को शरीर में कई ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शहर के 9 जगहों पर किया जा रहा है आधार कार्ड अपडेशन

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत नागरिको की सुविधाओं के लिए लगातार शहर क्षेत्र के अलग अलग 9 जगहों पर आधार कार्ड बनाया जा रहा है इसके साथ साथ आधार कार्ड मे हुई त्रुटियों को सुधार कर कर अपडेट किया जा सकता है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि आमतौर पर आधार कार्ड बनाने और आधार कार्ड में हुई त्रुटियों में सुधार या मोबाइल नंबर अपडेशन समस्या आ रही थी। हितग्राही अपना आधार कार्ड संबंधित समस्याओ के लिए 9 जगहों पर आधार कार्ड अपडेशन संबंधी कार्य कराया जा सकता। देखे कहा-कहा बनाया जा रहा है आधार कार्ड, कलेक्ट्रेट दुर्ग, तहसील कार्यलय, नगर निगम दुर्ग, शासकीय प्राथमिक शाला कसारीडीह, सीएसपीडीसीएल आफिस दुर्ग, आदित्य नगर जोन कार्यलय, बोरसी जोन कार्यालय, डाटा सेंटर इन स्थानों में पहुँचकर आधार कार्ड बनवा सकते है।

# चुनाव के मद्देनजर अवैध मदिरा बेचने वालों पर कार्रवाई

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा का विक्रय करने वाले अपराधियों पर लगातार नजर रखकर इसमें लिप्त अपराधियों के विरूद्ध शराब जब्त कर कार्रवाई की जा रही है, 1अक्टूबर को मंगलबाजार मरौदा में 50 पौवा मात्रा 19 बल्क 5 लीटर देशी मदिरा जब्त की गई। इसी तरह 2 अक्टूबर शुष्क दिवस पर टीपी नगर भिलाई में 133 पाव मात्रा 23.94 बल्क लीटर 47 पाव ब्रेस्टो रेपर व्हिस्की 57 देशी मदिरा मसाला, 29 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई। इन प्रकरणों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# 15 करोड़ की हेराफेरी का आरोप लगाने वाले 15 पैसे का भी साक्ष्य पेश नहीं कर पायें



- **जमानत पर जेल से छूटे पूर्व बैंक अध्यक्ष बेलचंदन की पत्रवार्ता**
- **अपनी गिरफ्तारी को बेलचंदन ने बताया कांग्रेस की साजिश**

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपनी गिरफ्तारी को कांग्रेस की साजिश निरूपित करते हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष व सहकारिता नेता प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा की उन पर 15 करोड़ रूपयों की हेराफेरी का आरोप लगाने वाले लोग हाईकोर्ट में पेश किये गये चालान मों 15 पैसे का भी साक्ष्य नहीं पेश कर पाये। इसकी वजह से ही उन्हें जमानत मिल पाई है। श्री बेलचंदन आज 69 दिन की जेल यात्रा से जमानत पर छूटने के बाद पत्रवार्ता में पत्रकारों को उपरोक्त जानकारी दी।

श्री बेलचंदन ने कहा कि दुर्ग, बालोद, व बेमेतरा जिला में उनके अध्यक्ष रहते सहकारिता के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उनके विरूद्ध यह साजिश रची गई है।

श्री बेलचंदन ने पत्रवार्ता में बताया कि गोदाम निर्माण में सब्सीडी और एक मुश्त समझौता में किसानों की ऋणमाफी को लेकर 15 करोड़ रूपयों की हेराफेरी के आरोप में 6 धाराओं के तहत उन्हें जल्दबाजी में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के विभाजन के बाद उन्हें अत्यंत दयनीय स्थिति में यह बैंक मिला था। मर्यादा में रहकर उन्होंने और उनके साथियों ने सहकारिता के क्षेत्र व इस बैंक को ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। इसलिए दुर्ग बालोद व बेमेतरा जिला के किसानों को सहकारिता के माध्यम से सुविधाएं मिल रही है।

अपनी पत्रवार्ता में जिला सहकारिता केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के कतिपय मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल में सहकारिता की हुई दुर्दशा की भी चर्चा की और अनेक आरोप लगाये। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस शासन में बैंक में हुए तालपत्री, सुतली, भूसा व रंग खरीदी में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत संभागायुक्त दुर्ग से की गई है। पत्रवार्ता में बैंक के संचालक मंडल के पूर्व सदस्य शिव चंद्राकर, रमाकांत द्विवेदी. व्यास नारायण देवांगन, चुम्मन लाल साहू, कमल नारायण वर्मा भी उपस्थित थे।

# दिव्यांग स्कूली बच्चों के आंकलन शिविर में 70 हितग्राही लाभान्वित

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास खण्ड स्रोत केन्द्र दुर्ग ग्रामीण द्वारा विकास खण्ड स्तरीय कक्षा 1 से 12 वीं तक के विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन एवम आंकलन शिविर का आयोजन विवेकानंद ऑडिटोरियम पुराना साक्षरता भवन शिक्षा विभाग दुर्ग में किया गया। इसमें विकास खण्ड स्रोत समन्वयक दुर्ग ग्रामीण, स्वास्थ विभाग व समाज कल्याण विभाग दुर्ग के सहयोग से 70 पंजीकृत हितग्राही लाभान्वित हुए जिसमें कुछ विशेष असक्षम बच्चों को जिला अस्पताल सघन चेकअप के लिए रेफर किया गया। अलग अलग दिव्यांग बच्चों बौद्धिक नि: शक्तत, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# नियमितिकरण व अन्य मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सेवकों ने की हड़ताल

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ ने अपनी मांगों को लेकर आज एक दिवसीय हड़ताल की। डाककर्मियों की मांग नियमितीकरण के साथ ही उनसे प्रतिदिन 8 घंटे व उससे अधिक समय तक कार्य लेने, अवकाश के दिनों में भी कार्य लेने के बावजूद 25 घंटे के हिसाब से वेतन दिया जा रहा है, उन्हें 8 घंटे दैनिक कार्य दिवस के आधार पर वेतन दिया जायें। इसी तरह कमलेश चंद्र रिपोर्ट को लागू करने की मांग भी की जा रही है।

इसके साथ ही अन्य मांगों को लेकर आज की हड़ताल के दौरान परिमंडल डाक सेवक संघ के परिमंडल सचिव दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में डाककर्मियों ने मुख्य डाक घर परिसर में धरना दिया। धरना स्थल पर सेवानिवृत्त उपडाक पाल विवेक अग्रवाल, रूपेन्द्र देशमुख, के.सोनबोईर, एवं अनेक डाककर्मचारी उपस्थित थे।

# नगपुरा नवीन शासकीय महाविद्यालय का आज शुभांरभ

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू कल 5 अक्टूबर गुरूवार को दुर्ग विकासखंड के ग्राम नगपुरा में सुबह 10 बजे नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभांरभ करेगें। छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की सौगात मिलने से उच्च शिक्षा सुलभ होगी। इस कार्यक्रम पश्चात् श्री साहू ग्राम पंचायत थनौद, हाई स्कूल प्रांगण में दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय कृषक सम्मेलन, दोपहर 1 बजे ग्राम कुथरेल के दशहरा मैदान में आयोजित राजीव युवा मितान क्लब सम्मेलन एवं सायं 4 बजे ग्राम पाउवारा में विभिन्न ग्राम पंचायतों में नए आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं उन्नयन विद्यालयों के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

# आर्म्स एक्ट में बबलू इरानी गिरफ्तार

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर पुलिस ने आज आदतन अपराधी बबलू इरानी को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया, गिरफ्तारी के बाद उसे पुलिस हिरासत में लेकर पूरे बस स्टैंड में घुमाया गया है। इस दौरान आरोपी के पीछे बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित थी। पुलिस ने बताया कि बबलू के विरूद्ध अनेक तरह के 85 मामलें दर्ज है और उसे लेकर बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर भी लोगों में खौफ देखा जा रहा था।

पद्मनाभपुर पुलिस के अनुसार आज दोपहर को आरोपी फिर चाकू लहराकर लोगों को भयभीत कर रहा था। इसे देखते हुए सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बस स्टैंड परिसर में घुमाया। पुलिस के अनुसार उसे कल 25 आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय में प्रस्तुत कर

# सांसद विजय बघेल ने विभिन्न वार्डों में किया भूमि पूजन



- **सांसद ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक**

**कुम्हारी**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कुम्हारी पालिका क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। जिन में सर्वप्रथम जंजगिरी के देवांगन समाज के लिए शेड निर्माण, मां कर्मा मंदिर शेड निर्माण का लोकार्पण कर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इसके पश्चात खारून ग्रीन्स में कक्ष निर्माण एवं भूमि पूजन कर कार्यकर्ताओं की बैठक ली साथ ही सत्या चौक में बोर खनन का भूमि पूजन किया। इसके पश्चात ग्राम परसदा में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चर्चा की तथा नगर कुम्हारी भाजपा मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं के साथ बैठक एवं लंबी चर्चा की गई जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई, इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी बातें रखी एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कार्य करने हेतु रणनीति तैयार की गई। इस बैठक से सारे कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह नजर आने लगा। इसके पश्चात देर रात कुम्हारी में निकले गणेश झांकी का सांसद ने आनंद लिया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमारे विधानसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी हैं। कांग्रेस पार्टी जिस तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है इन्हीं सब बातों को लेकर हम लोगों तक जाएंगे हम अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। मुख्यमंत्री के सामने पुन: उम्मीदवार होने के सवाल पर उन्होंने चुटीले अंदाज में कहा कि जिस प्रकार लोगों को भारत पाकिस्तान मैच का इंतजार होता है, उसी तरह इस चुनाव का इंतजार होगा क्योंकि यह चुनाव भी रोमांचक होगा।

# नैक मूल्यांकन पर हेमचंद यादव विवि में कार्यशाला

## नैक मूल्यांकन से महाविद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार : डॉ. पल्टा

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। नैक बंगलुरू द्वारा किये जाने वाले महाविद्यालयों एवं वि.वि. के मूल्यांकन से उनकी गुणवत्ता, अधोसंरचना, शैक्षणिक एवं अन्य पाठ्येत्तर क्रियाकलापों परीक्षा परिणामों आदि में सुधार होता है। प्रत्येक महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन हेतु आगे आना चाहिए। ये उद्गार हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने आज व्यक्त किये। डॉ. पल्टा आज वि.वि., दुर्ग द्वारा महाविद्यालयों हेतु ''नैक मूल्यांकन की नई पद्धति'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में लगभग एक सैंकड़ा महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा आईक्यूएसी समन्वयकों को संबोधित कर रही थीं। सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई के सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. पल्टा ने प्रतिभागियों को नैक मूल्यांकन की बारीकियों से अवगत कराया।



कार्यशाला की संयोजक वि.वि. की डीसीडीसी, डॉ. प्रींता लाल ने बताया कि दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यशाला के आरंभ में अतिथियों को पौधा भेंटकर स्वागत अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। स्वागत भाषण सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई के प्राचार्य, डॉ. एम. जे. रायमन ने दिया। इस अवसर पर विषप एच जी एलेक्षियस, फादर जोषी वर्गीस भी उपस्थित थे। पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने नैक के मूल्यांकन प्रणाली के समग्र महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

द्वितीय व्याख्यान में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने नैक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को स्वयं का उद्योग शुरू करने का लक्ष्य रखना चाहिए : पाण्डेय



- **नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ इंडक्शन**

**दुर्ग**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग में 4 अक्टूबर को वर्ष 2023.24 में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम तीन सप्ताह तक संचालित होगा। इसमें विभिन्न गतिविधियों तथा विषयों पर अतिथियों का उद्बोधन होगा।

उद्घाट्न समारोह में संस्था के प्राचार्य पी.के. पाण्डेय ने नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं को सम्बोधन देते हुए संस्थान से जुड़ी विविध गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष संस्था में विभिन्न फर्मों तथा कम्पनियों द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के विभिन्न ब्रांच के लगभग 250 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। उन्होंने टीचर मेंटर के बारे में जानकारी दी तथा स्वयं का उद्योग शुरू करने पर जोर दिया ताकि एक व्यक्ति अन्य को भी रोजगार के संसाधन उपलब्ध करा सके। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रथम सेमेस्टर के प्रभारी डॉ. रचना सिंह, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सौंदर्यीकरण कार्य का महापौर एवं चैतन्य ने किया भूमिपूजन



**भिलाईनगर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई.चरोदा क्षेत्र के सिरसागेट चौक पर आज मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल निगम महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर द्वारा सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ भूमिपूजन कर किया गया। बता दे कि निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य एवं नवीन निर्माण कार्य को यथाशीघ्र प्रारंभ कराने और पूरा करने को लेकर महापौर निर्मल कोसरे द्वारा अधिकारियों को निर्देश प्रदान किया गया है। इसी क्रम में आज क्षेत्र के विकास में एक नया अध्याय और जुड़ गया। जिससे सिरसागेट चौक से लेकर वार्ड-4 जरवाय तक जाने वाले गौरव पथ सड़क का सौंदर्यीकरण 2.25 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर चैतन्य बघेल. महापौर निर्मल कोसरे. सभापति कृष्णा चंद्रकार के साथ महापौर परिषद के सदस्य मोहन साहू, मनोज कुमार, वेंकट रमना, श्रीमती दीप्ति आशीष वर्मा, एम जानी, ईश्वर साहू, श्रीमती देवकुमारी भलावी, श्रीमती संतोषी निषाद, पार्षद संतोष तिवारी एवं अभिषेक वर्मा सहित अनेक लोगो कार्यक्रम में शामिल हुए।

# पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी



**भिलाईनगर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जामुल थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 41 में पति-पत्नि की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को सूचना मिली की, एक महिला के मृत हालत में पड़ी है। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या उनके पति ने की थी। मौके पर पुलिस पंचनामा कर ही रही थी तो इस दौरान मृतका के पति मोहल्ले की ही एक झोपड़ी में फंदे में झूलता मृत पाया गया है। इस हादसे से पूरे मोहल्ले में मातम पसर गया। पति के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने एवं पत्नी का शव घर के पास एक मंच पर मिलने के बाद पुलिस मर्ग कायम कर मृत्यु के कारण का पता लगाने में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि जामुल थाना क्षेत्र वार्ड क्रमांक 41 की रहने वाली रमली नेताम 35 वर्ष की मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचकर देखा कि महिला मृत हालत में पड़ी थी। पूछताछ करने पर पता चला कि पति-पत्नि के विवाद के बाद पति ने पत्नि की हत्या कर दी। उसके पति जीतू नेताम 40 वर्ष मोहल्ले के एक झोपड़ी में जीतू भी फांसी के फंदे से झूलता मिला। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचकर प्राथमिक कार्यवाही की गयी एवं दोनों की मृत्यु की कारणों की जांच की जा रही है। पत्नी के शव का पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। क्षेत्र में एक साथ दो लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। लोगों ने घटना की सूचना डॉयल 112 को मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए मरच्यूरी भेज दिया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल टीआई याकुब मेनन ने बताया कि आदिवासी मोहल्ला जामुल निवासी रमली नेताम का मंच में शव पडा मिला। पति के शरीर में किसी भी प्रकार का चोट के निशान नहीं मिले हैं। दोनों के तीन बच्चें भी हैं। रमली और जीतू मूलतः तिल्दा के रहने वाले है। घूम-घूमकर अपना जीवन यापन यहां रहकर करा करते थे। बताया जा रहा है कि रमली पति बच्चों समेत तिल्दा से दो तीन दिन पहले ही यहां आए हुए थे। रमली कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर कोई खास जानकारी भी नहीं मिल पाई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन तिल्दा से जामुल पहुचे है। शव का पीएम होने के बाद ही मौत की असली जानकारी खुलकर सामने आ पाएगी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। घटना की जानकारी मृतकों के घर वालों को दे दी गई है। उनके परिजन तल्दा से भिलाई पहुंच गये है। पुलिस घटना की जांच शुरु कर दी है। पुलिस घर वालों व आस-पास के लोगों से घटना के बारे में पता लगा रही है। कि ऐसा क्या कारण हुआ की पति ने पहले पत्नि की हत्या की उसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### डीजे संचालकों पर मुकदमा दर्ज

**भिलाईनगर।** पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के द्वारा के डीजे संचालकों की मीटिंग लेकर माननीय उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन हेतु बताया गया थाए जिसके बाद डीजे संचालकों के द्वारा तय मानकों से ज्यादा एवं देर रात्रि अत्यंत तीव्र आवाज में डीजे का संचालन करते हुए पाए जाने थाना प्रभारियों के द्वारा कार्यवाही करते हुए 15 से अधिक डीजे जप्त कर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही लगातार तीन दिवस से चल रही है जिसमे डीजे संचालकों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# डेंगू के तीन नए मरीज मिलने से अभियान तेज

**भिलाईनगर,** 4 अक्टूबर(देशबन्धु)। भिलाई निगम व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण में रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 3 नये प्रकरण मिले है। वर्तमान से मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्र पर विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्क्टिो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू एलिजा पॉजिटिव के नये मरीज शांतिनगर सुपेला से 1 केलाबाड़ी से 1 एवं रिसाली सेक्टर से 1 का रहवासी है। निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फगिंग का कार्य किया जा रहा है। डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण, शहरीय की टीम द्वारा कुल 116565 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या.155028 जिनमें से 55546 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 91345 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गयाए 119301 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाय के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है।

# इस्पात बिरादरी ने स्वच्छता कर्मियों को किया सम्मानित



**भिलाईनगर**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिविक सेंटर में नेहरू आर्ट गैलरी के समक्ष एक समारोह में संयंत्र प्रबंधन ने भिलाई के 18 स्वच्छता कर्मियों और 4 डेंगू वीरों को सार्वजनिक रुप से मंच पर सम्मानित किया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इन कार्मिकों के मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान किया। अनिर्बान दासगुप्ता और संयंत्र प्रबंधन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं इस अवसर झाड़ू लगा कर सफाई की और श्रमदान करते हुए अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों, संयंत्र कर्मियों, सफाई कर्मियों एवं आम नागरिकों को स्वच्छता के लिए समर्पण और नियमित श्रमदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संयंत्र प्रबंधन की ओर से निदेशक प्रभारी के साथ कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सक अधिकारी प्रभारी डॉ एम रवीन्द्रनाथस कार्यकारी कार्यपालक निदेशक डी एन करन एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी भी उपस्थित थीं। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाए जे वाई सपकाले के साथ और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, संयंत्र के कार्मिक, सफाई कर्मी और डेंगू वीर बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने टाउनशिप में स्वच्छता बनाए रखने और डेंगू रोकथाम अभियान में स्वच्छता कर्मियों के योगदान के लिए सभी सफाई कर्मियों और डेंगू वीरों को बधाई दी और कहा कि ष्स्वच्छांजलिष् या स्वच्छता की श्रद्धांजलि शायद आज सबसे अच्छी श्रद्धांजलि है। जिसे हम अपने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर दे सकते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में सफाई कर्मियों की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि यह एक स्कील वर्क की श्रेणी में आता है। इसे हर कोई नहीं कर सकता। कचरा दिखना, उसकी पहचान और उसका नियोजित निपटारा हर किसी से संभव नहीं है। अपशिष्ट निपटान की प्रक्रिया की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कचरे को सूखे और गीले कचरे में अलग.अलग करना सफाई कर्मियों के एक चुनौती है। इस चुनौती को हम सभी चाहे तो हल कर सकते हैं। यह हम सबकी जिम्मेदारी भी है कि हम कचरे को स्पष्ट रूप से पृथक करें, ताकि स्वच्छता कर्मियों का बोझ कम हो सके जिससे हमारे द्वारा उत्पन्न कचरे का निपटान आसानी से किया जा सकें। अभी इसमें कड़ी मेहनत करनी पड़ती हैं। श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने संयंत्र के एसएलआरएम सेंटर की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें गीले कचरे से कम्पोस्ट बना कर अच्छी गुणवत्ता वाले उर्वरक में और सूखे व प्लास्टिक कचरे को अलग कर प्लास्टिक दानों में परिवर्तित करके विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग कर रहे हैं। इनका उपयोग हमारे कोक ओवन को ईंधन देने के लिए किया जाता है। महाप्रबंधक श्री जे वाई सपकाले न कहा कि नगर सेवाएं विभाग कई परिसरों और इमारतों के साथ.साथ पूरे टाउनशिप के 30,000 हजार घरों और 3,500 दुकानों की सफाई और स्वच्छता की देखभाल करता है। कचरा एकत्र करने हमने 42 ई रिक्शा और वाहन कचरें का उचित निपटान के लिए लगायें है उन्होंने सफाई कर्मियों के मेहनतए लगन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी कुशल योद्धा हैं।

## मैं नहीं हम से बनता है राष्ट्र सर्वोपरि : रामशंकर

**भिलाईनगर।** गायत्री प्रज्ञपीठ भगवती संस्थान रामनगर में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के केन्द्रीय प्रतिनिधि रामशंकर पटेल की उपस्थिति में आज गोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें सर्वपितृमोक्ष अमावस्या तत्पश्चात संस्थान में आश्विन नवरात्रि की तैयारी पर चर्चा तथा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में चल रहे सेवा संस्कार कार्यों को माताजी भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के पूव देश के प्रत्येक घरों में गायत्री यज्ञ के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति में मन मस्तिष्क में गायत्री मंत्र को स्थापित करना है ताकि सबका जीवन सन्मार्ग की ओर चल पड़े। युग परिवर्तन की ढांचा शांतिकुंज हरिद्वार से बनाई जा रही है। जनवरी 2024 में मुम्बई में आयोजित अश्वमेघ महायज्ञ की तैयारी की भी जानकारी दी। बैठक में रामशंकर पटेल, मोहन उमरे, पवन निर्मलकर, दिलेश्वर साहू, बी.आर.श्रीवास, शिवप्रकाश वस्त्रकार, दयालाल साहू, पेखन साहू, श्याम विश्वकर्मा, रविकुमार नाथ, आरती साहू, आकाश उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त होने पर अतुसी को स्वास्थ विभाग ने दी गई विदाई



**भिलाईनगर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में एल एच व्ही पद से श्रीमती अतुसी दत्ता को भावभीनी विदाई दी मुख्य अतिथि महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि शासकीय सेवा में निश्चित आयु उपरांत सेवानिवृत्त होना पड़ता है। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रही सिस्टर श्रीमती ए दत्ता को स्वास्थ्य जीवन ओर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए नये लोगों को अनुभव से उनके अनुभवों को साझा कर बेहतर सेवा के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी को अंतिम कार्य दिवस पर उसके देयकों का भुगतान होना चाहिए। डॉ आशीष शर्मा ने सेवानिवृत्त उपरांत कर्मचारियों को उसकी सेवा कार्यों को यादगार बना दिए। संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी को उसी दिन सभी मिलने वाले फंड का चेक देने की व्यवस्था होना चाहिए। पार्षद श्रीमती प्रेमलता चंद्रकार ने कहा कि सेवानिवृत्त उपरांत कर्मचारियों को सभी शासकीय देय को का भुगतान हो। श्रीमती असुती दत्ता को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के अधिकारी कर्मचारी ने लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने प्रशस्ति पत्र शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ सी बी एस बंजारे, डॉ भुनेश्वर कठौतिया, आर एस बघेल, लक्ष्मी दुबे इत्यादि उपस्थित थे।

# इन्द्रजीत ने 10 दिव्यांगों को बांटी ट्राईसाइकिल



**भिलाईनगर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजसेवी एवं हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के संस्थापक स्व बीरा सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर 10 दिव्यांगों को हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू ने इलेक्ट्रानिक ट्राईसाइकिल प्रदान की। ताकि दिव्यांगों की जिंदगी आसान हो सकें। इस मौके पर नगर की गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान एवं स्व बीरा सिंह से जुड़े उनके साथियों और अन्य समाज के लोगों ने उनके समाज में दिए योगदान को याद किया। इस दौरान स्व बीरा सिहं परिवार से उनकी माताजी, पत्नी, पुत्रवधु, सहित परिवार के सदस्य मौजूद थे। वही इस कार्यक्रम में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े प्रभुनाथ मिश्रा, अचलजीत भाटिया, जसबीर सिंह चहल, गुरनाम सिंह, संदीप सिंह, मलकीत सिंह, गनी खान, शानू, जोगाराव, निर्मल सिंह, हरेन्दर यादव, अनिल सिंह, गोपाल खंडेलवाल, गिरिराव, पप्पू पांडेय, सुखवंत सिंह, मोहित अग्रवाल सहित सिख समाज व अन्य समाज से लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जरूरतमंदों को समय पर खून उपलब्ध हो सके, इसलिए रक्तादन शिविर का भी आयोजन किया गया। आशीर्वाद ब्लड बैंक की ओर से लगाए गए इस शिविर में रक्तदान के बाद रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और उपहार भी दिया गयाए ताकि उन्हें देख दूसरे लोग भी रक्तदान के लिए जागरूक हो सकें। कार्यक्रम के अंत में इंद्रजीत सिंह छोटू ने आभार व्यक्त कर हमेशा अपने पिता के बताए रास्ते पर आगे चलने की बात कही और कहा कि उन्होंने अपने पिता के सपनों को पूरा करते हुए पिछले वर्ष एसबीएस अस्पताल की शुरुआत की थी जो गरीबों के इलाज में अब मील का पत्थर साबित हो रहा है और वे समाजसेवा के कार्यों में भी हमेशा पिता के पदचिन्हों पर ही आगे बढ़ेंगे। समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि उनके पिता हमेशी जरुरतमंदों की मदद करते थे। उन्ही से प्रेरणा लेकर वे भी इस दिशा में कार्य कर रहे है।

# महापौर परिषद ने 11 प्रस्ताव को दी स्वीकृति



**भिलाईनगर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र के जोन 1, 2 एवं 3 की सीवर पाईप लाईन तथा 7 वार्डो में बीएसपी मकान के बैक लाईन में 40 वर्ष पूर्व बिछाए गये सीवर लाईन के संधारण कार्य की स्वीकृति महापौर परिषद ने प्रदान किया है, ताकि जल जनित बिमारी पर रोक थाम हो सके साथ ही अन्य 9 प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया है। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता तथा उपायुक्त रमाकांत साहू एवं परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में कुल 11 प्रस्ताव विचार हेतु प्रस्तुत किये। जिसमें खुर्सीपार के जोन 1, 2 एवं 3 में सीवर लाईन निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित किये जाने तथा वार्ड 38, 39, 42, 45, 48, 49 एवं 50 में बी.एस.पी. क्वाटर के बैक लाईन में 40 वर्ष पूर्व बिछाये गये पेयजल पाईप लाईन तथा सीवर लाईन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण पेयजल हेतु प्रदाय किये जाने वाले पानी से डायरिया, पीलिया जैसे जल जनित बिमारी की आशंका बनी रहती है। जिसके स्थायी समाधान के लिए सीवर लाईन का संधारण एवं आवश्यकता अनुसार बदले जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया है। राम नगर मुक्तिधाम में शवदहन हेतु जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति, वार्ड 25 संतोषी पारा तेल्हानाला का विकास कार्य किये जाने की स्वीकृति दी गई। जोन 5 सेक्टर 6 के 14 वार्डो में सार्वजनिक मंच, सामुदायिक भवन, मैदान, उद्यान का संधारण एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य की, वही सेक्टर-10 के सड़क 42 एवं 43 मे पाथवे निर्माण की स्वीकृति महापौर परिषद ने प्रदान किया है तथा वार्ड 5 में जर्जर सामुदायिक शौचालय, गांधी नगर में पुराना फाउण्टेन, शेड युक्त मंच पुड़की पारा फरीद नगर तथा कृष्णा नगर में क्षतिग्रस्त पम्प हाउस को ध्वस्त करने की अनुमति तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर प्रदान किया गया है। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, मन्नान गफ्फार खान, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे, लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, चन्द्रशेखर गंवई, जोन आयुक्त सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। महापौर परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय को शीघ्र शुरु करने को लेकर प्रयास शुरु किया जायेगा। ताकि लोगों को होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।

# आदेश का हवाला देकर नहीं किया जा रहा है रि रजिस्ट्रेशन



**भिलाईनगर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत सरकार के भू.तल परिवहन एंव राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा मार्च 2023 को जारी आदेश के बाद अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग मे निजी दुपहिया वाहन चालकों से रि रजिस्ट्रेशन के लिए फार्म 21, 22 एंव सेल इनवाईस मांगा जा रहा है जो की 15 वर्ष पूर्व आर सी बुक बनाते समय वाहन चालकों द्वारा दिया जा चुका है। अब फिर से शोरूम से लाने को कहा जा रहा है। जिसके अभाव मे रि रजिस्ट्रेशन नही किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता जावेद खान ने परिवहन आयुक्त छग के नाम ज्ञापन अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग को सौंपा एंव मांग की भारत सरकार के आदेश से जो खासकर दुपहिया वाहनों का री रजिस्ट्रेशन नही किया जा रहा है उस पर अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए पुनर्विचार करते हुए छग की जनता को इसका लाभ दिया जाए। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग मे दुपहिया वाहन के 15 वर्ष पूर्व के डाटा उपलब्ध नही होने के कारण जो वाहन मालिक रि रजिस्ट्रेशन करवाने आ रहे उनका डाटा जनरेट नही हो रहा है उन से शो रूम से फिर से फार्म 21, 22 एंव सेल इनवाईस मंगा जा रहा है जो की संभव नही हो पा रहा है क्योंकि बहुत से शो रूम बंद हो गये है और यह दिक्कत केवल दुर्ग मे आ रही है। उन्होनें कहा कि बहुत से घरों मे महिलाएं दुपहिया वाहन चलाती है और 15 साल बाद भी गाडी अच्छी कंडीशन में है और मात्र पंद्रह से बीस हजार किलोमीटर गाडी चली है। कई बेरोजगार लोगो ने सेकंड हैंड दुपहिया वाहन खरिदा था अब उनका भी रि रजिस्ट्रेशन नही हो रहा है, ऐसे मे रि रजिस्ट्रेशन नही होने की स्थिति मे प्रतिमाह 350 रू जुर्माना भी लग रहा है।

# शंकरा कालेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम



**भिलाईनगर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई अभियान शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। हमें हमारे आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखना चाहिए क्योंकि गंदगी से हमें बहुत सारी बीमारियां घेर लेती है और उन बीमारियों से बचाव के लिए हमारे वातावरण को हमें स्वच्छ रखना चाहिए। हमें पेड़ पौधे लगाना चाहिए जिससे हमारा वातावरण प्रदूषित होने से बच सकता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डीन डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि स्वच्छता का कार्य कार्य है। इसे हर मानव को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। सभी को अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए। 15 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। स्वच्छता को अपनाने के लिए शपथ ग्रहण करवाया गया । मंदिर परिसर की साफ सफाई, तालाब के किनारो की साफ सफाई तथा महाविद्यालय परिसर की साफसफाई की गई। नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। रासेयों के स्थापना दिवस के अवसर पर जुनवानी चौक और शिव मंदिर में स्वच्छता कार्य किया गय मतदान जागरूकता रैली निकली गई और ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया स्थल पंडित दीनदयाल उपाध्याय तालाब व काली मंदिर स्मृति नगर की साफसफाई, सार्वजनिक सड़क, स्मृति नगर चैक की सफाई की गई तथा आम जनता को स्वच्छता के लिए जागरूक करते हुए स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में दलनायक कृष्ण प्रताप सिंह तथा दलनायिका रंजू, किरण महतो, प्रांजल मातुरकर, विवेक श्रीवास्तव, हर्ष राजपूत, राहुल वर्मा, आकांक्षा सेन, पूजा आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहे। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिल्पा कुलकर्णी व ठाकुर रणजीत सिंह की सक्रिय सहभागिता रही।

# कसौंधन वैश्य महिला मंडल का तीज मिलन



**भिलाईनगर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसौंधन वैश्य समाज महिला मंडल भिलाई के तत्वधान में तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और नृत्य और अन्य खेल खेलकर समा बनाऐ रखा। तीज क्वीन दो ग्रुप मे किया गया। ग्रुप ए तीज क्वीन रोशनी नितिन गुप्ता, सोनम अतुल गुप्ता फर्स्ट रनरअप, रंजना नीरज गुप्ता सेकेंड रनरअप रही। ग्रुप बी में तीज क्वीन प्रीति विनय गुप्ता, रीना शारदा गुप्ता फर्स्ट रनरअप, रीता अखिलेश गुप्ता सेकेंड रनरअप रही। तीज मिलन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ.श्रुतिका ताम्रकार यादव और स्वीटी कौशिक अध्यक्ष भारतीय जनता महिला मोर्चा विशेष रुप से उपस्थित हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा रूपनारायण गुप्ता राजनांदगाँव उपस्थित थी। मंच संचालन श्रीमती नेहा गुप्ता ने किया। महिला अध्यक्षा श्रीमती नीतू बालचंद गुप्ता और महिला सचिव श्रीमती अल्का सुनील गुप्ता, कोषाध्यक्ष नेहा गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया और भिलाई समाज की सभी महिलाओं ने तीज मिलन सफल बनाया।

# बिना अनुमति के बिछाए जा रहे केबल को निगम ने किया जप्त



**भिलाईनगर** , 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र में बिना अनुमति के जियो टेलिकॉम द्वारा बिछाए जा रहे आप्टिकल फाइबर केबल को निगम के भवन अनुज्ञा शाखा एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम ने कार्यवाही की। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम की टीम अवैध अतिक्रमण, निर्माण तथा बिना अनुमति के फाइबर केबल बिछाने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। वैशालीनगर जोन-2 क्षेत्र के जवाहर नगर दारू भटटी के सामने रोड में जियो कंपनी के द्वारा बिना अनुमति के आप्टिकल फाइबर लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा था। जिसकी सूचना प्राप्त होते ही निगम के भवन अनुज्ञा जोन-2 के राजस्व अमले के साथ मौके पर पहूँच कर ट्रेक्टर ट्राली में रखे जियो आप्टिकल फाइबर को ट्राली सहित तथा एक पानी टेंकर को जप्त किया गया। शिकायत के आधार पर भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों के साथ निगम का अमला मौके पर पहुंचा केबल बिछाने वालों से केबल बिछाने की अनुमति पत्र दिखाने को कहा तो उनके द्वारा गोल मोल जवाब देते हुए किसी प्रकार अनुमति संबंधी कोई दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सके अत: कार्यवाही के लिए पहुंची निगम की टीम ने मौके से बिछाए जा रहे केबल के साथ अन्य सामग्रियों को जप्त किया गया। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी निगम क्षेत्र में इसके पूर्व अन्य टेलिकॉम सर्विस कंपनी द्वारा बिना कोई अनुमति केबल बिछाने या गडढा खोदने की शिकायत मिलने पर निगम की टीम सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही करने मौके पर पहुंचकर किए जा रहे कार्यो पर शिकंजा कसने मशीन आदि को जप्त बनाते हुए अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही की गई है।

## आज शा. महाविद्यालय में स्वयंसेवकों का कार्यक्रम

**बिलाईगढ़,** 4 अक्टूबर। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ में 3 अक्टूबर को रासेयो के स्वयं सेवकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सुनीता विक्रम कोसले प्राचार्य, तुलेश्वर ध्रुव कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षक इदरीश खान का निलंबन तत्काल रद्द हो : जाकेश

**छुरिया,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। गरियाबंद के शिक्षक इदरीश खान के निलंबन पर छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच एवं शिक्षक एलबी संवर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना आक्रोश जाहिर करते हुए शिक्षक इदरीश खान का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए एक सप्ताह के भीतर उन्हें पदोन्नति देने की मांग की है।

उक्त मामले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए च्छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंचज्ञ के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष परस राम निषाद, जिलाध्यक्षद्वय पुरुषोत्तम शर्मा, परमेश्वर साहू, महेश्वर कोटपरहिया, महेंद्र टंडन, बरत राम रत्नाकर, निर्मल भट्टाचार्य, धन्नू साहू, उत्तम कुमार जोशी, एवं प्रदेश, जिला व ब्लाक पदाधिकारीगण उज्जवल चंद्रा, अभिमन्यु बघेल, रंजिता बरेठ, राजूकुमार संवरा, मयाराम सतरंज, ईशा नायक, राधेश्याम चंद्रा, यशवंती, धीवर, मनीराम केंवट, सुन्दर साहू, पुष्पेन्द्र बनाफर, नरेशचंद्रा, दादूलाल चंद्रा, मुकेश नायक, धर्मेंद्र रजक, गुणक चौधरी, रंजीत गुप्ता, सगुन तिवारी, गणपत राव, राधेश्याम धीवर, राजेश पाठक, अजित नेताम, विजेंद्र पाठक, श्याम केंवट, सुजाता त्रिपाठी, अजय भट्ट, कुमार पाठक, त्रिवेणी राजपूत, नामदेव सिंह आदि ने कहा है कि राज्य शासन के आदेश पर प्रदेशभर में सहायक शिक्षकों का पदोन्नति प्राथमिक प्रधान पाठक एवं उच्च वर्ग शिक्षक के पदों पर हुआ है।

पदोन्नति के मामले में गरियाबंद जिला पिछड़ा हुआ था। अब जबकि पदोन्नति हो रहा है तब प्रदेश के लोकप्रिय एवं बेबाक शिक्षक नेता इदरीश खान को पदोन्नति से वंचित किया जा रहा है। चूंकि काफी पहले इदरीश खान की विभागीय जांच हुई थी। और इसी



### एक सप्ताह के भीतर इदरीश को पदोन्नति दे सरकार

मुद्दे को तूल देते हुए जिला शिक्षा कार्यालय गरियाबंद के कुछ कर्मचारियों द्वारा शिक्षक नेता एवं जिले के सहायक शिक्षक इदरीश खान की पदोन्नति रोकी जा रही है। इदरीश खान की पदोन्नति रोके जाने से च्छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंचज्ञ एवं च्शिक्षक एलबी संवर्ग छत्तीसगढ़ज्ञ में लगातार काफी नाराजगी एवं आक्रोश देखा जा रहा है।

मंच के प्रदेशाध्यक्ष जाकेश साहू ने राज्य के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार के मुखिया भूपेश बघेल को पत्र लिखते हुए राज्य सरकार से गरियाबंद के शिक्षक नेता इदरीश खान का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द करने एवं गरियाबंद के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नवीन भगत को तुरंत हटाने की मांग की है।

प्रदेशाध्यक्ष जाकेश साहू ने कहा है कि राज्य में किसी भी शिक्षक, कर्मचारी अथवा कर्मचारी नेताओं के साथ विभाग का अन्याय एवं अत्याचार किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

प्रधान पाठक मंचज्ञ के प्रदेशाध्यक्ष जाकेश साहू ने कार्यालय जिला शिक्षा विभाग गरियाबंद को सीधी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि जिले के होनहार एवं तेजतर्रार कर्मचारी नेता व सहायक शिक्षक इदरीश खान का निलंबन अविलम्ब रद्द करते हुए एक सप्ताह के भीतर इनको पदोन्नति दी जाए अन्यथा जिला शिक्षा कार्यालय गरियाबंद के खिलाफ सड़क से सदन तक कि लड़ाई लड़ी जाएगी।

यदि हमें सीघ्र न्याय नहीं मिला तो उक्त मुद्दे को लेकर आगामी दिनों प्रदेशभर के हजारों शिक्षक जिला शिक्षा कार्यालय गरियाबंद पहुंचकर कार्यालय का न सिर्फ घेराव करेंगे बल्कि जिला मुख्यालय में अनिश्चितकालीन चक्काजाम किया जाएगा। यदि किसी प्रकार का कानून व्यवस्था बिगड़ता है तो इसकी जिम्मेदारी डीईओ गरियाबंद एवं जिला प्रशासनकी होगी।

# विस आम निर्वाचन के लिए जिले में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

**बालोद,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने कहा कि जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन कार्य सम्पन्न किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा आदर्श आचार सहिंता के प्रावधानों के अनुरूप जिले में निर्वाचन कार्य सम्पन्न होगा। कलेक्टर श्री शर्मा जिले में निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतिम प्रकाशन के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 06 लाख 88 हजार 281 मतदाता हैं। जिसमें 03 लाख 38 हजार 582 पुरूष मतदाता 03 लाख 49 हजार 688 महिला मतदाता और 11 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

### निर्वाचन हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ली प्रेस वार्ता

सर्विस वोर्टर्स की संख्या 2669, 18 से 19 वर्ष के नये मतदाताओं की संख्या 26 हजार 25 दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 6360, 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजूर्ग मतदाताओं की संख्या 4554 है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 814 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें विधानसभा 59 संजारी बालोद के 258 मतदान केन्द्र, विधानसभा 60 डौण्डीलोहारा के 270 मतदान केन्द्र और विधानसभा 61 गुण्डरदेही के 286 मतदान केन्द्र शामिल हं। पूर्व में जिले में 815 मतदान केन्द्र थे जिसमें युक्तियुक्तकरण के पश्चात डौण्डीलोहारा विधानसभा के दल्लीराजहरा स्थित एक मतदान केन्द्र का विलोपन किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन में जिले के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों 407 मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली में फार्म 6 के माध्यम से नये नाम जोड़ने की कार्यवाही एवं फार्म 8 के माध्यम से शिफ्टिंग वाले आवेदन नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि के 10 दिवस पूर्व तक प्राप्त किये जाएंगे तथा ऐसे सभी आवेदन की प्रोसेसिंग इन 10 दिवसों में की जाकर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि को मतदाता सूची फ्रीज हो जाएगी। निर्वाचन की घोषणा होने के उपरांत प्राप्त फार्म 7 के माध्यम से नाम विलोपन एवं फार्म 8 के माध्यम से शिफ्टिंग केटेगरी के आवेदनों को छोड़कर अन्य तीन श्रेणियों के आवेदनों, संशोधन, पीडब्ल्यूडी मार्किंग एवं रिप्लेसमेंट एपिक की प्रोसेसिंग पूर्णत: बंद हो जाएगी।उन्होंने बताया आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण की कार्यवाही शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। प्रचार सामग्री में सिंगल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में कक्ष स्थापित किए गए हैं। जिसमें विधानसभा 59. संजारी बालोद के रिटर्निंग आफिसर शीतल बंसल हेतु जिला कार्यालय का कक्ष क्रमांक क्रमांक 57 विधानसभा 60. डौण्डीलोहारा के रिटर्निंग आफिसर प्रतिमा ठाकरे झा हेतु जिला कार्यालय का कक्ष क्रमांक क्रमांक 35 विधानसभा 61. गुण्डरदेही के रिटर्निंग आफिसर मनोज मरकाम हेतु जिला कार्यालय का कक्ष क्रमांक क्रमांक 31 निर्धारित किया गया है। प्रेसवार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक, एडीएम शशांक पाण्डेय सहित रिटर्निंग आफिसर व जिले के प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारगण मौजूद थे।

# गन्ना खरीदी यथावत रखने की मांग को लेकर किसान संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बालोद,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई के दौरान गन्ना किसानों से 300 च्टिंल 30 टन गन्ना प्रति एकड़ लेने का नियम बनाया है वह किसानों के हित में नहीं है। किसानों के पूरा गन्ना को खरीद जावे तथा शक्कर कारखाना में विक्रय किए गए सभी गन्ना का बोनस दिया जावे। उक्त मांग को लेकर जिला गन्ना उत्पादक किसानों ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देकर पूर्व की भांति ही गन्ना खरीदी और बोनस देने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि गन्ना बोने वाले ज्यादातर किसान रेग एवं लीज में लेकर गन्ना खेती करते हैं जिनका पैसा गन्ना बेचने पर शासन एवं कारखाना प्रबंधन द्वारा लीजधारी एवं रेग लेने वाले किसानों के खाते में जाता था परंतु सरकार के नया नियम के मुताबिक भूस्वामी के नाम पर सभी पैसा जाएगा जिससे गन्ना की खेती प्रभावित होगी एवं शक्कर कारखाना पर भी संकट गहरा जाएगा। इसलिए पूर्व की तरह गन्ना बोने वाले किसानों के नाम पर राशि उनके खाते में डाल जावे तथा भुस्वामी से रेग एवं लीज लेने वालों किसानों के नाम पर शपथ पत्र लेकर शासन एवं कारखाना प्रबंधन के नाम पर जमा करवाने की मांग की गई हैं। गन्ना किसान संघ के संरक्षक छगन देशमुख ने बताया जिले के मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना बालोद में गन्ना का रकबा लगातार कम हो रहा हैं और गन्ना पेराई के लिए अन्य जिलों से गन्ना मंगाया जाता है जब कि कारखाना की पेराई क्षमता 2 लाख मैट्रिक टन है फिर भी लक्ष्य पूरा नहीं होता। उन्होंने कहा जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद के सभी पदाधिकारी एवं कृषकगण का आग्रह हैं कि सरकार ने जो नया नियम तय किया है उसे किसान के हित में निरस्त किया जावे एवं पूर्व की भांति जिस प्रकार से शक्कर कारखाना संचालित हो रहा था तथा जिस प्रकार खरीदी बिक्री किया जा रहा था उसी प्रकार संचालित किया जावे।

# विहिप का प्रांत सत्संग अभ्यास वर्ग संपन्न

**डोंगरगढ़,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के लोधी समाज भवन में विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय सत्संग अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ जिसमे मे 15 जिलों से जीला विभाग वा प्रांत स्तर के सत्संग प्रमुख बजरंग दल के सपताहिक मिलन प्रमुख इस अभ्यास वर्ग में शामिल हुए व्हिप के द्वारा श्री राम जय राम की जय घोस करते हुए नगर भ्रमण किया गया। बैठक में शामिल बसंत रथ केन्द्रीय मंत्री सतसंग आयाम प्रमुख, केन्द्र रायपुर, विभूति भूषण पांडे विश्व हिन्दू परिषद सत्संग विभाग प्रभात संकीर्तन प्रांत मंत्री विहिप बिलासपुर नदू राम साहू प्रांत सहमंत्री राजनादगांव विशेष रूप से प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा, रायपुर सुनील वर्मा प्रांत सतसंग प्रमुख, रायपुर, पूजा जैन चारामा प्रांत दुर्गा वाहनी सह संयोजीका, अरुण गुप्ता विभाग मंत्री राज नाद गांव, ओम प्रकाश अग्निहोत्री जिला अध्यक्ष राजनाद गांव, तरुण हतेल जिला कार्यकारी अध्यक्ष डोंगरगढ़ अनूप श्रीवास जिला मंत्री, हनी गुप्ता जिला सह संयोजक डोंगर गड़ उपस्थित हुए । केन्द्रीय मंत्री व केंद्रीय सत्संग आयाम के सत्संग प्रमुख ने सभी जिला सतांगो प्रमुखो का मार्ग दर्शन किया। इस सत्संग अभ्यास वर्ग में सत्संग संचालन के क्रम व विधि को विस्तृत जानकारी विविध क्षेत्र में दी गई। उपस्थित शिक्षार्थियों को विशेष विभिन्न क्षेत्रों में अभ्यास कराया गया और कार्ययोजना की जानकारी ली कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म समाज का सबसे बड़ा कार्य अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री राम की भव्य मंदिर जिसमें साधु संतो की कई वर्षों की तपस्या सफल हुई जिसमे जनवरी महीने में रामलालाकी स्थापना के दिन सभी हिंदू अपने-अपने घर व नगर में प्रभू श्री राम की शोभा यात्रा निकालकर जय घोस के साथ मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ करें ।



# ग्राम नरबदा में मानस ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न

**गुरुर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्राम नरबदा में दो दिवसीय मानस ज्ञान प्रतियोगिता का समापन हुआ। यह आयोजन नवजागरण नव युवक मंडल नरबदा एवं बाल विकास मंडली, ग्राम विकास समिति नरबदा एवं समस्त ग्राम वासी के सहयोग से आयोजित था। समापन मे मुख्य अतिथि ललिता पिमान साहू सभापति जिला पंचायत बालोद थी। अध्यक्षता जीवराखन साहू अध्यक्ष जिला कांग्रेस असंगठित मजदूर समस्या निवारण बालोद एवं पूर्व महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर ने किया।

विशेष अतिथि रिखीराम सोनबरसा उपाध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस बालोद, गीता भगवान सिंह मरई सरपँच ग्राम पंचायत सरबदा, लच्छू राम देशलहरे सरपँच ग्राम पंचायत दर्रा, गणेश राम नेताम सरपँच ग्राम पंचायत खुंदनी, भुवन लाल साहू, बृज लाल साहू उपसरपंच सरबदा, फलेश साहू सरबदा, भीम साहू थे।



**विजयी टीम हुए सम्मानित**

आयोजक समिति के अध्यक्ष घनश्याम गंजीर, उपाध्यक्ष छगन लाल नागवंशी, कोषाध्यक्ष जनक कलिहारी, सचिव रामधीन सार्वा, ज्ञानकुमार नेताम, रामानंद पटेल, मोहन विश्वकर्मा, घासी राम सार्वा ने बताया कि कथा श्रवण करने श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपये, द्वितीय 2501, तृतीय 2001 एवं शील्ड एवं प्रत्येक मंडली को सांत्वना पुरुष्कार 3001 रुपया एवं व्याख्या विशेष, संगीत पक्ष, अनुशासन पर विशेष पुरुस्कार दिया गया।

# पुलिस को चंद घंटों में अंधे लूट का खुलासा करने में मिली सफलता

**डोंगरगढ़,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। चंद घंटे में अंधे लूट का खुलासा करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मिली जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर की दरम्यानी रात्रि प्रार्थी हरि कतक लाल मालाधारी उम्र 38 साल निवासी कटंगी कला गोदिया महाराष्ट अपने वाहन क्रमांक एम.एच.35 ए0जे0 2774 आईचर में इलेक्ट्रीक पैनल भरकर गोदिया महाराष्ट्र से डोंगरगढ होते पश्चिम बंगाल जा रहा था। करीबन 01.30 बजे लगभग फारेस्ट नाका मेन रोड डोंगरगढ के पास 04 अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा गाडी को रोककर जबरदस्ती वाहन के दोनो तरफ पायेदान में खडा होकर हाथा पाई करते हुये चेब में रखे 500/रू एवं मोबाईल फोन को लूटकर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियो के विरूध्द अपराध क्रमांक 626/2023 धारा 392 भादवि कायम किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये तत्काल घटना की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल को दी गयी, वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामअवतार ध्रुव के द्वारा संदेही आरोपी 1- भारत खाडी पिता राजकुमार उम्र 20 साल निवासी कचहरी चौक के पीछे डोंगरगढ़ 2- शेख इरसाद पिता हैदर अली उम्र 23 साल निवासी रजा नगर डोंगरगढ 3- उज्जवल शेण्डे पिता सुनील शेण्डे उम्र 23 साल निवासी करबला चौक डोंगरगढ को हिरासत में लिया गया। जिनसे सख्ती से पूछताछ किया गया । आरोपियो के द्वारा घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया जिनसे विधिवत घटना में प्रयुक्त मो0सा0 व पीडित से लूटे गये रकम 500/-रू तथा 01 नग मोबाईल को जप्त किया गया। मामले के एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी पता तलाश जारी है। इस कार्यवाही में महत्वपूर्ण योगदान- उक्त कार्यवाही में रामअवतार ध्रुव थाना प्रभारी डोंगरगढ, उनि रामेश्वरी बघेल, प्र0आर0 214 महादेव साहू, आर. चंद्रप्रताप सिंह, गजेन्द्र भारद्वाज, प्रियांश सिंह, लक्ष्मी मंडावी, की भूमिका सराहनीय रहा।





**बालोद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज के निज निवास में जाकर बालोद नगर पालिका अध्यक्ष बालोद विकास चोपड़ा ने मुलाकात किया।

# जिला अध्यक्ष गुलशन ने अपने कार्यकारिणी में 10 महासचिव व 4 सचिव किया नियुक्त

**खैरागढ़,** 4 अक्टूबर। केसीजी जिला के युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने संगठन का विस्तार करते हुए जिला कार्यकारिणी सदस्यो की घोषणा की है। जिला कार्यकारिणी की सूची में 9 युवाओं के साथ 5 महिलाओं को भी स्थान दिया गया है। कार्यकारिणी सूची के अलावा 10 जिला महासचिव व 4 जिला सचिव नियुक्त किया गया है। सुमिरन वर्मा, देवेंद्र सोरी, गौकरण वर्मा, इकबाल मिर्जा, पूरन साहू, नरेंद्र साहू, हेमकल्याणी तोड़े, मंजू नेताम, लता देवांगन, संगीता दास को जिला महासचिव एवं योगिता बंजारे, यशवंत जंघेल ,ढलेश्वर सोनू देवांगन, विजय मेरावी को जिला सचिव बनाया गया है। जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने बताया कि पिछले 1 वर्षों से युवा कांग्रेस में सक्रिय युवाओं को जिला कार्यकारिणी का पद दिया गया है। यह सभी युवा कांग्रेस की विचार धारा से जुड़कर लगातार सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने व संगठन के नियमों को मानते हुए कार्य कर रहे हैं। जिसके कारण से इन सबको जिला कार्यकारिणी का पद दिया गया है। जिला कार्यकारिणी में जिले के वनाचल क्षेत्र से युवाओं को भी स्थान दिया है। पार्टी में रहकर संगठन को मजबूत करना ही हमारी पार्टी के प्रति हमारा कर्तव्य होना चाहिए सभी को पार्टी में काम करने के लिए बेहतर मौका मिला है। शुभचिंतको व इष्ट मित्रों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महापौर भिलाई की कार से ...

स्थानों पर चोट पहुंची है। इनका इलाज चल रहा है।

इसी तरह उक्त कार सहायक जेल अधीक्षक की एक्टीवा को ठोकर मारते हुए वहीं पास खड़ी एक वाहन सीडी 07 सीएन 6859 को भी ठोकर मार दी। इससे एक्टीवा चालक वेदांशु पटेल सिविल लाईन को भी चोट पहुंची है। उन्होंने भी उक्त कार के ड्रायवर के खिलाफ पद्मनाभपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस रिपोर्ट पर भी पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस के अनुसार तीनों घायलों को मामूली चोट पहुंची है। तीनों घायलों का घर पर ही इलाज किया जा रहा है।

### चुनाव के मद्देनजर ...

में आरोपियों के विरूद्ध आबकारी की धारा 34-2 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिये गये है। विवेचना जारी है।

पाटन क्षेत्र के ग्राम घोरारी में अवैध शराब के परिवहन विक्रय/धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर 890 लीटर महुआ शराब, 25 हजार 600 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर कुल 3 प्रकरण पंजीबद्ध अज्ञात अरोपी की पतासाजी की जा रही है। माह सितम्बर में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा कुल 220 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

### दिव्यांग स्कूली बच्चों के...

श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, अस्थि बाधित का स्वास्थ परिक्षण किया गया।

स्वास्थ विभाग से डॉक्टर हेमन्त साहू शिशु रोग, डॉ. बी एल मरकाम ई एम टी, डॉ. बेबी नंदा वाहने नेत्र रोग, डॉ. अरुण कटारे, डॉ. रानू नायक साइकोलॉजी रोग समाज कल्याण विभाग दुर्ग से सोहन लाल बंजारा सहायक ग्रेड 3, रजनीश डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित थे। शिक्षा विभाग स सुरेन्द्र पाण्डेय, समावेशी शिक्षा प्रमुख दुर्ग इंद्र कुमार रामटेके, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग गोविन्द साव, बीआरसीसी दुर्ग श्रवण कुमार सिन्हा विशेष सहयोग रहा।

### नैक मूल्यांकन पर ...

मूल्यांकन के क्राइटेरिया क्रमांक 4, 5 एवं 6 का विस्तार से विश्लेषण किया। तृतीय सत्र में शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय, राजनांदगांव की डॉ. अनिता साहा ने नैक मूल्यांकन के क्राइटेरिया क्रमांक 1, 2 एवं 3 की महत्वपूर्ण जानकारी दी। सम्पूर्ण कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी प्राचार्यों व प्राध्यापकों ने अनेक प्रष्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया।

ए ग्रेड प्राप्त महाविद्यालयों व अन्य बड़े महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने नैक मूल्यांकन में अच्छा ग्रेड प्राप्त करने संबंधी अपने अनुभव भी साझा किये। इनमें श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी की प्राचार्य, डॉ. अर्चना झा, आईक्यूएसी समन्वयक, डॉ. राहुल मेने, सेंट थॉमस कॉलेज, भिलाई की डॉ. देबजानी मुखर्जी, भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई की प्राचार्य, डॉ. संध्या मदन मोहन, शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा के प्राचार्य, डॉ. के. एन. मिश्रा, सांई कॉलेज, भिलाई के डायरेक्टर हरमीत सचदेव, समाधान कॉलेज, बेमेतरा के डॉ. अवधेष पटेल शामिल थे।

समापन सत्र में वि.वि. के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने नैक मूल्यांकन की महत्ता पर अपने विचार रखते हुए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया तथा सर्टिफिक्रेट प्रदान किये। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया।

### पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को ...

वरिष्ठ व्याख्याता भौतिकी ने संस्था की जानकारी पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण ;पीपीटी के माध्यम से प्रदान की। इसी अनुक्रम में संस्था के डॉ.साजी टी.चाको, विभागाध्यक्ष द्वारा छात्रों के पांच गुणों को विकसित करने की बात कही। डा. हिमानी अग्रवालए विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रानिक्स द्वारा छात्र छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें बताई।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राखी जंघेल, व्याख्याता अंग्रेजी ने दिया। संचालन संस्था वरिष्ठ छात्र सचिन साहू एवं बिन्दू ने किया। इस अवसर पर ममता अग्रवाल, विभागाध्यक्ष आईटी/सीएस और संस्था के प्राध्यापक गण उपस्थित थे।

# आपके बच्चे उच्चकोटि की शिक्षा पाए ये आप पार्टी की सोच : डॉ. अरोरा

**सहसपुर लोहारा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार राजा खड़गराज सिंह के समर्थन में पंजाब विधानसभा सभा के मोगा की विधायक डॉ अमरजीत अरोरा आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष रानी आकांक्षा देवी सिंह, पंजाब आम आदमी पार्टी के नेता अवतार सिंह राजा, आसपाल सिंह ने ग्राम बंदोरा में ग्राम मोहल्ला सभा अपनी उपस्थिति देते हुए लोगो की भारी भीड़ को सम्बोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार राजा खड़गराज सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पंजाब मोगा की विधायक डॉ अमरजीत सिंह अरोरा ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की पंजाब के लोगो ने 117 विधानसभा सीटों में से 92 सीट आम आदमी पार्टी को जीताकर दी। ताकि हम वहां पर लोगो को उच्च स्तर की शिक्षा और चिकित्सा उपलब्ध कराये और हमारी सरकार लगातार स्कूलों का स्तर सुधार रही है जो प्राईवेट स्कूलों से भी बढ़कर है। वही वहां अस्पतालो की व्यवस्था में व्यापक सुधार किये जा रहे है अधिकाश प्रकार के टेस्टो को फ्री में किये जा रहे है ताकि गरीबो को उच्च स्तर का निशुल्क ईलाज उपलब्ध कराया जा सके। हम पंजाब में सबको 600 यूनिट बिजली मुफ्त दें रहे ऐसी कई योजनाए है जो गरीबो, मजबूरों, किसानो और निम्न मध्यमवर्ग के लोगो को राहत पहुंचा रही है। ये करके हम कोई जनता पर उपकार नहीं कर रहे है बल्कि जनता को उसका वास्तविक हक दें रहे है। डॉ अरोरा ने आगे कहा की टेक्स केवल अमीर लोग बस नहीं देते बल्कि गरीब भी एक साबुन खरीदता है तब भी टेक्स देता है इस लिए आपको आपके बच्चो को ये हक है की उसे उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिले उसे उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधा मिले, उसे साफ पानी मिले। हमारे नेता अरविन्द केजरीवाल एवं पार्टी के नेताओं की सोच है की अगर सब बच्चो को अच्छी शिक्षा दिलाई जाय तों वो अपना भविष्य खुद तय कर लेगे पर दूसरे दलों के नेता इस बात से डरते है की अगर गांव का बच्चा पढ़ लिख लिया तों उनकी नेता गिरी ही समाप्त हो जायेगी इस लिए ये लोग आपको दूसरे मुद्दों में भटका कर आपके बच्चो का भविष्य बर्बाद करते है इस लिए आप सबसे अपील है हमारे उम्मीदवार बहुत पढ़े लिखें, ईमानदार और आप सबके जाने पहचाने व्यक्ति है उन्हें विधायक के लिए अपना मत और समर्थन देकर भारी मतो से जिताये ताकि आपकी आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल हो सके। इस मोहल्ला सभा की शुरुआत में महिला, पुरुषो एवं युवाओं ने आम आदमी पार्टी के नेताओं को भव्य स्वागत करते हुए अपनी भारी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष रानी आकांक्षा देवी सिंह ने लोगो का स्वागत और सम्मान के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की हमारा परिवार और आपके परिवार का संबंध पीढ़ियों का है आप हमें जानते है और हम आपको जानते इस लिए आप जैसे परिवारजनों से मिलने का अवसर मुझे मिल रहा है ये मेरे अमूल्य क्षण है। हमारी पार्टी और उसके सोच के विषय में पंजाब से आई विधायक ने बड़े अच्छे तरीके से बताया। मै आप सबको यही बताना चाहती हूँ की हमारे राज्य में सबकुछ होने के बाद भी इस राज्य के गांव, गरीब, किसान, बेरोजगार की स्थिति क्यों सुधर नहीं पाई क्योंकि हम वोट देते समय अपने और अपने बच्चो के भविष्य के बारे में सोच नहीं पाते। बाकि दलों के पास आपको बहकाने के लिए कई मुद्दे है पर हमारे पास एक ही मुद्दा है वो है आपके बच्चो का भविष्य जिसे केवल आम आदमी पार्टी ही सवार सकती है।



## निधन

### मनप्रीत कौर अरोरा

**रायपुर,** 4 अक्टूबर। पंडरी, गोविंद नगर निवासी सरदारनी मनप्रीत कौर अरोरा का आकस्मिक निधन 4 अक्टूबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम ले जाई जाएगी। वे गुरविंदर सिंह अरोरा की पत्नी व हरदीप सिंह अरोरा की माता थी।



### योगेश वर्मा

**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर। ग्राम पंचायत सकलोर निवासी योगेश वर्मा का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# पुरखो ने सोचा था वह पूरा हुआ महाविद्यालय का सपना: छाबड़ा

■ नवीन महाविद्यालय सौगात सहित 45 लाख के विभिन्न विकास की रखी आधारशिला एवं नवयुवक भवन निर्माण हेतु 8 लाख की घोषणा

**बेमेतरा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भिंभौरी में आयोजित नवीन महाविद्यालय शुभारंभ एवं विभिन्न विकास कार्यों की भूमि पूजन में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए।

सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर नवीन महाविद्यालय का फीता काट शुभारंभ किए सहित बस्ती पहुंच मार्ग निर्माण 20 लाख, विहान भवन निर्माण 5 लाख, झेरिया यादव समाज भवन निर्माण 05 लाख, कबीर कुटी निर्माण 4 लाख,पाटिल समाज भवन निर्माण 4 लाख, बाजार चौंक सिमेंटिकरण निर्माण 5.20 लाख, भवन निर्माण 02 लाख रुपए का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज भिभौरि के लिए यह दिन ऐतिहासिक, स्वर्णिम अवसवर उत्सव मनाने का दिन है हमारे पुरखो ने जो अपने आंखो मे सपना सजोये थे,हमारे पुरखो ने जो सपना देखा था आज वह सपना पूरा हो रहा है,साकार हो रहा है, हमारे पुरखो ने हमारे बच्चो के भविष्य के बारे में सोचा था उनके बढ़ाई, लिखाई के बारे में सोचा था,की भिभौरी में हमारे बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर और आज वह कल्पना हमारे पुरखों के आशीर्वाद से सकार हुआ है, भिभौरी में नवीन शासकीय महाविद्यालय शुरू होना खुशी की बात है,प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मान. भूपेश बघेल जी के मार्गदर्शन में राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एवं अधोसंरचना पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है,नवीन महाविद्यालय का खुलना, शिक्षा का दीप जलाना मेरे लिए खुशी की बात है, कि यह हम सबका सौभाग्य है कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा कर रहे हैं, इस नवीन शासकीय महाविद्यालय के खुलने से भिभौरी सहित आस-पास के इलाके के युवाओं के लिए अब उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए अहिरवारा,बेरला,रायपुर,एवं भिलाई जाने की जरूरत नहीं होगी,इस नवीन महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन की सुविधा सहजता से सुलभ होगी,इस नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देंगे, ताकि यहां शिक्षा अध्ययन करने वाले युवा विद्यार्थी अंचल का नाम रोशन कर सके,भिभौंरी नित प्रतिदिन विकास की एक नई गाथा गढ़ रहा है,बात करे फोर लेन सड़क निर्माण की,हाट बाजार निर्माण, तहसील का दर्जा, रोड, नाली,बिजली पानी लागत विकास कार्य प्रगति पर है,



## बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से मिला भिंभौरी को नगर पंचायत का दर्जा

विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से पूर्व में मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान घोषित किए गए ग्राम पंचायत भिंभौरी को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने का आज शासन ने राज पत्र में प्रकाशन कर आदेश जारी कर दिया इसके साथ ही ग्राम पंचायत भिभौरी अब नगर पंचायत भिभौरी के नाम से जाना जाएगा ज्ञात होगी के भिभौरी विकास के लिए विधायक आशीष छाबड़ा प्रारंभ से ही सक्रिय रहे हैं जिसका नतीजा है की भिभौरी में तहसील की स्थापना सहित महाविद्यालय का प्रारंभ किया जाना अब नगर पंचायत का दर्जा दिया जाना कहीं ना कहीं ग्राम भीभौरी को विकास के नए सोपान की ओर ले जाने का विधायक आशीष छाबड़ा का प्रयास है जिससे भिंभौरी को बड़े शहरों के तर्ज पर विकसित किया जा सके तथा भिभौरी सहित आसपास के लोगों को अधिक से अधिक सुविधा प्राप्त हो सके जिसके लिए लगातार विधायक आशीष छाबड़ा रहे हैं 5 वर्ष पूर्व की तुलना में नगर पंचायत भिभौरी की अब तस्वीर बदल चुकी है आज भिंभौरी विकास के रास्ते पर चल पड़ा है लगातार भिभौरी क्षेत्र में विकास मूलक कार्य किया जा रहे हैं चाहे सड़कों का विकास हो या शिक्षा का अथवा स्वास्थ्य का सभी क्षेत्रों में पिछले 5 वर्षों में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम पंचायत भिभौरी को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने पर यशस्वी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है साथी साथ क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वर्तमान में प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे का भी आभार व्यक्त किया है जिनके छत्रछाया में क्षेत्र का बहुमूल्य विकास कार्य हो रहा है

इस अवसर पर हिरा देवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, तोरण नायक,नेतराम निशाद, भुलुराम वर्मा,कुंजराम साहू, चंद्रविजय धीवर, प्रेमलता वर्मा सदस्य जनपद पंचायत बेरला,शिवा चंद्रवंशी, महेश्वरी खिवराज धीवर सरपंच,चंद्रशेखर परगनिया,बबला वर्मा,बुलाकी वर्मा, महेत्तर साहु, एम डी धीवर,राजेश वर्मा,मंजू वर्मा उपसरपंच,चंद्रहास वर्मा,राजेंद्र वर्मा, इंद्रचंद जैन, सूर्यकान्त परगनिहा,चेतन बंजारे, सहदेव साहू,राधे ध्रुव,देवसिंह साहू, कृष्णा चतुर्वेदी,अस्वनि साहू,विक्की साहू,दिनेश पाटिल,बबली सोनवानी,नीलेश वर्मा,टीकम वर्मा, सनत साहू, अमर साहू,बृजबिलास साहू,खूबी राम साहू,रामगोपाल धीवर,सालिकराम साहू,जितेंद्र जोशी, दुर्गा यदु,हरिश चंद्र धीवर,भूष्णालाल साहू,विकास,लेखन साहू, राधेश्याम, डेविड महिलाग,किशोर दूबे, उतकल धीवर,रवि वर्मा, डा. प्रेमलता गौरे प्राचार्य नवीन महाविद्यालय, आनद टीकहरीया, आशाराम पैकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एल्मा ने ली पत्रकार वार्ता

## द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तिम प्रकाशन की दी जानकारी

**बेमेतरा** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी पी.एस. एल्मा ने ली प्रेस वार्ता आज यहां कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभा कक्ष में पत्रकार-वार्ता ली। उन्होंने पत्रकार-वार्ता में बताया कि जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। आज प्रकाशित मतदाता सूची अनुसार जिले में 6 लाख 58 हजार 593 मतदाता है। इनमें 3 लाख 31 हजार 143 पुरुष मतदाता, 3 लाख 27 हजार 446 महिला मतदाता है। वहीं थर्ड जेण्डर के चार मतदाता है। निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण बाद जिले में 18-19 आयु वर्ग के 32,205 मतदाता बढ़े है। इनमें 17984 युवक मतदाता और 14221 युवती मतदाता है। बैठक में बताया गया कि आम जनता, मतदाताओं के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित जनपद में भी सूचना पटल पर चस्पा कराया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल वाजपेयी, श्री सी.एल. मारकण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंधे,डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित थे।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट करते हुए बताया कि जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 867 मतदान केन्द्र है। जिसमें जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा के क्रमों 202 से 302 तक कुल 101 मतदान केन्द्र दुर्ग जिला में शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा बेमेतरा के मतदान केन्द्र क्रेमों 197 से 218 तक कुल 22 मतदान केन्द्र दुर्ग जिला में शामिल है। इन केंद्रों के अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन जिला दुर्ग में हुआ है। उन केन्द्रों के मतदाताओं की संख्या उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि द्धितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान कुल 65 हजार 949 मार्म में से 59 हजार 938 फार्म वोटर हेल्प लाईन एप्प एवं वोटर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए शेष हार्ड कॉपी में आयें। कलेक्टर ने ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा,साजा और नवागढ़ के मतदान केंद्रों की संख्या, मतदान केंद्र की वृद्धि और मतदान केंद्र भवन हुए परिवर्तन आदि की जानकारी से अवगत कराया।

# मोहम्मद अकबर ने 6 लाख की लागत से मितानिन प्रशिक्षण सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया

**कवर्धा,** 04 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज बोड़ला में 6 लाख 50 रूपए की लागत से मितानिन प्रशिक्षण सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री अकबर ने मितानिन दीदीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मितानिनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आज मितानिन प्रशिक्षण सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया है। जिसके बनने के बाद मितानिनों के अनेक कार्यक्रम और बैठकें की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि बोड़ला, कवर्धा और सहसपुर लोहारा में मितानिन भवन के लिए स्वीकृति दी गई है, इसी प्रकार आने वाले समय में सभी कार्य पूरा करने का हर प्रयास किया जाएगा।

केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने मितानीन दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार और आम जन समुदाय के बीच की कड़ी का कार्य करते है। इसकी शुरुआत प्रदेश में 2002 में की गई थी और लगातार इसका विकास हुआ है। जहा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नहीं पहुंच पाते है, वहां तक पहुंचकर सेवा कार्य करते है, यह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए मितानिन बहनों के योगदान देखते हुए को राज्य मद से 2200 रूपए प्रतिमाह देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मितानीन दीदियां समय पर जाकर लोगों की सहायता करते है और आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि दीदियों की जितनी तारीफ और सराहना की जाए वह कम है। वे सदैव कार्य के लिए तत्पर होते है और लोगों की सहायता भी करते है।

# मंदिर ट्रस्ट की भूमि वापस करने की मांग, किसान नेता राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

**बेमेतरा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री राम मंदिर ट्रस्ट की भूमि को वापस करने की मांग को लेकर किसान नेता योगेश तिवारी बेमेतरा राज्यपाल के नाम का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। किसान नेता योगेश तिवारी के अनुसार तत्कालीन एसडीएम ने कलेक्टर के आदेश के पूर्व न्यास की जमीन का अंतरण कर दिया। बेमेतरा में श्री रामचंद्र मंदिर ट्रस्ट की भूमि लगभग 5 एकड़, जिसे अधिकारियों पर दबाव बनाकर सुमित कौर पति बलमीत सिंह सलूजा के नाम पर अंतरण किया गया। इसके अलावा ट्रस्ट की बची हुई भूमि में से करीब चार एकड़ भूमि पर पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि ट्रस्ट की भूमि की उपयोगिता पूर्णता खत्म की जा सके। इस कृत्य से पूरे प्रदेश में सनातन हिंदू समाज में खासी नाराजगी है।



■ नियमो के विरुद्ध ट्रस्ट की भूमि का अंतरण करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की उठी मांग

**प्रावधानों के तहत भूमि का अंतरण संभव नहीं**- किसान नेता ने बताया कि कलेक्टर के आदेश के विरुद्ध जाकर की रजिस्ट्री कराई गई। 4 नवंबर 2020 को कलेक्टर ने लिखित आदेश में कहा है कि श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति की भूमि लोक न्यास की भूमि है लोक न्याय न्याय अधिनियम 1963 के प्रावधानों के अनुसार न्यास भूमि का अंतरण संभव नहीं है। बावजूद कलेक्टर के आदेश के विरुद्ध जाकर तत्कालीन एसडीएम ने भूमि अंतरण करने का आदेश 26 सितंबर 2020 को कूट रचना करके दे दिया। यह सारी कार्रवाई कोरोना काल के दौरान हुई, इसलिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जाएगा। वही ट्रस्ट की भूमि को वापस करने की भी मांग की जाएगी।

# केबिनेट मंत्री ने चेकडेम का लोकर्पण किया

**कवर्धा,** 4 अक्टूबर(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि-विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत महली के आश्रित ग्राम सिरमी में 17 लाख 93 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित चेकडेम का विधिवत लोकर्पण किया। केबिनेट मंत्री श्री अकबर लोकार्पण कार्यक्रम में ग्राम सिरमी पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि वनांचल क्षेत्र में विकास के लिए लगातार निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। एक गांव से दूसरे गांव कनेक्ट करने के लिए पुल-पुलिया और रोड निर्माण कार्य भी किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिले। वनांचलवासियो की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, श्री कृष्णा कुमार नामदेव विशेष रूप से उपस्थित थे।






**बालोद,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन बालोंद द्वारा बुधवार को महादेव भवन में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियों के काउंटर लगे हुए थे। जंहा युवक युवतिया भारी संख्या में मौजूद रहे। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद साक्षात्कार लिया गया।

# महाविद्यालय, सीआईएसएफ स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

## स्वच्छता से स्वास्थ्य और समृद्धि आती, स्वच्छता में भगवान का होता वास: संजीव यादव



**दल्लीराजहरा**,4अक्टुबर (देशबन्धु)। शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की संयुक्त सहभागिता से स्वच्छता अभियान के तहत सड़क के गड्ढों का भरा गया, साथ ही सफाई अभियान भी चला कर लोगों को जागरूक किया गया। स्वच्छता अभियान में सीआईएसएफ द्वारा वाहन व अनुसूचित छात्रावास द्वारा गड्ढों को भरने के लिए मलबा प्रदान किया गया। वार्ड क्रमांक 7 में महाविद्यालय मार्ग पर बारिश के कारण बड़े गड्ढे बन गए थे जिससे कि इस वार्ड के निवासियों व विद्यार्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता था, इसके समाधान के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार वी. व सीआईएसएफ के कमांडेंट संजीव यादव ने योजना बनाई। इस कार्य के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने श्रमदान दिया। इस अवसर पर केंद्रीय औधोगिक सुरक्षा बल के कमाडेंट संजीव यादव ने कहा की स्वच्छता से स्वास्थ्य और समृद्धि आती है।स्वच्छता में भगवान का वास होता है।पूज्य बापू ने भी स्वच्छता को मानवता की सर्वोत्तम सेवा बताया था। उन्होने लोगों से अपना आह्वान किया नियमित श्रमदान कर अपने शहर रज्य और देश को स्वच्छ बनाने में योगदान दे।

## डॉ प्रवीण वर्मा लोक सेवा आयोग के बनाए गए अध्यक्ष ,जिले के लिए गौरव



**बेमेतरा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्र के पूर्व विधायक सवर्गीय चेतन सिंह वर्मा के सुपुत्र वर्तमान लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉक्टर प्रवीण वर्मा को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया ,इस नियुक्ति के पश्चात बेमेतरा जिला मुख्यालय सहित जिले में हर्ष व्याप्त है और श्री वर्मा को हर क्षेत्र से उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी जा रही है। मंगलवार 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने डॉ. प्रवीण वर्मा को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के प्रशासकीय कर्तव्यों के पालन करने अधिकृत किया हैं। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन ने इसकी अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपथ ( असाधारण) में जारी किया गया है। डॉ,प्रवीण वर्मा की इस महती जिम्मेदारी मिलने पर यह बेमेतरा ज़िले के लिए गौरव की बात है। डॉ, वर्मा वर्ष 2021 में सदस्य छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग नियुक्त किए गये थे।

# योजनाओं से संबंधित मुख्यमंत्री बघेल के पोस्टर को असामाजिक तत्वों ने फाड़ा





**बेमेतरा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फोटो एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित लगे फ्लेक्स को फाड़े जाने का मामला सामने आया। योजनाओं एवं मुख्यमंत्री की फोटो लगी पोस्ट को फाड़े जाने की जानकारी युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को लगी, आक्रोशित युवा कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रतीक दुबे के नेतृत्व में सिटी कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और संबंधित असामाजिक तत्वों के ऊपर कार्यवाही किए जाने की मांग रखी।

■ युवक कांग्रेस हुई आक्रोशित ,सिटी कोतवाली में दर्ज कराई शिकायत

शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के सूर्य नमस्कार चौक में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी युक्त पोस्टर लगा हुआ था जिसे किसी आसामाजिक तत्वों द्वारा फाड़ा गया है।इसके विषय में सिटी कोतवाली में युवक कांग्रेस द्वारा ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही प्रतीक दुबे ने यह भी कहा की इस तरह की घटिया हरकत करने वाले को युवक कांग्रेस की ओर से स्पष्ट चेतावनी है कि वह ऐसी तुक्ष हरकतों से बाज आए अन्यथा युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता मुंहतोड़ जवाब देंगे।

ज्ञापन देते वक्त युवक कांग्रेस के अजय सेन, वतन मिश्रा ,मनीष वर्मा ,भीकम साहू ,शुभम राजपूत ,संस्कार शर्मा ,देव गर्ग सहित अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

# सहकारी बैंक नए भवन के लिए नवाज ने किया भूमिपूजन

- कहा : सरकार गढ़ रही विकास के नए आयाम
- करीब पांच दशक से किराए के भवन में संचालित हो रही थी शाखा, अब स्वंय का भवन



**राजनांदगांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। सहकारिता के क्षेत्र में लगातार किए जा रहें विकास कामों के क्रम में अब डोंगरगढ़ को बड़ी उपलब्धि मिलने जा रही है। करीब पांच दशक से किराए के भवन में संचालित होते आ रहें जिला सहकारी बैंक के डोंगरगढ़ शाखा का अब खुद का भवन होने वाला है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान के प्रयासों से भूपेश सरकार से मिली स्वीकृति के बाद भवन बनाने का काम शुरु होने जा रहा है। बैंक अध्यक्ष नवाज ने बुधवार को इसका भूमिपूजन किया।

इस दौरान नवाज ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार के मंशा अनुरुप जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान यह तीसरी बैंक शाखा है, जिसका भवन बनने जा रहा है। भवन बनने से कर्मचारियों को कई प्रकार की सुविधा भी मिलेगी। नवाज ने कहा कि आगे भी जिले में जिन बैंक शाखा का संचालन किराए के भवन में हो रहा है, उनको स्वंय का भवन उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कृषि शाखा डोंगरगढ़ में 30 लाख की लागत से निर्मित नवीन कार्यालय लागत का किया भूमिपूजन। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहु,जिला पंचायत पुष्पा वर्मा,जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह,जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम,नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा,प्रदेश सचिव नलिनी मेश्राम,बैंक सीईओ सुधीर सोनी,शाखा प्रबंधक बी. एल.चंद्रवंशी,दीपक कायरकर,सैय्यद अफजल,कमलेश वर्मा, शाबीर भाई,ऋषि शर्मा,गौरव टेंबुलकर,किरण मेश्राम,लता साहु एवं अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### 15 साल पुरानी मांग हुई पूरी

विगत 48 वर्षो से किराए के भवन से संचालित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के लिए नवीन भवन निर्माण के लिए कई सालों से मांग की जा रही थी। सर्व सुविधा युक्त भवन के लिए भूपेश सरकार ने 30 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। 10 नवंबर 1975 से बैंक का संचालन किराए के भवन में किया जा रहें इस शाखा का अब जल्द ही भवन बन जाएगा। बताया गया कि इस भवन के बनने से जहां किसानो को सुविधा अधिक मिलेगी, वहीं इस शाखा में कार्यरत कर्मचारियों एवं किसानों को पार्किंग एवं अन्य समस्याओं से निजात मिलेगी

### इन शाखा का बना भवन

भूमिपूजन आयोजन के दौरान ही जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि उनके कार्यकाल की यह तीसरी नई शाखा का शासकीय भूमि आबंटन करवाकर कृषकों को समर्पित करने का कार्य किया गया है। डोंगरगढ़ से पहले भी वनांचल क्षेत्र मानपुर और मुढ़ीपार में नई शाखा प्रारंभ हो गई है। नवाज ने बताया कि सरकार किसानो के साथ ही बैंक कर्मचारियों की सुविधा बढ़ाने को लेकर भी लगातार काम कर रही है, जिसका असर आज दिख रहा है।

### किसानों का किया स्वागत

बैंक शाखा के भूमिपूजन आयोजन में शामिल होने आए किसानों का बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने टीका लगाकर एवम माला पहनाकर स्वागत भी किया। नवाज ने इस दौरान बताया की प्रदेश सरकार किसानों के लिए किसान कुटीर की भी व्यवस्था कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में दोबारा भूपेश सरकार को चुनने का संकल्प भी लिया।

# निगम आयुक्त ने डामरीकरण एवं पेचवर्क के शेष कार्य तत्काल प्रारंभ करने संबंधित ठेकेदारों को दिए निर्देश



**राजनांदगांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम के आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने आज समीक्षा बैठक के दौरान आज निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में तकनीकि अधिकारियों से आगामी आचार संहिता को देखते हुये शहर में चल रहे निर्माण कार्यो एवं योजना के कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने एवं कार्यादेश हुये कार्य तत्काल प्रारंभ करने निर्देशित किये।

बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं से कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा, विधायक, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत चल रहे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करे तथा पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे, जिन कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज पाये है उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करे। इसके अलावा उन्होंने शहर में चल रहे निर्माण कार्य के प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर कहा कि निर्माण कार्यो में तेजी लावे तथा कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये एवं गौठान निर्माण के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने के अलावा यूपा योजनांतर्गत किये जा रहे कार्य के अलावा अन्य कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिये आचार सहिता लगने वाली है जिसे ध्यान में रखते हुये जिन कार्यो के कार्यादेश हो चुके है उक्त कार्य तत्काल प्रारंभ कराये, संबंधित सभी ठेकेदारों से कल से ही मटेरियल डालने निर्देशित करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने डामरीकरण एवं पेचवर्क के शेष कार्य तत्काल प्रारंभ करने संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिये। उन्होंने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे कार्यो में प्रगति लावे एवं प्रारंभ होने वाले कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराये तथा मानिटरिंग करे, इस संबध में उन्हे निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि आचार सहिता लगते ही सम्पत्ति विरूपण के कार्य किया जाना है, इसके लिये टीम गठित करने के निर्देश दिये। साथ ही मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने तैयारी करने निर्देशित किये।

# युवा कांग्रेस के सौरभ मिलिंद को छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस सोशल मीडिया की जिम्मेदारी



**राजनांदगांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावारू, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष , प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा , प्रदेश इंचार्ज गुरप्रीत सिंग , प्रदेश संयोजक अनूप वर्मा के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस शोसल मिडिया की प्रदेश कार्यकारिणी जारी की गई । जिसमे इस सूची में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सौरभ मिलिंद को छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस शोसल मिडिया विभाग में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया । इससे पहले एनएसयूआई, युवा कांग्रेस के विभिन्न पदो सहित पूर्व में राजनांदगांव जिला युवा कांग्रेस के जिला संयोजक पद पर भी थे । उनके सूरू से ही संगठन के लगन व कार्यो के देखते हुए प्रदेश कार्यकारिणी मे शामिल किया गया । बनने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक छन्नी साहू , जिला पंचायत सदस्य बिरेन्द्र कुमार मसिया, राज्य युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार सहित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया ।

# विधायक मंडावी ने करमोता, सुवरबोड़, तेलीटोला तथा ढारनी में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**मोहला**, 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोहला-मानपुर के लोकप्रिय विधायक इंद्रशाह मंडावी बुधवार को मोहला तथा चौकी विकासखंड में करमोता, सुवरबोड़, तेलीटोला तथा ढारनी के दौरे पर रहे जहां उन्होंने ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ सरकार के विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया तथा विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी ने ग्रामीणों से चर्चा में बताया की भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में पौने पांच साल भरोसे की सरकार रही है जिसने राज्य के सर्ववर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया है। छग में जहां आम जनता की पूछ परख करने वाली भरोसे की सरकार है वही केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों के वजह से महंगाई सुरसा की तरफ मुंह फाड़े खड़ी हो गई है। मोदी जी की नीति आम जनता को छोड़कर केवल उद्योगपति के लिए कार्य करती है। भुपेश जी के सरकार ने किसानों का कर्जा माफ किया मजदूर, किसान, जवान के श्रम का सम्मान किया परंतु केंद्र की मोदी सरकार अपने उद्योगपति मित्रो का ही कर्जा माफ करती है। स्कूल, कॉलेज, भवन, सड़क, अस्पताल, जिला, तहसील, आत्मानंद स्कूल, पुल पुलिया सहित विकास के अनगिनत कार्य इस सरकार ने किया है। इस सरकार को 2023 तथा 2024 के चुनाव में पुन: भारी बहुतमत से जीत दिलाकर न्याय की विकास यात्रा को निरंतर बनाए रखना है। विधायक ने ग्राम करमोता ग्राम पंचायत कोर्रामटोला, ग्राम पंचायत तेलीटोला तथा ग्राम सुअरबोड़ ग्राम पंचायत मड़ियानवाडवी प्रत्येक गांव में सीसी रोड निर्माण कार्य मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना 5.20 लाख का भूमिपूजन किया तथा ग्राम ढारनी ग्राम पंचायत तारमटोला में सीसी रोड निर्माण कार्य 3 लाख विधायक निधि का भूमिपूजन कर ग्रामीणों को सौगात दिया।

# गांधी शास्त्री जंयती में सर्वधर्म प्रार्थना सभा व स्वच्छता रैली का आयोजन



- स्काउट गाइड रोवर रेंजर ब्लाक के विभिन्न विद्यालय शिक्षकगणों का रहा योगदान

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 4 अक्टुबर (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर तथा जिला संघ बालोद के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार स्थानीय संघ डौंडी के सचिव नेमसिंह साहू संयुक्त सचिव तनुजा बंजारे के नेतृत्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विकासखण्ड डौंडी में 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा और स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद विद्यालय डौंडी, बालक उच्च.मा.वि. डौंडी, माडल स्कूल डौंडी, विवेकानंद हाई स्कूल डौंडी के स्काउट गाइड रोवर रेंजर बड़ी संख्या शामिल हुए।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त संस्था के स्काउट ,गाइड,रोवर ,रेंजर के साथ शिक्षकगण एस आर प्रेमन, शमशेर बेग मिर्जा, गायत्री देवांगन,रमेश नायक, नेमीचंद बढ़ाई,हेमलता यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।साथ ही डौंडी विकास खंड के हाई स्कूल खैरवाही ,सेजेस दल्लीराजहरा आदर्श विद्यालय डोंडी, सेजेस चिखलकसा, हायर सेकेण्डरी साल्हे, कुमुड़कट्टा, लिटिल बर्ड स्कूल राजहरा,सरस्वती शिशु मंदिर राजहरा व अनेक विद्यालयो ने भी सर्वधर्म प्रार्थना व स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।इस अवसर पर भारत स्काउट्स गाइड्स जिला संघ बालोद के समस्त पदाधिकारियों , विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी ने बधाई दी है।

# कन्हारपुरी में चारागाह की जमीन पर निगम की निगाह

- कटवाए गए सैकड़ों हरे-भरे वृक्ष
- आक्रोशित ग्रामवासी मौके पर उपस्थित होकर निगम की चालाकी की भर्त्सना
- उग्र आन्दोलन के लिए तत्पर वार्डवासी



**राजनांदगांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के पार्रीबाट स्थित लगभग 40 एकड़ जमीन जिसे ग्रामवासियों ने गऊ माता के चारागाह के लिए छोड़ रखा है। उस पर निगम की निगाह होने का आरोप लगाते हुए ग्रामवासियों ने वह स्थित सैकड़ों हरे-भरे वृक्ष को कटवाने व उक्त जमीन किसी संस्था- संगठन के हवाले किए जाने का कड़ा विरोध किया है। बताया जाता है कि जैसे ही कन्हारपुरी ग्राम वासियों को उनके चारागाह को सैकड़ों हरे-भरे वृक्षों को कटवा लेने की जानकारी मिली सैकड़ों की संख्या में पहुंच कर निगम की इस कार्रवाई के खिलाफ नारे बाजी की और निगम के इस कथित कार्रवाई की जमकर भर्त्सना की।

### भूमाफिया की भी अतिक्रमण पर टकटकी निगाहें

कन्हारपुरी वार्ड के ग्रामवासी गोरेलाल हिरवानी विश्रामदास नत्थन दास, देवेन्द्र साहू, माधो बजरंग, चतुरसिंह बजरंग, एकनाथ बजरंग पूरणदास पूर्व पार्षद प्रतिनिधि किशोर साहू, वार्ड पार्षद महेश साहू, आदर्श विकास समिति के अध्यक्ष श्यामरतन शत्रुघन साहू कौशल हिरवानी, दधिबल, पीलू साहू, दुर्गा साहू, एकनाथ आदि ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में भी उक्त चारागाह की जमीन को कब्जा की कोशिश की गई थ। किन्तु ग्राम वासियों के विरोध के चलते प्रशासन की एक न चली। ग्राम के युवा प्रकाश बजरंग ने बताया कि अब जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम के माध्यम से किसी महिला समूह या अन्य किसी संस्था संगठन को उक्त जमीन एलाट कराने के उद्देश्य से ग्राम कन्हारपुर के ग्रामीणों द्वारा गऊ माता के चारागाह के लिए छोड़ी गई 40 एकड़ जमीन पर फिर से कब्जा जमाने व चालाकी से उसे किसी और के हत्थे देने का प्रयास किया गया है। जिसका ग्राम वासियों द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है।

### हरे-भरे वृक्षों की कटाई

वार्ड नं. 34 के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि किशोर साहू, चैतु साहू, तीरथ दास हिरवानी, डीगल बजरंग, देवधन साहू, खेम साहू आदि ने बताया कि निगम की सहमति से वार्ड के ही कुछ व्यक्तियों को सामने रख कर वार्ड के ही एक मुस्लिम ठेकेदार से उक्त 40 एकड़ चारागाह की जमीन पर लगभग 500 की संख्या में हरे-भरे पेड़ों को कटवाया गया है जिसके ठंठ आज भी वही पड़ा हुआ प्रशासन के इस कृत्य का चुगली कर रहा है। लोगों का कहना है कि एक ओर भूपेश बघेल की सरकार गऊमाता के लिए गौठान बनाने व उसके लिए चारा पानी की व्यवस्था करा रही है वहीं दूसरी ओर उनके ही प्रशासनिक अधिकारी चारागाह की जमीन पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे। हरे भरे वृक्षों को कटवाया जा रहा है। यहां तक कि सत्ता का संरक्षण पाकर ठेकेदार ग्राम वासियों के निजी खेतों में लगे पेड़ों को काट दे रहा है। जेबीसी मशीन लाकर उसे जड़ सहित उखाड़ दे रहा है। उनका यह पूरा कृत्य फोटो में देखने से स्पष्ट हो जा रहा है।

ग्रामवासियों का कहना है कि शासन-प्रशासन को जिस किसी संस्था संगठन को जमीन देनी हो वे अपन हक की शासकीय जमीन को दे। ग्राम वासियों द्वारा अपने हक की जमीन जिसका वे लगान पटाते है। जिसे गऊमाता के लिए चारागाह के लिए छोड़ा गया है उस पर निगाह जमाने की कोई जरूरत नहीं है। लोगों का यह कहना है कि जिला प्रशासन के द्वारा नगर-निगम के माध्यम से कन्हारपूरी वार्ड की उक्त 40 एकड़ चारागाह की जमीन को किसी भी कीमत में हथियाने नहीं देंगे। इसके लिए ग्राम वासी लड़ाई लडने न्यायालय तक जाने व उग्र आन्दोलन करने की पूरी तैयारी कर ली है।

# गड़बड़ियों की जांच करने की बजाय भविष्य की योजना बता रहे घोटालेबाजों के सरदार: मोतीराम चंद्रवंशी



**कवर्धा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक के बाद एक घोटालों की श्रृंखला रचकर खुद को छत्तीसगढ़ का हितैषी बताने वाली कांग्रेस और भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ की छवि को पूरे देश में बिगाड़ा है। उक्त बातों के साथ बयान जारी करते हुए पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी ने कहा कि गरीब और बेरोजगारों तक के हक में डाका डालने वाली पैंतरेबाज छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के मुखिया ने पीएससी घोटाले के पीड़ितों और प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए एक बार फिर शिकायतों पर जांच कराने तथा पीएससी परीक्षा से जुड़े दस्तावेजों को दो साल तक नष्ट नहीं करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में जब पीएससी घोटालों की परतें खुल चुकी हैं और प्रदेश की सरकार को वहां भी जांच कराने का दावा कर अपना दामन बचाने का प्रयास करना पड़ा तब फिर और कैसी शिकायतों का भूपेश सरकार को इंतजार है? अब रही बात पीएससी से जुड़े दस्तावेजों को दो साल तक नष्ट नहीं करने की घोषणा की तो भूपेश बघेल पहले ये बताएं कि परीक्षा का रिजल्ट आने के तुरंत बाद दस्तावेजों को नष्ट करने टेंडर बुलाने की जरूरत क्यों पड़ी?

मोतीराम चंद्रवंशी ने बताया कि 11 मई 2023 को सीजी पीएससी 2021 का रिजल्ट जारी हुआ। इसके एक हफ्ते बाद ही इस परीक्षा पर उंगली उठनी शुरू हो गई थी। इस परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के साथ-साथ विपक्ष ने भी सवाल उठाया था। इसी बीच लोक सेवा आयोग द्वारा इसके दस्तावेजों को नष्ट करने के लिए टेंडर बुला लिया था। छग लोक सेवा आयोग को ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि रिजल्ट जारी हुए 15 दिन भी नहीं हुए थे कि दस्तावेजों को नष्ट करने की जरूरत महसूस हो गई। अब जब मामला हाईकोर्ट में है और गड़बड़ी पर जांच के निर्देश दिए हैं तो इस मामले की निष्पक्षता के साथ जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भविष्य की थोथी योजना बताकर छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को एक बार फिर दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ठगबाजों की पार्टी और प्रदेश के सबसे बड़े ठगराज की नीयत के खोट को अब समझ गई है। जनता जान गई है कि इनके कथनी और करनी में कितना अंतर है। इन्होंने पांच सालों में छत्तीसगढियों का हितेसी होने का केवल स्वांग रचा है और गले मिलकर पीठ पर छूरा भोंगने का काम किया है। इस सरकार ने प्रदेश में जो भी काम किए, सब केवल भ्रष्टाचार के लिए किए। यदि इनकी नीयत साफ होती तो 2019 से लेकर अब तक पीएससी से समस्त दस्तावेजों को संभालकर रखते और उसमें केवल उत्तर पुस्तिका ही नहीं, दावा आपत्ति, लोगों के फार्म, इंटरव्यू बोर्ड के फैसले, कौन-कौन उनमें शामिल थे, सभी दस्तावेज सुरक्षित रखते।

# मनीष गौतम के नेतृत्व में शामिल हुए खिलाड़ी व प्रशिक्षक



**राजनांदगांव,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में कांग्रेस खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्रदेश कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ द्वारा झीरम घाटी के शहीदों और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की याद में गत एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष मनीष सिंह गौतम के मार्गदर्शन और नेतृत्व में राजनांदगांव शहर से भी विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शहर, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी शामिल हुए। इस अवसर पर मनीष सिंह गौतम के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का राजीव भवन रायपुर में सम्मान किया गया। इस आयोजन में परिवहन व्यवस्था के लिए मनीष गौतम ने महापौर हेमा देशमुख का आभार व्यक्त किया है।

कार्यक्रम में प्रदेश भर से खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों ने शिरकत की। इस अवसर पर खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन द्वारा मेडल व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष मनीष सिंह गौतम हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं, जिनके कुशल नेतृत्व में 45 से 50 खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को राजीव भवन रायपुर ले जाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का जिन्होंने प्रतिनिधित्व किया था, उन्हें मेडल और सम्मानपत्र देकर कांग्रेस खेल प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव से कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के सदस्य तामेश्वर बंजारे, पंकज सिंह गौतम, अरविंद रजक शामिल हुए। जिन खिलाडियों और प्रशिक्षको का सम्मान किया गया, उनके नाम इस प्रकार हैं- अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी- गीता यादव (अंतरराष्ट्रीय सिल्वर मेडलिस्ट), बबीता तिग्गा (अंतर्राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट), रिया प्रमोद कुंनघाडकर (अंतर्राष्ट्रीय मेडलिस्ट), दीपशिखा एक्का (जूनियर व सीनियर नेशनल मेडलिस्ट), डिंपल धोबी (वर्ल्ड गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट), करिश्मा मीणा (एशियन स्कूल गेम्स मेडलिस्ट, सीबीएसई क्लस्टर गोल्ड मेडलिस्ट), पूर्णिमा मांडवी (जूनियर सीनियर नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट), प्रिया गोस्वामी (जूनियर सीनियर खेलो इंडिया नेशनल मेडलिस्ट), बबीता तिग्गा (इंडियन गेम चैंपियनशिप, सीबीएसई क्लस्टर गोल्ड मेडलिस्ट), प्रीति मेंस (यूथ गेम नेशनल ऑल, इंडिया इंटर साइट टूर्नामेंट मेडलिस्ट), मोनू सिन्हा (खेलो इंडिया सीनियर नेशनल, सीबीएसई क्लस्टर मेडलिस्ट), कुणाल शर्मा (स्कूल गेम्स ऑस्ट्रेलिया, सीनियर नेशनल मेडलिस्ट), अरविंद रजक (राष्ट्रीय खिलाड़ी)।

इसी तरह वॉलीबॉल अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ी- महेंद्र धुर्वे (अंडर-19 वर्ल्ड कप वालीबॉल चैंपियनशिप अर्जेंटीना), कुणाल बांसोड़ (नेशनल राष्ट्रीय खिलाड़ी), हर्षवर्धन सिंह सोलंकी (राष्ट्रीय खिलाड़ी), उत्तम ऊइके (राष्ट्रीय खिलाड़ी), संध्या धुर्वे (राष्ट्रीय प्रशिक्षक)। शूटिंग बॉल राष्ट्रीय खिलाड़ी- मोसेस एमिली (नेशनल खिलाड़ी), विवेक मेश्राम (नेशनल खिलाड़ी), परिणीता महारवाड़े (खेलो इंडिया नेशनल खिलाड़ी), भूमि साहू (खेलो इंडिया नेशनल खिलाड़ी), चारु रंगारी (नेशनल खिलाड़ी), प्रीति ठाकुर (नेशनल खिलाड़ी)। वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय खिलाड़ी- तानिया बंजारे (नेशनल मेडलिस्ट), एकता बंजारे (नेशनल मेडलिस्ट), रितेश यादव (नेशनल खिलाड़ी), मौलेश यादव (राष्ट्रीय खिलाड़ी), सौरभ सिन्हा (राष्ट्रीय खिलाड़ी), रविंद्र नाथ सुधाकर (नेशनल खिलाड़ी), दामिनी सिन्हा (नेशनल खिलाड़ी), रिमझिम मैगी (नेशनल खिलाड़ी), रंजन यादव (नेशनल खिलाड़ी), सोनाली यादव (नेशनल खिलाड़ी), तामेश्वर बंजारे (राष्ट्रीय प्रशिक्षक)। महिला राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी- गरिमा श्रीवास (अंडर-17 महिला ओपन राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी)। सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी- ओम कुमार यादव (राष्ट्रीय सब जूनियर खिलाड़ी ),अभिषेक यादव (राष्ट्रीय सब जूनियर खिलाड़ी ), हिमांशु मलिक (राष्ट्रीय सब जूनियर खिलाड़ी ), गुलशन यादव (राष्ट्रीय सब जूनियर खिलाड़ी), जितेश मारिया राष्ट्रीय (सब जूनियर खिलाड़ी) ,चमन निषाद (राष्ट्रीय सब जूनियर खिलाड़ी)।

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर**
**( छ.ग. )**
**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री प्रभाकर सोनबेर पिता श्री नारद राम निवासी वार्ड नं. 10 बैगापारा ग्राम जेवरतल पो. मोहारा थाना सनौद जिला बालोद एवं कु. श्वेता पाल पिता श्री सोमनाथ पाल निवासी म.नं. 167 ग्राम तुता थाना अभनपुर जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 26 अक्टूबर, 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी तथा यह शून्य माना जावेगा ।

आज दिनांक 26 सितम्बर, 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

**मुहर** **विवाह अधिकारी, रायपुर**

**उल्टा पुल्टा**

एक सुन्दर महिला क्रिकेट का मैच देख रही थी और चेहरे पर भारत का झंडा और नक्शा बनवा रखी थी!
तभी एक बजुर्ग उसके पास गया और चेहरे को चुम कर बोला- कितना सुन्दर है मेरा भारत देश!

## संपादकीय

### मिठाइयों की शुद्धता पर अभी से ध्यान ज़रूरी

अनेक धार्मिक पर्व नज़दीक आ रहे हैं। थोड़े दिनों के बाद विभिन्न तरह के मिष्ठान्न बनाने की तैयारियां घरों और दूकानों में प्रारम्भ हो जायेंगी। छत्तीसगढ़ में भी ये सारे त्यौहार एवं पर्व काफी धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन सभी तरह के त्यौहारों में घरों में मीठा तो बनता ही है, ज्यादातर लोग दुकानों से मिठाइयां खरीदते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि उनकी शुद्धता पर अभी से ध्यान दिया जाये। राज्य सरकार के खाद्य और औषधि विभाग ने तो अभी से निगरानी प्रारम्भ कर दी है, स्वयं ग्राहकों को चाहिये कि वे सावधान रहें। ऐसी मिठाइयां बिलकुल न खरीदें जिनमें अशुद्धता का ज़रा भी अंदेशा हो। यह सेहत के लिये बहुत हानिकारक है।

फिलहाल चल रहे पितृ पक्ष की समाप्ति के तुरन्त बाद यानी 15 अक्टूबर के पश्चात एक तरह से मिष्ठान्नों का मौसम आ जायेगा। श्राद्ध के पकवान तो घरों में ही बनते हैं, जिनमें मीठे पदार्थ भी शामिल होते हैं। बाद के सभी त्यौहारों में लोग बाहरी मिठाइयां खरीदते हैं। इनमें नवरात्रि, विजयादशमी और मुख्य रूप से दीपावली के त्यौहार हैं। लोगों को अपने मित्रों व परिजनों को देने के लिये बड़ी मात्रा में मिष्ठान्न लेने होते हैं जो घरों में बनने सम्भव नहीं होते। इसलिये वे बाजारों का रुख करते हैं। चूंकि इसकी बिक्री इतनी होती है कि उनका निर्माण पहले से करना पड़ता है। खासकर, खोवे का संग्रहण कर रखना होता है वरना इसकी उपलब्धता नहीं रहती। खोवा या जिसे मावा भी कहते हैं, उसकी गुणवत्ता अक्सर खराब पाई जाती है। दूध भी काफी लगता है इसलिये उसमें मिलावट होती है। ऐसे ही, घी व पनीर की भी शिकायतें मिलती हैं। छ.ग. के खाद्य व औषधि विभाग ने मिलावटी व गुणवत्ताहीन सामग्रियां बनने से रोकने के लिये अभी से सख्ती बरतने के निर्देश अपने अधिकारियों को जारी कर दिये हैं। विभागीय अधिकारी खोवा, दूध, घी, पनीर जैसी वस्तुओं पर अभी से नज़र रखेंगे जो कि मिठाइयां बनाने के लिये कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त होते हैं। इसके लिये दूकानों, उनके स्टोर्स, वेयर हाउसों पर नज़र रखी जायेगी और उनकी जांच होगी। खुले में या सड़कों पर पंडाल लगाकर मिष्ठान्न बेचने वालों पर विशेष रूप से नज़र रखी जायेगी।

विभागीय कार्रवाई जो भी हो, स्वयं लोगों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। लोगों को चाहिये कि केवल प्रतिष्ठित दूकानों से ही मिठाइयां या अन्य वस्तुएं खरीदें। लम्बे समय तक खुले में रखे या डिब्बाबंद पकवान भी देख-परख कर लेने चाहिये। चखकर देखने की सुविधा हो तो वह भी करना चाहिये। अगर मिठाई किसी और को उपहार में देने के लिये है तो बिलकुल ताजी होनी चाहिये क्योंकि वह देने वाले को पास भी कुछ समय तक तो रखी ही रहती है।

# राजिम में भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क तेज

## उतारी जा रही है जगह-जगह आरती, प्रचार के दौरान लाखों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन



बुधवार को राजिम मंडल के ग्राम बकली, कुम्ही अरण्य, धमनी, किरवई, कोमा, सेम्हरतरा, बेल्टुकरी, लफन्दी, धूमा, प्रतिवाद, देवरी के मतदाता शाल श्रीफल से कर रहे सम्मान

**राजिम,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रोहित साहू का जनसंपर्क व जनआशीर्वाद यात्रा निरंतर जारी है, इस दौरान उन्हें गाँव गाँव में युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। भारी उत्साह के साथ गर्मजोशी से गाँव गाँव में उनका स्वागत व आरती भी की जा रही है वहीं अनेक स्थानों पर श्रीफल भेंटकर उनका अभिनंदन किया जा रहा है। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू राजिम मंडल के ग्राम कुम्ही, बकली, अरण्ड, धमनी, किरवई, कोमा, सेमहरतरा, बेलटुकरी, लफन्दी, धुमा, परतेवा व देवरी में जनसंपर्क कर आमजनों से आशीर्वाद माँगा। इस दौरान उन्होंने लाखों रूपये के अनेक विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को देते हुए कहा कि आपका प्यार व आशीर्वाद का सम्मान मैं हमेशा बनाये रखूंगा। आप सभी मेरे परिवार जैसे हैं। मुझे आपसे बहुत प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है इसके लिए मैं कृतज्ञ हूँ। आप सबका प्यार व आशीर्वाद ही मेरी शक्ति है। इस बार आप सभी मिलकर इस किसान के बेटे को विधानसभा में भेजेंगे तो अधिक से अधिक विकास कार्य जनता को समर्पित होंगे। इस दौरान वे ग्राम पंचायत कोमा में यादव समाज भवन का भूमिपूजन तथा महिला भवन व पुलिया का लोकार्पण, ग्राम पंचायत किरवई के सरस्वती शिशु मंदिर में स्नानागार भूमिपूजन, ग्राम पंचायत बकली में सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत अरण्ड में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन, ग्राम पंचायत बेलटुकरी में टीनाशेड का लोकार्पण, ग्राम पंचायत सेमहरतरा में पुलिया का लोकार्पण, ग्राम धुमा में महिला भवन भूमिपूजन, ग्राम पंचायत देवरी में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उनके साथ कमल सिन्हा अध्यक्ष मंडल राजिम, बोधन साहू वरिष्ठ भाजपा नेता, राहुल सेन कोषाध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद, संजीव चंद्राकर शक्ति केन्द्र प्रभारी, लाला साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर समिति, प्रकाश साहू अध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र राजिम, धर्मेन्द्र ध्रुव महामंत्री राजिम मंडल, मधु नथानी उपाध्यक्ष, खुशी साहू मंत्री, रिकेश साहू उपाध्यक्ष भाजयुमो जिला गरियाबंद, शरद पारकर, पुरण यादव, राधेश्याम बंजारे, गैंदलाल साहू, मकसुदन साहू, विजय कंडरा, मोती निषाद, श्रीमती रेखा साहू, रामाधार साहू, मिथलेश साहू, सुखदेव साहू, उदेराम साहू, टिकेश साहू, कोमल ढीढी, हरिराम साहू, रामकुमार साहू, आशीष साहू, लिकेश्वर साहू, मनीष साहू अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गड़बड़ियों की जांच करने की बजाय भविष्य की योजना बता रहे घोटालेबाजों के सरदार : कृष्णा अवस्थी



**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक के बाद एक घोटालों की श्रृंखला रचकर खुद को छत्तीसगढ़ का हितैशी बताने वाली कांग्रेस और भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ की छवि को पूरे देश में धूमिल किया है। जारी बयान में उक्त बातें कहते हुए भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने कहा कि गरीब और बेरोजगारों तक के हक में डाका डालने वाली पैंतरेबाज छत्तीसगढ़ की बेशर्म कांग्रेस सरकार के मुखिया ने पीएससी घोटाले के पीड़ितों और प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए एक बार फिर शिकायतों पर जांच कराने तथा पीएससी परीक्षा से जुड़े दस्तावेजों को दो साल तक नष्ट नहीं करने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में जब पीएससी घोटालों की परतें खुल चुकी हैं और प्रदेश की सरकार को वहां भी जांच कराने का दावा कर अपना दामन बचाने का प्रयास करना पड़ा तब फिर और कैसी शिकायतों का भूपेश सरकार को इंतजार है। अब रही बात पीएससी से जुड़े दस्तावेजों को दो साल तक नष्ट नहीं करने की घोषणा की तो भूपेश बघेल पहले ये बताएं कि परीक्षा का रिजल्ट आने के तुरंत बाद दस्तावेजों को नष्ट करने टेंडर बुलाने की जरूरत क्यों पड़ी। श्री अवस्थी ने बताया कि 11 मई 2023 को सीजी पीएससी 2021 का रिजल्ट जारी हुआ। इसके एक हफ्ते बाद ही इस परीक्षा पर उंगली उठनी शुरू हो गई थी। इस परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के साथ-साथ विपक्ष ने भी सवाल उठाया था। इसी बीच लोक सेवा आयोग द्वारा इसके दस्तावेजों को नष्ट करने के लिए टेंडर बुला लिया था। छग लोक सेवा आयोग को ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि रिजल्ट जारी हुए 15 दिन भी नहीं हुए थे कि दस्तावेजों को नष्ट करने की जरूरत महसूस हो गई। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में भटगांव के खिलाड़ियों ने जीते पदक और बढ़ाया नगर का मान



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2 अक्टूबर को बिलासा कप राज्य स्तरीय कराटे चेम्पियनशिप का भव्य आयोजन नर्मदा नगर सामुदायिक भवन बिलासपुर मे सम्पन्न हुआ। जिसमे भटगांव की टीम का दबदबा रहा। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय, डाक्टर विनोद कुमार तिवारी डायरेक्टर संजीवनी हास्पिटल, प्रिंस भाटिया, किरण सिंह, मुकेश कुमार अधिजा, चंचल सलूजा समाज सेवी, उज्ज्वला करड़े के गरिमामय उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। जिसमे भटगांव सारंगढ़ के कराटे खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व कर क्रमशः पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किए है।

कराटे चेम्पियनशिप मे रायपुर, कबीरधाम, बेमेतरा, मुंगेली, जांजगी चांपा, शक्ति, सारंगढ बिलाईगढ भटगांव, सरगुजा कोरिया, सुरजपूर, बलरामपुर एवं मेजबान बिलासपुर जिले से 200 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने कुमिते एवं काता इवेंट मे शानदार प्रदर्शन करते हुए, मुकाबले के विभिन्न आयु एवं वजन समूहों मे जोरदार टक्कर देते हुए पदकों पर कब्जा किए, बिलासा मार्शल आर्ट एकेडमी एवं राज्य कराटे संघ युनाइटेड शोतोकान कराटे के प्रदेशाध्यक्ष शिहान वरूण पाण्डेय, आयोजन कमेटी सचिव दीपक घाटगे द्वारा सभी विजेताओं उपविजेताओ, कोच, मैनेजर की उपस्थिति मे पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बिरकोनी स्कूल में जोन स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**महासमुंद,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जोन स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नोडल प्राचार्य करण सिंह सोरी एवं सरपंच ताम्रध्वज निषाद के द्वारा टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। जोन स्तरीय प्रतियोगिता में बेमचा, बेलसोंडा, बम्हनी, बिरकोनी, महर्षि विद्या मंदिर की टीम शामिल हुई। प्रतियोगिता में महर्षि विद्या मंदिर की टीम विजयी रही एवं 5 अक्टूबर को होने वाले विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पूरी टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता व्यायाम शिक्षक बेदराम रात्रे, ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सी आर अग्रवाल, राम प्रसाद मोहंती, मुकेश ध्रुव, परस सिन्हा अंपायर रहे। कमेंट्री सौरभ साहू के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में व्याख्याता वीपी गोस्वामी, कन्हैया लाल साहू, लता राजन, रंजीता दुबे, गीता दासरवार, रिचा पांडेय, लक्ष्मण मानिकपुरी, सुरेश कुमार गुप्ता, उषा साहू, महेश एवं बच्चे उपस्थित थे।

# सब स्टेशन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**महासमुंद,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। शेर.कनेकेरा में दो करोड़ 43 लाख की लागत से नवीन सब स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कनेकेरा में आयोजित कार्यक्रम में सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। सब स्टेशन निर्माण से पांच गांवों के करीब पांच हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। बुधवार को शेर.कनेकेरा में नवीन सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, सरपंच नीलकंठ साहू मौजूद रहे। पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि आज ग्राम पंचायत शेर.कनेकेरा में दो करोड़ 43 लाख की लागत से विद्युत सब स्टेशन का निर्माण होने जा रहा है। इससे पांच गांव के करीब पांच हजार उपभोक्ता को लाभ मिलेगा। जिसमें शेर, कनेकेरा, धनुसली, मोरधा व मुरकी शामिल है। सब स्टेशन बनने से लोड की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रवास के दौरान ग्रामीण बिजली की समस्याओं से अवगत कराते रहे। बाद इसके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यानाकर्षित कराया और इसकी घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार की बिजली बिल हाफयोजना से गरीब, जरूरतमंद एवं मध्यम वर्गीय परिवार को राहत मिली है। बिजली बिल हाफयोजना से 400 यूनिट तक घरेलू बिजली खपत पर टैरिफमें 50 फीसदी की छूट दी जा रही है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र में सिंचाई, सड़क, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सोहन साहू, डमेश्वर साहू, पुरण साहू, श्रीमति देवकी, श्रीमती ललिता, इंद्रा बाईए हुमन लाल आदि उपस्थित थे।

# अंतिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन



**जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर हुई 8,93,374**

**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दावा आपत्तियों का निराकरण पाश्चत 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम सूची में जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 8 लाख 93 हजार 374 हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम मतदाता सूची में कुल 893374 मतदाताओं में 446867 पुरुष, 446488 महिला, 8397 दिव्यांग तथा 19 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। लिंगानुपात 985 से बढ़कर 999 हो गई है।

कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि प्रकाशित अंतिम सूची पूर्णतः त्रुटि रहित व शुद्ध है। प्रारंभिक प्रकाशन के एक महीने के भीतर नाम जोड़ने व विलोपन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए कॉलेजों में शिविर लगाए गए और जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूरा हो रहा था उन सबका नाम मतदाता सूची में जोड़ने कार्यवाही की गई। इसी प्रकार विलोपन के लिए टीम द्वारा घर -घर जाकर जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य सतत रूप से जारी रहता है। इस सूची के प्रकाशन के बाद भी नाम जोड़ने की कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्र संख्या 129, कुल मतदाता संख्या 101468, पुरुष51062, महिला50404, दिव्यांग 838 एवं तृतीय लिंग 2, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में मतदान केंद्र 402, कुल मतदाता संख्या 361208, पुरुष 181105, महिला 1801000, दिव्यांग 3470 एवं तृतीय लिंग 3, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में मतदान केंद्र संख्या 196, कुल मतदाता 178330, पुरुष 88893, महिला 89436, दिव्यांग 1695 एवं तृतीय लिंग 01, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में मतदान केंद्र संख्या 282, कुल मतदाता 252368, पुरुष 125807, महिला 126548, दिव्यांग 2394 एवं तृतीय लिंग 13 मतदाता हैं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि एवं मीडिया प्रतिनिधिगण उपास्थित थे।

# मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन



- पुनरीक्षण अवधि में कुल 33,176 नए मतदाता पंजीकृत हुए
- जिले में कुल 8 लाख 54 हजार मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**महासमुंद,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में पत्रकार.वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकार.वार्ता में बताया कि प्रदेश में निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद 4 अक्टूबर को सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में दावा.आपत्ति 02 अगस्त 2023 से 11 सितम्बर 2023 तक लिया गया। जिसमें कुल फार्म.6 के अंतर्गत 33,176 एवं फार्म.7 के अंतर्गत 8,872 फार्म प्राप्त हुए एवं शत् प्रतिशत निराकरण किया गया। इस तरह पुनरीक्षण अवधि में कुल 33,176 नये मतदाता पंजीकृत हुए जिसमें से 18 से 19 वर्ष के 10,462 नए पंजीकृत युवा मतदाता है। पत्रकार वार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू मौजूद थे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मलिक ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत वर्तमान में महासमुंद जिले में 4,21,140 पुरुष मतदाता, 4,32,742 महिला मतदाता एवं 20 तृतीय लिंग के मतदाता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# वृद्धजनों का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश में अंतर्राष्ट्रीय वृध्दजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित योग भवन में वृध्दजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 389 वृध्दजनो का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर वृध्दजनो का आंख का भी परीक्षण किया गया। नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा आँख जांच कर 39 वृध्दजनों को चश्मा प्रदाय किया गया तथा साल एवं श्रीफल से वृध्दजनों का सम्मान किया गया एवं सभी वृध्दजनों का आँख जांच कर मुल्याकंन किया गया एवं वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम 2007 के बारे में विस्तृत जानकारी समाज कल्याण विभाग के द्वारा दी गई एवं वरिष्ठ नागरिकों की समस्यों के बारे में संगोष्टि का आयोजन भी किया गया एवं स्विप कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त वरिष्ठजनों से निष्पक्ष मतदान हेतु संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सुहेला में आयोजित हुआ विधानसभा स्तरीय राजीव गांधी युवा मितान क्लब सम्मेलन



**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं को भूपेश बघेल की कांग्रेस की सरकार ने शासन में भागीदारी सुनिश्चित की है। उक्त बातें सुहेला में अयोजित विधान सभा स्तरीय राजीव गांधी युवा मितान क्लब के सम्मेलन में सुरेंद्र शर्मा अध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद् छग शासन ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहीं। श्री शर्मा ने कांग्रेस के पांच साल की उपलब्धियो को गिनाते हुए कहा की 2500 समर्थन मूल्य, कर्ज माफ, छत्तीसगढ़ की धार्मिक सांस्कृतिक विरासत की रक्षा, शिक्षा, चिकिसा, मजदूरों, भूमिहीन, बुजुर्ग, व्यापारी सहित हर वर्ग का ध्यान रखकर योजनाएं लागू किया है जिसके फलस्वरूप आज छत्तीसगढ़ की जनता खुश हैं। पंद्रह साल तक झूठे वादे कर छत्तीसगढ़िया जनता को ठग कर जेब भरने वाली भाजपा के नेता चुनाव आते ही झूठ और धोखा परोसने के लिए तैयार है जिनसे सतर्क रहना है।

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रही पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की सरकार का उद्देश्य राजीव गांधी युवा मितान क्लब के माध्यम से गांव स्तर पर युवाओं के द्वारा महात्मा गांधी, राजीव गांधी के सपने के अनुरूप संस्कारित एवं विकसित गांव का निर्माण करना है। युवा सजग होकर सरकार की योजनाओं को, हमारी संस्कृति को सरक्षण प्रदान कर रहे हैं यह राजीव युवा मितान क्लब की सफलता है। पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा की अगुवाई में 210 राजीव युवा मितान क्लब के लगभग पांच हजार प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल हुए। गरिमामयी आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस सयुक्त महामंत्री दिनेश यदु, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष बलौदाबाजार तुलसी राम वर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष प्रतिनिधि तिल्दा पुनाराम वर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सयुक्त महामंत्री गंभीर सिंह ठाकुर, संदीप पाण्डेय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षगण विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, भुनेश्वर वर्मा, देवा टंडन, बलदाऊ साहू, सविता वर्मा सरपंच सुहेला, राजीव युवा मितान क्लब विधानसभा समन्वयक भानु वर्मा उपस्थित रहे। सम्मेलन को सभी अतिथिगणों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद तिल्दा लक्ष्मीनारायण >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**छ.ग. पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज**

**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। 5 अक्टूबर दिन गुरूवार को दोपहर 2 बजे पेंशनधारी कन्याण संघ की बैठक आयोजित की गयी है। बैठक स्थल माँ षष्ठी मंदिर के सामने पेंशनर भवन सिविल लाईन में होगी। यह जानकारी संघ के सचिव जे पी धुरंधर ने देते हुए संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होने की अपील की गयी है।



# सर्वधर्म प्रार्थना के साथ स्काउट गाइड रैली का हुआ समापन

**महासमुंद,**04 अक्टूबर (देशबंधु)। भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ महासमुन्द द्वारा आयोजित 4 दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय स्काउट गाइड रैली जिला प्रशिक्षण केन्द्र में मेरी मिट्टी मेरा देश, मतदाता जागरूकता, नारी शसक्तीकरण, स्वच्छता जागरूकता, व्यक्तित्व विकास के थीम पर विकास खण्ड महासमुन्द के विभिन्न विद्यालयों से 130 स्काउट एवं गाइड व 30 प्रभारी शिक्षक सम्मिलित हुए। जिनको उक्त विषयों पर प्रशिक्षक मण्डल द्वारा प्रशिक्षण देकर नगर जनजागरूकता रैली निकाल कर नागरिकों को सन्देश दिए । 1 अक्टूबर को समस्त स्काउट गाइड व स्काउटर गाइडर मिल कर प्रशिक्षण केन्द्र परिसर की एक घण्टा स्वच्छता सेवा देख कर गांधी जी को समर्पित किये। सन्ध्या महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दाऊ लाल चंद्राकर जिलाध्यक्ष, अध्यक्षता कौशलेन्द्र वैष्णव अध्यक्ष स्थानीय संघ, विशिष्ट अतिथि के रूप में ऐत राम साहू जिला मुख्य आयुक्त, एस आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, पारस चोपड़ा पूर्व जिलाध्यक्ष, संदीप दीवान पूर्व जिलाध्यक्ष, जय पवार जिला उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष गण स्थानीय संघ तारा चन्द्राकर , देवी चंद राठी, सुभ्रा शर्मा, मनीष शर्मा, वेददेव वर्मा, सीता टोन्डेकर एवं भूमिका लुनिया की उपस्थिति में स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न संदेशो से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिये। बच्चों के प्रस्तुति से खुश होकर एस आलोक ने 1000रुपये नगद पुरस्कार दिए। अथितियों ने बच्चों को आशीर्वचन में अनुशाषित होकर एक अच्छे नागरिक बनने की बात कही। अंतिम दिवस गांधी शास्त्री जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना जिसमे गुरु वंदना, सरस्वती वंदना, रघुपित राघव राजाराम, सभी धर्मों की प्रार्थना, मौन प्रार्थना, वी शैल ओवर कम, हर देश मे तू हर भेष में तू ए शांति पाठ के साथ सम्पन्न हुआ। अंत मे रैली का समापन ओपन शेषन के साथ स्थानीय संघ की ओर से सभी प्रतिभगी स्काउट गाइड स्काउटर गाइडर व प्रशिक्षक मण्डल को प्रमाण पत्र के साथ स्मृति भेंट का पुरस्कृत किए। कार्यक्रम का संचालन तुलेन्द्र सागर व हिरेन्द्र साहू द्वारा किया गया। इस रैली में प्रशिक्षक मण्डल में लता वैष्णव रैली संचालक, राम कुमार साहू जिला सचिव, कमल लुनिया डी ओ सी एवं राज्य सहायक संघटन आयुक्त, तुलेन्द्र सागर जिला सह सचिव, प्रमोद कन्नौजे जिला मीडिया प्रभारी, हीरेन्द्र साहू सह सचिव स्थानीय संघ, मुरलीधर पटेल, अजय तांडी, मधु शर्मा, प्रभारी शिक्षक अर्चना तिवारी, तमेश्वरी साहू गाइडर द्वयएकमलेश्वरी साहू, भावना पांडब, भामा प्रधान, देवेन्द्र साहू, रितेश जोशी, शिम्पी तिवारी, लोकेश साहू, तारुन साहू, संजू पारेश्वर, सीमादेवी विश्वकर्मा आदि की भूमिका रही।




# मुख्यमंत्री ने किया स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना का शुभारंभ

- बलौदाबाजार जिले के पांचों विकासखण्ड मुख्यालय में एक-एक कोचिंग सेंटर शुरू
- नीट और जेईई की तैयारी के लिए मिलेगा उच्च स्तरीय निःशुल्क कोचिंग
- अब तक 267 बच्चों ने कराया पंजीयन



**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना का ऑनलाईन शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिले वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जिले के विकासखण्ड बलौदाबाजार में पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय, भाटापारा में पंचम दीवान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कसडोल में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय ,सिमगा में स्वामी आत्मन्द उत्कृष्ट विद्यालय तथा पलारी विकासखण्ड में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना के तहत कोचिंग सेंटर की शुरूअत हुई। स्वामी आत्मानन्द कोचिंग योजना में बच्चों को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की उच्च स्तरीय कोचिंग निःशुल्क दी जाएगी। कोचिंग के लिए प्रतिष्ठित संस्था एलन कोंचिंग इंस्टिट्यूट से एमओयू किया गया है जो रायपुर से ऑनलाइन माध्यम से सभी कोचिंग सेण्टर से जुड़कर कक्षा 12 के गणित व जीव विज्ञान विषय के बच्चो को मेथ्स, केमिस्ट्री, फिजिक्स एवं बायलॉजी की कोचिंग दी जाएगी। ऑनलाइन कोचिंग के लिए सभी सेंटर में नेटवर्क सहित अन्य आवश्यक उपकरण की व्यवस्था कर ली गई है। ऑनलाईन कोचिंग के दौरान बच्चों को स्थानीय स्तर पर सपोर्ट के लिये प्रत्येक सेंटर में नोडल अधिकारी बनाए गए है। कोचिंग के लिए अब तक पांचों विकासखंड में कुल 267 बच्चों ने पंजीयन कराया है जिसमे नीट के लिए 210 एवं जेईई के लिए 57 बच्चे शामिल है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश शर्मा, प्राचार्य रितु शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने किया स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ

- विकासखंड महासमुंद में कोचिंग सेंटर के माध्यम से प्री.मेडिकल तथा प्री.इंजीनियरिंग की दी जाएगी कोचिंग

**महासमुंद,**4 अक्टूबर (देशबंधु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इंजीनियरिंग एवं मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का आज अपने निवास कार्यालय से ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस योजना में ख्याति प्राप्त एलन कैरियर इंस्टिट्यूट ने सीएसआर के तहत निःशुल्क कोचिंग देने सहमति दी है। विकासखंड के शासकीय स्कूलों में अध्यनरत 12वीं के मेधावी छात्र.छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन और एलन इंस्टिट्यूट के मध्य एम ओ यू पर हस्ताक्षर भी किए गए। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग तथा मेडिकल पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन कोचिंग योजना की घोषणा की थी। स्कूल शिक्षा विभाग की स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के अनुसार प्रदेश के कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी तथा कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। इसी क्रम में आज स्वामी आत्मानंद कोचिंग आदर्श स्कूल महासमुंद में भी प्रारंभ हुआ। प्रारंभ अवसर पर 360 बच्चे मौजूद थे, जो मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को सुने। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, जिला परियोजना समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जागेश्वर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती तारिका कुंजाम, प्राचार्य एवं मुख्य नोडल अधिकारी हेमेन्द्र आचार्य, नोडल शिक्षक विकास यादव, दिपेंद्र भोई, संकुल समन्वयक पवन साहू, चंद्रशेखर डोरा, शेख रशीद कुरेशी, सुरेंद्र चंद्राकर, रीतुराज देवांगन उपस्थित थे। स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना में मेरिट क्रम अनुसार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। विद्यार्थी को संबंधित विकासखंड, शहर के शासकीय स्कूलों में कक्षा 12 वीं का नियमित विद्यार्थी होना अनिवार्य होगा। विकासखंड मुख्यालय की स्कूलों में कक्षा 12 वीं में जीव विज्ञान तथा गणित संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही पात्र होंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएगी। यह कक्षाएं शाम 3 बजे से 6.30 बजे तक संचालित होंगी। प्रत्येक कोचिंग केंद्र में भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं गणित विषय के लिए नोडल शिक्षक तथा एक मुख्य नोडल अधिकारी प्रिंसिपल अथवा सीनियर लेक्चरर स्टाफके नियुक्त किए गए हैं।



# फार्मासिस्ट ग्रेड.02 के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दावा आपत्ति 6 तक

**महासमुंद,**4 अक्टूबर (देशबंधु)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा फार्मासिस्ट ग्रेड.02 के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। नियत तिथि तक प्राप्त दावा.आपत्ति के निराकरण पश्चात् भेषजज्ञ वर्ग.दो ;फार्मासिस्ट ग्रेड.02द्ध के रक्त पदों की पूर्ति सीधी भर्ती से किए जाने के लिए अनंतिम मेरिट सूची, अपात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं प्राप्त दावा अपत्तियों की निराकरण सूची जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी उक्त सूची का अवलोकन जिले के वेबसाइट में कर सकते है, साथ ही कार्यालयीन सूचना पटल में भी चस्पा किया गया है। उक्त प्रकाशित अनंतिम मेरिट सूची के संबंध में यदि किसी अभ्यर्थी को आपत्ति हो तो 06 अक्टूबर को शाम 5:30 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर प्रमाणित अभिलेखों सहित अपना लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्य किसी भी माध्यम से अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अंतिम तिथि के पश्चात अभ्यावेदन पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा एवं अंतिम फाइनल मेरिट सूची प्रकाशित कर दी जाएगी।

## लोटस पब्लिक स्कूल भटगांव में त्रैमासिक परीक्षा शुरू

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)।3 अक्टूबर से लोटस पब्लिक स्कूल शिक्षा संस्थान के समस्त बच्चों की त्रैमासिक परीक्षा' शुरू हो चुकी है। इस बार यह संस्था बच्चों में प्रतिभा एवं बेहतर समझ विकसित करने के उद्देश्य से समस्त कक्षाओं के त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र स्वयं विषय शिक्षक न बनाकर पूर्णरूप से बाहर से प्रश्न पत्र निर्माण करवाया जा रहा है। ताकि बच्चों की प्रतिभाओं एवं भविष्य में प्रतियोगिता परीक्षा में लोटस स्कूल संस्थान के बच्चे बेहतर कर सके। इसके साथ ही 1 कक्षा 3 से 5 वी बच्चो के सामान्य ज्ञान कंप्यूटर की परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से ली जाएगी, ताकि लोटस स्कूल शिक्षा संस्थान के बच्चों को भविष्य में अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए संकट का सामना न करना पड़े। यह संस्थान उन्हें अभी से भविष्य की प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयार कर रहे है। लोटस पब्लिक स्कूल द्वारा लिया गया यह निर्णय वास्तविकता में बच्चों के भविष्य को सम्पूर्ण रूप से एवं रचनात्मक रूप से तैयार करने सफल साबित हो सकती है।

# जमगहन में चोरी करने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम जमगहन के सरपंच प्रतिनिधि के घर चोरी करने वाले 3 आरोपियों को भटगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर 2023 के दरम्यानी रात्रि प्रार्थी की पत्नी मेनका प्रेमी के द्वारा चोर-चोर चिल्लाने पर प्रार्थी द्वारा घर के बरामदा से निकल कर आंगन में देखा तो तीन व्यक्ति घर के दिवाल चढ रहे थे तीनों लोग पडोसी गांव ग्राम डोकरीडीह का सुनील लहरे, अरूण खुंटे एवं चतुर यादव थे तीनों लोग दिवाल फांद कर चोरी कर भाग गये थें।

प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध धारा 457, 380 भादवि कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त चोरों को पकडने हेतु टीम बनाकर निर्देश दिया था, थाना प्रभारी अमृत भार्गव के मार्गदर्शन पर टीम बनाकर मुखबीर तंत्र को मजबूत कर आरोपी सुनील लहरे पिता करन लहरे उम्र 24 साल, अरूण कुमार खुंटे पिता राजू खुंटे उम्र 22 साल, चतुर यादव पिता गनेश यादव उम्र 28 साल सभी साकिनान डोकरीडीह थाना भटगांव जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ.ग.) को पकडा गया। जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर प्रार्थी मनोज प्रेमी ग्राम जमगहन के घर के आलमारी के अंदर से दो नग चांदी का बिझिया कीमती करीबन 700 रूपये, एक चांदी का चुडा कीमती करीबन 1500 रूपये एवं नगदी रकम 6000 रूपये, जुमला कीमती 8200 रूपये को चोरी करना स्वीकार किया। उपरोक्त समान एवं नगदी रकम को बरामद कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में सउनि अमृत भार्गव थाना प्रभारी भटगांव, प्र.आर. सोहन लाल रात्रे, आरक्षक मिथलेश राय, नरेन्द्र चन्द्रा, चन्द्रशेखर सोनवानी, अर्जुन सिंह ठाकुर एवं थाना स्टाफका विशेष योगदान रहा।



- सरपंच प्रतिनिधि के घर हुई थी चोरी

# अल्ट्राटेक सीमेंट ने किया मैराथन दौड़ का आयोजन



**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड रावण सीमेंट वर्क्स के लॉजिस्टिक विभाग के द्वारा संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं लॉजिस्टिक विभाग के प्रमुख रत्नेश शुक्ला के मार्गदर्शन में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ ट्रक यार्ड से रवेली तक का शुभारंभ राजेश शंकर ने फ्लैग दिखाकर किया। इस मैराथन दौड़ में ट्रांसपोर्ट रो, ड्राइवर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग अध्यक्ष एडमिन संजीव मिश्रा सिक्योरिटी प्रमुख आकाश चौरे,अभिषेक चंद्रा,प्रकाश जेना .भास्कर शुक्ला दुर्गा प्रसाद युगल शर्मा कृष्ण वर्मा ने हिस्सा लिया।

## आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 4अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राकृतिक आपदा से मृत 5 लोगों के निकट परिजनों के लिए 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 20 सितम्बर 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में रजनी पति स्व. अशोक कण्ड्रा निवासी ग्राम रामपुर तहसील टुण्डरा, धमेन्द्र कुमार चौहान पिता स्व. लाल साय चौहान निवासी ग्राम बया, तहसील सोनाखान,राजकुमार सूर्यवंशी पिता स्व. अमरसिंह उर्फ लाटा निवासी ग्राम छतवन, तहसील सोनाखान,दिलहरण रात्रे पिता भजन रात्रे निवासी ग्राम सुकली, तहसील टुण्डरा,संतोषी बाई गोंड़ पति स्व. रामकुमार गोंड़ निवासी ग्राम हसुवा तहसील टुण्डरा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग में जलने, सर्पदंश, तालाब,नदी के पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# सिंघोड़ा में मगधा यादव समाज का नुआखाई मिलन समारोह

**सरायपाली** 4 अक्टूबर (देशबंधु)मगधा यादव समाज छत्तीसगढ़ इकाई सरायपाली के तत्वाधान में मुख्य उत्सव नुआखाई मिलन समारोह शाखा सभा पोड़ागढ़ ,खपरीडीह,छुईपाली का मां रूद्रेश्वरी मंदिर परिसर की मनोरम घाटी में रखा गया। सर्वप्रथम ईष्ट देव भगवान राधा कृष्ण एवं मां समलेश्वरी के छायाचित्र पर धूप ,दीप ,नारियल तिलक ,चंदन आरती कर पूजा अर्चना किया गया।ततपश्चात समाज के वयोवृद्ध जनों का राधे-राधे गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। मां समलेश्वरी का नवान्न चारा ग्रहण किया गया।नवान्न चारा नये धान को भुनकर पीसकर गुड़ मिलाकर बनाया जाता है। उसके बाद जुहार भेंट घाट में वयोवृद्धों का सभी बंधुओं ने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाज के उत्थान एवं विकास के लिए सामाजिक नियमावली पर विस्तार पूर्वक गहन, चिंतन मनन करते हुए। सभी स्वजातीय बंधुओं का विचार लेते हुए नीति - नियमों पर विचार - विमर्श किया गया। सभी सदस्यों के सहमति पर प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर नियमावली बनाने के लिए सहमति दी गई। सभी बंधुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर तृप्त हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मार्गदर्शक वयोवृद्ध ध्रुव मलिक, रथराम यादव,अमृत लाल बगर्ती, चमरु छत्तर, चंद्रभानु, मधु मंगल, नीलांबर ,रघुनाथ अध्यक्ष ब्लॉक हीराधर बगर्ती, शाखा सभा खपरीडीह कृष्टो टांणी, शाखा सभा पोड़ागढ़ फकीर कठार, शाखा सभा छुईपाली मोहर सिंग यादव,पवन यादव,मदन दीप, दुर्वादल दीप ,लखपति यादव ,अनिरुद्ध यादव, धनेश्वर बांक, प्रकाश यादव, राजेश यादव ,पंकज महाकुर,रविशंकर, प्रेमलाल, महेंद्र जाल,प्रताप जाल, पंचु कुमार ,भरत भोई, अधिकारी ,रघुनाथ नाग, घनश्याम, राजकुमार, शौकी लाल,बिम्बाधर, राजेंद्र मटारी, मधु, खगेश्वर मटारी, संजय यादव,गजेंद्र यादव, चंद्रभानु यादव, दिलीप यादव ,गोपाल, थबीर भोई, डोलामणी , चैतन्य मांझी, भीम मांझी, सुदर्शन, सुबल, रसिक, चतुर्भुज, ताराचंद, सहदेव बाघ, सुरेंद्र ,राकेश, फूलसिंग, प्रफुल्ल ,संजय यादव, दुखीश्याम यादव,दुकालु,करुणा,वीरेंद्र , बिरंची,तपन,हितेश यादव,प्रवीण, बालमुकुंद ,चक्रधर ,विद्याधर, दुखनासन, नीलांचल गिरधारी ,युधिष्ठिर ,चुंगीलाल, कौशिक, जन्मजय प्रदीप ,खगेश्वर, कमल, मुरलीधर ,निरंजन अनिरुद्ध विनोद , पुरुषोत्तम, ललित ,जीवर्धन, विष्णु चंद्रभानु ,पीतांबर, बाबूलाल ,कृष्ण किशोर, प्रदीप राखी ,बच्छ, रमेश, डिग्री लाल ,कीर्तन ,देवनाथ, निरंजन, निलान्द्री ,दुर्योधन,मथामणी,पदमन, विजय यादव , शत्रुघ्न, चंद्रहास, सुभाष चंद्र बाघ, रविलाल ,प्रकाश चंद्र ,गोलबदन, मुरली छत्तर, मणी सलमा, नंदलाल, संतोष , चक्रधर जैराम, आनंद बाघ,गुणमणी ,रामनाथ एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र भोई एवं रामकृष्ण गजपोड़ ने किया।



## क्षेत्रीय वैदिक गणित प्रतियोगिता में अर्जुनी विद्यालय के छात्रों का चयन

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर छत्तीसगढ़ प्रांतीय वैदिक गणित प्रतियोगिता वर्ष 2023 सरस्वती शिशु मंदिर राजिम में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रान्त के कुल 194 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिनमे अर्जुनी विद्यालय ने मॉडल प्रदर्शन में कक्षा बारहवीं से टीनू वर्मा, नीलम साहू क्षेत्रीय वैदिक गणित प्रतियोगिता उज्जैन के लिए चयन हुआ। साथ ही गणितीय प्रयोग में कक्षा नवमी से मोनिषा वर्मा का भी उज्जैन के लिए चयनित हुआ। वंही प्रांत वैदिक गणित प्रतियोगिता राजिम में अर्जुनी विद्यालय से गणित प्रश्न मंच तरुण वर्ग में कलश साहू, गौतम निषादव तारिणी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वैदिक गणित पत्र वाचन में रोहित ध्रुव, राहुल वर्मा ने भी तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गणितीय प्रयोग में ललीत वर्मा को द्वितीय व नितिन वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त किए। उक्त आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के वैदिक गणित में संरक्षक आचार्य माखन लाल साहू व कमला वर्मा का विशेष सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त रहा। इस पर विद्यालय के प्राचार्य रमेश शर्मा द्वारा प्रतिभागीयों को शुभकामनाएं दी गई।

# पिथौरा मुख्य मार्ग हुआ कीचड़युक्त

**जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से आक्रोश**

**पिथौरा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के मुख्य मार्ग की गड्ढों एवम कीचड़ भरी सड़को को देख कर अब क्षेत्र की जनता परेशान हो चुकी है।ज्ञात हो कि उक्त कीचड़युक्त मार्ग सुधारने भाजपा द्वारा आंदोलन का ऐलान किया गया था परन्तु अज्ञात कारणों से आंदोलन नही हुआ और अब किसी के विरोध नही किये जाने से सड़क की दुर्दशा सुधारने कोई सामने नही आ रहा जिससे राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पिथौरा शहर के बीचों बीच का उक्त नजर लगातार चार माह से अधिक समय से देखा जा रहा है।पूर्व के चार वर्षों तक यहां गड्ढे थे।यह दुर्दशा नगर के थाना चौक से मुरईधोवा नाला तक है।यह मार्ग नगर के बीचोबीच बसस्टैंड से होकर जाता है।इसी मार्ग पर भाजपा की परिवर्तन यात्रा हो या कॉंग्रेस की भरोसे की यात्रा सभी निकल गयी।इसके अलावा इसी मार्ग से जिला प्रसाशन के अफसर एवम मंत्री जनप्रतिनिधि भी निकल रहे है।उसके बाद भी इसकी दुर्दशा आश्चर्यजनक है।

बहरहाल नगर के मुख्य मार्ग की दुर्दशा देख कर आमलोग यह सोच कर खुश थे कि आगामी विधान सभा चुनाव में वोट बटोरने का लिए कम से कम रास्ट्रॉय दलों के नेता इस सड़क की मरम्मत के लिए आंदोलन कर सकते है या सत्ता पक्ष अफसरों को बोल कर यह आसान कार्य पूर्ण करवा सकते है।परन्तु आश्चर्य इस बात का है कि क्षेत्रीय विधायक एवम उनके प्रतिनिधियों ने कभी इस मार्ग की मरम्मत की बात अफसरों से नही की।लिहाजा आज भी पिथौरा शहर के मुख्य मार्ग में प्रतिदिन घटना दुर्घटना का सिलसिला जारी है।अब हालात यह है कि आम लोग इस जर्जर सड़क के बारे में शिकायत करना भी छोड़ चुके है और अपने हालातो पर खतरे के बीच आवागमन करने मजबूर है।



## आज शा. महाविद्यालय में स्वयंसेवकों का कार्यक्रम

**बिलाईगढ़,** 4 अक्टूबर। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ में 3 अक्टूबर को रासेयो के स्वयं सेवकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सुनीता विक्रम कोसले प्राचार्य, तुलेश्वर ध्रुव कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

# लाखों के सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

**भाटापारा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाटापारा विधानसभा के ग्राम धौराभाठा (नवीन बसाहट पहुच मार्ग) में लगभग 35 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण, भाटापारा नगर के विभिन्न स्थानों पर -ग्रामीण थाना परिसर, शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड, सुभाष वार्ड 6 दो स्थानों पर 8 लगभग 19-19 लाख की लागत से एवं शंकर वार्ड में लगभग 12.25 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य व 02 लाख की लागत से मल गली के पीछे सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने किया भूमिपूजन।



क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने उपस्थित वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर व्यंग कर कहा की कांग्रेस राज के 05 साल छत्तीसगढ़ की जनता ने बड़ी कठिनाई से गुजारे है। इन वर्षों में विकास के काम तो दूर की बात मूलभूत सुविधाओं की भी अनदेखी इस कांग्रेस के सरकार ने की है। कांग्रेस सरकार ने जनता की आंखों में धूल झोंककर उनके अधिकारों का हनन किया है। प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल के लिए बनी अमृत मिशन योजना जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेश की जनता को वंचित रख कर उनके सामने भविष्य के लिए परेशानियां खड़ी कर दी।

**छग कांग्रेस सरकार ने जनता की आंखों में धूल झोंककर अधिकारों का हनन किया है : शिवरतन शर्मा**

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश के साथ-साथ, भाटापारा नगर की जनता के लिए भी निराशाजनक रही। जितने भी वादे उन्होंने किए किसी वादे को पूरा नहीं किया है। आज जो भी विकास कार्य नगर में दिख रहे हैं वह भाजपा सरकार के 15 वर्षों में किए गए काम है। भाटापारा शहर में देखे तो हर वार्ड में सामुदायिक भवन जनता के उपयोग के लिए बनाए गए हैं। सड़के भाजपा सरकार ने बनाई है, पानी की व्यवस्था भाजपा सरकार के ही दौरान बेहतर हुई। परंतु आज भूपेश बघेल की सरकार में यह व्यवस्थाएं ठीक नहीं चल पा रही है। बारिश के दिनों में नालों की सफाई ना हो पाने से नगर की जनता को बारिश में गंदे पानी के जल भराव से जूझना पड़ रहा है,..भूपेश सरकार जनता को इन समस्याओं से मुक्ति दिलाने के बजाय चौक चौराहों पर होल्डिंग व विज्ञापनों में मस्त है। भूपेश सरकार विकास सिर्फ विज्ञापनों तक सीमित है। प्रदेश के कर्मचारियों की बात करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि धोखा देना तो कांग्रेस की फितरत रही है और कांग्रेसी और धोखा एक दूसरे के पूरक रहे हैं। कांग्रेस अपने घोषणापत्र उठा कर देखे, चुनाव में कर्मचारियों से वोट लेने जितने भी घोषणा, घोषणा पत्र में शामिल है, एक भी घोषणा पूर्ण नहीं हुआ है। चाहे नियमितीकरण की बात हो, चाहे कर्मचारियों को समयबद्ध प्रमोशन की बात हो, पुलिसकर्मियों की साप्ताहिक अवकाश की बात हो, सब वादे वादे ही रह गए और आज जब कर्मचारी इन सब मांगों के लिए संविधान प्रदत्त अपने हक के तहत प्रदर्शन कर रहे हैं तो सरकार ने उन्हें दबाने के लिए व कर्मचारी आंदोलन को कुचलने के लिए एस्मा तक लगाने से नहीं चूकी। छत्तीसगढ़ की जनता कर्मचारी महिला युवा सभी इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए व भाजपा की सरकार बनाने के लिए कृत संकल्पित होकर साथ दे।

उक्त कार्यक्रम में राकेश तिवारी, रोशन साहू, प्रेम चौबे, सुनील यदु, आशिष पुरोहित,राजा कामनानी, संतोष अग्रवाल, छगन अग्रवाल, रमेश शर्मा, धनेश माधवानी, राकेश मंधान, कुंजराम कोशले, सुनील, चन्द्रकला साय, शिव साहू, अशोक साहू, सुखदेव यदु, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# रोजगार सृजन के लिए बिहान योजना की महिलाओं को शकुन डहरिया ने किया सम्मानित

**आरंग,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग एवं राजश्री सद्भावना समिति रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में ब्लाक मुख्यालय आरंग एवं नगर पंचायत समोदा में बिहान योजना की स्व सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन कर महिलाओं के जीवन आर्थिक सुधार लाने के लिये, शकुनशिवकुमार डहरिया अध्यक्ष राजश्री सद्भावना समिति रायपुर एवं सदस्य प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति, प्रभारी अजा. विभाग एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के हाथों सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती शकुन डहरिया ने सभा को सम्बोधित भी किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की बिहान योजना के माध्यम से महिलाओं को खूद की एक नई पहचान बनाने में सफलता मिली है। स्व सहायता समुह की महिलाएं आज अपने घर में ही काम करके अपने आर्थिक स्थिति में सुधार लाकर स्वालंबी हुवे हैं। महिलाएं अपने घर परिवार को सम्हालने के साथ साथ छोटे छोटे उद्योग धंधे स्थापित कर विभिन्न प्रकार के सामाग्रियों का निर्माण कर रहें है। स्व सहायता समूह के द्वारा निर्मित सामान आज बड़े बड़े मालों में बिक रहें हैं। गोबर से निर्मित दिवाली का दिया भी स्व. सहायता समूह की महिलाएं ही बना रहीं है। आगे उन्होंने बिहान योजना की स्व सहायता समूह की महिलाओं को उनके कार्यों के लिये बधाई देकर उनके कार्यों की प्रशंसा भी किये। कार्यक्रम को खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, द्वारिका साहू संचालक अपैक्स बैंक के द्वारा सम्बोधित किया एवं कार्यों को सराहा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, केशरीमोहन साहू जिला पंचायत सदस्य एवं जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण, भारती देवांगन अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी आरंग, दुर्गा राय जिला पंचायत सदस्य, चन्द्रशेखर चन्द्राकर अध्यक्ष नपा. आरंग, देवनाथ साहू अध्यक्ष कृषि उपज मंडी आरंग, आजूराम वंशे पूर्व अध्यक्ष नपा. समोदा, संजय चेलक जनपद सदस्य, शिव साहू, रामकृत साहू, पूनमचंद साहू, नंदू साहू, योगेन्द्र साहू, कुलदीप वर्मा, मुरारी यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष, मंजू चन्द्राकर अध्यक्ष महिला कांग्रेस आरंग शहर, शकुन चन्द्राकर उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस, चन्द्रकला साहू पूर्व अध्यक्ष नपा. आरंग, कुसुमलता साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रहमत उल्ला खान, नरसिंग साहू उपाध्यक्ष नपा. आरंग, राममोहन लोधी, गौरी बाई देवांगन, हिरेश चन्द्राकर, हेमलता लोधी, चम्मन कोशले, बिंदू कोशले, शांति बाई लोधी, अवध लोधी, खिलेश चेलक, लम्बोदर प्रसाद, हिरेश चन्द्राकर, प्रदुम्न शर्मा, उषा मानिकपुरी, जानकी साहू, निरा साहू, हेमलता साहू, अंजनी साहू, वेणू साहू, पूनम साहू, राधा साहू, विणा चक्रधारी, रोशनी साहू, सहित स्व सहायता समूह की लगभग 2000 महिलाएं उपस्थित थी।



**प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश भी खरीदते हैं समूह निर्मित आचार**

# जरौद में राजीव युवा मितान क्लब के सम्मान समारोह में पहुंचे जनपद अध्यक्ष खिलेश देवांगन

**आरंग,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत के अर्न्तगत ग्राम जरौद में राजीव युवा मितान क्लब द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खिलेश देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग शामिल हुए।



जनपद अध्यक्ष खिलेश देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से ग्रामीण अंचल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर देने मे छग सरकार और राजीव मितान क्लब का महत्वपूर्ण भूमिका है।छग की संस्कृति,संस्कार,परंपरा को जीवित रखने का काम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किया। ग्रामीण अंचल में जो प्रतिभाशाली खिलाड़ी खेल जीते हैं, उन सब को पुरस्कार देकर सम्मानित करना सराहनीय पहल है। पूरे प्रदेश भर में 25 हजार से ज्यादा मितान क्लब बनाया गया है। लाखों नौजवान एक साथ छग सरकार द्वारा गांव,शहर में खेलकूद,सामाजिक कार्य और संस्कृति,परंपरा का आयोजन साल भर करते हैं और एकता का परिचय देते हैं। सम्मान समारोह के अवसर पर गांव में जय मां विध्यवासनी मानस परिवार जिला बालोद द्वारा भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खिलेश देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, चंद्रशेखर चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका आरंग, प्रेमलाल साहू सरपंच जरौद, खिलावन साहू उपसरपंच हेमलाल साहू अध्यक्ष ग्राम सभा, प्यारेलाल साहू कोषाध्यक्ष एवम मितान क्लब के वेद प्रकाश अध्यक्ष, हीरा यादव सचिव, संजय साहू पूरण साहू, खुमान यादव दीपेंद्र लहरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

# शा. उमावि बरपानी में रक्तदान शिविर

**बिलाईगढ़,** 4 अक्टूबर (देशबंधु)। शाला परिवार बरपानी के तत्वाधान व प्राचार्य रघुनन्दन पटेल के मार्गदर्शन में बीते मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन शा. उमावि बरपानी में किया गया। जिसमें 26 यूनिट रक्तदान किया गया।



रक्तदान शिवर में डॉ. हेतराम बारी ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है।

प्राचार्य आरएन पटेल ने कहा कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। हमारे विद्यार्थीयों के मन में सेवा व सहयोग कि भावना जागृत हो तथा भविष्य के रक्तदाता बन सकें उनके मन कि झिझक व डर की भावना को दूर करने तथा रक्तदान से जरुरतमंद की सहायता हो सकें इसके लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान करने वालो में संस्था प्रमुख रघुनन्दन पटेल, ब्याख्याता संदीप साहू, युवा वर्ग से डिग्रीलाल पटेल, अविनाश पटेल, रेशम लाल नायक, मयंक नायक, युगेश भोई, सुमित नायक, पुरुषोत्तम यादव, घनश्याम यादव,भुवनेश्वर यादव, डिगेश चौहान, शुभम साहू, ओंकार सिंह, भोगनाथ भोई, कमल नारायण, हरे कृष्ण श्रीवास, टीकम सिंह, सूरज कुमार साहू, गजेंद्र सिंह ठाकुर, बुधराम खूंटे, प्रेमलाल यादव, मनोज सिदार, दीपेश खड़िया, ताम्रध्वज सिदार, बालेश्वर शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी डी.के.एस.परिसर रायपुर से योगेश सिन्हा, उमेश साहू, अनिल बांधे, कु. जमुना साहू,ऋषि ठाकुर, विनीता, शाला विकास अध्यक्ष बलवान सिंह, बरपानी सरपंच रेशमलाल मैत्री, हरप्रसाद नायक, जगदीप ठाकुर, अदालत नेताम, स्कूल स्टॉफ से व्ही तांदुलाने,जयकृष्ण नायक, कोमल सिंह ठाकुर,बृजलाल सिदार,कमलेश वर्मा, लखेश्वर भोई, लोचन पटेल, विनीता नायक, तुलसीचरण भोई, अश्वनी सांड, दीपक नायक, कुंजबिहारी नायक, दीपक साहू, उर्मिला ठाकुर, मनीराम मैत्री, विरेन्द्र नाग, सुखराम, द्वारिका व ग्रामवासियो का विशेष योगदान रहा।

# जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता करते हैं वास : रोहित साहू

## भाजपा के विस स्तरीय नारी वंदन सम्मेलन प्रधानमंत्री का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**राजिम,** 4 अक्टूबर (देशबंधु)। शहर के कोसरिया यादव भवन में भाजपा का विधानसभा स्तरीय नारी वंदन सम्मेलन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। कार्यक्रम में राजिम विधानसभा के भाजपा विधायक प्रत्याशी रोहित साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहां नारी की पूजा की जाती है वहां देवता निवास करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं का सम्मान कर रहे हैं इससे भारतीय लोकतंत्र में उनकी कीर्ति यश और देश का गौरव बढ़ रहा है।



उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश की महिलाएं अगर कुछ ठान ले तो वह उसे पूरा करके ही दम लेती है। इतिहास गवाह है जब-जब देश में संकट का समय आया तब तब महिलाओं ने दो कदम आगे बढ़कर उस संकट का मुकाबला किया और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज भी बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। खेल से लेकर नासा, खेतों में काम करने वाले मजदूर माताओं से लेकर जहाज उड़ाने वाली पायलट बहनों ने हमेशा इतिहास बनाया है। विधानसभा के गांव में लगातार चुनावी दौरा चल रहा है। इस दौरान माता बहनों का आशीर्वाद मिल रहा है इससे बड़ी और क्या हो सकती है। माता और भाइयों की शक्ति मुझे शक्तिमान बना रही है और मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ कहता हूं कि जनता के हर काम के लिए 24 घंटा उपलब्ध रहूंगा। महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ममता साहू ने कहा कि जीवन की कठिनता को सरलता प्रदान यदि कोई करती है तो वह महिलाएं ही है कभी वह मां बहन बेटी दीदी पत्नी चाची इत्यादि अनन्य रूपों में प्रस्तुत होती है। महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री एवं राजिम विधानसभा महिला मोर्चा प्रभारी विभा अवस्थी, महिला मोर्चा प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संध्या तिवारी, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, राजिम विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिंहा, महिला मोर्चा महामंत्री शीतल पांडे, महामंत्री बिंदु सिंहा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजू नायक, शरद पारकर, यादव जी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी अपनी बात रखी। खास बात या रही कि एक दूसरे से मिलकर महिलाएं अत्यंत गदगद दिखाई दिया।

# धारदार चाकू लेकर रास्ता में आने जाने वाले लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा,** 4 अक्टूबर। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 362/2023 धारा 25,27,आर्म्स एक्ट* के आरोपी* को पकडने में मिली सफलता।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है की 3 अक्टूबर को जरिए मुखबिर सूचना मिला की भामाशाह चौक के पास परशुराम वार्ड भाटापारा में एक व्यक्ति एक धारदार चाकू लेकर लहराते हुए रोड में आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ के भामाशाह चौक के पास परशुराम वार्ड भाटापारा पहुंचकर देखा एक व्यक्ति लोहे का धारदार चाकू लेकर लहराते हुए रोड में आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था जिसे पकड़ कर उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम दिनेश साहू पिता लुकू राम साहू उम्र 24 साल निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा का रहने वाला बताया जिसके दाहिने हाथ में पकड़े लोहे के धारदार चाकू को उसके कब्जे से गवाहों के समक्ष बरामद कर उसके कब्जे से जप्त कर आरोपी दिनेश साहू को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, आरक्षक महेंद्र कुमार साहू ,राहुल यादव, विजय सिंह ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

आरोपी का नाम- दिनेश कुमार साहू पिता लुकू राम साहू उम्र 24 साल साकिन परशुराम वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदा बाजार भाटापारा।

## सार-संक्षेप

### अनिल भृगु क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित


**भाटापारा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत दिवस स्थानीय मयूर क्लब समिति का साधारण सभा बैठक आयोजित की गई जिसमें सत्र 23- 24 हेतु नए पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अनिल कुमार भृगु को अध्यक्ष, रविंद्र जैन को सचिव, अखिलेश जिंदाणी कोषाध्यक्ष तथा नारायण प्रसाद भुषाणिया को उपाध्यक्ष, रामरतन जी मूंदड़ा को सहसचिव पद हेतु चुना गया तथा कार्यकारिणी में शिवरतन शर्मा, श्रवण अग्रवाल, गिरधर दास मुंधड़ा व उमाशंकर अग्रवाल चुने गए। उक्त संबंध में सचिव रविंद्र जैन ने बताया कि निवृत्तमान अध्यक्ष श्री श्रवण कुमार अग्रवाल के निर्वाचन अधिकारी के रूप में बैठक में उपस्थित वरिष्ठ सदस्य उमाशंकर अग्रवाल, अखिलेश जिंदाणी, गिरधर दास मुंधड़ा, रामरतन मूंदड़ा, अनिल भृगु , रविंद्र जैन, नारायण प्रसाद भुषाणिया व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। सभी उपस्थित सदस्यों ने चयनित पदाधिकारी को बधाई देते हुए मयूर क्लब द्वारा संचालित समाजसेवी शिक्षण संस्थाओं का संचालन व अन्य जनहित कार्य कार्यक्रमों के संचालन में पूर्ववत सहयोग प्रदान करने व उनके कार्य क्षेत्र को विस्तार देने हेतु हरसंभव मदद देने की बात कही। मयूर क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार भृगु ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेवा सद्भाव व आम जनता के हित में नि:स्वार्थ सेवा भाव के उद्देश्य से सन 1976 में प्रारंभ की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे भी निरंतर जारी रखने के साथ ही समिति द्वारा संचालित विद्यालय को न्यूनतम शुल्क पर और भी अधिक सुविधाजनक प्रतिस्पर्धात्मक उच्च स्तरीय शिक्षा व शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने की बात कही।



## निधन

### मनप्रीत कौर अरोरा

**रायपुर,** 4 अक्टूबर। पंडरी, गोविंद नगर निवासी सरदारनी मनप्रीत कौर अरोरा का आकस्मिक निधन 4 अक्टूबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम ले जाई जाएगी। वे गुरविंदर सिंह अरोरा की पत्नी व हरदीप सिंह अरोरा की माता थी।



### योगेश वर्मा

**बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर। ग्राम पंचायत सकलोर निवासी योगेश वर्मा का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे भागीरथी (सरपंच) के भाई, तामेश्वरी के पति तथा सुर्यकांत व खुशी के पिता थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### गड़बडियों की जांच करने...

अब जब मामला हाईकोर्ट में है और गड़बड़ी पर जांच के निर्देश दिए हैं तो इस मामले की निष्पक्षता के साथ जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भविष्य की थोथी योजना बताकर छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को एक बार फिर दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

### राज्य स्तरीय कराटे चेम्पियनशिप...

से सम्मानित किया गया। जहां नगर भटगांव के कराटे खिलाड़ी सेंसाई ब्लैक बेल्ट वन डान छेदीलाल साहू, यामनी साहू, सिमरन साहू, खुशी साहू, दिव्या साहू, राजनंदनी सिदार, कोच राजू धीवर, ने बिलासपुर पहुंच कर भाग लिये। जहां लक्की सिंग राजपूत गोल्ड मेडल, शिवम साहू, सिल्वर मेडल, अंकुश निराला ब्राऊस मेडल, अंजली सिदार गोल्ड मेडल, वैष्णवी जायसवाल ब्राऊस मेडल, मुस्कान यादव सिल्वर मेडल, मांडवी पटेल गोल्ड मेडल, पिंकी निराला गोल्ड मेडल, हंसीका निराला सिल्वर मेडल, नंदनी यादव गोल्ड मेडल जीत कर नगर व जिले का नाम रोशन किये। वही इन सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के नगर पहुंचने पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, धर्मेंद्र साहू, रूप नारायण सिंह राजपूत, योगेश केसरवानी सहित नगर वासियों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### मतदाता सूची का हुआ....

हैं। इस तरह जिले में कुल 8,53,902 मतदाता पंजीकृत है। इसमें से 25,677 मतदाता 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाता है। 80 से अधिक आयु वर्ग के 7,570 वरिष्ठ मतदाता है एवं 5,288 दिव्यांग मतदाता है तथा 375 सेवा मतदाता पंजीकृत हैं। जिले का लिंग अनुपात 1028 एवं ईपी रेशियो 67.46 प्रतिशत है। महासमुंद जिले में कुल 3,472 कमजोर जनजाति समुदाय ;पीवीटीजीएस के व्यक्ति निवासरत है जिसमें से 1862 व्यक्ति 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के है, जिनका शत प्रतिशत मतदाता सूची में नाम पंजीकृत किया गया है। विदित है कि जिले में कुल चार विधानसभा हैं। जिसमें से कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1079 है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विभिन्न निर्वाचन संबंधी टीमों का गठन कर लिया गया है एवं प्रशिक्षण का दौर प्रारम्भ है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को जोड़ने विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले में बिना भय और निष्पक्ष निवार्चन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में सीसी टीवी के माध्यम से लाईव प्रसारण किया जाएगा। प्रत्रकार वार्ता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जिला प्रतिनिधि सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक ली। बैठक में मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराया गया एवं मतदाता सूची संबंधित जानकारी दी गई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दाऊलाल चंद्राकर, भारतीय जनता पार्टी के येतराम साहू, बहुजन समाज पार्टी के हंसाराम , सीपीआईएम के चंद्रशेखर सिंह एवं आम आदमी पार्टी के भूपेन्द्र चंद्राकर मौजूद थे।

### वृद्धजनों का सम्मान एवं स्वास्थ्य...

बलौदाबाजार श्रीमती सुमन वर्मा, विधिक जज बलौदाबाजार सुश्री मयुरा गुप्ता आर. के. पाध्ये अध्यक्ष, पेंशन एसोसियेशन बलौदाबाजार, उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम साइट सेवर संस्था की पुरी टीम उपस्थित थे एवं समस्त जनपद पंचायत के समाज शिक्षा सगठक जिला बलौदाबाजार भाटापारा के कर्मचारी एवं नगरीय निकाय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुहेला में आयोजित हुआ ...

वर्मा ने किया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेंद सिंह ठाकुर, मनोज वर्मा, शालिक सिंह ठाकुर, नेम सिंह कटियार,राजा तिवारी, अयाज अहमद फारूकी, सुशील तिवारी, संजीव सिंह, के.के. वर्मा, ललिता यदु, अर्चना सिंह ठाकुर, प्रमिला वर्मा रवि वर्मा, शशि वर्मा, लखेष साहू, प्रभाकर मिश्रा, नरेश गनशानी, गणेश शंकर साहू, मनोज प्रजापति, आर्यन शुक्ला, हरीश वर्मा, बिशन साहू, पार्वती वर्मा, कामरान अंसारी, रामू जांगड़े, रजत कश्यप, प्रमोद वर्मा, योगेश वर्मा नवीन वर्मा, मंगल जांगड़े, गंगा साहू, टीकाराम साहू प्रशांत गुप्ता, गजानंद साहू अध्यक्ष युवा कांग्रेस, किशोर बघेल, प्रेमनारायण साहू, टिकेश्वर साहू, गणेशु ध्रुव, राजा वर्मा, दिलीप वर्मा, शेखर, रमेश गणहरे, ललित कुर्रे, मनोज वर्मा, दिगेश्वर यदु, राजा लहरे, मुनींद्र साहू, पवन यदु, शीतल, संदीप, दुर्गेश साहू, पिकेश जयसवाल, रिंकू, नरेंद्र, चेतन साहू, दीपक मनहरे, प्रेम सोनवानी, कमलेश्वर यदु, देवक जांगड़े, उमाशंकर, सुरेंद ध्रुव, सुरेश वर्मा सहित गणमान्य जनप्रतिनिधि, कांग्रेस नेतागण उपस्थित रहे।

# पेंशनर संघ ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**बागबाहरा,** 4 अक्टूबर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा बागबाहरा के तत्वावधान में कर्मचारी भवन बागबाहरा में राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए धूमधाम से कर्मचारियों ने मनाई। सर्वप्रथम उनके छायाचित्र पर संरक्षक वत्सकर तथा सभापति जी. एल. श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम अध्यक्ष जी. डी. मानिकपुरी द्वारा पुष्पहार तथा पूजा -अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ की गई । तत्पश्चात वक्ताओं द्वारा उनके जीवन गाथा तथा देश को दिए गए अमूल्य योगदान की सविस्तार पूर्वक जानकारी से लोगो को अवगत कराया गया। तथा अविनाश कोसे एवं उनके साथियो द्वारा गांधी जी की प्रिय भजन च्रघुपति राघव राजा रामज्ञ की संगीतमय प्रस्तुति दी गई ।इस अवसर पर अमराव सिंह ध्रुव पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी , एल. एल. मिश्रा पूर्व प्रधानपाठक, डी. के. सेन पूर्व लिपिक जन संसाधन विभाग, उल्लास दास पूर्व प्रधानपाठक, तुलाराम साहू पूर्व प्रधानपाठक, गंगाराम साहू , संजय शर्मा, नोहर सिंह साहू, अशोक चंद्राकर, राम सिंह साहू, गिरधारी लाल दीवान, जनक राम साहू, ओसराम साहू पूर्व प्रधानपाठक, मनोहर लाल साहू , आर. के. बुनकर सहित भारी संख्या में पेंशनरगण उपस्थित थें। इस जयंती कार्यक्रम का संचालन पेंशनर संघ के कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार होता ने किया ।उक्त जानकारी पेंशनर संघ के कार्यक्रम अध्यक्ष गौतम दास मानिकपुरी ने दिया।



# जिले 4 लाख 54 हजार 559 मतदाता करेंगे लोकतंत्र के महापर्व में मताधिकार का उपयोग



**गरियाबंद,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन बुधवार को किया गया। इसके मुताबिक जिले के 4 लाख 54 हजार 559 मतदाता लोकतंत्र के पर्व (आगामी चुनाव) में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में इस बार भी विधायक चुनने में महिला मतदाताओं की भागीदारी अधिक होगी। जारी सूची के मुताबिक जिले में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कहीं ज्यादा है।

कलेक्टर एवम जिला निर्चावन अधिकारी आकाश छिकारा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि जिले में निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद आज सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिसके अनुसार जिले में कुल 4 लाख 54 हजार 559 मतदाता है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 28 हजार 293 और महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख 31 हजार 244 है। कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान 02 अगस्त 2023 की स्थिति में जिले में 4 लाख 38 हजार 820 मतदाता थे। जिसमें वर्ष 2.3त्न लगभग 15 हजार 739 मतदाताओ की संख्या में वृद्धि हुई है। जिसमें 6380 पुरुष, 9342 महिला तथा अन्य 17 मतदाता है। विशेष जागरूकता अभियान के चलते इसमें वृद्धि हुई है।

जानकारी दी कि राजिम विधानसभा में कुल 2 लाख 28 हजार 132 मतदाता वही बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में कुल 2 लाख 26 हजार 427 मतदाता हैं। दोनों विधानसभा में भी महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की संख्या अधिक है। राजिम में जहां 1 लाख 16 हजार 48 महिला मतदाता है, तो बिंद्रानवागढ़ में 1 लाख 15 हजार 196 महिला मतदाता है। वही राजिम में 1 लाख 12 हजार 66 तथा बिंद्रानवागढ़ में 1 लाख 11 हजार 227 पुरुष मतदाता है। जबकि जिले अन्य मतदाताओं की संख्या 22 है। जिसमे राजिम में 18 और बिंद्रानवागढ़ में 4 है।

**18 वर्ष से अधिक के 15691:** जिले में 18 से 19 वर्ष आयु के कुल 15 हजार 691 मतदाता है। जिसमें इस बार 8014 मतदाता की वृद्धि हुई है। वही 80 वर्ष से अधिक आयु के कुल 3466 मतदाता है। गत चुनाव की तुलना में इसमें 652 मतदताओ की संख्या में कमी आई है। इसके अलावा सेवा मतदाता की संख्या में भी एक पुरुष मतदाता की वृद्धि हुई है। जानकारी के मुताबिक राजिम विधानसभा में 116 पुरुष तथा 2 महिला तथा बिंद्रानवागढ़ में 68 पुरुष कुल 186 सेवा मतदाता है।

**पूर्व चुनाव के जितने ही बुथ यथावत:** कलेक्टर आकाश छिकारा ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर सभी तैयार की तैयारी जारी है मतदाता सूची के अंतिम प्रशासन के बाद अब अन्य तैयारियों में तेजी आएगी। कलेक्टर ने बताया की जिले के दोनो विधानसभा में कुछेक मतदान के केंद्र के स्थान बदला गया है। जिले में कुल 573 मतदान केंद्र यथावत है। इनमें से 299 बिंद्रानवागढ़ और 274 राजिम विधानसभा क्षेत्र में स्थित है।

इधर, मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद प्रदेश में इलेक ?शन की उल ?टी गिनती शुरू हो गई। लोगो को अब चुनाव आयोग के घोषणा का इंतजार है। कारण कि चुनाव कार्यक्रम के घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसके चलते आचार संहिता को लेकर अटकलों का दौर भी शुरू हो गया है। कुछ लोग कह रहे हैं कि 5 अक्टूबर के बाद आचार संहिता लागू हो सकता है, तो त्योहार के मद्देनजर 15 अक्टूबर के बाद आचार संहिता लागू होने के कयास लगाए जा रहे।

# बूथ कार्यकर्ताओं की बदौलत बनेगी प्रदेश में कांग्रेस की दोबारा सरकार : गोपी साहू



**पलारी,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनावी बिगुल अब बजने ही वाला है कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश में कांग्रेस की दुबारा सरकार बनाने घर घर पहुंच रहे है इसी कड़ी में बलौदाबाजार जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री व कसडोल विधान सभा के कांग्रेस दावेदार गोपी साहू भूपेश बघेल को दुबारा मुख्यमंत्री बनाने और प्रदेश में फिर से कांग्रेस को सत्ता पर काबिज करने गांव गांव जाकर लोगो से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में माहौल तैयार कर रहे है। भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर गोपी साहू आज कसडोल विधासभा के लवन ब्लॉक के लाहौद, जुड़ा, सुढेला, डमरू नयापारा मुसुवाठोढ़ी, ताराशिव भद्रा, जैसे अनेक गावों का दौरा किया। इस दौरान गोपी साहू ने वहां के स्थानीय कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों पार्टी प्रतिनिधियों सहित बूथ/सेक्टर प्रभारियों से मुलाकात कर चुनावी बूथ स्तर पर चर्चा किया और कहा की बूथ कार्यकर्ताओं की बदौलत ही प्रदेश में फिर से भूपेश बघेल वाली कांग्रेस सरकार बनेगी। आप सभी हमारी सरकार की योजनाओं आम जन तक पहुंचाने में पार्टी का सहयोग करें। आपकी सबकी मेहनत सरकार दुबारा लाने में रंग लाएगी इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित घृतलहरे, चंद्रकुमार साहू, रघुनंदन साहू, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष दीपक वर्मा, गैंदरम धीवर शिवम मिश्रा तोषण साहू योगेश कन्नौजी सहित संबंधित ग्राम के रघु साहू नरेंद्र साहू विष्णुभरती उबारन दास पतिराम रजक प्रताप पैकरा उमेंद्र शत्रुहन कुंदन वैसाखू छोटेलाल निलेश कश्यप राजु कश्यप निजाम बेग परमेश्वर यादव मेघनाथ सेन हमीद बेग कृतराम पाल राजेंद्र जायसवाल दिनेश यादव रमेश पटेल राजाराम निषाद नंदलाल पवन पैकरा चंद्रशेखर पैकरा मनोहर मायाराम पटेल शिवदयाल पैकरा शिवकुमार मनोज रामचरण पवन कुमार सरोज सहित गांव के वरिष्ठजन युवा साथी मौजूद रहे।

# हितग्राही कार्ड का वितरण किया अजय नन्द ने



**सरायपाली,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अजा मुहल्ला में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश समन्वयक व जिला खनिज न्यास सदस्य अजय नन्द नेअंतीम व्यक्ति को कांग्रेस सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा दिये जा रहे लाभ की जानकारी दी एवं हितग्राही कार्ड का पंजीयन भी कराया गया।और सभी का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस सरकार बनाने का अपील किया गया इस अवसर पर होरीलाल रात्रे, बलीराम रात्रे, आजू रात्रे, कुलमणी रात्रे, रामलाल रात्रे, क्षमानीधि रात्रे, नरेश ओगरे, रामप्रसाद ओगरे, शिवचरण ओगरे, नवीन रात्रे, प्रभुलाल रात्रे, श्याम बाई रात्रे, फगनी बाई रात्रे, सुखमोती रात्रे, राजमोती रात्रे, किशोर बारीक, धनुरजय बंजारे, रतिदास रात्रे सहित मुहल्ला वासी उपस्थित थे।

# भरोसा यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता

**पलारी,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के प्रभारी महामंत्री गोपी साहू व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रोहित साहू के नेतृत्व में कसडोल विधानसभा के भरोसा यात्रा में भारी संख्या में कांग्रेसजन युवा शामिल हुए।

गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में विधानसभा कसडोल का भरोसा यात्रा पलारी के गांधी चौक से महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना कर यात्रा प्रारंभ हुई जो संडी खरतोरा, वटगन, ओडान, रोहासी, लवन होते हुए कसडोल में समापन हुआ यात्रा 69 किमी का रहा।यात्रा के सफलता से गदगद गोपी साहू व रोहित साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ की कमान संभाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीते पौने पांच सालों में राज्य के विकास के लिए विशेष पहल की है। चाहे बात ग्रामीण इलाकों की हो या फिर शहरों में रहने वाले लोगों की



हो। हर वर्ग के विकास के लिए भूपेश सरकार ने योजनाएं बनाई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल' में गरीब और निम्न तबके के प्रतिभावान बच्चों के पालकों को निजी स्कूलों की महंगी फीस से काफी राहत मिली है। इन स्कूलों में कम फीस पर अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा के साथ-साथ विश्व स्तरीय सुविधाएं, बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल रहा है। यात्रा में जिला कांग्रेस के प्रभारी अशोक राज अहूजा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर कसडोल विधानसभा प्रभारी आशीष गोयल, प्रदेश सचिव विमल साहू नगर पंचायत कसडोल नीलू चंदन साहू, प्रेमलता बंजारे ,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनीष चन्द्राकार, अश्वनी वर्मा ,चंदन साहू, शेर खान एल्डरमैन ,हरीश कोशले, साधराम साहू, कुमार धीवर पार्षद प्रतिनिधि, चित्रांगन साहू, प्रेम साहू, शिवा साहू, पिंटू वर्मा, ललित धुरंधर, पुनीत रजक, इंद्र कुमार दौलत वर्मा शिवम मिश्रा, सौरभ वर्मा, दीपक वर्मा, गज्जू वर्मा, हेमंत वर्मा, मिर्जा सुभान बेग, रसूल मिर्जा, मूलचंद सपहा पार्षद, सुमीत तिवारी, गोवर्धन यादव ,तालिब मिर्जा, गेंदराम धीवर ,आशीष वर्मा, प्रताप गोस्वामी, तोमन चंद्राकर, बाला यादव, रिंकू, टिकेश्वर साहू, सोमनाथ यादव, हर्षू, नितिन, हयात खान, किशन, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र, शैलेंद्र, लक्की ,नवीन कुमार, पुनेश्वर, टुकेश, चंद्रकांत, अमन कुमार सहित भारी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा जन सैलाब

- धरसीवां विधानसभा में जोगी कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन
- शराबबंदी की मुहिम से खुश होकर महिलाओं ने आरती उतार कर किया अमित जोगी का स्वागत और सम्मान
- हमारी लड़ाई गरीबी से, लड़ेंगे और जीतेंगे : अमित



**खरोरा,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के द्वारा आज धरसीवां विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से बड़ा शक्ति प्रदर्शन कर दिया। जिसमें चरोदा , धरसीवां कुरा, सहित धरसीवां विधानसभा से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमित जोगी को सुनने के लिए आज जन सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान अमित जोगी को सैकड़ों जोगी कांग्रेसी फूल फटाखा के साथ , गुलाबी गमछा पहनकर ,बाइक रैली करते हुए जोरदार स्वागत किए और राजगीत के साथ कार्यक्रम का शुरुवात किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमित जोगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दोनों राष्ट्रीय राजनीति दल भाजपा और कांग्रेस को जमकर घेरा।

उन्होंने कहा भाजपा और कांग्रेस दोनों बारी बारी छत्तीसगढ को लूटने का काम किए है इन्हें जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं। बीस साल में बुजुर्गों का पेंशन नहीं बढ़ा, युवाओं को रोजगार नहीं मिला, महिला उत्पीडन खतम नहीं हुआ, बिजली बिल में कमी नहीं आई, शराब बंदी नहीं हुई। उन्होंने कहा ऐसा कोई सगा नही जिनको भाजपा और कांग्रेस ने ठगा नहीं। उन्होंने कहा जनता ने इनके चाल, चरित्र और चेहरा देख लिया है अब इनकी विदाई है, भाजपा कांग्रेस से हमारी लड़ाई नहीं है हमारी लड़ाई गरीबी से है, उन्होंने कहा घोषणा पत्र के बजाय हम कानूनी दस्तावेज शपथ पत्र जनता को दे रहे है। आप लोग आशीर्वाद दो मैं दस कदम उठाऊंगा और गरीबी को खतम कर दूंगा नहीं तो मुझ पर कानूनी कार्यवाही करने का आप लोगों को अधिकार है। हम गरीबी से लड़ेंगे और जीतेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन के संयोजक डा अमीन भैया (अमन) ने कहा धरसीवां विधानसभा में परिवर्तन की लहर है, 15 साल के कुशासन से धरसीवां की जनता को भाजपा से मुक्ति मिला था लेकिन धरसीवां की समस्या आज भी जस की तस है, हजारों पात्र हितग्राही आवास योजना से वंचित, विकास के नाम पर भूमि पूजन हुआ, पुल पुलिया, ओवर ब्रिज का कार्य पांच साल में पूरा नहीं कर सके, धरसीवां विधासभा नशे की गिरफ्त में आ चुका है। कार्यक्रम को पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री तिलकाराम देवांगन, प्रदेश महासचिव नजीब अशरफ़, नावेद कुरैशी, मोहसिन खान, अनीश कुरैशी, सुनील राट्रे, चेतन आदिल, रिंकू वर्मा, नरेंद्र नारंग ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन प्रदेश महासचिव नजीब अशरफ़ ने किया और संचालन पार्टी के युवा नेता अनीश कुरैशी ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से , अनीश कुरैशी नजीब अशरफ नाहिद खान नावेद कुरैशी मोहसिन खान रिंकू वर्मा सुनील रात्रि चेतन अनिल नरेंद्र नारंग सहित हजारों की संख्या में जोगी कांग्रेसी और धरसीवां की जनता उपस्थित थे।

# शिक्षक उमेश यदु को ज्ञान दीप पुरस्कार से नवाजा गया

**फिंगेश्वर,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। सत्र 2023 - 24 के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए फिंगेश्वर के शिक्षक उमेश यदु को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार ज्ञानदीप से गरियाबंद के ऑकशन हाल में विधायक अमितेश शुक्ला के द्वारा सम्मानित किया गया । शिक्षक यदु के द्वारा किए गए नवाचार और ऑनलाइन पढ़ाई के लिए उन्हें पूर्व में भी कलेक्टर और जिला के साथ राज्य के शैक्षणिक संस्था द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है उन्हें इस सम्मान पर संस्था के प्राचार्य मुकेश निर्मलकर फनेश्वर



साहू, माधव देवांगन, महेश साहू, देवेश्वर महादिक ,कुंदन रावत, युगल किशोर कश्यप, कृतिका पुंज, चेतना किरण साहू ,थानेश्वर साहू सहित सभी शिक्षकों ने ,संकुल प्राचार्य शिवकुमार कंवर, संकुल समन्वयक अशोक सोनवानी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टिकेंद्र यदु तथा विकासखंड के कई शिक्षकों ने बधाइयां दी साथ ही यादव समाज के तेजस यदु, अरविंद यदु गोपेश यदु ,मनोज यदु ,मुकेश यादव, लोकेश यादव, त्रिलोक यदु सहित सभी यादवों ने भी उनकी प्रशंसा एवं बधाई दी।

# सशिमं नवापारा में संस्कृति महोत्सव 2023 का उद्घाटन आज

**नवापारा राजिम,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित संस्कृति महोत्सव 2023 का विभागीय और प्रांतीय प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में किया जा रहा हैं जो दिनांक 05.अक्टूबर दोपहर 12.00बजे से 08अक्टूबर तक चलेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन कुमार स्टेट बैंक मैनेजर नवापारा, अध्यक्षता श्री राम जानकी शिक्षण समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा रहेगें। प्रतियोगिता में विभाग और प्रांत से लगभग चार सौ प्रतिभागी विभिन्न कार्यक्रम वंदे मातरम एकल भजन गीत तात्कालिक भाषण तबला वादन मूर्तिकला लोकनृत्य प्रश्न मंच रंगोली चित्रकला पत्रवाचन शास्त्रीय गायन कथा कथन निबंध गीता पाठ मानस अंताक्षरी सहित कई प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। साथ ही निर्णायक संस्थान प्रतिनिधि संरक्षक आचार्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित होंगे।विद्यालय के प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर ने जानकारी दी की कार्यक्रम के सफलता पूर्वक संचालन के लिए समस्त शिक्षकगण जुटे है भोजन आवास बिजली सुरक्षा जल स्वास्थ्य संबंधी चिंतन पूर्ण रूप से किया गया हैं।

# बेसहारों का सहारा बन रहा रोशनी फाउंडेशन



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के ग्राम खम्हरिया (भटगांव) के रोशनी फाउंडेशन के संस्थापक नारायण दास मानिकपुरी व उनके टीम के द्वारा गरीबों के उत्थान हेतु बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उनके व उनकी टीम के द्वारा क्षेत्र के ऐसे गरीब जिनके पास स्वयं का घर नही है उन परिवारों के लिए मकान बना कर दिया जा रहा है और यदि मरम्मत की जरूरत है तो मरम्मत भी किया जा रहा है। गरीब परिवारों को आर्थिक मदद, गरीब बच्चों के लिए कपड़े व नि:शक्त जनों का फ्री में इलाज भी इस फाउंडेशन द्वारा किया जाता है। इसका ताजा उदाहरण बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम धनसिर के कुछ गरीब परिवार है, जिनका रोशनी फाउंडेशन व उसके टीम द्वारा मदद किया गया है।

धनसीर निवासी सुरेश कुमार साहू ने कहा कि रोशनी फाउंडेशन गरीबों के उत्थान के लिए बनाया गया है। सुरेश साहू ने आगे बतलाया कि धनसीर में मनराखन सारथी व स्व. अमारू साहू के विधवा का मकान जीर्ण शीर्ण हो गया था, बरसात में पानी टपक रहा था। इसकी रोशनी फाउंडेशन को जैसे ही पता चला शीघ्र ही दोनों के घरों का मरम्मत कराया गया। इसी तरह लक्ष्मण सिंह नेताम के मकान का मरम्मत भी जारी है। राजकुमारी साहू, पूरन बाई यादव, शशि विश्वकर्मा, टिंगू सारथी को राशन व अन्य जरूरी सामान फाउंडेशन द्वारा खरीदकर प्रदान किया गया है। कुछ गरीब बच्चों के लिए कपड़े भी खरीदकर दिया गया है। गरीबों के सहारा व गरीबों का मदद करने वाले फाउंडेशन के संस्थापक नारायण दास मानिकपुरी व उनके टीम के सहयोगी सदस्य धनसीर निवासी सुरेश कुमार साहू (आर्मी), देवनारायण कुलदीप पूर्व सरपंच, गौरीशंकर साहू सर्वेयर, चन्द्रकान्त साहू व गिरसा निवासी चन्द्रशेखर साहू, राकेश साहू के प्रति क्षेत्र की जनता उनके कामों को लेकर प्रशंसा करते हैं।

# सतपथी परिवार की 79वीं गांधी पदयात्रा का समापन

**सरायपाली,** 4 अक्टूबर (देशबन्धु)। सन 1942 से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ तिरंगा झंडा लेकर आजादी का शंखनाद करने वाले आंचलिक पद यात्रा के प्रणेता पं जयदेव सतपथी एवं पं लक्ष्मणसतपथी द्वारा संचालित 79 वी वार्षिक गांधी सप्ताह पदयात्रा का समापन ग्रामोदय उ मां विद्यालय पथरलामें 2 अकटुबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।

1942 से आज 2023 तक अनवरत जन जागरण अभियान गांधी पदयात्रा ग्राम तोषगाँवके महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पण्डित जयदेव सतपथी द्वारा प्रारम्भ की गई थी जो आज पर्यन्त तक जारी है, पंडित जयदेव सतपथी का जन्म 29 मार्च 1917 को ग्राम तोषगाँवमें हुआ था, 1936 में स्वतन्त्रता आंदोलन में हिस्सा लेने के कारण इनको जेल जाना पड़ा था, भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लेने के कारण पुन: जेल गये, 1940 में गांधीजी से सेवाग्राम महाराष्ट्र में मुलाकात कर अस्पर्सयौद्धार दलितोउत्थान के कार्य मे लग गए बसना में सत्याग्रह शुरू किया, 1941 में पुन: रायपुर व नागपुर जेल में सश्रम कारावास हुआ। 2 अकटुबर 1942 से आपने गांधी पदयात्रा कर जन जनसमस्या से अवगत होते



हुए जन जागृति कर स्वच्छता सहयोग की शुरुआत की जो आज तक अनवरत जारी है, उक्त पदयात्रा 40-50 गांव के यात्रा में असपृश्यता, जुआ उन्मूलन, शिक्षा पर नृत्य गीत शास्त्रार्थ, के द्वारा लोगो को जागरूक करते चौपाल यात्रा में छुआछूत पर ब्याप्त कुरूतियो पर अभियान सँकीर्तन मण्डली के माध्यम से पेड़ कटाई को रोकने जनजागरण कर पौधरोपण करवाते थे, अंचल ले लोग उनको फुलझरिया बापू के नाम से पुकारते थे, साहित्य के क्षेत्र में आपने उत्थान पत्रिका का सम्पादन किया, अंग्रेजी, हिंदी उड़िया संस्कृत के आप प्रकांड विद्वान थे, आप स्वालम्बी कुशल वक्ता और शिक्षा के अग्रदूत थे, आपके प्रयास से 1951 में सरायपाली के माध्यमिक विद्यालय की नींव रखी गई, 1961 में ग्राम तोषगाँवमें हाई स्कूल की स्थापना की गई, आस पास अंचल में लगभग 10 विद्यालय की नींव रखी जो आज तक अनवरत जारी है, आपकी भूमिका को याद करते हुए बसना के शासकीय महाविद्यालय का नामकरण पंडित जयदेव सतपथी स्मृति महाविद्यालय बसना किया गया।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी सत्य अहिंसा सहिष्णुता परोपकार सेवा परायणता नम्रता के सन्देश वाहक दिनाक 28 जनवरी 1985 को स्वर्गगामी बने। आपके बेंकुठ धाम वासी होने पश्चात इस पदयात्रा की कमान उनके ज्येष्ठ पुत्र पंडितलक्ष्मणजयदेव सतपथी ने संभाली, पण्डित लक्ष्मणसतपथी प्रखर वक्ता थे, उनके पश्चात यह पदयात्रा अब पंडितजयदेव सतपथी के कनिष्ठ पुत्र युवा समाजसेवी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी उतराधिकारी पंडित विद्याभूषण सतपथी अपने सहयोगियों के साथ कर रहे है।

26 सितम्बर को ग्राम तोषगाँवमें गांधी जुलूस, प्रभात फेरी निकाला गया, 27 सितम्बर को नरसिंगनाथ में स्वच्छता अभियान चलाया गया, 28 सितम्बर को जगदीशपुर में गांधीवाद पर चर्चा की गई, 29 सितम्बर को जय नगर में वृक्षारोपण किया गया, 30 सितम्बर को पझरापाली में मतदान जागरूकता अभियान किया गया, 1 अक्टूबर को ग्राम नानक सागर रानी सागर में स्वच्छता एवं समानता पर जन जागरण अभियान किया गया। 2 अक्टूबरको ग्राम पथरला में दोपहर 2 बजे 1942 से अनवरत जारी 79 वी गांधी पदयात्रा का समापन व पं जयदेव सतपथी के मूर्ति का नव कलेवर कर स्थापना कर राष्टपिता महात्मा गांधी, कर्मवीर लाल बहादुर शास्त्री फुलझरिया बापू पं जयदेव सतपथी पं लक्ष्मणसतपथी को याद कर 79 वी पदयात्रा का समापन किया गया।